
Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼



YEAR 1983

भिंडरां द्वारा खालिस्तान के लिए जगजीत सिंह को समर्थन

लंदन, 5 जनवरी (टी. पी. एस.) : तथाकथित स्वतंत्र खालिस्तान की स्थापना के लिए उसके स्वयंभू नेता जगजीत सिंह चौहान द्वारा विदेशों में किए जा रहे प्रयासों का सिख उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाला ने पूरा समर्थन किया है।

जगजीत सिंह चौहान को पत्र लिख कर भिंडरांवाला ने उसे सार्वभौमिक सिख राष्ट्र की स्थापना हेतु संघर्ष करने को अधिकृत किया है ताकि गुरु गोबिन्द सिंह के स्वप्न को साकार किया जा सके।

जगजीत सिंह ने भिंडरांवाला का पत्र गत दिवस यहां पत्रकारों को दिखाया। भिंडरांवाला ने यह पत्र 12 दिसम्बर को लिखा था। भिंडरांवाला के इस पत्र से सम्पूर्ण सिख आंदोलन में, न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी गम्भीर मोड़ आएगा क्योंकि भिंडरांवाला न केवल दमदमा टकसाल का प्रमुख है बल्कि वह सिख मोर्चे का एक प्रमुख नेता भी है।

जगजीत सिंह ने कहा "अब भारत में सिखों को स्वायत्तता दिए जाने की मांग करने का प्रश्न ही नहीं है। अब से भारत और विदेशों में यह मांग तेज की जाएगी कि पृथक, सार्वभौम, स्वतंत्र सिख राष्ट्र बनाया जाए।"

भिंडरांवाला ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि "बिना सही निर्देशन के सिखों की कुरबानियां व्यर्थ हो जाएंगी। इसलिए हमें भारत सरकार से लड़ने से पूर्व अपने दिमाग में एक साफ स्थिति बनानी होगी, भारत सरकार अपने वायदों से मुकर गई है। हम जिस भांति कांग्रेस के विश्वासघात को उजागर कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है।

दो पृष्ठ का यह पत्र गुरुमुखी में लिखा गया है।

इस सन्दर्भ में वह अमृतसर में हुई भू. पू. सिख सैनिकों की प्रसभा का हवाला देता है जिसमें उसके अनुसार 3 मेजर जनरल, 4 ब्रिगेडियर, 12 कर्नल, 30000 मेजर, कैप्टेन, 7000 एन. सी. ओ. शामिल हुए और पहली बार उन्होंने स्वयं को सिख आंदोलन में शामिल किया। उसने कहा, "इसका अर्थ है कि कुछ अवधि बाद सिखों की मांगें पूरी कराने के लिए सम्पूर्ण भारतीय सेना उठ खड़ी होगी।"

जगजीत सिंह ने धमकी दी, "ब्रिटेन में खालिस्तान का भारतीय अधिकारियों से सीधा टकराव हो सकता है।" उसने धमकी दी, "यदि भारतीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन रोकने का प्रयास किया गया तो हिंसा भी होगी।

भिंडरां चुप

अमृतसर : यू. न्यू. के अनुसार जरनैल सिंह भिंडरांवाला ने जगजीत सिंह चौहान को पत्र लिखने के बारे में कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

लौंगोवाल भी चुप

अकाली दल अध्यक्ष तथा मोर्चे के डिक्टेटर हरचंद सिंह लौंगोवाल ने भी इस मामले पर टिप्पणी करने से यह कह कर इन्कार कर दिया कि, "यह मामला भिंडरांवाला से सम्बद्ध है।"

लौंगोवाल ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर रविवार को प्रस्तावित बुद्धिजीवी वर्ग के सम्मेलन के निमंत्रण पत्र रोक रही है। उन्होंने बुद्धिजीवी वर्ग से सम्मेलन में भाग लेने की अपील की और कहा कि विश्वविद्यालयों के दो भूतपूर्व कुलपति, कई रिटायर्ड आई. ए. एस., आई. पी. एस., पी. सी. एस. अफसरों व इंजीनियरों ने सम्मेलन में भाग लेने की स्वीकृति भेजी है।

अकाली विधायकों द्वारा पंजाब सरकार बर्खास्त किए जाने की मांग करने के बारे में लौंगोवाल ने कहा कि वे विधायक जन प्रतिनिधि होने के नाते उक्त आशय की मांग का प्रस्ताव पास कर सकते हैं।

उन्होंने दावा किया कि अकाली दल में पूर्व एकता है और सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

जैल सिंह भी टिकट संग्रह के शौकीन थे

नई दिल्ली, 5 जनवरी (यू. वा.) : राष्ट्रपति जैल सिंह भी कभी डाक टिकट संग्रह के शौकीन थे।

आज यहां राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'इनपैक्स-82' के समापन के अवसर पर श्रोताओं की हंसी के बीच श्री जैल सिंह ने बताया कि यह शौक उस समय काफी महंगा पड़ गया जब उनके पिता जी ने सारे डाक टिकटों को रद्दी समझ कर बेच दिया।

निरंकारी की हत्या

बटाला, 10 जनवरी (सुभाष कोछड़): कादियां शाखा के निरंकारी प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह लहरी की आज दोपहर बाद काहनूवान थाने के गांव भट्टियां के निकट कुछ अज्ञात लोगों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दिए जाने का समाचार मिला है ।

बताया जाता है कि वह साइकिल पर कपड़े लाद कर गांवों में बेचने के लिए ले जा रहे थे ।

घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहंच गए । हत्यारे भागने में सफल हो गए बताए जाते हैं ।

हत्यारे मोटर साइकिल पर

निरंकारी प्रमुख स्वर्ण सिंह लहिरी को तीन गोलियां मारी गईं । एक गोली उन की छाती, एक पेट में और एक टांग में लगी । पुलिस गांव भट्टियां के लोगों से पूछताछ कर रही है कि हमलाबर कौन थे और क्या वे पैदल थे या किसी वाहन पर सवार थे । गांव के लोग इतने भयभीत हैं कि वे पुलिस को कुछ बता नहीं सके । पुलिस क्षेत्रों का विचार है कि आंभयुक्त मोटर साइकिल पर सवार थे और हत्या करके भाग निकले ।

15 फरवरी से मरणव्रत

जालन्धर, 10 जनवरी (खन्ना): हिन्दू राष्ट्रीय संगठन पंजाब के प्रधान श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में घोषणा की कि यदि केन्द्र सरकार ने अकालियों से वार्ता के दौरान पंजाब के हिन्दुओं को पक्ष नहीं बनाया तो वह 15 फरवरी से दुर्गियाना मंदिर अमृतसर में आमरण अनशन शुरू कर देंगे ।

श्री बिल्ला ने आरोप लगाया कि अकाली दल केन्द्र से पहले ही समझौता कर चुका है । इस समझौता के अन्तर्गत चंडीगढ़ के बदले फाजिल्का, अबोहर हरियाणा को दिया जा रहा है ताकि पंजाब में हिन्दुओं की संख्या को कम किया जा सके ।

अमृतसर में जेल अधिकारी के क्वार्टर पर बम फैंका गया

अमृतसर, 14 जनवरी (सोनी): अमृतसर सैंट्रल जेल के बाहर डिप्टी सुप्रिंटैंडैंट जेल श्री दलीप सिंह के क्वार्टर पर गत रात्रि साढ़े ।। बजे के करीब देसी बम फैंका गया जिससे जबरदस्त धमाका हुआ और खिड़कियों व दरवाजों के शीशे टूट गए । घर के सभी लोग भयभीत होकर इधर-उधर भागे। जेल गार्ड ने जल्दी से 4-5 फायर किए जबकि डिप्टी सुप्रिंटैंडैंट जेल के लड़के ने भी फायर किया परन्तु बम फैंकने वाले बच कर भाग निकले ।

सूचना पाकर उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे। इस केस की जांच एस. पी. गुलबर स्टाफ श्री ए. सी. पांडे के सुपुर्द की गई है । कहा जाता है कि उक्त डिप्टी सुप्रिंटैंडैंट जेल के विरुद्ध अकाली सत्याग्रहियों को जेल में तंग करने की शिकायतें थीं अतः उनके घर को निशाना बनाया गया । श्री दलीप सिंह स्वयं छुट्टी पर हैं और अमृतसर से बाहर गए हुए हैं । उनके परिवार के सदस्य आठ बच्चे, पत्नी और घरेलू कर्मचारी क्वार्टर में थे । उनके क्वार्टर की पीठे सड़क की तरफ तथा क्वार्टर का प्रवेश द्वारा जेल की तरफ है। ख्याल है कि बम फैंकने वाला सड़क की ओर से पिछली दीवार जोकि लगभग चार फुट ऊंची है, को फांद कर अन्दर की ओर गया तथा आंगन में बम फैंक कर भाग खड़ा हुआ।

यह भी ख्याल है कि इस सिलसिला में बम फैंकने वालों ने रिहर्सल भी की होगी क्योंकि निकट ही सुप्रिंटैंडैंट जेल तथा अन्य कर्मचारियों के क्वार्टर हैं। यह बम भी उसी तरह का था जोकि कुछ अर्सा पहले इसी सड़क पर स्थित शिक्षामंत्री श्री हरचरण सिंह अजनाला की कोठी और कांग्रेसी विधायक श्री लक्खा सिंह के मकान पर फैंके गए थे।

प्रै. यू. के अनुसार जिला पुलिस चीफ श्री एस. एस. बैंस ने बताया कि बम फैंकने वाले दो व्यक्ति थे।

घटना की सूचना मिलते ही जेल सुप्रिंटैंडैंट श्री गज्जन सिंह और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा मामले की सूचना पुलिस को दी।

अभी आठ जनवरी को ही नागोके गांव में ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान के घर पर बम फैंका गया था।

विलय नहीं

नई दिल्ली, 14 जनवरी (यू. ना.) : लोकदल (क) ने भूतपूर्व प्रधानमन्त्री चरण सिंह के नेतृत्व वाले लोकदल में विलय की संभावनाओं से इंकार कर दिया है।

अमृतसर में बम विस्फोट, साड़-फूंक : बी. एस.एफ. बुलाई गई

अमृतसर, 27 जनवरी (यू., प्रै.) : कल अमृतसर में बम विस्फोट की चार घटनाओं के बाद बी.एस.एफ. बुला ली गई। शहर में साड़फूंक की भी कुछ घटनाएं हुई। इन घटनाओं से शहर में तनाव उत्पन हो गया।

कल रात ही संगरूर की सुन्दर बस्ती में एक बम फैंका गया। एस. एस. पी. श्री एस. सी. जैन ने बताया कि यह बम बी. एस. एफ. के एक रिटायर्ड कर्मचारी ने फैंका था। बम फैंकने से जान-माल की क्षति होने की खबर नहीं है क्योंकि यह बम फटा नहीं था।

अमृतसर में कल गणतंत्र दिवस के सिलसिले में खचाखच भरे गांधी मैदान में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक हथगोला फैंका लेकिन सौभाग्य से यह फटा नहीं। गोला, जोकि एक आर्डीनेंस फैक्टरी में बना हुआ था, एक स्कूली बच्चे ने उठाया लेकिन इससे पहले कि वह इसे पुन: जमीन पर फेंकता, सतर्क पुलिस कर्मियों ने उससे छीन कर, दूर ले गए यहां सैनिक विशेषज्ञों ने उसे निष्क्रिय कर दिया।

प्रात: 5 बज कर 25 मिनट पर शहर में चार बम धमाके हुए तथा साड़फूंक की घटनाएं हुई जोकि उग्रवादियों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोहों में गड़बड़ की कोशिश थी। इन विस्फोटों में सिर्फ खिड़कियों के शीशे ही टूटे।

गांधी ग्राऊंड में फैंका गया बम यदि फट जाता तो वहां काफी हानि हो सकती थी क्योंकि गणतंत्र दिवस समारोह में बड़ी संख्या में बच्चे, उच्च पुलिस, होमगार्ड, एन. सी. सी. अधिकारी वहां मौजूद थे। पंजाब के लोक संपर्क मंत्री श्री जोगेंद्र पाठे मुख्य अतिथि थे।

पहले यह कहा गया था कि अनफटा बम एक अधकचरा बम था लेकिन बाद में कहा गया कि यह सैनिक ट्राम बम था जिस पर 'एच. ई. 36' अंकित था।

2 बम दरबार साहिब के क्षेत्र में फटे। थाना डिवीजन क्षेत्र में तम्बाकू की दो दुकानों को आग लगाने की कोशिश की गई तथा एक खोखा जला दिया गया।

एस.एस.पी. श्री बैंस ने पत्रकारों को बताया कि यह उग्रवादियों की कारवाई है जोकि गणतंत्र दिवस समारोहों में गड़बड़ करना चाहते थे। उन्होंने बताया कि यह विस्फोट दरबार साहिब के निकट चौक बाबा साहिब, जलियांवाला बाग के निकट बाग रामानंद, कटड़ा जैमल सिंह तथा सुलतान विंड रोड पर एक स्कूल के अंदर हुए।

उन्होंने कहा कि इन विस्फोटों का उद्देश्य नागरिकों में आतंक पैदा करना है। उन्होंने कहा कि यह बम उसी प्रकार के थे जैसे कि हाल ही में जिला के विभिन्न भागों में फटे थे। इस बीच शहर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सी. आर. पी.एफ., पंजाब पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए है।

प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार धमाके वाली जगहों पर रस्सियों के टुकड़े एवं लोहे के टुकड़े बिखरे हुए पाए गए जबकि यह पटाखानुमा बम फटने से जमीन पर भी पीलापन फैला आया था जबकि रस्सी व लोहे के टुकड़े 30-30 फुट दूर तक फैले हुए पाए गए।

घटना वाली जगहों पर विभिन्न पुलिस पार्टियां पहुंचीं। डी. एस.पी. हैडक्वार्टर ज्ञानी बचन सिंह ने बताया कि इस संबंध में केस दर्ज कर लिए गए है

सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन ने इन्दिरा गांधी ग्राऊंड में गणतंत्र दिवस समारोह में गड़बड़ करने की जो घोषणा कर रखी थी, उसके दृष्टिगत पुलिस की ओर से जबरदस्त सुरक्षा प्रबंध उठाए गए। सी. आर. पी. तथा पी. ए. पी. भी तैनात थी। फैडरेशन वाले इतने सख्त पुलिस प्रबंधों के कारण गड़बड़ नहीं कर सके।

8 विधायकों को गनमैन मिला

होशियारपुर, 27 जनवरी (प.) : पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत जिला होशियारपुर के आठों विधायकों को गनमैन उपलब्ध कराए गए हैं।

1 गिरफ्तार

अमृतसर, 27 जनवरी (यू. : अखिल भारतीय सिख छात्र संघ ने आरोप लगाया है कि अमृतसर पुलिस ने यहां बम विस्फोट कांड में कल उनके एक सक्रिय सदस्य सरबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

3 सिख उग्रवादियों की गोलीसे निरंकारी व्यापारी घायल

अमृतसर, 14 फरवरी (वि.प्र.): आज यहां सायं पौने सात बजे शहर के व्यापारिक केन्द्र प्रताप बाजार में तीन उग्रवादी सिख युवकों ने गोलियां चला दीं, जिन से एक दुकानदार घायल हो गया। गोली उसकी टांग में लगी।

घायल कलाथ मर्चेंट सतपाल को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है। उग्रवादी चार गोलियां चलाने के पश्चात् बाजार माई सेवां की ओर से दरबार साहिब की ओर चले गए। कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ने के लिए शोर मचाया और उनके पीछे भी भागे, परन्तु वे बड़ी तेजी से निकल गए। गोली चलने की सूचना मिलने पर पुलिस शीघ्र घटनास्थल पर पहुंची लेकिन कोई गिरफ्तारी न हो सकी। कहा जाता है कि घायल दुकानदार का सम्बन्ध निरंकारियों से है।

'भाटिया' की सूचना के अनुसार गोलो गोपी चन्द नामक एक दुकानदार की दुकान में चलाई गई और सुनाम का एक व्यापारी घायल हो गया, जिसके नाम का पता नहीं चल सका। उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है।

पता चला है कि गोलियां छोटे रिवाल्वर से चलाई गईं। जब गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो लोगों ने समझा कि पटाखे चले हैं, परन्तु व्यापारी ने बताया कि उसे गोली लगी है। इससे बाजार में आतंक पैदा हो गया।

कहा जाता है कि इन सिख युवकों के पास भी उसी प्रकार के हल्के रिवाल्वर थे, जिस प्रकार के हाल ही की घटनाओं में प्रयुक्त किए गए। समझा जाता है कि वे गोलियां चलाने के पश्चात् दरबार साहिब के अन्दर चले गए। उन्होंने कुल 7-8 गोलियां चलाईं। संदेह किया जाता हैकि उग्रवादी इस कारंवाई के साथ अकाली-केन्द्र वार्ता में गतिरोध पैदा करना चाहते हैं।

"प्रै. ट्र." के अनुसार फायरिंग में घायल सतपाल निरंकारी को गुरुतेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है। उसकी टांगों में दो गोलियां लगी हैं। सतपाल सुनाम का व्यापारी है और वह यहां कपड़ा खरीदने आया था।

ण का प्रयास मारा गया

पुलिस सूचना में यह नहीं बताया गया कि दस्युओं की संख्या कितनी थी। उधर बारह फरवरी को भिंड में संवाददाताओं से अनौपचारिक वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक भिंड श्री राजेन्द्र चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा फूलन एवं अन्य के समर्पण में किसी तरह की बाधा पहुंचाने या समर्पण को असफल करने के लिए किसी षड्यंत्र के समाचार का खंडन किया था।

मौसम

नई दिल्ली, 14 फरवरी (प्रै.): हिमाचल तथा जम्मू-कश्मीर में दूर-दूर तक वर्षा अथवा हिमपात हुआ। पंजाब, हरियाणा में कहीं-कहीं वर्षा हुई। अगले 48 घंटों में

विदेश व्यापार घाटा बढ़ा

नई दिल्ली, 14 फरवरी (स्टेट): पिछले दो वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भारत का विदेश व्यापार घाटा अधिक होगा। यह घाटा भूतपूर्व वाणिज्य राज्य मन्त्री शिवराज पाटिल द्वारा आयात नीति उदार बनाये जाने के कारण बढ़ा है। अप्रैल से अक्तूबर 1982 के मध्य विदेश व्यापार घाटा 3328 करोड़ रुपए का रहा।

आज हड़ताल का आह्वान

अमृतसर, 14 फरवरी: राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कार्यालय से घोषणा की गई है कि आज सायं शहर में हुए गोली कांड के विरुद्ध विरोध स्वरूप शहर में कल 15 फरवरी को आम हड़ताल की जाएगी। समिति ने सभी दुकानदारों को आह्वान किया है कि वे अपने कारोबार बन्द रखें, दोपहर के बाद स्थानीय लोगों की एक बैठक दुर्ग्याना मंदिर में बुलाई गई है, जिसमें नई स्थिति पर विचार किया जाएगा।

अमृतसर में 2 बम मिले



शुक्रवार सुबह अमृतसर के बाहरी इलाका इस्लामाबाद में उस समय सनसनी फैल गई जब यह अफवाह फैली कि चौक इस्लामाबाद के निकट दो बम एक नाली में पड़े हुए हैं। काफी संख्या में लोग जमा हो गए जिस पर पुलिस आई और मिलिटरी विशेषज्ञों को सूचित किया गया। जिन्होंने आकर स्पष्ट किया कि बम नहीं बल्कि लोहे के जंगित गोले हैं। यह स्थल चौक इस्लामाबाद से लगभग 200 गज दूर है। पुलिस ने रपट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

विदेशियों को पहचान पत्र रखना होगा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (यू.) : संघीय क्षेत्र दिल्ली का दौरा करने वाले विदेशियों को अब और आगामी 31 मार्च तक हर समय अपने पास अपना पहचान पत्र रखना होगा। सम्बद्ध अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर अपना पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ने सूचित किया है कि 1970 के रेलवे के 5 नम्बर के पैरा को पार्लियामेंट किया जाना चाहिये जिसमें कहा गया है कि, "सरकार ने यह भी निर्णय किया है कि फिरोजपुर जिले की पार्लियामेंट तहसील, जिसमें पार्लियामेंट का गठन जेल तथा पार्लियामेंट शहर शामिल है, के अलावा, पुलिस स्टेशन सदर फाजिल्का के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र और पुराने अबोहर पुलिस थाने के क्षेत्राधिकार में आने वाले क्षेत्र, चटनखेड़ा और कुंदन की बेलों को निकाल कर, हरियाणा को स्थानान्तरित कर देने चाहिये।"

श्री रणवीर सिंह ने यह सुझाव दिया है कि सरकार ने अम्बाला जिले के

अमृतसर जेल में दो बम विस्फोट

अमृतसर, 25 फरवरी (पी.) आज प्रातः स्थानीय सैंट्रल जेल में दो भयंकर बम विस्फोट हुए।

जेल सूत्रों ने बताया कि कुछ अज्ञात कैदियों ने अपनी बैरकों में ही उच्च विस्फोटक शक्ति के पटाखे तैयार करके बिना किसी जोरदार के उनका विस्फोट किया। कोई क्षति नहीं हुई और अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।

बता 14 जनवरी को भी उप-अधीक्षक जेल दलबीर सिंह गिल के मकान पर दो देसी बम फैंके गये थे।

ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਫਟੜ

(ਸਫਾ 1 ਦੀ ਬਾਕੀ)

ਰਾਤ ਗਏ ਮਿਲੀ ਸੂਚਨਾ ਅਨੁ
ਹਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਦੀ ਗੱਡੀ ਦੀ ਹਮ
ਗੋਲੀ ਕਢਣ ਲਈ ਉਸ ਦਾ ਅਪਰੇ
ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਜੋ ਸਫਲ ਰਿਹਾ । ਵਿ
ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਤੇ ਦੋ ਅਣਪਛ
ਆਦਮੀਆਂ ਨੇ ਨੇੜੇ ਤੋਂ ਗੋਲੀ ਚਲਾ
ਹਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਤੇ ਗੋਲੀ ਚਲਾਉਣ
ਬਾਦ ਹਮਲਾਵਰ ਰੀਨੇ ਦੇ ਖੇਤਾਂ ਵਿ
ਦੀ ਨਿਕਲ ਗਏ । ਸੀਨੀਅਰ ਪੁ
ਅਫਸਰ ਐਸ. ਪੀ. ਸ੍ਰੀ ਵਿਰਦੀ,
ਡੀ.ਐਸ.ਪੀਜ਼ ਤੇ ਹੋਰ ਅਫਸਰ ਮੌਕੇ
ਪੁਜੇ । ਹਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਦੀ ਉਮਰ
ਸਾਲ ਹੈ ਤੇ ਉਸ ਦੀਆਂ 5 ਲੜਕੀ
ਤੇ ਪਤਨੀ ਹੈ । (ਪੀ.ਟੀ.ਆਈ.)

ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਗੋਲੀ ਨਾਲ ਫੱਟੜ

ਮਹਿਤਾ ਚੌਕ ਨੇੜੇ ਘਟਨਾ—ਹਮਲਾਵਰ ਫਰਾਰ

ਆਪਣੇ ਪਿੰਡ ਜਾਂਦੇ ਹੋਏ ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਗੋਲੀ ਮਾਰੀ ਗਈ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, 1 ਮਾਰਚ—ਇਥੋਂ 40 ਕਿਲੋਮੀਟਰ ਦੂਰ ਚੌਕ ਮਹਿਤਾ ਥਾਣੇ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਪਿੰਡ ਖਬੇ ਰਾਜਪੂਤਾਂ ਦੇ ਇਕ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਹਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਗੋਲੀ ਮਾਰੀ ਗਈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਹ ਫਟੜ ਹੋ ਗਿਆ। ਉਸ ਤੇ ਅਣ-ਪਛਾਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਗੋਲੀ ਚਲਾਈ। ਉਸ ਨੂੰ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਹਸਪਤਾਲ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਦਾਖਲ ਕਰਵਾ ਦਿਤਾ ਜਿਥੇ ਉਸ ਦੀ ਹਾਲਤ ਖਤਰੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ, ਹਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਪਿੰਡ ਤੇਗ ਪੁਰਾ ਤੋਂ ਆਪਣੇ ਪਿੰਡ ਜਾ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਉਸ ਤੇ ਪਿਠ ਤੇ ਗੋਲੀ ਮਾਰੀ ਗਈ। (ਬਾਕੀ ਸਫਾ 6 ਤੇ)

सिख उग्रवादियों द्वारा दिल्ली में दो बम धमाके : 7 व्यक्ति घायल

नई दिल्ली, 8 मार्च (यू.वा.) : आज रात आठ बजे यहां कनाट प्लेस के एयरकंडीशंड पालिका बाजार में दो बम धमाके होने से सात व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में एक महिला भी है। उन सभी को अस्पताल भेज दिया गया है।

पुलिस को घटनास्थल से सिख उग्रवादियों के संगठन आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन का एक पर्चा बरामद हुआ है। इस पर्चे में सातवें गुट निरपेक्ष सम्मेलन से अपील की गई है कि वह भारत में "सिखों पर हो रहे जुल्म" के खिलाफ आवाज उठाए।

बम विस्फोटों से समूचा इलाका हिल गया और यह बहुत ही ऊंची आवाज में हुए। दिल्ली के पुलिस कमिश्नर श्री बजरंग लाल और अन्य पुलिस अधिकारी तुरन्त घटना स्थल पर पहुंच गए और समूचे क्षेत्र को 'सील' कर दिया गया। विस्फोट विशेषज्ञ, कुत्तों का दस्ता घटनास्थल पर पहुंच गया है। उत्तर

●घटनास्थल से सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन का पर्चा बरामद ●निर्गुट सम्मेलन के नाम अपील

प्रदेश सशस्त्र पुलिस के दस्ते पालिका बाजार क्षेत्र में तैनात कर दिए गए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने विस्फोट को 'साधारण' बताया।

प्रै. ट्र. के अनुसार एक बम फटा जबकि दूसरे को विशेषज्ञों ने नाकारा बना दिया।

पालिका बाजार को उड़ाने की चेष्टा

पुलिस सूत्रों का कहना है कि सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन के लोगों ने बम धमाकों से राजधानी की प्रतिष्ठा-पूर्ण भूमिगत मार्किट को उड़ा देने की असफल कुचेष्टा की। धमाकों से पांच दुकानों को क्षति पहुंची है। उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त बम देसी थे। एक बम पालिका बाजार के चौकीदार ने देखा जिसे बाद में विशेषज्ञों ने नाकारा बनाया।

पालिका बाजार को उड़ाने का गत एक वर्ष में यह दूसरा मौका है। पिछली बार मिजो फ्रंट ने ऐसी कुचेष्टा की थी।

बताया गया है कि बम धमाकों से पहले ही फैडरेशन के नाम से जारी पर्चे समाचार पत्रों और समाचार एजैंसियों के दफ्तरों में भेज दिए गए थे। पर्चे में यह भी कहा गया कि इसकी प्रतियां गुप्त रूप से शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे प्रति-निधियों में भी बांट दी गई हैं। पर्चे पर फैडरेशन के जनरल सैक्रेटरी हरमिन्दर सिंह संधू के हस्ताक्षर हैं।

कास्त्रो के आरोपों का खंडन

वाशिंगटन, 8 मार्च (ए.पी.) : अमरीका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जान ह्यूज ने गुट निरपेक्ष आंदोलन के निवर्तमान अध्यक्ष क्यूबा के राष्ट्रपति फिडल कास्त्रो के इस कथन का खंडन किया है कि अमरीका क्यूबा के नेताओं को मारने के लिए षड्यंत्र कर रहा है। श्री कास्त्रो ने कल नई दिल्ली में सातवें गुट निरपेक्ष आंदोलन के उद्घाटन समारोह पर यह बात कही थी। श्री ह्यूज ने कल सम्वाददाताओं को बताया कि श्री कास्त्रो का यह कहना बिल्कुल गलत है।

मेरे बिना संसद की कोई बहस पूरी नहीं होती : वाजपेयी

गुरदासपुर, 8 मार्च (ग.) : कल पठानकोट में भारतीय जनता पार्टी के प्रधान श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने डैलीगेट अधिवेशन और जनसभा में अपने भाषण के दौरान बहुत दिलचस्प बातें कहीं।

उन्होंने सिखों के बारे में भाषण करते हुए कहा कि जहां एक सिख भी होगा, वहां पर गुरुद्वारा अवश्य होगा। भगवान करे यदि सिखों को चांद पर जाने का अवसर मिल गया तो ये सबसे पहले वहां गुरुद्वारा बनायेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं भाजपा का मनोनीत प्रधान नहीं बल्कि निर्वाचित हूं। अब मेरा कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने वाला है। भाजपा एक परिवार है, राजनीतिक पार्टी

पुलिस व उग्रवादियों में दो बार मुठभेड़ : एस.पी. घायल

पंजाब में गड़बड़ कराने के लिए हथियार बांटने जा रही एक जीप को रोकने का असफल प्रयास

कई उग्रवादियों के मरने का दावा: सभी भिंडरां के चेले

फरार जीप का पीछा : पंजाब भर में नाकेबंदी : एक उग्रवादी गोली लगने के बाद गिरफ्तार

अमृतसर, 16 मार्च (सोढी, भाटिया बंगी, प्रैस यू.) : आज तड़के 4 बजे अमृतसर-जालन्धर जी.टी. रोड पर मानांवाला नहर के पुल के पास एक जीप में सवार उग्रवादियों ने पुलिस से हुई मुठभेड़ में स्टेनगनों से फायरिंग करके और हथगोले फैंक कर पीछा कर रहे एस.पी. (डिटैक्टिव) अमृतसर ए.पी. पांडे को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

उग्रवादी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले परन्तु दयालपुर (करतारपुर) के पास जी.टी. रोड पर ही जालन्धर के एस. पी. इकबाल सिंह भुल्लर के नेतृत्व में नाकाबन्दी करने वाले पुलिस दल के साथ हुई मुठभेड़ में उनमें से एक उग्रवादी कनन सिंह घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य उग्रवादी जीप सहित गोलियां चलाते हुए फरार हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पंजाब में विभिन्न स्थानों पर हिंसक कार्रवाइयों के लिए इस जीप में शस्त्रास्त्र, बम आदि उग्रवादियों को पहुंचाये जा रहे थे।

पंजाब भर में पुलिस को इस जीप के बारे में वायरलैस पर सतर्क रहने के निर्देश दिये गए हैं।

जालन्धर क्षेत्र के डी. आई. जी. ए. एस. अटवाल, पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जे.पी. विरदी, जालन्धर के एस.एस. पी. इकबाल सिंह भुल्लर जीप में सवार उग्रवादियों का पीछा कर रहे हैं।

घायल एस.पी. ए. पी. पांडे ने अस्पताल में होश में आने पर दावा किया कि पुलिस फायरिंग से जीप में सवार कई उग्रवादी मारे गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि आज की मुठभेड़ में शामिल उग्रवादी धर्मोन्मादी नेता अरनैल सिंह भिंडरां वाला के अनुयायी हैं।

अस्पताल में भरती

श्री पांडे को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उनकी टांग और बांह पर गोलियों के गहरे घाव हैं, जबकि गोलियों के छर्रे छाती, पेट और जांघों के अतिरिक्त पांवों में लगे हैं। डाक्टरों ने श्री पांडे की हालत को खतरे से बाहर बताया है। उनके कमरे पर पुलिस का जबरदस्त पहरा है।

पूर्व सूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि उग्रवादी एक जीप में कहीं जाने की तैयारी में हैं और रात्रि के समय कहीं जाएंगे।

अतः पुलिस के उच्चाधिकारियों ने अपनी बैठक में निर्णय किया कि लगभग एक दर्जन सशस्त्र पार्टियां शहर से बाहर सभी मार्गों पर नाकाबंदी कर लें और उस जीप को काबू किया जाए।

नाकेबन्दी

बताया जाता है कि जब रहस्यपूर्ण जीप शहीदांवाला गेट से निकल कर जी.टी. रोड जालन्धर की ओर गई, तो जी.टी. रोड पर नाकाबंदी करने वाली पुलिस पार्टियों को वायरलैस पर सूचना दे दी गई।

ट्रक खड़ा किया : फायरिंग

पुलिस इंस्पैक्टर मुख्तियार सिंह ने सड़क पर नाकाबन्दी करते हुए एक ट्रक सड़क के मध्य में खड़ा किया हुआ था लेकिन रहस्यपूर्ण जीप बड़ी तेजी से सड़क के एक ओर निकल गई और पुलिस पर फायरिंग की।

पांडे से मुठभेड़

कहा जाता है कि पुलिस ने दूसरी नाकाबन्दी अमृतसर से सात किलो मीटर दूर मानांवाला नहर के पुल पर की थी जहां श्री पांडे पुलिस जीप में खड़े थे।

जब उग्रवादियों की जीप निकट आई तो उसे रुकने का संकेत किया गया लेकिन उस जीप में से पुलिस पर बरी तरह फायरिंग हुई। फायरिंग स्टेनगन से की गई थी। श्री पांडे ने अपनी जीप में उस जीप का थोड़ी दूर तक पीछा किया। जीप से पुलिस की जीप पर गोलियां चलती रहीं और पुलिस वाले अपनी जीप से फायरिंग करते रहे लेकिन वह जीप निकल गई।

श्री पांडे के गम्भीर रूप से घायल हो जाने पर पुलिस जीप ने उग्रवादियों की जीप का पीछा बन्द कर दिया।

कुछ उग्रवादी मरे

उग्रवादियों की जीप का पीछा करने वाली पुलिस पार्टी का ख्याल है कि पुलिस ने जिस प्रकार फायरिंग उस जीप पर की है, उसमें बैठने वाले अवश्य कुछ उग्रवादी मर गए होंगे या घायल हुए होंगे। वायरलैस पर रात को ही इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पार्टियां रहस्यपूर्ण जीप की तलाश में रवाना हो गई।

जिला पुलिस अधीक्षक एस. एस. बैंस, एस.पी. (मुख्यालय) जे. पी. विरदी, ज्ञानी बचन सिंह डी. एस.पी. पुलिस अमृतसर की पुलिस पार्टियों का नेतृत्व कर रहे थे।

दूसरी मुठभेड़, 1 बन्दी

जालन्धर : जिला जालन्धर की एक पुलिस पार्टी ने जालन्धर के एस.एस. पी. श्री गुरदेबाल सिंह भुल्लर के नेतृत्व में जिला गुरदासपुर के थाना कादियां के गांव ठीकरी के एक उग्रवादी अकाली चनन सिंह पुत्र नत्था सिंह को बड़ी मुश्किल से करतारपुर के निकट गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पुलिस की गोलियां लगने से बुरी तरह घायल हो गया है। अभियुक्त को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल किया गया है। डाक्टरों की ओर से उसे बचाने की कोशिश की

लकड़ी की तस्करी व अवैध कटान पर सरकार श्वेत पत्र जारी करे : शांता

शिमला, 16 मार्च (खजूरिया) : हिमाचल विधान सभा में विपक्ष के नेता श्री शांता कुमार ने आज बजट पर बहस प्रारम्भ करते हुए राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया तथा मांग की कि लकड़ी के अवैध कटान और तस्करी के मामले में सरकार श्वेत-पत्र जारी करे, जिसमें वनों के कटान के मामले में उनसे अपील की कि वे अपने नेता व सरकार का समर्थन अवश्य करें परन्तु उन्हें भ्रष्टाचार का आंखें बन्द करके समर्थन नहीं करना चाहिए, अन्यथा आगे आने वाला समय उन्हें इसके लिए माफ नहीं करेगा।

श्री शांता कुमार ने लकड़ी के अवैध कटान व तस्करी के सारे मामलों की केंद्रीय जांच ब्यूरो को उल्लेख ही नहीं था और ऐसा लगता है जैसे इस राशि को भी आय में शामिल कर लिया गया हो। इसी प्रकार 17.45 करोड़ रुपए केवल ब्याज के लिए रखा गया है।

श्री शांता कुमार ने श्री वीर भद्र सिंह द्वारा मुख्यमन्त्री को भेजे गए उस पत्र की भी चर्चा की, जिसमें

पुलिस व उग्रवादियों में दो बार मुठभेड़ : एस.पी. घायल

पंजाब में गड़बड़ कराने के लिए हथियार बांटने जा रही एक जीप को रोकने का असफल प्रयास

कई उग्रवादियों के मरने का दावा:सभी भिंडरां के चेले

फरार जीप का पीछा : पंजाब भर में नाकेबंदी : एक उग्रवादी गोली लगने के बाद गिरफ्तार

अमृतसर, 16 मार्च (सोनी, भाटिया, बागी, प्रै.यू.) : आज तड़के 4 बजे अमृतसर-जालन्धर जी. टी. रोड पर मानांवाला नहर के पुल के पास एक जीप में सवार उग्रवादियों ने पुलिस से हुई मुठभेड़ में स्टेनगनों से फायरिंग करके और हथगोले फैंक कर पीछा कर रहे एस.पी. (डिटैक्टिव) अमृतसर ए.पी. पांडे को गंभीर रूप में घायल कर दिया।

उग्रवादी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले परन्तु दयालपुर (करतारपुर) के पास जी.टी. रोड पर ही जालन्धर के एस. पी. इकबाल सिंह भुल्लर के नेतृत्व में नाकाबन्दी करने वाले पुलिस दल के साथ हुई मुठभेड़ में उनमें से एक उग्रवादी चनन सिंह घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य उग्रवादी जीप सहित गोलियां चलाते हुए फरार हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पंजाब में विभिन्न स्थानों पर हिंसक कार्रवाइयों के लिए इस जीप में शस्त्रास्त्र, बम आदि उग्रवादियों को पहुंचाये जा रहे थे।

पंजाब भर में पुलिस को इस जीप के बारे में वायरलैस पर सतर्क रहने के निर्देश दिये गए हैं।

जालन्धर क्षेत्र के डी. आई. जी. ए. एस. अटवाल, पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जे.पी. विरदी, जालन्धर के एस.एस. पी. इकबाल सिंह भुल्लर जीप में सवार उग्रवादियों का पीछा कर रहे हैं।

घायल एस.पी. ए. पी. पांडे ने अस्पताल में होश में आने पर दावा किया कि पुलिस फायरिंग से जीप में सवार कई उग्रवादी मारे गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि आज की मुठभेड़ में शामिल उग्रवादी धर्मोन्मादी नेता अरलैस सिंह भिंडरां वाला के अनुयायी हैं।

अस्पताल में भरती

श्री पांडे को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उनकी टांग और बांह पर गोलियों के गहरे घाव हैं, जबकि गोलियों के छर्रे छाती, पेट और जांघों के अतिरिक्त पांवों में लगे हैं। डाक्टरों ने श्री पांडे की हालत को खतरे से बाहर बताया है। उनके कमरे पर पुलिस का जबरदस्त पहरा है।

पूर्व सूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि उग्रवादी एक जीप में कहीं जाने की तैयारी में हैं और रात्रि के समय कहीं जाएंगे।

अतः पुलिस के उच्चाधिकारियों ने अपनी बैठक में निर्णय किया कि लगभग एक दर्जन सशस्त्र पार्टियां शहर से बाहर सभी मार्गों पर नाकाबंदी कर लें और उस जीप को काबू किया जाए।

नाकेबन्दी

बताया जाता है कि जब रहस्यपूर्ण जीप शहीदांवाला गेट से निकल कर जी.टी. रोड जालन्धर की ओर गई, तो जी.टी. रोड पर नाकाबंदी करने वाली पुलिस पार्टियों को वायरलैस पर सूचना दे दी गई।

ट्रक खड़ा किया : फायरिंग

पुलिस इंस्पैक्टर भुक्तियार सिंह ने सड़क पर नाकाबन्दी करते हुए एक ट्रक सड़क के मध्य में खड़ा किया हुआ था लेकिन रहस्यपूर्ण जीप बड़ी तेजी से सड़क के एक ओर निकल गई और पुलिस पर फायरिंग की।

पांडे से मुठभेड़

कहा जाता है कि पुलिस ने दूसरी नाकाबन्दी अमृतसर से सात किलो मीटर दूर मानांवाला नहर के पुल पर की थी जहां श्री पांडे पुलिस जीप में खड़े थे।

जब उग्रवादियों की जीप निकट आई तो उसे रुकने का संकेत किया गया लेकिन उस जीप में से पुलिस पर बरी तरह फायरिंग हुई। फायरिंग स्टेनगन से की गई थी। श्री पांडे ने अपनी जीप में उस जीप का थोड़ी दूर तक पीछा किया। जीप से पुलिस की जीप पर गोलियां चलती रहीं और पुलिस वाले अपनी जीप से फायरिंग करते रहे लेकिन वह जीप निकल गई।

श्री पांडे के गम्भीर रूप से घायल हो जाने पर पुलिस जीप ने उग्रवादियों की जीप का पीछा बन्द कर दिया।

कुछ उग्रवादी मरे

उग्रवादियों की जीप का पीछा करने वाली पुलिस पार्टी का ख्याल है कि पुलिस ने जिस प्रकार फायरिंग उस जीप पर की है, उसमें बैठने वाले अवश्य कुछ उग्रवादी मर गए होंगे या घायल हुए होंगे। बायरलैस पर रात को ही इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पार्टियां रहस्यपूर्ण जीप की तलाश में रवाना हो गईं।

जिला पुलिस अधीक्षक एस. एस. बैस, एस.पी. (मुख्यालय) जे. पी. विरदी, ज्ञानी बचन सिंह डी. एस.पी. पुलिस अमृतसर की पुलिस पार्टियों का नेतृत्व कर रहे थे।

दूसरी मुठभेड़, 1 बन्दी

जालन्धर : जिला जालन्धर की एक पुलिस पार्टी ने जालन्धर के एस.एस. पी.श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर के नेतृत्व में जिला गुरदासपुर के थाना कादियां के गांव ठीकरी के एक उग्रवादी अकाली चनन सिंह पुत्र नत्था सिंह को बड़ी मुश्किल से करतारपुर के निकट गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पुलिस की गोलियां लगने से बुरी तरह घायल हो गया है। अभियुक्त को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल किया गया है। डाक्टरों की ओर से उसे बचाने की कोशिशें की जा रही हैं, उसे खून दिया जा रहा है।

कहा जाता है कि अमृतसर पुलिस की ओर से यहां एस.एस. पी. श्री भुल्लर को वायरलैस पर सूचना मिली कि कुछ उग्रवादी एक जीप में जालन्धर की ओर आ रहे हैं, उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जाए।

जीप रोकने की कोशिश

यह सूचना प्राप्त होते ही श्री भुल्लर तत्काल करतारपुर की ओर आ रही एक जीप, जिसकी निशानी उन्हें बता दी गई थी, को देख कर उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की, इस पर जीप में बैठे सभी उग्रवादियों, जिनकी संख्या लगभग आधा दर्जन थी, भागने लगे।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

साहनी अमृतसर में

अमृतसर, 16 मार्च (प्रै.) : पंजाब पुलिस के महा निदेशक श्री सी. के. साहनी उग्रवादियों के साथ पुलिस की भिड़त की सूचना मिलते ही आज यहां पहुंचे तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिले।

साहनी-भुल्लर भेंट

बाद का समाचार है कि श्री साहनी ने रात जालन्धर में एस. एस. पी. श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर से उन के कमरे में बैठक की जोकि एक घंटे से भी अधिक समय चली।

चंडीगढ़ : पंजाब सी.पी.आई. के नेता कामरेड राजकुमार ने अमृतसर के निकट पुलिस-उग्रवादी भिड़त की खबर पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि उग्रवादी बच निकलने में सफल हो गए।

भिड़ंत में संलिप्त मेरे

लकड़ी की तस्करी व अवैध कटान पर सरकार श्वेत पत्र जारी करे : शांता

शिमला, 16 मार्च (खजूरिया) : हिमाचल विधान सभा में विपक्ष के नेता श्री शांता कुमार ने आज बजट पर बहस आरम्भ करते हुए राम लाल सरकार को आड़े हाथों लिया तथा मांग की कि लकड़ी के अवैध कटान और तस्करी के मामले में सरकार श्वेत-पत्र जारी करे, जिसमें वनों के कटान के मामले में समर हिल, शोगी तथा धर्मपुर रेलवे स्टेशनों से भेजी गई लकड़ी और सरकार को उससे प्राप्त बिक्री कर का ब्योरा दिया जाए।

श्री शांता कुमार ने यह भी मांग की कि पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में वर्ष 80-81 तथा 82 में खर्च की गई राशि, खरीदे गए पाइपों तथा कितने गांवों को पेयजल सुविधा प्रदान की गई का विवरण दिया जाए।

श्री शांता कुमार ने आरोप लगाया कि वनों के राष्ट्रीयकरण के बावजूद प्रदेश से लकड़ी की तस्करी चल रही है तथा राम लाल सरकार इसे रोक पाने में पूरी तरह विफल रही है। वर्तमान सरकार द्वारा तस्करी को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने इस आरोप के सम्बन्ध में कहा कि हाल ही में टम्टा केस के सम्बन्ध में हिमाचल के एडवोकेट जनरल और अन्य अधिकारियों का दिल्ली जाकर अभियुक्तों की मदद करना इसका एक उदाहरण है।

सत्ताधारी दल के सदस्यों को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता ने उनसे अपील की कि वे अपने नेता व सरकार का समर्थन अवश्य करें परन्तु उन्हें भ्रष्टाचार का आंखें बन्द करके समर्थन नहीं करना चाहिए, अन्यथा आगे आने वाला समय उन्हें इसके लिए माफ नहीं करेगा।

श्री शांता कुमार ने लकड़ी के अवैध कटान व तस्करी के सारे मामलों को केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपे जाने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि लकड़ी के अवैध कटान से संबंधित अभियुक्तों को अभी तक जेल नहीं भेजा गया है।

लाभ का नहीं, घाटे का बजट ?

श्री शांता कुमार ने वर्तमान बजट के आंकड़े देते हुए यह सिद्ध करने की कोशिश की कि वर्तमान बजट 33 लाख रुपए लाभ का नहीं बल्कि 46.24 करोड़ रुपए के घाटे का बजट है क्योंकि 36.91 करोड़ रुपए के ऋण का तो मुख्यमन्त्री के भाषण में उल्लेख ही नहीं था और ऐसा लगता है जैसे इस राशि को भी आय में शामिल कर लिया गया हो। इसी प्रकार 17.45 करोड़ रुपए केवल ब्याज के लिए रखा गया है।

श्री शांता कुमार ने श्री वीर भद्र सिंह द्वारा मुख्यमन्त्री को भेजे गए उस पत्र की भी चर्चा की, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश में एक 'माफिया' वनों के अवैध कटान व तस्करी में संलिप्त है। श्री सिंह ने इनके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का इस्तेमाल किये जाने की भी मांग की थी।

'वर्क आर्डर' स्कैण्डल

श्री शांता कुमार ने सदन में 'वर्क आर्डर स्कैण्डल' का रहस्योद्घाटन करते हुए आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग में लाखों रुपए का घोलमाल हो रहा है। निविदाओं पर तो कम मूल्यों पर काम हो रहा है लेकिन दूसरी ओर विभाग द्वारा वर्कआर्डर पर ऊंची दरों पर अपने कृपापात्रों से कार्य कराया जा रहा है।

67 लाख की अघोषित सम्पत्ति बरामद

कानपुर, 16 मार्च (प्रै.) : शराब विक्रेताओं के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व आवास गृहों से आयकर अधिकारियों ने लगभग 67 लाख रुपए मूल्य के अघोषित आभूषण कच्चा सोना, गांजा व कैश बरामद किया है

पंजाब विधान-सभा से वाक आऊट

चंडीगढ़, 16 मार्च (वि. सं.) : आज पंजाब विधानसभा से माकर्सवादी विधायक पंजाब के जिला स्तर के पत्रकारों द्वारा किए गए प्रदर्शन व धरने का मामला उठाने की अनुमति विधानसभा अध्यक्ष बृज भूषण मेहरा द्वारा न दिये जाने के विरोध में सदन से वाकआउट कर गए।

यह मामला बाद में कम्युनिस्ट विधायकों ने भी उठाया, पर उन्होंने वाकआउट नहीं किया।

पंजाब के लोक सम्पर्क मन्त्री जोगेन्द्रपाल पांडे ने बताया कि जिन अखबारी पत्रकारों को मान्यता नहीं मिल सकी है, उनके बारे में मान्यता समिति (एक्रिडेशन कमेटी) से बातचीत जारी है। सरकार इन अखबारी पत्रकारों को उचित सुविधाएं देगी।

उन्होंने कहा कि मान्यता समिति में समाचार पत्रों के मालिक व अखबारी पत्रकारों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

उन्होंने संकेत दिया कि सरकार

सिख गुरुद्वारा कानून की व्यवस्था को चुनौती

चंडीगढ़, 16 मार्च (र.) : सिख गुरुद्वारा कानून के अंतर्गत किसी संस्था को सिख गुरुद्वारा घोषित किए जाने की व्यवस्था के बारे के पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की पीठ द्वारा दिए गए निर्णय के खिलाफ लौंगोवाल के महंत सुन्दर दास द्वारा दायर याचिका पर उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों की पीठ ने सुनवाई प्रारम्भ की। न्यायालय ने गुरुद्वारा कमेटी को 29 मार्च के लिए नोटिस जारी कर दिया।

उसे सिख गुरुद्वारा बनाया जा सकता है जो अन्य संस्थाओं के संविधानप्रदत्त मूलाधिकारों का हनन है। जिस संस्था के मामले में यह केस दायर किया गया है वह उदासियों की है जिसे शिरोमणि कमेटी को सौंप दिया गया है।

मधु दंडवते के विरुद्ध विद्रोह

नई दिल्ली, 16 मार्च (र.)

उग्रवादियों में मुठभेड़

(3 पृष्ठ का शेष)

इस दौरान पुलिस के जवानों ने अभियुक्तों पर फायरिंग शुरू कर दी। परिणामतः उग्रवादी चनन सिंह पुलिस की गोलियों से गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस पर पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ लिया।

बताया जाता है कि अभियुक्त चनन सिंह ने पुलिस को शेष उग्रवादियों के नाम भी बता दिए हैं। अभियुक्त ने यह भी बताया है कि सभी अभियुक्त पंजाब के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। ये सभी उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाले के अनुयायी बताए जाते हैं।

यहां यह बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि जिस जीप में ये अभियुक्त अमृतसर की ओर से जालन्धर आ रहे थे, उसका ड्राईवर जीप लेकर भागने में सफल हो गया है। एस.एस.पी. श्री भुल्लर ने वायरलैस से जिला जालन्धर के सभी पुलिस थानों को निर्देश दे दिया है कि उग्रवादियों की जीप को जिले से बाहर न जाने दिया जाए। उग्रवादियों की जीप और उसके ड्राईवर को पकड़ने के लिए पुलिस ने जगह-जगह नाकाबन्दी कर रखी है, लेकिन अभी तक उसे कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई। जीप में बैठे शेष अभियुक्तों का भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस उनका पीछा कर रही है।

घटनाक्रम

करतारपुर में पंजाब केसरी के प्रतिनिधि देव दत्त के अनुसार वायरलैस पर उग्रवादियों की जीप के जालंधर की ओर आने की सूचना पाकर जालंधर के एस. एस. पी. श्री भुल्लर के निर्देश पर करतारपुर थाने के एस. एच. ओ. सरदूल सिंह ने जीप को पकड़ने के लिए जी. टी. रोड पर नाकाबंदी कर ली। उग्रवादियों की नीले रंग की जीप जब दयालपुर के निकट पहुंची तो पुलिस ने जीप को रोकने की कोशिश की। जीप में दो सशस्त्र उग्रवादी सवार थे और उन्होंने मुंह ढांप रखे थे, जीप को पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश में उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। सुरक्षा में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से एक उग्रवादी चनन सिंह घायल हो गया।

अभियुक्त के विरुद्ध धारा 307/34, 25-27 तथा 54-59 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है।

यह भी पता चला है कि पुलिस घायल उग्रवादी को नीले रंग की जीप में करतारपुर अस्पताल लाई। करतारपुर अस्पताल से दूसरे उग्रवादी को जीप भगा कर ले जाने का मौका मिल गया।

बलदेव प्रकाश का बयान

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रधान डा. बलदेव प्रकाश ने एक वक्तव्य में उग्रवादियों के हाथों अमृतसर के एस. पी. श्री पांडे के घायल होने की घटना पर बड़ी चिंता व्यक्त की है और पंजाब की दरबारा सिंह सरकार से प्रश्न किया है कि क्या वह उग्रवादियों के हाथों विवश है? मुख्यमंत्री जैसे ही कानून व्यवस्था कायम रखने के संबंध में कोई वक्तव्य देते हैं, उग्रवादी उनके बयान को झुठला कर दिखा देते हैं। सरकार इस प्रकार कब तक दर्शक बनी रहेगी। आश्चर्य है कि पुलिस की नाकाबंदी के बावजूद उग्रवादी उच्च पुलिस अधिकारी को घायल करते हुए निकल गए। इस से कई प्रकार की शंकायें उत्पन्न होती हैं।

श्री हरबंस लाल खन्ना, श्री गुरबचन लाल भाटिया, उमेश तलवाड़ और प्रीतम सिंह ने इस घटना की निंदा की है।

एस. पी. श्री पांडे के उग्रवादियों के हाथों गोली लगने से घायल होने की घटना के विवरणों की जानकारी प्राप्त करने के लिये आई. जी. पुलिस श्री साहनी और ए. आई. जी. पुलिस श्री ए. एस. अटवाल अमृतसर पहुंचे। उन्होंने अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

सरकारी वक्तव्य

इस घटना के सम्बन्ध में जारी किया गया सरकारी वक्तव्य 'बिल्कुल ठण्डा' है। इसमें इस घटना को आम किस्म की बताया गया है। वक्तव्य में कहा गया है कि श्री पांडे रात्रि के समय पुलिस पार्टी के साथ जीप पर सवार होकर जी. टी. रोड पर चैकिंग के लिये गए। मानांवाला के निकट एक जीप में कुछ तस्कर या डाकू किस्म के लोग सवार थे। श्री पांडे ने उन्हें रोकने की कोशिश की। श्री पांडे को जीप में तस्करी का माल होने का संदेह था, इसलिये जीप न रोकने पर उन्होंने अपनी जीप अभियुक्तों की जीप के पीछे लगा दी। इस पर अभियुक्तों ने पुलिस की जीप पर बम फैंका, जिससे श्री पांडे घायल हो गये। श्री पांडे को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

पुलिस सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि करतारपुर के निकट रोकी गई जीप का रंग यद्यपि मानांवाला से फरार हुई जीप जैसा ही था किन्तु वह जीप वास्तव में उससे भिन्न थी। इन सूत्रों का यह भी कहना है कि करतारपुर में यद्यपि जीप रुकी नहीं किन्तु घायलावस्था में पकड़े गये उसके एक सवार के जारे में पता चला है कि वह पुलिस का एक सेवानिवृत्त हवालदार है। जीप में दो व्यक्ति सवार थे और यह चंडीगढ़ की तरफ जा रही थी। ये दोनों व्यक्ति तस्करों के किसी गिरोह से सम्बद्ध बताये जाते हैं।

इस घटना के सम्बन्ध में प्राप्त असरकारी सूचनाओं के अनुसार अभियुक्तों ने श्री पांडे पर स्टेनगन से फायरिंग की। कुछ पत्रकारों ने आज घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात के अंधेरे में गोलियां दोनों जीपों के मध्य फासिले में लगती रहीं और छर्रे श्री पांडे के शरीर के आधे भाग पर लगते रहे। पुलिस जीप को निकट आते देख कर अभियुक्तों ने पुलिस की जीप के आगे दो हथगोले फैंके, जिससे श्री पांडे के शरीर का बायां भाग, जो बाहर निकला हुआ था, घायल हो गया अर्थात् वे बांह से कनपटी तक घायल हो गये।

बाद में तीन पुलिस अधिकारी अभियुक्तों के पीछे गए तो उसी सड़क के मध्य एक स्टेनगन पड़ी मिली, जो फौजी किस्म की समझी जाती है। स्टेनगन से फायर करने वाला अभियुक्त घायल हो गया और स्टेनगन उसके हाथ से गिर पड़ी।

यह भी पता चला है कि पीछा कर रही पुलिस ने जंडियालागुरु पुलिस थाने को वायरलैस किया, लेकिन अभियुक्तों की जीप किसी अन्य दिशा में मुड़ गई।

जीप एक संत की

यू. एन. आई. के अनुसार जिस जीप में चनन सिंह यात्रा कर रहा था वह गुरुदासपुर के एक संत की है।

यह भी ज्ञात हुआ है कि जीप और उसका ड्राईवर पुलिस की हिरासत में हैं।

भिंडरां के चेले पुलिस भिड़ंत में मरे उग्रवादी का शव गुरुनानक निवास में ले आए

अमृतसर, 17 मार्च (यू.वा.) : पुलिस सुप्रिंटैंडैंट ए.पी. पांडे (गुप्तचर) के साथ मुठभेड़ में जो उग्रवादी मारा गया उसकी शिनाख्त हो गई है और उसका नाम हरदेव सिंह है। कल उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में श्री पांडे गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

19 वर्षीय हरदेव सिंह के शव को उसके साथी कल यहां शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के परिसर स्थित गुरुनानक निवास में ले आए। समझा जाता है कि वे सभी गोली लगने से जख्मी हुए हैं।

शव को गुरु नानक निवास के प्रांगण में रख दिया गया है ताकि जनता उग्रवादी सिख नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाले के अनुयायी को श्रद्धांजलि अर्पित कर सके।

मृतक फरीदकोट जिले के रोडे गांव का रहने वाला था। भिंडरांवाला भी इसी गांव का है।

कल एक उग्रवादी चनन सिंह घायलावस्था में पुलिस के हाथ लग गया था।

हरदेव सिंह के चेहरे के चिथड़े उड़ गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसा पुलिस द्वारा जवाबी फैंके गए हथगोले के फटने के कारण हुआ। सूत्रों ने इस संभावना से इंकार नहीं कि एस.पी. श्री पांडे उग्रवादियों द्वारा फैंके गए हथगोले के टुकड़ों से घायल हुए और पुलिस ने एक नहीं कई हथगोले उग्रवादियों पर फैंके।

विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि अन्य घायलों का 5 मंजिलें गुरुनानक निवास के अन्दर ही प्राईवेट डाक्टरों से इलाज कराया जा रहा है। अभी तक यह ज्ञात नहीं हो सका कि उग्रवादी कितने थे पर अनुमान है कि उनकी संख्या कम से कम 4 थी।

विश्वास किया जाता है कि वे उग्रवादी राज्य के अन्य स्थानों के उग्रवादियों को बांटने के लिए भारी परिमाण में स्वचालित शस्त्र व गोला बारूद जीप में भर कर ले जा रहे थे।

पुलिस को मुखबिरी उग्रवादियों में से ही किसी ने की थी और सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी तरफ नाकेबन्दी कर दी थी।

इस मुठभेड़ के कारण पुलिस और उग्रवादी दोनों ही खिन्न हैं। पुलिस इस बात से क्षुब्ध है कि मुठभेड़ के बावजूद वह उग्रवादियों और गोला बारूद पकड़ने में विफल रही तथा उग्रवादी बच कर गुरुनानक निवास पहुंच गए।

उधर उग्रवादियों की चिन्ता का मुख्य कारण मुखबिरी है।

29 नवम्बर, 1981 को चौक मेहता स्थित भिंडरां के मुख्यालय गुरुद्वारा गुरुदर्शन प्रकाश में हुए बम विस्फोट के मृतकों के शवों को न तो पोस्ट-मार्टम हुआ था और न ही ये शव पुलिस को दिए गए थे।

पुलिस ने 20 सितम्बर 1981 को चौक मेहता में, लाला जगत नारायण जी की हत्या में वांछित भिंडरां की गिरफ्तारी के बाद हुई फायरिंग में मरने वालों के शव नहीं लौटाए थे।

हरदेव सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। भिंडरांवाला ने मृतक के वारिसों को शोक संदेश भेजा है। भिंडरां ने कहा कि हरदेव के माता-पिता के आने पर ही निर्णय लिया जा सकेगा कि उसका अंतिम संस्कार अमृतसर में हो या रोडे में।

अकाली दल के अध्यक्ष हरचंद सिंह लौंगोवाल ने आरोप लगाया कि हरमंदिर साहब के गुरुद्वारा नानकसर के संत की जीप में जा रहे भिंडरां के अनुयाइयों पर पुलिस ने अकारण फायरिंग की। इससे स्पष्ट है कि सरकार इन 'संतों' द्वारा संचालित संगठनों की 'हत्या' कर देना चाहती है। अकाली आंदोलन शांतिपूर्ण है परन्तु सरकार जानबूझ कर गड़बड़ी पैदा कर रही है।

भिंडरांवाले ने कहा है कि मुठभेड़ में शामिल लोगों को उग्रवादी करार देकर सरकार सिख जनता को गुमराह करना तथा दमदमा टकसाल को समाप्त करना चाहती है।

उल्लेखनीय है कि भिंडरांवाले के मुख्यालय मेहता चौक स्थित गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश को दमदमा टकसाल कहा जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कल सुबह हमारे सिंह (सिख) जब मेहता चौक जा रहे थे, तो पुलिस ने किसी तरह की पूछताछ किये बगैर गोलियां चला दीं।

मेहता चौक अमृतसर से करीब 40 कि.मी. दूर तथा घटनास्थल मानांवाला के रास्ते में पड़ता है।

विश्वस्त सूत्रानुसार पुलिस और उग्रवादियों में ही आधार कारण हुई। वे पुलिस की नाकाबंदी के बावजूद भाग निकले। मुठभेड़ तड़के हुई, जब अंधेरा पूरी तरह छटा नहीं था।

पुलिस ने यह सुराग मिलने पर नाकाबन्दी की थी कि कुछ उग्रवादियों द्वारा उस इलाके में अशांति फैलाने के उद्देश्य से हथियार पहुंचाये जाने की आशंका थी।

सच तो यह है कि डायनर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस एस.एस. घुम्मन ने इन उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए कल ही से अमृतसर में डेरा डाल रखा था।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक सी.के. साहनी ने भी घटनास्थल का दौरा किया। वह आला पुलिस अधिकारी से मिलने प्रस्तावित थे।

अमृतसर से हमारे संवाददाता ने सूचना दी है कि भिंडरांवाले के साथी हरदेव सिंह का शव गुरुनानक निवास के निकट लोगों के दर्शन के लिए रखा गया और इस दौरान मंजी साहिब के साऊंड स्पीकर से पंजाब सरकार और पुलिस के विरुद्ध नारे सुनाई देते रहे।

बताया जाता है कि जीप में कुल 5 व्यक्ति सवार थे, उनमें से 4 घायल हो गए, हरदेव सिंह मारा गया। जीप

(शेष पृष्ठ 8पर)

घायलों का इलाज श्री दरबार साहब के परिसर में हो : नाकाबंदी के बावजूद उग्रवादियों के अंदर पहुंचने से पुलिस क्षुब्ध : लौंगोवाल ने मृतक को निर्दोष और 'संतों का आदमी' बताया : जीप में भारी परिमाण में गोलाबारूद और स्वचालित हथियार थे।

भिंडरां के चेले
(पृष्ठ 1 से आगे)

ड्राईवर की हालत भी नाजुक है।

बताया जाता है कि हरदेव सिंह को एक दर्जन से अधिक गोलियां छाती, मुंह, पेट और जांघों में लगीं। गोली लगने से उसके जबड़े का एक भाग उड़ गया। बाद में जिलाधीश और एस. एस. पी. ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय में शव के पोस्टमार्टम के बारे में बातचीत की। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भिंडरांवाले के समर्थकों ने लाश दरबार साहिब के प्रांगण से बाहर ब्रह्मबूटा मार्किट के निकट पुलिस के हवाले की। लाश के साथ भिंडरांवाले का कोई समर्थक न गया, कुछ अन्य अकाली जाते हुए देखे गए।

दूसरी जीप ले ली थी

यहां आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि जगह-जगह पुलिस की नाका-बंदी होने के बावजूद भिंडरां के समर्थक किस प्रकार बिना रोक-टोक घायलों को गुरुनानक निवास ले आए। यह भी बताया जाता है कि उग्रवादियों ने मुकाबले के बाद जीप छोड़ दी थी और दूसरी गाड़ी में सवार हो गए थे।

भिंडरां वाले को जब बताया गया कि जीप में हथियार व गोला बारूद था तो उसने पूछा-पुलिस इसे बरामद करने में नाकाम क्यों रही। उसने सिख 'संगत' से कहा कि वह अपने अस्तित्व को कायम रखने तथा बलिदान देने के लिए तैयार रहे।

आज दरबार साहब क्षेत्र के गिर्द कुछ मार्केट—चौक घंटाघर, माई सेवां, चौक बाबा साहब आदि बन्द रहीं।

प्रै. ट्र. की सूचना है कि पुलिस ने हरदेव सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके संबंधियों को सौंप दिया।

ਪੁਲਸ ਨੇ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਜਾਂਦੇ ਸਾਰੇ ਰਾਹਾਂ ਤੇ ਰੋਕ

ਪੰਜਾਬ 'ਚ ਤਿੰਨ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਹਿੰਸਕ ਘਟਨਾਵਾਂ-2 ਹਲਾਕ

ਇਕ ਦਰਜਨ ਦੇ ਲਗਪਗ ਫੱਟੜ

ਕਪੂਰਥਲਾ ਨੇੜੇ 1 ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਗੋਲੀ ਨਾਲ ਹਲਾਕ-ਪੁਤਰ ਫੱਟੜ

ਕਾਦੀਆਂ ਦੇ ਬਾਜ਼ਾਰ ਵਿਚ ਫ਼ਾਇਰਿੰਗ ਅੱਧੀ ਦਰਜਨ ਤੋਂ ਵਧ ਦੁਕਾਨਦਾਰ ਜ਼ਖ਼ਮੀ

ਪਿੰਡ ਹਰਚੋਵਾਲ ਵਿਚ ਪੁਜਾਰੀ ਜ਼ਖਮੀ ਇਕ ਹਮਲਾਵਰ ਵੀ ਤਲਾਬ ਚ ਡੁਬ ਕੇ ਹਲਾਕ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 22 ਮਾਰਚ—(ਯੂ. ਐਨ. ਆਈ., ਪੀ. ਟੀ. ਆਈ.) ਬੀਤੀ ਰਾਤ ਰਾਜ ਦੀਆਂ ਤਿੰਨ ਵਖ ਵਖ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਹਿੰਸਕ ਘਟਨਾਵਾਂ ਹੋਣ ਅਤੇ ਕਥਿਤ ਅਤਿਵਾਦੀਆਂ ਵਲੋਂ ਗੋਲੀ ਚਲਾਏ ਜਾਣ ਨਾਲ 2 ਵਿਅਕਤੀ ਮਾਰੇ ਗਏ ਅਤੇ ਲਗਪਗ ਇਕ ਦਰਜਨ ਜ਼ਖਮੀ ਹੋ ਗਏ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਈਆਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨਾਜ਼ਕ ਦਸੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਵਿਚ ਇਕ ਅਤਿਵਾਦੀ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹੈ ਜੋ ਡੁਬ ਕੇ ਮਰ ਗਿਆ।

ਪਹਿਲੀ ਘਟਨਾ

ਰਾਜ ਦੇ ਹੈਡਕੁਆਟਰ ਵਿਖੇ ਪੁਜੀਆਂ ਸੂਚਨਾਵਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਬੀਤੀ ਰਾਤ ਜ਼ਿਲਾ ਕਪੂਰਥਲਾ ਫਿਰ ਮੋਨਾਂਵਾਲਾ ਵਿਖੇ 5 ਅਣਪਛਾਤੇ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਵਲੋਂ ਗੋਲੀ ਚਲਾਏ ਜਾਣ ਨਾਲ ਇਕ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਜਦੋਂਕਿ ਉਸ ਦਾ ਲੜਕਾ ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਜ਼ਖਮੀ ਹੋ ਗਿਆ। ਕਥਿਤ ਹਮਲਾਵਰ ਭਰਾ ਹੋ ਗਏ। ਹਮਲਾਵਰ ਬਿਜਲੀ ਬੋਰਡ ਦੇ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਦੇ ਭੇਸ ਵਿਚ ਆਏ।

ਦੂਜੀ ਘਟਨਾ

ਦੂਜੀ ਘਟਨਾ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਕਾਦੀਆਂ ਦੀ ਇਕ ਮਾਰਕੀਟ ਵਿਚ ਵਾਪਰੀ ਜਿਥੇ ਕੁਝ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਵਲੋਂ ਗੋਲੀ ਚਲਾਏ ਜਾਣ ਨਾਲ ਇਕ ਦਰਜਨ ਵਿਅਕਤੀ ਫਟੜ ਹੋਏ ਜਿਹਨਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਈਆਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨਾਜ਼ਕ ਦਸੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰੀ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਇਕ ਕਥਿਤ ਹਮਲਾਵਰ ਦੌੜਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ 'ਚ ਇਕ ਤਲਾਬ ਵਿਚ ਡਿਗ ਕੇ ਮਰ ਗਿਆ।

ਤੀਜੀ ਘਟਨਾ

ਤੀਜੀ ਘਟਨਾ ਬੀਤੀ ਰਾਤ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਜ਼ਿਲੇ ਦੇ ਪਿੰਡ ਹਰਚੋਵਾਲ ਵਿਚ ਵਾਪਰੀ ਜਿਥੇ ਕੁਝ ਅਣਪਛਾਤੇ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਨੇ ਇਕ ਮੰਦਰ ਦੇ ਪੁਜਾਰੀ ਤੇ ਗੋਲੀ ਚਲਾਈ ਤੇ ਉਹ ਗੰਭੀਰ ਰੂਪ ਵਿਚ ਫਟੜ ਹੋ ਗਿਆ। ਅਚਾਨਕ ਭੇਲੀ ਇਸ ਹਿੰਸਾ ਵਿਚ ਕਪੂਰਥਲੇ ਦਾ ਜੋ ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਉਹ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਕਾਦੀਆਂ ਵਿਚ ਜੋ ਘਟਨਾ ਵਾਪਰੀ ਉਥੇ ਕਥਿਤ ਤੌਰਤੇ ਨਿਹੰਗ ਸ਼ਾਮਲ ਦਸੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਜਿਹਨਾਂ ਦੇ ਹਥਾਂ ਵਿਚ ਤਲਵਾਰਾਂ ਅਤੇ ਬੰਦੂਕਾਂ ਹੋਣ ਦਾ ਦੋਸ਼ ਲਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ।

ਘਟਨਾ ਦਾ ਵੇਰਵਾ

ਕਪੂਰਥਲਾ ਤੋਂ ਸਾਡੇ ਪਤਰਪ੍ਰੇਰਕ ਸ: ਬਾਵਾ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਅਨੁਸਾਰ ਪਿੰਡ ਮੋਨਾਂਵਾਲਾ ਵਿਚ, ਜਿਥੇ ਕਿ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ, ਦੇ ਘਰ 4-5 ਅਣਪਛਾਤੇ ਵਿਅਕਤੀ ਆਏ। ਉਸ ਦਾ ਘਰ ਪਿੰਡ ਤੋਂ ਇਕ ਕਿਲੋ-ਮੀਟਰਬਾਹਰ ਹੈ ਤੇਆਕੇ ਉਹਨਾਂ ਨੇਕਿਹਾ ਕਿ ਉਹਨਾਂ ਨੂੰ ਰਿਪੋਰਟ ਮਿਲੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਚੋਰੀ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਉਹ ਬਿਜਲੀ ਬੋਰਡ ਵਲੋਂ ਚੈਕ ਕਰਨ ਲਈ ਆਏ ਹਨ। ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਅਪਣੇ ਦੋ ਲੜਕਿਆਂ ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਤੇ ਅਮਰੀਕ ਸਿੰਘ ਨਾਲ ਬਾਹਰ ਆਇਆ। ਬਾਕੀ ਜੀਅ ਘਰ ਦੇ ਅੰਦਰ ਹੀ ਸਨ। ਜਦ ਉਹ ਕੁਝ ਦੂਰ ਖੇਤਾਂ ਵਲ ਆਏ ਤਾਂ ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਰਿਵਾਲਵਰ ਕਢ ਲਏ ਅਤੇ ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਤੇ ਗੋਲੀਆਂ ਚਲਾ ਦਿਤੀਆਂ। ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਦਾ ਲੜਕਾ ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਜਦ ਆਪਣੇ ਪਿਤਾ ਦੀ ਮਦਦ ਨੂੰ ਆਇਆ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਬਾਂਹ ਵਿਚ ਵੀ ਗੋਲੀ ਲਗੀ। ਦੂਜਾ ਲੜਕਾ ਬਚ ਗਿਆ। ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਲੋਧੀ ਦੇ ਹਸਪਤਾਲ ਵਿਚ ਦਾਖਲ ਕਰਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ ਪਰ ਛੇਤੀ ਹੀ ਉਸ ਨੂੰ ਉਥੋਂ ਛੁਟੀ ਦੇ ਦਿਤੀ ਗਈ। ਪੁਲਸ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਹਮਲਾਵਰਾਂ ਨੇ 12 ਬੋਰ ਦਾ ਰੀਵਾਲਵਰ ਵਰਤਿਆ। ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਪੁਲਸ ਥਾਣੇ ਨੇ ਧਾਰਾ 302, 307, 148 ਅਤੇ 149 ਆਈ.ਪੀ.ਸੀ. ਅਤੇ ਅਸਲ੍ਹਾ ਐਕਟ ਦੀ ਧਾਰਾ 25/54/59 ਅਧੀਨ ਕੇਸ ਦਰਜ ਕਰ ਲਿਆ।

ਅਫਸਰ ਮੌਕੇ ਤੇ

ਘਟਨਾ ਦੇ ਅਧੇ ਘੰਟੇ ਬਾਦ ਹੀ ਪੁਲਸ ਮੌਕੇ ਤੇ ਪੁਜ ਗਈ ਕਿਉਂਕਿ ਘਟਨਾ ਵਾਲੀ ਥਾਂ ਦੇ ਨੇੜੇ ਹੀ ਪੁਲਸ ਦੀ ਇਕ ਪਾਰਟੀ ਗਸ਼ਤ ਕਰ ਰਹੀ ਸੀ ਅਤੇ ਉਚ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਸੂਚਨਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਤਾਂ ਹੋਰ ਪੁਲਸ ਮੌਕੇ ਤੇ ਪੁਜ ਗਈ। ਕੁਤਾ ਸੁਕਐਡ ਵੀ ਮੰਗਵਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਤੇਜ਼ਧੁਰ ਅਤੇ ਆਸ-ਪਾਸ ਦੇ ਖੇਤਰਾਂ ਵਿਚ 2 ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਛਿਆਨਕ ਦੈਂਗੇ ਹੋਏ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਦਾਖਲ ਕਰਵਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹਨਾਂ ਤੋਂ ਛੁਟ ਕੁਲਦੀਪ ਰਾਜ, ਬਾਬੂ ਰਮ, ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ, ਸੁਭਾਸ਼ ਚੰਦਰ, ਦਰਸ਼ਨ ਲਾਲ, ਰਾਜੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਫਰਮਾ ਜ਼ਖਮੀ ਹੋਏ ਤੇ ਹਰਚੋਵਾਲ ਦੇ ਫਟੜ ਪੁਜਾਰੀ ਦਾ ਨਾਂਅ ਕੇਵਲ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਹੈ। ਉਚ ਪੁਲਸ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਨੇ ਦੋਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਜਾਇਜ਼ਾ ਲਿਆ। ਨਠਦੇ ਇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਤਲਾਬ ਵਿਚ ਡਿਗ ਪਿਆ ਤੇ ਡੁਬ ਕੇ ਮਰ ਗਿਆ, ਉਸਦੀ ਲਾਸ਼ ਮਿਲ ਗਈ ਹੈ ਪਰ ਪਛਾਣ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੀ।

(ਬਾਕੀ ਦੇਖੋ ਸਫਾ 5 ਕਾਲਮ 5)

ਦੇਸ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਅ

ਕੇਂਦ੍ਰੀ ਗੁਪਤਚ

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ,
ਵਾਰਨਿੰਗ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਰਿਆਂ ਵਿਚ ਭੜਕਾਉ ਤੇ ਰਹੀ ਹੈ। ਖਬਰ ਹੈ ਕਿ ਇੰਟ ਰਾਜੇਸ਼ਵਰ ਰਾਓ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਨੂੰ ਦਸਿਆ ਕਿ ਕੌਮੀ ਸੁਰਖਿ ਫਿਰਕੂ ਸ਼ਕਤੀਆਂ ਦੇ ਦਬਾ ਨੂੰ ਵਿਦੇਸ਼ੀ ਖਤਰਿਆਂ ਦਾ ਵ ਦੇ ਪੁਲਿਸ ਅਫਸਰਾਂ ਅਤੇ ਗ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਕੀ ਕੀ ਕਿਹ ਸਕਿਆ ਪਰ ਜਾਣਕਾਰ ਸੂਤਰ ਵਿਚਲੀਆਂ ਫਿਰਕੂ ਸਰਗ ਰਾਜਾਂ ਦੀਆਂ ਘਟਨਾਵਾਂ ਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਆਸਾਮ ਵਟਾਂਦਰਾ ਹੋਇਆ ਅਤੇ ਤੌਰ ਪਤਾ ਲਗਾਉਣ ਲਈ ਵੱਖ ਵਿਚ ਵਧੇਰੇ ਤੇ ਚੰਗਾ ਤਾਲ ਖਬਰ ਹੈ ਕਿ ਕੇਂਦਰੀ ਗੁਹਿ ਫੋਰਸ ਦਾ ਉਦਘਾਟਨ ਕੀ ਰਹੀਆਂ ਤੋੜਫੋੜ ਅਤੇ ਵਿਚ ਪ੍ਰਚਾਰਾਢਾ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਇਸ ਕਿਹਾ। ਸ੍ਰੀ ਸੇਠੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਵਿਰਕਾਪ੍ਰਸਤੀ ਫੈਲਾ ਰਹੀਆ

ਕੇਂਦਰ ਵਲੋਂ ਵਾਰਤਾ ਸੱਦਾ ਮਿਲਣ

ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਜਾਂ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਨਿਵਾਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਅਤਿਵਾਦ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, 22 ਮਾਰਚ—(ਪੀ. ਟੀ. ਆਈ., ਯੂ. ਐ.) ਸ਼੍ਰੋਮਣੀ ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਅਤੇ ਧਰਮ ਯੁਧ ਮੋਰਚੇ ਦੇ ਡਿਕਟੇਟਰ ਸੰਤ ਹਰਚੰਦ ਸਿੰਘ ਲੌਂਗੋਵਾਲ ਨੇ ਅੱਜ ਇਥੇ ਪਤਰਕਾਰਾਂ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਹਨਾਂ ਨੂੰ ਕੇਂਦਰ ਵਲੋਂ ਅਗੇਰੀ ਗਲਬਾਤ ਲਈ ਅਜੇ ਤਕ ਕੋਈ ਸਦਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ। ਉਹਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਿਖਾਂ ਦੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਮੰਨਣ ਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਸੁਲਝਾਉਣ ਲਈ ਕੇਂਦਰ ਵਲੋਂ ਗਲਬਾਤ ਦੇ ਕਿਸੇ ਵੀ ਆਣ ਵਾਲੇ ਸਦੇ ਬਾਰੇ ਪਾਰਟੀ ਹਾਈ ਹੀ ਫੈਸਲਾ ਕਰੇਗੀ। ਲੰਬ ਸਮਾ ਗੁਹਿ ਮੰਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਪੀ. ਸੀ. ਸੇਠ ਕਲ ਦਿਤੇ ਬਿਆਨ ਸਬੰਧੀ ਵਿ ਦਾ ਉਡਰ ਦੇਂਦੇ ਹੋਏ ਸੰਤ ਲੌ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਵਲੋਂ ਸੱਦਾ ਆ ਲੈਣ ਦਿਓ ਅਸੀਂ ਵੇਖਾਂਗੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉ ਕਿਸ ਤ ਵਲਾ ਨਾਲ ਭੇਜਿਆ ਹੈ ਉਹ ਸਾਡੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਬਾਰੇ ਕ ਕਰਨ ਲਈ ਦਿਲੋਂ ਸਾਫ ਹਨ ਜ ਹੀ ਸਾਨੂੰ ਟਾਲਮਟੋਲ ਕਰ ਰ ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਇਸ ਗਲ ਤੋਂ ਇ ਦਿਨਕਾਰ ਕੀਤਾ ਕਿ ਸ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਹਦੂਦ ਵਿਚਲੀ ਗੁਰੂ ਨਿਵਾਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਅਤਿਵਾਦ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਦਿਹਰਾ ਨੂੰ ਝੂਠਾ ਤੇ ਬੇਬੁਨਿਆਦ ਦਸਿ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਨਿਵਾਸ ਵਿਚ ਨ ਹਥਿਆਰਾਂ ਨਾਲ ਕੁਝ ਲੋਕ ਹ ਹਨ। ਉਹਨਾਂ ਨੇ 16 ਮਾਰ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਨੇੜੇ ਮਾਨਾਂਵਾਲਾ ਵਿ ਛਿਡਾਰਾਂ ਦੇ ਸ਼ਰਧਾਲੂਆਂ ਤੇ ਪੁ

ਆਸਾਮ ਚ ਹਿੰਸਾ-10 ਹੋਰ ਮੌਤਾਂ

ਹਾਲਾਤ ਖਿਚਾਅ ਪੂਰਨ--1 ਬੰਬ ਵੀ ਮਿਲਿਆ

ਗੌਹਾਟੀ, 22 ਮਾਰਚ—(ਪੀ. ਟੀ.ਆਈ.) ਸਰਕਾਰੀ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਆਸਾਮ ਦੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਇਲਾਕਿਆਂ 'ਚ ਜ਼ਬਰਦਸਤ ਤਨਾਓ ਜਾਰੀ ਹੈ ਜਦਕਿ ਤੇਜ਼ਪੁਰ ਕਸਬੇ ਅਤੇ ਆਸਪਾਸ ਦੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਸਥਿਤੀ ਵਿਚ ਕੁਝ ਸੁਧਾਰ ਹੋਣ ਮਗਰੋਂ ਉਥੋਂ ਕਰਫਿਊ ਹਟਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਤੇਜ਼ਪੁਰ ਅਤੇ ਆਸ-ਪਾਸ ਦੇ ਖੇਤਰਾਂ ਵਿਚ 2 ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਛਿਆਨਕ ਦੈਂਗੇ ਹੋਏ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ 25 ਬੰਦੇ ਮਰੇ ਸਨ ਅਤੇ ਕਈ ਘਰ ਸਾੜ ਦਿਤੇ ਗਏ ਸਨ। ਉਸ ਮਗਰੋਂ ਕਲ ਫੌਜ ਵਲੋਂ ਫਲੈਗ ਮਾਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਅਣਮਿਥੇ ਸਮੇਂ ਲਈ ਕਰਫਿਊ ਲਗਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਸੀ। ਅਜ ਇਥੋਂ ਨੇੜੇ ਇਕ ਪੁਲ ਤੋਂ ਅਣ ਚਲਿਆ ਬੰਬ ਮਿਲਿਆ। ਫੌਜ ਤੇ ਪੁਲਿਸ ਵਲੋਂ 10 ਵਿਚੋਂ 8 ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਗਸ਼ਤ ਬਹਾਲ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਤੇ ਹਥਿਆਰਾਂ ਲਈ ਤਲਾਸ਼ੀਆਂ ਜਾਰੀ ਹਨ। ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਹਥ ਕੁਝ ਹਥਿਆਰ ਤੇ ਗੋਲਾ ਬਾਰੂਦ ਲਗੇ ਹਨ। ਆਸਾਮ ਵਿਚ ਅਜ ਹੋਈਆਂ ਵਾਰਦਾਤਾਂ ਵਿਚ 10 ਵਿਅਕਤੀ ਮਾਰੇ ਗਏ। 9 ਮਕਾਨ ਸਾੜ ਦਿਤੇ ਗਏ। ਤਿੰਨ ਵਿਅਕਤੀ ਹਿੰਸਕ ਕਾਰਵਾਈਆਂ ਵਿਚ ਹਲਾਕ ਹੋਏ ਜਦੋਂ ਹਾਦੀ ਜਾਨ ਜਾਲੂਦੀਜਾਨ ਪਿੰਡ ਤੇ ਹਮਲਾ ਹੋ ਗਿਆ। ਦੋ ਲਾਸਾਂ ਬੰਗੀਆਂ ਵਿਚ ਪਈਆਂ ਨੌਗਾਉਂ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚੋਂ ਮਿਲੀਆਂ। ਇਕ ਮੌਤ ਡਿਬਰੂਗੜ੍ਹ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਹੋਈ। ਇਸੇ ਦੌਰਾਨ ਫਿਰ ਮੰਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਮੁਹੰਮਦ ਇਦਰੀਸ ਨੇ ਅਜ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਦੀ ਆਸਾਮ ਦੀ ਗੜਬੜ ਨੇ ਰਾਜ ਦੀ ਆਰਥਿਕ ਤੇ, ਜੋ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਲੰਬੀ ਅੰਜੀਟੇਸ਼ਨ ਕਾਰਨ ਤਬਾਹ ਹੋ ਚੁਕੀ ਸੀ, ਹੋਰ ਵੀ ਕਰਾਰੀ ਸਟ ਵਜੀ ਹੈ। ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਿਆਂ

(ਬਾਕੀ ਸਫਾ 5 ਤੇ)

ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਐਕਟ ਦਾ ਖਰੜਾਤਿਆਰ

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ, 22 ਮਾਰਚ-(ਰੈਂਚਨ) ਜਾਣਕਾਰ ਹਲਕਿਆਂ ਤੋਂ ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਕੇਂਦਰੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੁਝ ਉਘੇ ਸਿਖ ਨੌਤਾਵਾਂ ਨਾਲ ਮਸ਼ਵਰਾ ਕਰਕੇ ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਐਕਟ ਸਬੰਧੀ ਇਕ ਵਿਆਪਕ ਖਰੜਾ ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਹੈ। ਆਸ ਹੈ ਕਿ ਕੇਂਦਰੀ ਕਾਨੂੰਨ ਵਜ਼ਾਰਤ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਐਕਟ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਦੇ ਚਾਲੂ ਇਜਲਾਸ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕਰੇਗਾ। ਇਥੇ ਇਹ ਗਲ ਵਰਨਣਯੋਗ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਮੰਗ ਵੀ ਸਿਖਾਂ ਦੀਆਂ ਧਾਰਮਕ ਮੰਗਾਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਹੈ।

ਕੁਝ ਦੇਸ਼ ਪਾ

ਲਈ ਮਦਦ

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ, 22 ਮਾ
ਰਖਿਆ ਮੰਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਵੈਂਕਟਾ ਰਾ ਅਜ ਰਾਜ ਸਭਾ ਵਿਚ ਦਸਿ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਦਿਹਨਾਂ ਖਬਰ ਧਿਆਨ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਾ ਪ੍ਰਮਾਣੂ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਵਰਤ ਕੰਮ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਪਾਕਿਸ ਕੁਝ ਦੇਸ਼ਾਂ ਵਲੋਂ ਫੌਜੀ ਸਾ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਇ

ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਤੁਰੰਤ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦਿਤਾ

ਗੜੇਮਾਰ ਕਾਰਨ ਹੋਏ ਨੁਕਸਾਨ ਤੇ ਸੰਤਾਂ ਵਲੋਂ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, 22 ਮਾਰਚ—ਸੰਤ
ਫਸਲ ਦਾ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਣਾ

ਪੁਲਸ ਨੇ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਜਾਂਦੇ ਸਾਰੇ ਰਾਹਾਂ ਤੇ ਰੋਕ ਲਾਈ

तीन जगह फायरिंग
(पृष्ठ उकाशेष)

भी इस पग की कड़ी निंदा की है।

बटाला से 'न.' व 'क' के अनुसार गत रात कस्बा कादियां के मैन बाजार में तलवारों तथा पिस्तौलों से लैस नकाबपोश उग्रवादियों द्वारा एक ही सम्प्रदाय के लोगों पर हमला तथा अंधाधुन्ध फायरिंग के विरुद्ध रोष स्वरूप आज कादियां में पूर्ण हड़ताल रही—रात की घटना से लोगों में भारी आतंक व्याप्त है ।

इस संबंध में पता चला है कि कल रात साढ़े सात बजे के लगभग कपड़ों से अपने चेहरे ढांपे हुए सात सशस्त्र उग्रवादियों ने मैन बाजार पर धावा बोल दिया तथा एक ही सम्प्रदाय के दुकानदारों तथा अन्य लोगों पर गोली चला कर तथा तलवारों से हमला शुरू कर दिया । बताया गया है कि अपने सम्प्रदाय के किसी सदस्य को उग्रवादियों ने छुआ तक नहीं जबकि दूसरे सम्प्रदाय के लोगों पर चुन-चुन कर हमले करते रहे । अचानक किए गए इस आक्रमण से चारों ओर अफरातफरी मच गई । आधा घंटा तक बाजार में उग्रवादियों का राज रहा । इस दौरान कोई पुलिस वाला वहां नहीं आया । कुछ देर के बाद जब दुकानदार तथा अन्य लोग इकट्ठे हो गए तो उग्रवादी फरार हो गए ।

टोहरा का बयान

मोगा से अमर के अनुसार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के प्रधान गुरचरण सिंह टोहरा ने घोषणा की कि यदि केन्द्र ने अकाली दल को वार्ता को कोई आमंत्रण किया तो दल द्वारा इस पर विचार किया जाएगा ।

अढ़ाई-तीन सौ युवकों का एक जलूस कथित पुलिस जुल्म के विरुद्ध नारे लगाता हुआ जब शहर के विभिन्न बाजारों से गुजर रहा था तो बाजार शेखां में जहां शहरी अकाली जत्था के प्रधान जगदीश सिंह की दुकान है, माहौल ही गर्म हो गया। आरोप लगाया जाता है कि कुछ व्यक्ति बाजार में नंगी तलवारें भंजाते रहे। पुलिस ने जलूस में शामिल लोगों को तितर-बितर करने के लिए डंडे बरसाए और लाठियां चलाईं। यहां तक कि बाजार से गुजर रही स्त्रियों और बच्चों को भी बख्शा नहीं गया। लगभग आधा दर्जन लड़कों ने, जिनकी उम्र 11 और 13 वर्ष के बीच थी, अपने जिस्म पर लाठियों और बेंतों की मार के निशान दिखाए। कृष्ण लाल, जगदीश लाल, चमन लाल, विजय कुमार, नरेश कुमार, हरजेस लाल, भीमसेन के अलावा रामप्यारी और कौशल्या नामक दो स्त्रियों भी पुलिस की मारपीट का शिकार हुई। कहा जाता है कि 1948 नम्बर की एक गाड़ी समेत एक कांस्टेबल ने सभी सीमाएं तोड़ दीं और सभी, औरतों व बच्चों की पिटाई

पांडिचेरी में राष्ट्रपति शासन

नई दिल्ली, 24 जून (पी. एम.) : आज पांडिचेरी की विधान-सभा भंग करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज यहां पांडिचेरी के उपराज्यपाल की रिपोर्ट पर विचार किया गया। यह रिपोर्ट एक विशेष दूत द्वारा वहां भेजी गई थी। उपराज्यपाल ने कहा है कि कोई भी दल पांडिचेरी में स्थायी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है।

किसी में ह...

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री इंदिरा पर खेद प्रकट कि समस्या के समाधा ने जो नई पहल की दल ने सरकीकार उन्होंने कहा कि समस्या के समाधा होगी। उन्होंने कह और बातें भी मान रहा था हालांकि नहीं है परन्तु सब ही सूत्रों को तैयार

श्रीमती गांधी ने को 'अनुचित' बताते यदि इस समस्या बातचीत के जरिए ह यह पंजाब के लोगों होगा।

1 साख हस्ताक्षरों

श्रीमती गांधी उच्चतरीय एकता भावना महिलाओं के शिष्ट सम्बोधित कर रही थीं। श्रीमती गांधी को एक ज्ञा का एक भाग भेंट किया। समस्या के समाधान के यहां सांप्रदायिक आधार के लिए सिरफर प्रयास की अपील की है। इस ने सद्भावना यात्राओं की अपील की थी। इस पर श्रीमती गांधी ने कहा कि वह स्वयं भी यही चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि

विक 20% सरकारी छूट

सभी हैंडलूम उत्पादनों पर
10% से 20% तक अतिरिक्त छूट
चुनिंदा आइटमें
...काटन साड़ियां, टिश्यू सूटिंग, दर्जनों, सलवार, बैड कवर्स
...काटन ड्रेसेज, नैपकिन्स और अनेक अन्य पर
20 से 27 जून, 1983 तक
...GRADE WEAVER
पर
...पर चंडीगढ़ पर कपड़े की क्वालिटी आइटमें
...बेग, चप्पलें, पर्से और अनेक अन्य भी
उपलब्ध हैं
...रियाणा टैनरीज लिमिटेड
(एक राज्य सरकार प्रतिष्ठान)
...की तरफ से ही क्यों खरीदते हैं, इसके लिए प्र...

स्फोट, 2मरे : चंडीगढ़ कांग्रेस भवन में 2 बम

मय फट गया
ी. डिटैक्टिव
ं ले लिया

स्वर 1981 को लुधियाना के पास उग्रवादियों ने हिन्द समाचार पत्र समूह के संस्थापक सम्पादक लाला जगत नारायण की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

बम विस्फोट के बाद उस कमरे में आग लग गई जहां यह पार्सल खोला गया था परन्तु आग को स्टाफ के सदस्यों ने ही बुझा दिया।

वीर प्रताप के सम्पादक श्री बृजमोहन ने कहा कि अमृतसर से तीन पार्सल मिले थे, जिनमें से एक खोला था। यह पार्सल वीर प्रताप के प्रकाशक, मार्ग प्रतिष्ठित सभा के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र के नाम

वरिष्ठ अधिकारियों ने शेष दो पार्सलों को जांच के लिए सेना के स्कोटक विशेषज्ञों को बुलाने का निर्णय किया पर तब पता चला कि स्कोट के समय कोई पार्सल भी था ही नहीं। अमरीकी दूतावास वाले से आया एक पार्सल भी नष्ट हो गया। एक पार्सल ब्रिटिश उच्चायोग से आया था, वह भी नष्ट हो गया।

श्री चंद्रशेखर ने संसद को बताया कि 11 बजे विस्फोट होने के तुरन्त बाद पुलिस को सूचित कर दिया गया था परन्तु पुलिस वहां 1.30 बजे पहुंची। उन्होंने कहा कि जिस पार्सल में विस्फोट हुआ उसका वजन 2½ से 3 किग्रा की था। यह डिजनाशी बैग्री थी। जिस मेज पर यह पार्सल खोला जा रहा था, वह भी नष्ट हो गई।

समाचार एजेंसी के एक संवाददाता ने, जिसे विस्फोट से पूर्व पार्सल देखने का अवसर मिला था, बताया कि श्री वीरेंद्र का नाम 'वीरेन्द्र' के बजाय 'वीरेन्दू' लिखा था।

कोई आश्चर्य नहीं

श्री वीरेंद्र ने बताया कि, "यह विस्फोट समझ में नहीं आ रहा। कांग्रेसी आतंकवादी भले ही पकड़े गये। यह दोनों ही का, ही और इनसे सूझी कोई साजिश हुआ हो। यह पार्सल 'कुली' के द्वारा गया था। उन्होंने इस से इन्कार किया कि इस बम का पंजाब के चुनाव से कुछ

पुलिस का दावा जारी

अखबारी-रिपोर्ट की चुनाव का एक अन्य कारण यह भी है कि विभिन्न आयोगों में मुकदमे चल रहे थे जो भी विस्फोट में मारे गये। उन्होंने इस बात से इन्कार किया कि इस बम का संबंध खालिस्तान से है।

अखबारी-रिपोर्ट की चुनाव का एक अन्य कारण यह भी है कि विभिन्न आयोगों में मुकदमे चल रहे थे जो भी विस्फोट में मारे गये। उन्होंने इस बात से इन्कार किया कि इस बम का संबंध खालिस्तान से है।

पांडिचेरी में राष्ट्रपति शासन

नई दिल्ली, 24 जून (वि. प्र.)। गृह राज्य मंत्री श्री विंसेंट-मासाय ने आज लोकसभा में घोषणा की कि पांडिचेरी में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

श्री मासाय ने कहा कि केंद्र ने यह फैसला मुख्यमंत्री श्री वैथिलिंगम के साथ विचार-विमर्श के बाद किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी दल पांडिचेरी में स्थायी सरकार बनाने में समर्थ नहीं है।

पंजाब में राष्ट्रपति शासन की संभावना

चंडीगढ़, 24 जून (वि. प्र.)। पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू होने की संभावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने की संभावना है।



(बाएं) दैनिक वीर प्रताप कार्यालय जालंधर में शुक्रवार को पार्सल बम के विस्फोट से हुई टूट-फूट का एक दृश्य। कमरे का पर्दा बम से लिपटा हुआ (ऊपर दाएं) विस्फोट से मृत कर्मचारी देवेन्द्र कुमार का शव। (छाया : बेंट इन्दर, अमृतसर)



बाबा मोहन मंदिर जालन्धर में रहेड़ा साहिब जाने के लिए रोडवेज के गेट पर जमा भारी भीड़ (ऊपर) पुलिस (नीचे) लाठीचार्ज के दौरान से लौटते पुलिस कर्मी। (फोटो : सोहन)

सोढल कांड : जालन्धर में पूर्ण हड़ताल, लाठीचार्ज, भारी तनाव, सी. आर. पी., बी. एस. एफ. तैनात

किसी भी व्यक्ति या ग्रुप को धर्मस्थानों में हथियार जमा करने का हक नहीं: इंदिरा

भवन की खिड़कियों-दरवाजों को क्षति,
वेरका प्लांट की जीप उ
2 कर्मचारी गो

चंडीगढ़, 24 जून (वि. प्र.) : कल रात लगभग एक बजे यहां पंजाब प्रदेश इंका समिति के मुख्यालय सैक्टर 15 में स्थित कांग्रेस भवन में दो बम फैंके गए। इनमें एक बम फट गया लेकिन दूसरा न फट सका।

बम विस्फोट से कांग्रेस भवन के प्रशासनिक क्वार्टरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए किन्तु इससे कोई नुकसान नहीं हुआ। उस समय कांग्रेस भवन में लगभग 15 इंका नेता और कार्यकर्ता सो रहे थे जिनमें सोहन सिंह ठुरल, कृपाल सिंह ढिल्लों, राम नाथ भाजड़ और सुशील महाजन का नाम उल्लेखनीय है। सूत्रों का कहना है कि वे बम उग्रवादियों ने फैंके हैं। बम कांग्रेस भवन के खिड़कियों की फांद कर फैंके गए।

ज्यों ही पंजाब इंका अध्यक्ष श्री हरदयाल कपूर को इस घटना का पता चला, वे उसी समय कांग्रेस भवन पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस के इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। [illegible] दूसरे दिनेश को भी नहीं हुआ। बम फेंकने के कारण बाद एस. एस. पी. जालन्धर और अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। उनके साथ खोजी कुत्तों का दस्ता भी था। वह सारा दिन भी आते रहे तथा क्या किया, कहां से कुछ पता नहीं चल सका। [illegible] घटनास्थल का निरीक्षण किया।

इस बीच श्री हरदयाल कपूर ने इस बम विस्फोट की कड़ी निंदा की है। उन्होंने एक बयान जारी करते हुए सभी लोकतांत्रिक और देशभक्त शक्तियों से अपील की कि वे इस बम विस्फोट की कड़ी निंदा करें। श्री कपूर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस (इं) के सभी पदाधिकारी इस आतंकवादी कार्रवाई की कड़ी निंदा करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश इंका अध्यक्ष एकता शांति और सद्भावना का वातावरण बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे। उन्होंने कहा कि इस घटना के जरिए हमें फिर भड़काने का प्रयास किया जाए और हमारे नौजवानों को फिर से गुमराह किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी देशभक्त शक्तियों को एकजुट होकर इस घृणित षड्यंत्र को नाकाम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक पार्टी के नाते हम किसी भी प्रकार की हिंसा में विश्वास नहीं करते। हम शांतिपूर्ण तरीकों से अपनी बात लोगों तक पहुंचाते हैं। हम किसी भी प्रकार की हिंसा की निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी का गठन किया जाना चाहिए।

धार्मिक स्थानों में हथियार

जालन्धर, 24 जून (वि. प्र.)। जालन्धर में आज सुबह से ही यह अफवाह फैली हुई थी कि कल रात को स्वर्ण मंदिर में हथियार पकड़े गए हैं। इस अफवाह के फैलने के बाद शहर में तनाव पैदा हो गया। लोग घबराहट में अपनी दुकानें बंद करने लगे। इस अफवाह के फैलने के बाद शहर में तनाव पैदा हो गया। लोग घबराहट में अपनी दुकानें बंद करने लगे।

चंडीगढ़ सहित 7 जगह आयकर छापे

नई दिल्ली, 24 जून (यू.एन.आई.)। आयकर अधिकारियों ने आज चंडीगढ़ सहित 7 जगहों पर छापे मारे।

आयकर सूत्रों के अनुसार आयकर अधिकारियों ने आज चंडीगढ़, [illegible] पर छापे मारे।

लोकदल, भ
विपक्षी बैठ

नई दिल्ली, 24 जून (यू.प
दस विपक्षी दलों ने पंजाब सं
पर विचार के लिए 30 जून को
बुलाई गई बैठक में भाग लेने
दूषित की है। यह बैठक लोकदल
दलाचार्य पार्टी विधानसभा चुना
नवम्बर महीने में जुलाई है।

सोशलिस्ट समाजवादी
की एक संयुक्त विज्ञप्ति के अनुसा
बहुगुणा सोमवार को नई दि
साहिब सिंह वर्मा, भारतीय लो
पार्टी तथा जनता पार्टी के नेता
बातें करेंगे।

इसी बहुगुणा दल नेताओं
बैठक में पंजाब के लिए अपनी
का प्रचार करेंगे। बताया जाए
कि इस बैठक का इस बैठक के
कुछ वापसी है।

रूस भारत
मिजा

मास्को, 24 जून (जे.यू.
सोवियत संघ भारत को सामरिक
[illegible]
विमान और आधुनिक टैंक देने
सहमत हो गया है।

[illegible]
पत्रकारों को भारतीय रक्षा मं
[illegible]
[illegible]
[illegible]


रे :चंडीगढ़ कांग्रेस भवन में 2 बम फेंके गए







वीर प्रताप कार्यालय जालंधर में शुक्रवार को पार्सल बम के विस्फोट से हुई टूट-फूट का एक का पार्सल खून से लिथड़ा हुआ (ऊपर दाएं) विस्फोट से मृत कर्मचारी केवल कृष्ण और के शव । (छाया : वेद प्रकाश कपूर)





जालंधर में बम साहेब उपाध्याय जाने के लिए ग्रीन्डर के तौर पर जमा खून और (ऊपर) मीट के भाग से पैमाल पुलिस फोर्स । छाया : कपूर

भवन की खिड़कियों-दरवाजों को क्षति, लान में सो रहे वर्कर बच गए

वेरका प्लांट की जीप उग्रवादियों ने लूटी, 2 कर्मचारी गोली से घायल

चंडीगढ़, 24 जून (वि. प्र.) : कल रात लगभग एक बजे यहां पंजाब प्रदेश इंका समिति के मुख्यालय सैक्टर 15 में स्थित कांग्रेस भवन में दो बम फेंके गए । इनमें एक बम फट गया लेकिन दूसरा न फट सका ।

बम विस्फोट से कांग्रेस भवन के आवासीय क्वार्टरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए किन्तु इससे कोई घायल नहीं हुआ । उस समय कांग्रेस भवन में लगभग 15 इंका नेता और कार्यकर्ता सो रहे थे जिनमें मोहन सिंह दुग्गल, गुरपाल सिंह डिल्लों, राम नाथ आजाद और सुशील महाजन का नाम उल्लेखनीय है । आशंका की जाती है कि ये बम उपद्रवियों ने फेंके हैं । बम कांग्रेस भवन के सिक्योरिटी की दीवार को फोड़ कर फेंके गए ।

जैसे ही पंजाब इंका अध्यक्ष श्री हरदेव शर्मा को इस घटना का पता चला वे उसी समय कांग्रेस भवन पहुंचे । चंडीगढ़ पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है किंतु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है । बम धमाके के कारण सारा एस. एस. पी. चंडीगढ़ और अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । उनके साथ खोजी कुत्तों का दस्ता भी था । वह दस्ता भी और कोई सुराग नहीं पा सका । वैसे के विशेषज्ञ भी घटना-स्थल पर पहुंचे । वह बम देसी ताकत का है । साथ ही पुलिस चंडीगढ़ ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

इस बीच श्री हरदेव शर्मा ने इस बम विस्फोट की जांच की मांग की है । उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रवेश इंका अपनी एकता शक्ति और सद्भावना को अक्षुण्ण बनाए रखेगी । उन्होंने कहा कि हम देश की एकता को खंडित नहीं होने देंगे । उन्होंने कहा कि हम देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए सदा तैयार रहेंगे । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे । इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस भवन में मौजूद कार्यकर्ताओं में मोहन सिंह, गुरपाल सिंह डिल्लों, सुरजीत सिंह, सरदार सिंह, मोहन सिंह, सुशील महाजन से भेंट की । कांग्रेस भवन में बम विस्फोट होने की खबर सुनकर अनेक कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंच गए ।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

80000 की लूट की कोशिश

अमृतसर (अशोक सोनी) : महां से 12 किलोमीटर दूर गांव चब्बाह के निकट तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने मिल्क प्लांट की एक जीप से 80000 रुपया लूटने की असफल कोशिश की जबकि हमलावर जीप भगा ले जाने में सफल हो गए हैं ।

ड्राइवर सहित 3 व्यक्तियों को लेकर यह जीप पेमेंट करने जा रही थी कि 11 बजे के करीब सशस्त्र व्यक्तियों ने जीप को रोका और ड्राइवर गुरमुख सिंह पर गोली चलाई, जो उसकी आंख में लगी और वह जीप से बाहर आ गिरा। इस दौरान जीप में सवार कैशियर प्रकाश चन्द पर गोली चलाई गई लेकिन खजांची ने कैश का थैला इधर-उधर फेंक दिया। हमलावर वेरका प्लांट के एक कर्मचारी सहित जीप भगा कर ले गए जबकि ड्राइवर और खजांची घायलावस्था में सड़क पर गिरे पड़े थे।

लोकदल, भाजपा, जपा, द्वारा विपक्षी बैठक का बायकाट

नई दिल्ली, 24 जून (यू.ना.): दस विपक्षी दलों ने पंजाब समस्या पर विचार के लिए 30 जून को यहां बुलाई गई बैठक में भाग लेने की पुष्टि नहीं दी । यह बैठक गत्यात्मक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी द्वारा बुलाई है ।

गत्यात्मक समाजवादी पार्टी की एक कार्यसमिति के अनुसार श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी को नई दिल्ली तीसरे मोर्चे दल, भारतीय जनता पार्टी तथा जनता पार्टी के नेताओं से बातचीत करने ।

श्री सुब्रह्मण्यम इन नेताओं को बैठक में भाग लेने के लिए राजी करने का प्रयास करेंगे । बताया जाता है कि इन नेताओं को इस बैठक के बारे में कुछ जानकारी है ।

बैठक में जो पार्टियां भाग लेंगी, उनके नाम हैं, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, तेलुगूदेशम, नैशनल कांफ्रेंस, रिपब्लिकन पार्टी (गवई ग्रुप), आर. एस.पी., असम (गण), राष्ट्रीय कांग्रेस, अकाली दल तथा फारवर्ड ब्लाक ।

बार्न्स के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली, 24 जून (यू. ना.) : लगभग तीन सौ कश्मीरी ने आज सफदरजंग रोड पर बार्न्स का पुतला फूंककर श्री बार्न्स के सफदरजंग रोड स्थित निवास पर प्रदर्शन किया । इनमें महिलाएं और बच्चे भी थे ।

रूस भारत को मिग, टैंक, मिजाइलें देगा

मास्को, 24 जून (वि.सू.) : सोवियत संघ और भारत के बीच सितंबर में होने वाले 24 घंटे के शिखर सम्मेलन में रक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार किया जाएगा ।

आज यहां सोवियत संघ और भारत के बीच रक्षा संबंधों पर एक संगोष्ठी में यह बात कही गई । इस संगोष्ठी में सोवियत और भारतीय विशेषज्ञों ने भाग लिया । इसमें सोवियत संघ के रक्षा मंत्री मार्शल दिमित्री याजोव भी उपस्थित थे ।

उग्रवादियों ने गोली मार दी

अमृतसर, 24 जून (वि.) : एक अज्ञात व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई है । मृतक के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है ।

प्रवेश सूचना

यूनिवर्सिटी कालेज बस्ती नौ, जालन्धर (सहशिक्षा)

(इस कालेज को यूनिवर्सिटी द्वारा [illegible])

[illegible]

डा. निर्मल सिंह गिल
प्रिंसीपल

आज की ताजा खबर

पन्ना लाल बदाला में तीन दिन के लिए



ल कांड : जालन्धर में पूर्ण हड़ताल, लाठीचार्ज, ी तनाव, सी. आर. पी., बी. एस. एफ. तैनात

किसी भी व्यक्ति या ग्रुप को धर्मस्थानों में हथियार जमा करने का हक नहीं: इंदिरा

चंडीगढ़ सहित 7 जगह आयकर छापे

सुलतानपुर लोधी में उग्रवादियों ने 3 बसों को आग लगा दी

एक बस के नीचे विस्फोट, अभियुक्त फरार

कपूरथला, 25 जून (र.) : गत आधी रात को कुछ उग्रवादियों ने सुलतानपुर लोधी के बस स्टैंड पर खड़ी तीन बसों के टायरों पर पैट्रोल छिड़क कर आग लगा दी । एक बस के नीचे दस्ती बम भी रखा गया जिसके फट जाने से बस का ड्राईवर और कण्डक्टर घायल हो गए ।

इस सिलसिले में प्राप्त विवरण के अनुसार बस स्टैंड पर खड़ी पंजाब रोडवेज, पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन और एक्स-सर्विसमैन यूनियन की खड़ी तीन बसों के टायरों को उग्रवादियों ने आग लगा दी । वहां सो रहे बसों के ड्राइवरों और कण्डक्टरों ने आग को बढ़ने से रोका । पता चला है कि उग्रवादी पैट्रोल से भरी 5 लिटर की केनी अपने साथ लाए थे जो उन्होंने बसों के टायरों पर छिड़क कर आग लगा दी । पैप्सू रोडवेज की बस के टायर जल गए, पंजाब रोडवेज की बस की पैट्रोल टैंकी फट गई और बस की छत को क्षति पहुंची ।

यह भी बताया गया है कि रोडवेज बस के कण्डक्टर ने, जो बस की छत पर सो रहा था, ऊपर से छलांग लगा दी जिससे उसका पांव घायल हो गया । इसी बीच उग्रवादी फरार हो गए ।

बताया जाता है कि उग्रवादियों की कार्रवाई शुरू होते ही चौकीदार ने शोर मचाया और वहां सो रहे कण्डक्टर व ड्राईवर जाग गए लेकिन कोई अभियुक्त काबू न आया ।

कपूरथला के एस. एस. पी. श्री आर. एस. चालिहा ने बताया कि उग्रवादियों की संख्या दो थी ।

सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और उसने जांच शुरू कर दी है ।

सूचना मिलते ही पंजाब के आई. जी. पुलिस (स्पैशल ड्यूटी) श्री भिंडर और जालन्धर रेंज के डी. आई. जी. श्री सुरजीत सिंह सुलतानपुर लोधी जाने के लिए आज दोपहर यहां पहुंचे। आज शाम तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी ।

अमृतसर, लुधियाना, गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर तबदील

चंडीगढ़, 25 जून (प्रैं.) : पंजाब सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रशासकीय रद्दोबदल की है। 25 आई.ए.एस. अफसर और दस पी. सी.एस. अफसर बदल दिए गए हैं।

अमृतसर, लुधियाना, गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर तबदील कर दिए गए हैं। उपद्रवग्रस्त मालेरकोटला के एस. डी. एम. को भी स्थानांतरित कर दिया गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने एस. डी. एम. के तबादले की मांग की थी ।

गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर श्री गुरदेव सिंह को श्री सरदारा सिंह की जगह अमृतसर भेज दिया गया है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक श्री जे. एस. मैनी गुरदासपुर के नए डिप्टी कमिश्नर होंगे । श्री के. के. लखनपाल लुधियाना के नए डिप्टी कमिश्नर बनाए गए हैं। आवास और शहरी विकास निदेशक श्री एम पी. मित्र श्री मैनी की जगह नए सूचना निदेशक होंगे ।

दिल्ली में पंजाब के वित्त आयुक्त श्री बी.बी. महाजन और वित्त आयुक्त (राजस्व) श्री आर. सी. कपिला एक-दूसरे की जगह लेंगे । शिक्षा आयुक्त श्री जयपाल गुप्ता श्री के. एस. नारंग की जगह आयुक्त (अपील) बनाए गए हैं। श्री नारंग इसी मास रिटायर हो रहे हैं । प्रशासकीय सुधार सलाहकार परिषद के सैक्रेटरी श्री हरदयाल सिंह श्री जयपाल गुप्ता की जगह लेंगे । श्रीमती गुरदीप कौर सेखों श्री हरदयाल सिंह के स्थान पर नियुक्त होंगी ।

उग्रवादी गतिविधियां सख्ती से दबा दी जायें: भिंडर का निर्देश

जालन्धर, 25 जून (योगेन्द्रपाल भनोट): पंजाब के इंस्पैक्टर जनरल पुलिस स्पैशल ड्यूटी सरदार प्रीतम सिंह भिंडर ने आज प्रातः यहां डी. आई. जी. पुलिस जालन्धर रेंज सरदार सुरजीत सिंह तथा एस. एस. पी. सरदार जी. आई. एस. भुल्लर के साथ लगभग 2½ घंटा विचार-विमर्श किया ।

उन्होंने इस रेंज की स्थिति के अतिरिक्त जालन्धर शहर की स्थिति का विशेष रूप से जायजा लिया । ज्ञात हुआ है कि श्री भिंडर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि उग्रवादियों की गतिविधियां पूरी शक्ति से दबा दी जाएं तथा इस बारे में कोई कसर उठा न रखी जाए । सरकार इस मामले में अफसरों को पूर्ण संरक्षण देगी ।

बैठक के बाद एक भेंट में श्री भिंडर ने बताया कि सरकार सोढल मंदिर के विवाद को दोनों पक्षों की सहमति से हल करने की कोशिश करेगी । अधिकारियों ने दोनों पक्षों के साथ सम्पर्क स्थापित किया हुआ है और हमारा प्रयत्न यह है कि यहां शांति स्थापित की जाए ।

सोढल मंदिर के प्रांगण में जो 125



पी. एस. भिंडर

फुट ऊंचा लोहे का पोल लगा हुआ है, उसे हटाए जाने की हिंदुओं की मांग के बारे में श्री भिंडर ने कोई स्पष्ट उत्तर न दिया । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि मुझे केवल उग्रवादियों से निपटने के लिए नियुक्त किया गया है । मेरे अधिकार क्षेत्र में और भी कार्य हैं । पंजाब में डाक द्वारा पार्सल बम भेजने का जो नया क्रम शुरू हुआ है, उसके बारे में श्री भिंडर ने कहा कि सरकार इनकी रोकथाम के सुझावों पर विचार कर रही है । इनमें यह सुझाव भी हो सकता है कि डाकखानों में इस उद्देश्य के लिए डाक की 'स्क्रीनिंग' कराई जाए ।

उन्होंने कहा कि उग्रवादियों की गतिविधियों पर काबू पाने के लिए पग उठाए जा रहे हैं ।

यह भी सूचना है कि बाद में एस. एस. पी. श्री भुल्लर ने जालन्धर के उच्च पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने उन्हें वर्तमान स्थिति सेनिपटने के बारे में निर्देश दिए तथा जरूरत के अनुसार नई ड्यूटियां लगाईं ।

मिटा दे अपनी हस्ती को अगर कुछ मर्तबा चाहे,
कि दाना खाक में मिलकर, गुलो-गुलजार होता है ।

यह एक कहावत है और पन्ना लाल ने इसी के आधार पर अपना जीवन बिताने का फैसला किया है। इसके लिए उसे



अमृतसर में दो निरंकारियों की हत्या: पट्टी में निहंग-पुलिस मुठभेड़

उग्रवादियों द्वारा दिन-दहाड़े हत्यायें, यमुनानगर में पटाखे चलाये गए, जालंधर में कर्फ्यू में ढील के दौरान भगदड़

निगम अधिकारी पर हमला, उद्योगपति को पार्सल बम, जालन्धर में कर्फ्यू जारी

जालन्धर, 1 जुलाई (वार्ता, प्रै.) : पंजाब में स्थिति कुल मिला कर शांतिपूर्ण होने के सरकारी दावों के विपरीत आज जहां जालन्धर में कर्फ्यू में ढील की अवधि में कटौती की अफवाहों से स्थिति अत्यन्त भ्रांतिपूर्ण रही और कई जगह भगदड़ मची, वहीं कपूरथला के एक प्रमुख व्यापारी रमेश खोसला को पार्सल बम भेजा गया, अमृतसर के कोट बाबा दीप सिंह चौक में मोटर साईकल सवार दो सशस्त्र सिख उग्रवादी युवक दो सगे निरंकारी भाइयों को दिन दहाड़े गोली से उड़ा कर फरार हो गए। अमृतसर नगर निगम के एक अधिकारी हंसराज भाटिया पर उग्र वादियों ने हमला करके उनकी हत्या का प्रयास किया, पट्टी रेलवे स्टेशन पर निहंगों और पुलिस के बीच जम कर फायरिंग हुई, पौंटा साहब (हिमाचल) से एक ट्रक में आए उग्रवादियों ने यमुनानगर के माडल टाऊन चौक में पटाखे चलाए।

जालन्धर में कर्फ्यू में ढील

कर्फ्यूग्रस्त जालन्धर में आज पांचवें दिन प्रशासन ने प्रात: 8 से 12 बजे तक और अपरान्ह 3 से 6 बजे तक कुल 7 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी। कर्फ्यू में ढील की अवधि शांति पूर्वक गुजर गई। आज प्रात: जब 8 से 12 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई और नागरिक बाजारों में आवश्यक वस्तुएं खरीद रहे थे, किसी ने अफवाह फैला दी कि ढील की अवधि एक घंटे कम कर दी गई है जो 11 बजे समाप्त हो जाएगी। इसके फलस्वरूप भ्रांति फैल गई और भगदड़ मच गई। बाद में प्रशासन ने वाहनों द्वारा घोषणा कराई कि ढील 12 बजे तक रहेगी। ढील की अवधि में रैनक बाजार, बाजार शेखां, बाजार कलां आदि में ट्रैफिक जाम रहा।

जालन्धर में कर्फ्यू रविवार को प्रात: 9 बजे तक जारी रहेगा। परन्तु संभावना है कि कर्फ्यू की अवधि और बढ़ाई जाएगी।

सोढल मंदिर

इसी अवधि में खंडा साहब का पुराना चबूतरा हटा दिया गया। सोढल मंदिर में हिन्दुओं के प्रवेश पर सोमवार से लगी रोक आज कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान हटा ली गई। कर्फ्यू में ढील के बावजूद माई हीरां गेट, अड्डा होशियारपुर, बाल्मीकि गेट, पटेल चौक में दुकानें बन्द रहीं। 27 जून को बाल्मीकि गेट पर पुलिस फायरिंग में 3 लोग मारे गए थे।

हरियां बेलां

तरना दल निहंग सिंह के प्रमुख बाबा निहाल सिंह हरियां बेलां वाले ने सोढल मंदिर के अन्दर बने गुरुद्वारे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपील की कि पंजाब के हिन्दू और सिख सद्भावपूर्ण संबंध बनाए रखें। उन्होंने कहा, "मैं हिन्दू सिख एकता के लिए सब कुछ कुरबान कर सकता हूं!" उन्होंने कहा कि वे मंदिर-गुरुद्वारा विवाद में अदालत के बाहर ही फैसला करना पसन्द करेंगे।

पार्सल बम

कपूरथला : आज अपरान्ह सैनिक विशेषज्ञों ने उस पार्सल बम को नष्ट कर दिया जो एक प्रमुख उद्योगपति रमेश खोसला को 29 जून को डाक से मिला था और जो 24 जून को सिरमौर के पौंटा साहब डाकखाने से गिल कैरन एंड कम्पनी ने भेजा था। श्री खोसला ने यह पार्सल यह कह कर लेने से इंकार कर दिया था कि उनकी कम्पनी का पार्सल भेजने वाली कम्पनी से कोई सम्बन्ध नहीं है। यह पार्सल बम देसी था और लगभग डेढ़ किलो वजनी था।

दो निरंकारियों की हत्या

अमृतसर (सोनी) : आज दोपहर लगभग 2 बजे दो सशस्त्र मोटर साईकल सवार नौजवान सिख उग्रवादियों ने कोट बाबा दीप सिंह में दो सगे भाइयों को गोली से उड़ा दिया। घटना के बाद अभियुक्त फरार हो गए।

यह उल्लेखनीय है कि जिस जगह गोलियां चलीं, वह पुलिस थाने से मुश्किल से 100 मीटर दूर है। गुरदीप सिंह के 4 बच्चे हैं, जिनमें से दो बेटियां हैं जबकि अजीत सिंह के दो बेटे हैं।

दिन-दहाड़े हमला

बताया जाता है कि सुल्तान विंड रोड के निकट कोट बाबा दीप सिंह की गली नम्बर 7 के चौक में दो भाई गुरदीप सिंह व अजीत सिंह बैठे काम कर रहे थे कि अचानक दो सशस्त्र उग्रवादी नौजवानों ने वहां आकर बगैर कुछ कहे चुपचाप उन पर गोलियां चला दीं। गोलियां उनकी छाती में लगीं। गोली की आवाज सुन कर आसपास से कुछ लोग वहां एकत्रित हो गए। दोनों भाइयों को सख्त घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत करार दे दिया। कहा जाता है कि दोनों सूरत सिंह के लड़के थे जो पहले निरंकारी थे। दोनों भाइयों की आयु 30 और 35 वर्ष के मध्य है।

दोनों मृतक भाई निरंकारी थे तथा उनकी सुनार की दुकान है। उनका बाप सूरत सिंह शहर का प्रमुख निरंकारी है। उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए हैं।

प्रै. ट्र. के अनुसार अमृतसर में लगभग रोजाना अज्ञात उग्रवादियों के हाथों घातक हमले की एक वारदात होने लगी है। अभी कल ही एक चौकीदार पर घातक आक्रमण किया गया था जबकि आज नगर निगम के एक अधिकारी हंसराज भाटिया पर दो अज्ञात सिख युवकों ने हमला करके उनकी जान लेने की कोशिश की।

श्री भाटिया की दाईं जांघ में गोली लगी। यह घटना दरबार साहब के निकट महासिंह रोड पर हुई। उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उनकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है।

चौकीदार जीवित

इसी बीच कल मैडीकल कालेज के निकट जिस चौकीदार राम सिंह पर गोली चलाई गई थी, उसकी हालत में सुधार हो रहा है। एस. एस. पी. श्री बैंस ने उसकी मृत्यु की खबर को गलत बताया।

श्री बैंस ने बताया कि इन घटनाओं का उद्देश्य आतंक और भय पैदा करना है। उन्होंने कहा कि वे पुलिस की रणनीति को नए सिरे से तय करने के लिए पग उठा रहे हैं।

अब तक 20 की हत्या

इस प्रकार अब तक 20 के करीब व्यक्ति अमृतसर में उग्रवादियों की ओर से मारे या घायल किए जा चुके हैं। पुलिस की चौकियां यद्यपि शहर में जगह-जगह बैठी हैं लेकिन एक भी हमलावर उग्रवादी पकड़ा नहीं गया जिससे आम लोगों में पुलिस के विरुद्ध आवाज उठ रही है कि इतनी पुलिस फोर्स के प्रदर्शन का लाभ क्या है।

दरबार साहब के पास

श्री हंसराज भाटिया को दरबार साहब से केवल दो सौ गज की दूरी पर गोली का निशाना बनाया गया जबकि वह रात 10 बजे साईकल पर अपने घर जा रहे थे। उनकी दाईं जांघ में गोली लगी लेकिन वह तेजी से साईकल दौड़ा कर अपने घर माहना सिंह रोड पर पहुंच गए।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वह गुरु राम दास सराए की ओर से साइकल पर माहना सिंह रोड की ओर आए तो आगे से उन्हें दो सिख नौजवान मिले। एक ने दूसरे को रिवाल्वर पकड़ा कर संकेत किया कि निशाना लगा दो तथा दूसरे ने उन पर गोली चलाई। इस दौरान वह मदद के लिए चिल्लाए परन्तु साईकल से न उतरे तथा साईकल तेज करके घर पहुंच गए। जहां यह घटना हुई वहां से कुछ गज की दूरी पर पुलिस थी परन्तु वह टस से मस न हुई तथा मौन दर्शक बनी रही। हंसराज को रात 11 बजे के लगभग अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहां आधी रात के समय पुलिस अधिकारी पहुंचे तथा उसे बचाने के लिए दौड़-धूप होने लगी। आप्रेशन द्वारा उसकी गोली निकाल दी गई।

पुलिस सिर्फ तमाशाई

भाजपा नेता श्री हरबंस लाल खन्ना भी हंसराज को देखने अस्पताल गए। श्री खन्ना ने कहा कि शहर में पंजाब पुलिस, केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल तथा पी. ए. पी. जगह-जगह तैनात है परन्तु ऐसा लगता है कि उन्हें उग्रवादियों को न पकड़ने के निर्देश है जो सिर्फ तमाशा देखते रहते हैं और पुलिस अफसर बाद में अस्पताल की ओर दौड़ते हैं। उन्हें यह चिंता नहीं कि इन घटनाओं को रोकथाम कैसे की जाए। पता नहीं सरकार अभी कितने खून और कराना चाहती है। शहर में इतने पुलिस प्रदर्शन का लाभ क्या है? गत कुछ दिनों में हुई घटनाओं ने सिद्ध कर दिया है कि उग्रवादियों के टोले रात को हथियार लिए फिरते हैं तथा पुलिस उनका बिल्कुल पीछा नहीं करती। शहर में इतना आतंक है कि शहर के अंदर शाम 7 बजे ही दुकानें बंद होने लगती हैं तथा बाजार सुनसान हो जाते हैं। 8 बजे के बाद उग्रवादियों तथा आतंकवादियों का राज हो जाता है।


पुलिस-निहंगों में फायरिंग

यू. न्यू. के अनुसार अमृतसर जिले के पट्टी रेलवे स्टेशन पर तीन सशस्त्र निहंगों तथा एक पुलिस दल के बीच काफी देर तक गोलियों का आदान-प्रदान हुआ। एक हैड कांस्टेबल ने तीन नकाबपोश निहंगों को संदिग्ध स्थिति में देख कर पुलिस को सूचित किया था जिस पर पुलिस दल ने निहंगों को ललकारा। निहंगों ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। बाद में निहंग छिपते-छिपाते फरार हो गए।

यमुनानगर (सहगल): वीरवार की रात्रि को लगभग साढ़े आठ बजे माडल टाऊन नेहरू पार्क चौक पर सिख उग्रवादियों से भरे दो ट्रक आए। उन में बैठे उग्रवादियों ने खालिस्तान जिंदाबाद, भिंडरां वाला जिंदाबाद के नारे लगाए और पुलिस खड़ी तमाशा देखती रही। वे पौंटा साहब से आए थे और गुरुद्वारा सिंह सभा में उन्होंने खाना खाया। बाद में इन उग्रवादी युवकों ने चौक में

अकाली दल दिल्ली मार्च करेगा

अमृतसर, 1 जुलाई (हि. स.)—अकाली दल के जानकार सूत्रों से मालूम हुआ है कि अकाली दल अपनी मांगों को मनवाने के लिए दिल्ली मार्च करेगा। सूत्रों के अनुसार पंजाब के भूतपूर्व मुख्य मन्त्री एवं वरिष्ठ अकाली नेता श्री प्रकाश सिंह बादल अभी विदेश गए हुए है उनके लौटने के बाद इस योजना को अन्तिम रूप दिया जाएगा क्योंकि अकाली दल को भारत के सभी प्रमुख विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त होने की सम्भावना है इसलिए दल दिल्ली में रैली का आयोजन भी कर सकता है।



जल विवाद सुप्रीमकोर्ट को सौंपने का कोई खास नतीजा न निकलेगा : इन्दिरा

नई दिल्ली, 1 जुलाई (हि.स.): प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अकालियों के आंदोलन के सन्दर्भ में

वार्ता के अनुसार गांधी ने कहा कि अकालियों की मांगों को यथावत

पैदा हो सकती है।

संसद की प्रथानाचार्य नलिनी

का अनुरोध किया।

श्रीमती

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ 2 ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਗੋਲੀ ਨਾਲ ਉਡਾ ਦਿਤੇ

ਇਕ ਹੋਰ ਘਟਨਾ ਵਿਚ 1 ਫਟੜ

ਹਮਲਾਵਰ ਫ਼ਰਾਰ ਹੋਣ ਚ ਸਫ਼ਲ—ਨਿਰੰਕਾਰੀਆਂ ਵਲੋਂ ਪਥਰਾਓ

ਮਰਨ ਵਾਲੇ ਦੋਵੇਂ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਭਰਾ—ਹਮਲੇ ਸਮੇਂ ਦੁਕਾਨ ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਸਨ

ਘਟਨਾ ਕੋਟ ਬਾਬਾ ਦੀਪ ਸਿੰਘ ਚ ਵਾਪਰੀ ਹਮਲਾਵਰ ਮੋਟਰ ਸਾਈਕਲ ਤੇ ਆਏ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, 1 ਜੁਲਾਈ—(ਪੀ. ਟੀ. ਆਈ.-ਯੂ. ਐਨ. ਆਈ.) ਅਜ ਇਥੇ ਇਕ ਮੋਟਰ ਸਾਈਕਲ ਤੇ ਸਵਾਰ ਕੁਝ ਅਣਪਛਾਤੇ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਨੇ ਕੋਟ ਬਾਬਾ ਦੀਪ ਸਿੰਘ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ 2 ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਭਰਾਵਾਂ ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਉਮਰ 32 ਸਾਲ ਅਤੇ ਅਜੀਤ ਸਿੰਘ ਉਮਰ 28 ਸਾਲ ਨੂੰ ਗੋਲੀਆਂ ਨਾਲ ਉਡਾ ਦਿਤਾ। ਹਮਲਾਵਰਾਂ ਨੇ ਉਸ ਸਮੇਂ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ ਜਦ ਦੋਵੇਂ ਭਰਾ ਆਪਣੀ ਦੁਕਾਨ ਵਿਚ ਬੈਠੇ ਸਨ। ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਛਾਤੀ ਵਿਚ ਅਤੇ ਅਜੀਤ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਸਿਰ ਵਿਚ ਗੋਲੀਆਂ ਲਗੀਆਂ। ਜਦ ਦੋਵਾਂ ਨੂੰ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਹਸਪਤਾਲ ਲਿਜਾਇਆ ਗਿਆ, ਤਾਂ ਡਾਕਟਰਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਰੇ ਹੋਏ ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ। ਮਿਰਤਕ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਇਕ ਉਘੇ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਸੂਰਤ ਸਿੰਘ ਦੇ ਲੜਕੇ ਹਨ। ਸੀਨੀਅਰ ਪੁਲਸ ਅਧਿਕਾਰੀ ਮੌਕੇ ਤੇ ਪੁਜ ਗਏ ਹਨ। ਮਰਨ ਵਾਲੇ ਦੋਵੇਂ ਭਰਾ ਸੁਣਿਆਰੇ ਸਨ ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਦੁਕਾਨ ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਸਨ ਜਦ ਹਮਲਾਵਰਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਗੋਲੀਆਂ ਦੀ ਵਾਛੜ ਕੀਤੀ। ਘਟਨਾ ਵਾਲੀ ਥਾਂ ਤੋਂ ਪੁਲਸ ਸਟੇਸ਼ਨ ਮੁਸ਼ਕਲ ਨਾਲ 100 ਮੀਟਰ ਦੂਰ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਗੁਰਦੀਪ ਸਿੰਘ ਦੇ 2 ਲੜਕੇ ਅਤੇ 2 ਲੜਕੀਆਂ ਹਨ ਜਦ ਕਿ ਅਜੀਤ ਸਿੰਘ ਦੇ 2 ਲੜਕੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਖਬਰ ਮਿਲੀ ਸੀ ਕਿ ਇਕ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਸੂਰਤ ਸਿੰਘ ਤੇ ਕੁਝ ਅਣਪਛਾਤੇ ਮੋਟਰ ਸਾਈਕਲ ਸਵਾਰਾਂ ਨੇ ਗੋਲੀ ਚਲਾਈ। ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਸਪਸ਼ਟ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ [illegible] ਹਨ। ਇਕ ਹੋਰ ਘਟਨਾ ਵਿਚ ਬੀਤੇ ਰਾਤ ਕਰੀਬ 11 ਵਜੇ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਦੋ ਅਣਪਛਾਤੇ ਸਿਖ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੇ ਸ੍ਰੀ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਨੇੜੇ ਮਾਹਨਾ ਸਿੰਘ ਰੋਡ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਹੰਸ ਰਾਜ਼ ਭਾਟੀਆ ਨਾਂ ਦੇ ਇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਗੋਲੀਆਂ ਮਾਰੀਆਂ। ਸਰਕਾਰੀ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਉਸਨੂੰ ਪਟ ਤੇ ਗੋਲੀਆਂ ਦੇ ਜ਼ਖਮ ਆਏ ਜਿਸਤ ਉਸਨੂੰ ਹਸਪਤਾਲ ਦਾਖਲ ਕਰਾਇਆ ਗਿਆ। ਸ੍ਰੀ ਭਾਟੀਆ ਕਾਰਪੋਰੇਸ਼ਨ ਦਾ ਕਰਮਚਾਰੀ ਹੈ। ਡਾਕਟਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਉਸਦੀ ਹਾਲਤ ਖਤਰੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਦਸੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਕ ਹੋਰ ਸੂਚਨਾ ਅਨੁਸਾਰ ਪਟੀ ਰੇਲਵੇ ਸਟੇਸ਼ਨ (ਜ਼ਿਲਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ) ਤੇ ਇਕ ਪੁਲਸ ਪਾਰਟੀ ਅਤੇ ਤਿੰਨ ਹਥਿਆਰਬੰਦ ਨਿਹੰਗਾਂ ਵਿਚਕਾਰ ਹਥਿਆਰਬੰਦ ਝੜਪ ਹੋ ਗਈ। ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਪੁਲਸ ਹੈਡ ਕਾਂਸਟੇਬਲ ਨੇ ਨਿਹੰਗਾਂ ਨੂੰ ਦੇਖਿਆ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਆਪਣੇ ਮੂੰਹ ਢਕੇ ਹੋਏ ਸਨ। ਉਸ ਵਲੋਂ ਸੂਚਨਾ ਦੇਣ ਤੇ ਇਕ ਪੁਲਸ ਪਾਰਟੀ ਨੇ ਨਿਹੰਗਾਂ ਨੂੰ ਚੈਲੰਜ ਕੀਤਾ। ਨਿਹੰਗ ਖੁਲੇ ਖੇਤਾਂ ਵਲ ਦੌੜ ਗਏ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾ ਪੁਲਸ ਪਾਰਟੀ ਤੇ ਫਾਇਰਿੰਗ ਕੀਤੀ। ਪੁਲਸ ਨੇ ਵੀ ਜਵਾਬੀ ਫਾਇਰਿੰਗ ਕੀਤੀ। ਕੋਈ ਵੀ ਫਟੜ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਨਿਹੰਗ ਸਿੰਘ ਬਚ ਨਿਕਲਣ ਵਿਚ ਸਫਲ ਹੋ ਗਏ। ਇਸ ਦੌਰਾਨ ਕਲ ਮੈਡੀਕਲ ਕਾਲਜ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ 4 ਅਣਪਛਾਤੇ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਵਲੋਂ ਜਿਸ ਚੌਕੀਦਾਰ ਨੂੰ ਗੋਲੀ ਮਾਰੀ ਗਈ ਸੀ, ਉਹ ਹਸਪਤਾਲ ਵਿਚ ਠੀਕ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਸੀਨੀਅਰ ਸੁਪਰਡੈਂਟ ਪੁਲਸ ਸ: ਐਸ. ਐਸ. ਬੈਂਸ ਨੂੰ ਕੁਝ ਅਖਬਾਰਾਂ ਵਿਚ ਛਪੀ ਉਸਦੀ ਮੌਤ ਦੀ ਖਬਰ ਨੂੰ ਗਲਤ ਦਸਿਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ [illegible] ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਸਹਿਜ ਅਤੇ ਦਹਿਸ਼ਤ ਪੈਦਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪੁਲਸ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਨਿਪਟਣ ਲਈ ਨਵਾਂ ਪੈਂਤੜਾ ਅਪਨਾਉਣ ਲਈ ਕਦਮ ਪੁਟ ਰਹੀ ਹੈ। ਹੋਰ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਡੀ. ਐਸ. ਪੀ. ਸ: ਹਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਨੇ ਭਾਟੀਆ ਉਤੇ ਹਮਲਾ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ ਪਿਛਾ ਕੀਤਾ ਪਰ ਉਹ ਹਨੇਰੇ ਵਿਚ ਨਠਣ ਵਿਚ ਸਫਲ ਹੋ ਗਏ। (ਬਾਕੀ ਸਫਾ 6)

ਅਮਰੀਕਾ ਭਾਰਤ ਨੂੰ ਹ

ਇੰਦਰਾ ਤੇ ਨਰ ਸਿਮ੍ਹਾ ਰਾਓ ਨਾਲ ਉਸਾਰੂ ਗਲਬ

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ, 1 ਜੁਲਾਈ—(ਯੂ.ਐਨ.ਆਈ.) ਅਮਰੀਕਾ ਦੇ ਵਿਦੇਸ਼ ਮੰਤਰੀ ਜਾਰਜ ਸ਼ੁਲਜ਼ ਨੇ ਅਜ ਇਥੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਮਰੀਕਾ ਭਾਰਤ ਨੂੰ ਫੌਰੀ ਹਥਿਆਰ ਵੇਚਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਦੋਹਾਂ ਦੇਸ਼ਾਂ ਵਿਚ ਪਾਏ ਜਾਂਦੇ ਭੁਲੇਖੇ ਦੂਰ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਭਾਰਤੀ ਲੀਡਰਾਂ ਨਾਲ ਹੋਈ ਗਲਬਾਤ ਦੇ ਖਾਤਮੇ ਤੇ ਪ੍ਰੈਸ ਕਾਨਫਰੰਸ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਸ੍ਰੀ ਸ਼ੁਲਜ਼ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਕੋਈ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਪੇਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਪਰੰਤੂ

ਕੇਂਦਰ ਮੰਗਾਂ ਮੰਨਣ ਦਾ ਤੁਰੰਤ ਐਲਾਨ ਕਰੇ

ਹੁਣ ਹੋਰ ਗਲਬਾਤ ਵਿਅਰਥ—ਜ: ਟੌਹੜਾ

ਬੱਸੀ ਪਠਾਣਾ, 1 ਜੁਲਾਈ—ਸ਼ਰੋਮਣੀ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜਥੇਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਟੌਹੜਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਗਲਬਾਤ ਰਾਹੀਂ ਆਪਣੀਆਂ ਸਾਰੀਆਂ ਮੰਗ ਬਾਰੇ ਸਪਸ਼ਟੀ ਕਰਨ ਦੇ ਚੁਕਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਫੈਸਲਾ ਦੇਣਾ ਕੇਂਦਰ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਕੰਮ ਹੈ। ਅਮਲੋਹ ਨੇੜੇ ਪਿੰਡ ਖੁਨਿਆਣ ਵਿਚ ਇਕ ਧਾਰਮਿਕ ਇਕਠ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆ ਉਹਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਿਖ ਭਾਰਤ ਤੋਂ ਵਖ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ। ਜੇਕਰ ਅਜਿਹੀ ਗਲ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਸਰਬਹਿੰਦ ਗੁਰਦਵਾਰਾ ਅੰਕਟ ਦੀ ਮੰਗ ਕਿਉਂ ਕਰਦੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਕੇਂਦਰ ਸਰਕਾਰ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਹਲ ਕਰਨ ਲਈ ਗੰਭੀਰ ਨਹੀਂ ਹੈ ਅਤੇ ਕੇਵਲ ਲੋਕ-ਦਿਖਾਵੇ ਲਈ ਹਰ ਹਫਤੇ ਸਾਨੂੰ ਗਲਬਾਤ ਲਈ 'ਸੱਦਾ' ਅਤੇ ਸਾਡੀਆਂ ਕੁਝ ਧਾਰਮਿਕ ਮੰਗਾਂ 'ਮੰਨੀਆਂ ਗਈਆਂ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਜਾਰੀ ਹੈ' ਦੇ ਐਲਾਨ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਉਹਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ "ਰੇਲ ਰੋਕੋ" ਪਰੋਗਰਾਮ ਵਾਲੇ ਦਿਨ [illegible]

ਅਜੀਤ ਦਾ ਪ੍ਰਿੰਟ ਆਰਡਰ
Ajit Print Order
1-7-83
86820

तरनतारन, बाबा बकाला में पुलिससे भिड़ंत, 4 निहंग मरे

30गिरफ्तार,3घोड़ियां मरीं, अनेकों घायल, शस्त्र भंडार बरामद, बुंगे गिराये, सी.आर.पी. तलब

निहंगों द्वारा पुलिस चौकी पर हमला,गुरुद्वारे से फायरिंग

अमृतसर, 2 जुलाई (वि. प्र., प्रे., यू.) : आज इस जिला के ऐतिहासिक कस्बों तरनतारन तथा बाबा बकाला में पुलिस और निहंगों के मध्य भिड़ंतों में 4 व्यक्तियों के मरने की खबर है ।

तथापि गैर सरकारी खबरों में बाबा बकाला में मृतकों की संख्या 3 बताई गई है। 'सोनी' के अनुसार 1 निहंग तरनतारन में मारा गया।

जिला पुलिस चीफ एस. एस. बैंस ने बताया कि दोनों ही स्थानों पर पुलिस ने भीड़ द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में गोली चलाई । उन्होंने कहा कि तरनतारन में एक व्यक्ति मारा गया तथा दो घायल हुए जबकि बाबा बकाला में एक निहंग मारा गया तथा कई घायल हो गए।

पुलिस चीफ ने कहा कि पुलिस ब सी. आर. पी. ने बाबा बकाला के गुरुद्वारा के बाहर निहंग छावनी पर कब्जा कर लिया तथा लगभग 30 सशस्त्र निहंगों को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके अलावा पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद भी बरामद किया । उन्होंने कहा कि इससे पूर्व आग्नेय व घातक हथियारों से लैस निहंगों ने अपने दो साथियों को छुड़ाने के लिए पुलिस चौकी पर हमला कर दिया । इन 2 निहंगों को पुलिस ने एक ठीकर हरभजन सिंह की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था जिसका सिर रहित शव 5 दिन पहले जी. टी. रोड पर पड़ा मिला था ।

श्री बैंस ने कहा कि तलाशी का काम जारी है तथा बताया कि बरामद हुए हथियारों में एक स्निप फील्ड राइफल, एक .12 बोर बन्दूक, कुछ रिवाल्वर व पिस्तौलें शामिल हैं ।

जिला मुख्यालय में पहुंचने वाली सूचनाओं के अनुसार तरनतारन में मरने वाले का नाम करतार सिंह है। तीन घोड़ियां भी मर गई ।

अमृतसर से पुलिस ब सी. आर. पी.एफ. की कुमक इन दोनों स्थानों पर भेज दी गई ।

झगड़ा कैसे हुआ

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तरनतारन दरबार साहब की कार सेवा शुरू है और अकाली दरबार साहब के गिर्द बने बुंगे जबरदस्ती गिराने की कई दिन से कोशिश में थे। पुलिस उन्हें रोकती थी कि वे पहले अदालत से अपने पक्ष में आदेश प्राप्त करें । अकालियों ने अपनी सहायता पर उग्रवादियों तथा निहंगों को बुला लिया तथा वे सब हथियारों से लैस होकर बुंगे गिराने लगे । उन्होंने पहले बुंगा सिधियां गिरा दिया और इसके बाद बुंगा ठाकरां गिराने के लिए धावा बोल दिया । इस दौरान बुंगा ठाकरां में रहने वाली औरतें रोती-पीटती पुलिस के पास गई तथा पुलिस अधिकारियों ने अकालियों को समझाने की कोशिश की परन्तु निहंगों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । निहंग बुंगे के ऊपर से पुलिस पर गोलियां चलाते रहे जिससे एक उग्रवादी मारा गया जिसने निहंगों का परिधान पहना हुआ था । एक अन्य उग्रवादी बुंगे पर गोली लगने से नीचे गिरा जिसकी टांगें टूट गई ।

कई बार चेतावनी

एस. डी. एम. तरनतारन ने मौका पर पहुंच कर कई बार निहंगों को चेतावनी दी कि उग्रवादी स्वयं को कानून के हवाले कर दें परन्तु उन पर कोई प्रभाव न पड़ा बल्कि पुलिस की ओर हथगोले भी फैंके गए ।

निहंगों ने चौकी घेरी

बाबा बकाला में आज प्रातः निहंगों के साथ भिड़ंत उस समय शुरू हुई जब निहंगों के एक शस्त्र दस्ते ने पुलिस चौकी बाबा बकाला को घेर लिया तथा अपने 4 आदमियों को छुड़ा कर ले जाने की कोशिश की । दोनों ओर से फायरिंग हुई । जब दो निहंगों की गोलियां लगीं और उनकी घोड़ियां गिर पड़ीं तो वे गुरुद्वारे की ओर भागे । पुलिस ने उनका पीछा किया । इस दौरान गोली लगने से एक और घोड़ी गिरी तथा उस पर सवार निहंग भी गिर पड़ा परन्तु दूसरे निहंग उसे घसीट कर गुरुद्वारा में ले गए । वे गुरुद्वारे में जाते ही पुलिस पर फायरिंग करने लगे अतः निहंगों के मुकाबले के लिए पुलिस की और फौजें बाबा बकाला भेजी गई । बाद में अश्रुगैस दस्ता भी अमृतसर से गया । निहंगों व पुलिस के मध्य भिड़ंत कई घंटे जारी रही ।

पुलिस महंत ने बुलाई

एक अन्य समाचार के अनुसार पुलिस को बुंगा ठाकरां के महन्त ने बुलाया । यह बुंगा गुरुद्वारा की परिक्रमा में स्थित है । गुरुद्वारा के सरोवर में एकत्रित भीड़ में से किसी ने पुलिस पर गोली चलाई जिस पर पुलिस ने भी फायरिंग की । हि. स. के अनुसार वहां दो महन्तों की आपसी लड़ाई थी । तरनतारन के कुछ राजनीतिक नेताओं ने संत लौंगोवाल से भेंट की जिसके बाद शिरोमणि कमेटी के सचिव स्थिति का जायजा लेने आए ।

तनाव

एस. एस. पी. श्री बैंस ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर स्थिति पर नजर रखी जा रही है । श्री बैंस ने बताया कि निहंगों के आत्मसमर्पण से पहले अढाई घंटे तक पुलिस व निहंगों के मध्य फायरिंग हुई । इस घटना से दोनों स्थानों पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई है ।

जैल, इंदिरा को तारें

तरना दल के निहंग चीफ बाबा काहन सिंह ने पुलिस की कार्रवाई के विरुद्ध राष्ट्रपति जैल सिंह और प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को तारें दी हैं । बाबा काहन सिंह जोकि बाबा बकाला में निहंग मुख्यालय के इन्चार्ज हैं, भटिंडा से इस भिड़ंत की सूचना मिलते ही यहां पहुंचे ।

धमकी

अमृतसर पहुंच कर उन्होंने पुलिस की कार्रवाई को 'अवांछनीय' करार दिया तथा कहा कि निहंग उक्त हत्या काण्ड में शामिल नहीं थे। एफ. आई. आर. में हत्या का कारण पुरानी दुश्मनी बताया गया है । उन्होंने सरकार को अपनी उत्तेजनात्मक कार्रवाई के लिए गम्भीर परिणामों की धमकी दी।

निहंग पहुंचने लगे

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बड़ी संख्या में निहंग निकटवर्ती क्षेत्रों में बाबा बकाला पहुंचने शुरू हो गए हैं तथा स्थिति गम्भीर बताई जाती है ।

आतंकवाद की वर्तमान लहर में यह पहला मौका है कि किसी पुलिस चौकी पर हमला किया गया है ।

बाबा बकाला की भिड़ंत का ब्यौरा

हमारे प्रतिनिधि आर. के. सोनी की सूचना के अनुसार बाबा बकाला में निहंगों व पुलिस की भिड़ंत प्रातः साढ़े 9 बजे शुरू हुई और एक बजे दोपहर तक जारी रही । श्री ए. पी. पांडे एस. पी. डिटैक्टिव अमृतसर से पुलिस की भारी फोर्स और अश्रुगैस दस्ता लेकर वहां पहुंचे । कहा जाता है कि निहंगों ने पुलिस के मुकाबला के लिए अपने डेरे को किले में बदल लिया था तथा पुलिस पर डेरे के अंदर से तथा छतों से फायरिंग की गई ।

इस एक्शन में एक सौ से अधिक पुलिस वाले संलिप्त थे जबकि निहंग छावनी के अंदर लगभग दर्जन के करीब निहंग थे । निहंगों द्वारा बम फैंके जाने के बावजूद पुलिस ने उनके डेरे का घेराव जारी रखा ताकि कोई निहंग भाग न सके । लगभग 1 बजे के बाद निहंगों ने फायरिंग बंद कर दी तथा सफेद झंडा लहरा कर हथियार डाल दिए ।

इसके बाद जब पुलिस डेरे अंदर गई तो वहां दो निहंग तथा चार घोड़ियां मरी पड़ी थीं । पुलिस द्वारा बरामद किए हथियारों में आटोमैटिक राइफलें भी शामिल हैं। बारूद के निरीक्षण के लिए सैनिक अधिकारी बुलाए गए हैं क्योंकि यह संदेह है कि यह बारूद सेना से प्राप्त किया गया है ।

डोहरा द्वारा भेजी गई तार में कहा गया है कि तरनतारन में एक व्यक्ति करतार सिंह की मृत्यु हुई तथा 3 घायल हुए जबकि बाबा बकाला में 3 निहंग मारे गए हैं ।

बाबा बकाला में पुनः भिड़ंत का खतरा

अमृतसर, 2 जुलाई (वि. प्र.) : बाबा बकाला से प्राप्त सूचना के अनुसार निहंगों के डेरे पर पुलिस कब्जा तथा 3 दर्जन निहंगों की गिरफ्तारी के बाद पंजाब के विभिन्न भागों से निहंगों के जत्थे बाबा बकाला रवाना हो गए हैं। उधर पुलिस और सी. आर. पी. की अतिरिक्त फोर्स भी वहां भेज दी गई है। बाबा बकाला में भारी तनाव पाया जाता है । यहां फिर टकराव का खतरा है ।

धान वसूली मूल्य में 10 रुपए की वृद्धि

नई दिल्ली, 2जुलाई (यू. न्यू.) : केंद्रीय सरकार ने 1983-84 के लिए आम किस्म के धान का वसूली मूल्य 132 रुपए प्रति क्विंटल निश्चित किया है । यह गत वर्ष निश्चित वसूली मूल्य से 10 रुपए प्रति क्विंटल अधिक होगा ।

आम किस्म, बढ़िया (फाइन) किस्म और बहुत बढ़िया (सुपर फाइन) किस्म के मूल्य में उत्तरोत्तर 4 रुपए प्रति क्विंटल का अंतर होगा अर्थात वे मूल्य क्रमशः 132, 136 और 140 रुपए प्रति क्विंटल होंगे ।

सरकार ने ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी के खरीद मूल्य भी 6 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा दिए हैं । अब इनका मूल्य 124 रुपए प्रति क्विंटल होगा ।

अरहर के लिए 1983-84 में समर्थन मूल्य 30 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द का 15 रुपए प्रति क्विंटल, मूंग का 10 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा दिया गया है । अब इनके मूल्य क्रमशः 245, 245, 250 रुपए प्रति क्विंटल होंगे ।

सरकार ने पहली बार बुवाई से पूर्व ही खरीद मूल्य घोषित किए हैं। खाद के मूल्य 7.5 प्रतिशत घटा दिए गए हैं ।

2.7.83 का प्रिंट आर्डर

पंजाब केसरी	2,28,710
हिंद समाचार	72,545
जगबाणी	36,730
योग	3,37,985

कर्फ्यू बारे भ्रम !

जालंधर, 2 जुलाई (वार्ता) : जिला प्रशासन द्वारा कर्फ्यू में ढील देने के संबंध में कुलमुल नीति अपनाने की वजह से कर्फ्यू में ढील के समय के बारे में काफी भ्रम रहा । आज कर्फ्यू बढ़ाने व उसमें ढील देने के संबंध में दूसरी बार निर्णय बदले गए। सोमवार को सुबह 9 बजे तक के लिए कर्फ्यू का समय एक घंटा कम कर दिया गया था । इसी तरह कल सुबह 8 बजे से कर्फ्यू में ढील का समय एक घंटा बढ़ा दिया गया है।

इसी प्रकार के भ्रम की वजह से पहले पुलिस लोगों पर बैत वर्षा कर चुकी है ।

पवित्र गुरुग्रंथ साहिब की बीड़ चोरी

होशियारपुर, 2 जुलाई (यू.) : यहां आज विलंब से प्राप्त एक समाचार के अनुसार यहां से 35 किलोमीटर दूर अहियापुर के गुरुद्वारे से कुछ अज्ञात व्यक्ति पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब की बीड़ उठा कर ले गए । टांडा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरंभ करदी है ।

पंजाब में हिंसा की सुप्रीम कोर्ट जज से जांच कराई जाए

लुधियाना, 2 जुलाई (हि.) : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पंजाब में हो रही हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की और इस सारे मामले की उच्चतम न्यायालय के किसी वरिष्ठ न्यायाधीश द्वारा जांच कराए जाने की मांग की है ।

आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में संघ की पंजाब इकाई के उपाध्यक्ष श्री लाजपत राय और महासचिव श्री मिल सेन ने कहा है कि पंजाब आज एक ऐसे भयंकर दौर में प्रवेश कर रहा है कि यदि तुरंत समस्या का समाधान न हुआ तो बीमारी लाइलाज हो सकती है ।

उन्होंने वरिष्ठ पत्रकारों श्री रमेश चंद्र और श्री वीरेंद्र को दी गई धमकियों और 'वीर प्रताप' कार्यालय में हुए बम विस्फोट की घोर निंदा की और इसे शर्मनाक कृत्य बताया ।

उन्होंने निरंकारियों और अन्य निर्दोष व्यक्तियों पर उग्रवादियों द्वारा किए जा रहे हिंसक आक्रमणों की भी निंदा की ।

इन नेताओं ने सभी राजनीतिक दलों और कार्यकर्त्ताओं को सुझाव दिया है कि वे राज्य में शांति और साम्प्रदायिक सौहार्दता की पुनर्स्थापना के लिए अपने प्रभाव का प्रयोग करें ।

लेकिन संघ नेताओं ने कहा कि इससे पहले अकाली नेताओं को करनी चाहिए । अकाली नेताओं को न केवल उग्रवादियों की गतिविधियों की खुली निंदा करनी चाहिए बल्कि हिंसक घटनाओं के बाद गुरुद्वारों में शरण देने की बजाए वांछित हत्यारों को कानून के हवाले करना चाहिए । अन्यथा इसे अकाली नेताओं की उग्रवादियों के प्रति दोहरे मापदंड की नीति कहा जाएगा ।

उन्होंने राज्य सरकार की कड़ु आलोचना करते हुए कहा कि वह अभी तक सभी मोर्चे पर बुरी तरह असफल रही है । परिणामस्वरूप लोगों में असुरक्षा की भावना निरंतर बढ़ रही है । उन्होंने केंद्र से भी अनुरोध किया है कि वह पंजाब की समस्या के समाधान की ओर न लटकाएं ।

अकाली मांगों पर जो भी निर्णय करना हो अंतिम रूप से किया जाए अन्यथा यह समझा जाएगा कि श्रीमती गांधी और अकाली नेता अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए समस्या लटकाए रखना चाहते हैं जो देश और पंजाब के हित में नहीं है । इन नेताओं ने सभी पंजाबियों से अपील की है कि वे उत्तेजना का शिकार न हों और राज्य में हर क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें ।

4-7-83

दल खालसा द्वारा जालंधर के दो मंदिर उड़ाने की धमकी

लक्ष्मी नारायण मंदिर, सोढल मंदिर निहंगों की सम्पत्ति बताने वाले पोस्टर लगाये गये

माडल हाऊस के हिंदुओं को मंगल तक का अल्टीमेटम



लक्ष्मी नारायण मंदिर जालंधर के बाहर धमकी भरा पोस्टर (दाएं) लगाए जाने के विरोध में जमा भारी भीड़ । (छाया : वेद कपूर)

जालन्धर, 3 जुलाई (प्रे.)—अवैध घोषित दल खालसा ने धमकी दी हैकि यदि माडल हाऊस स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर तथा सोढल मंदिर को 5 जुलाई तक खाली नहीं किया गया तो इन्हें उड़ा दिया जाएगा ।

यह धमकी मंदिर के बाहर लगे दीवारी पोस्टरों में दी गई है जो बाल पैन से लिखकर लक्ष्मी नारायण मंदिर की बाहरी दीवार पर चिपकाए गए हैं । पोस्टर लिखने की जिम्मेदारी लेते हुए दल खालसा ने माडल हाऊस के हिंदुओं को कालोनी छोड़ देने को कहा है । पोस्टर में लिखा गया है कि यह तथा सोढल मंदिर सिखों के हैं और यदि उन्हें खाली न किया गया तो उड़ा दिया जाएगा । अधिकारियों के अनुसार स्थिति तनावपूर्ण परन्तु नियंत्रण में है ।

शांतिपूर्ण बस्तियों में भी

'घनश्याम' के अनुसार उग्रवादी तत्वों ने शहर की बाहरी शांतिपूर्ण बस्तियों में भी अशांति एवं आतंक फैला देने का फैसला कर लिया है और इसी सिलसिले की एक कड़ी के रूप में जालंधर की एक बाहरी आबादी माडल हाऊस के लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर दल खालसा की तरफ से चार हैंड बिल लगाकर शांतिपूर्ण माहौल को दूषित करने का प्रयास किया गया है ।

लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर लगाए गए हैंड बिल हाथ से लिखे गए हैं और साफ हिंदी और पंजाबी में हैं । इनमें से तीन हिंदी में हैं और एक पंजाबी में है । हिंदी में लिखे हैंडबिलों में कहा गया है (1) खालिस्तान जिंदाबाद, पंजाब पुलिस जिंदाबाद, हिंदुओं को कुत्ते की मौत मारा जाएगा अगर सोढल मंदिर खाली न किया गया । (2) खालिस्तान जिंदाबाद; इस मंदिर के पुजारी को गोली से उड़ा दिया जाएगा, भिंडरांवाला जिंदाबाद, (3) खालिस्तान जिंदाबाद, सब हिंदुओं को गोलियों से उड़ा दिया जाएगा । पंजाब हमारा है। यहां से भाग जाओ, नहीं तो तुम्हारा हाल बहुत बुरा होगा । और पंजाबी में चिपकाए गए हैंडबिलों में कहा गया है । खालिस्तान जिंदाबाद, भिंडरांवाला जिंदाबाद, सोढल मंदिर साडा है । 5 तारीख नूं रात 11 बजे इस मंदिर नूं बम नाल उड़ा दिता जाएगा ।'

उल्लेखनीय है कि इन सभी हैंडबिलों के नीचे दल खालसा लिखा हुआ है ।

आज सुबह मंदिर में रोज की भांति कीर्तन हुआ और जब सभी लोग अपने-अपने घरों को जाने लगे तो उन्होंने मंदिर की डिस्पैंसरी वाली दीवार पर ये हैंडबिल लगे देखे ।

पता लगने पर भूतपूर्व नगरपिता गोपाल दास, हरभजन सिंह बग्गा, कीमती लाल, मंदिर कमेटी के प्रधान जे. के. अग्रवाल आदि अन्य लोगों सहित पहुंच गए और उन द्वारा पुलिस को सूचित किए जाने पर पुलिस चौकी नं. 6 के एस. एच. ओ. श्री ओम प्रकाश पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए ।

मंदिर के सामने काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही । मंदिर कमेटी के प्रधान श्री जे. के. अग्रवाल ने कहा है कि आज सायं 7 बजे नागरिकों की एक बैठक मंदिर प्रांगण में होगी जिसमें वस्तु स्थिति पर विचार किया जाएगा ।

उल्लेखनीय है कि यह ही एकमात्र ऐसी बस्ती थी, जिसमें आज तक कभी भी किसी प्रकार की कोई गडबड़ नहीं हुई । एस. एच. ओ. श्री ओम प्रकाश शर्मा ने किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मंदिर के सामने पुलिस बल बैठा दिया है । पता चला है कि पुलिस मंदिर में लगाए गए हैंडबिलों को उखाड़ कर ले गई है ।

के बाद उग्रवादी

वत्म हो सकती हैं

है, अकाली 3 घंटे चाहते हैं । सरकार 2 घंटे का रिले तुरन्त शुरू क्यों नहीं कर देती । उन्होंने कहाकि पंजाब में हिंसा के कारण हालात बहुत चिन्ताजनक हैं तथा बचाव पंजाबियों की एकता बनाए रखने तथा परम्परागत पंजाबी मूल्यां की रक्षा करने में है । उन्होंने आरोप लगाया कि जालन्धर, पटियाला और मालेरकोटला तीनों स्थानों के दंगों में कांग्रेसी संलिप्त हैं ।

श्री सुरजीत ने कहा कि जो एक सौ सशस्त्र व्यक्तियों को साथ लेकर फिर रहा है, वह जरनैल सिंह भिंडरांवाला कदापि संत नहीं । उन्होंने सरकार पर ढिलमिल नीति का आरोप लगाया । उन्होंने कहाकि क्षेत्रीय समस्या का हल यही है कि

चंडीगढ़ की जनता कालोनी में बम विस्फोट: 2 मरे, 3 घायल

बम के टुकड़े 50 गज दूर तक गिरे : कूड़ा कर्कट बेचने वाले की झोंपड़ी नष्ट

औरत का एक बाजू और टांग उड़ गई

चंडीगढ़, 11 जुलाई (संधी , वी. पी.) : आज प्रातः 4 बजे के करीब यहां के सैक्टर 25 की जनता कालोनी की एक झोंपड़ी में बम फट जाने से झोंपड़ी का मालिक 35 वर्षीय रामदेव तथा उसकी सात वर्षीय लड़की सुनीता की मृत्यु हो गई जबकि तीन व्यक्ति घायल हो गए।

घायलों में मृतक की पत्नी कर्मा देवी, उसकी 3 वर्षीय लड़की रीता तथा एक अन्य 15 वर्षीय लड़का नत्थू राम शामिल है। घायलों में से कर्मा देवी की हालत काफी नाजुक बताई जाती है।

यह बम इतना शक्तिशाली था कि इसके टुकड़े लगभग 50 फीट की दूरी तक फैल गए जिसके कारण झोंपड़ी से लगभग 25 फुट दूर सोया हुआ नत्थू राम घायल हुआ। कर्मा देवी को यहां पी.जी.आई. में तथा नत्थू राम को जनरल अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

बम फटने की सूचना मिलते ही सैक्टर के डी.एस.पी. श्री जयसिंह, एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री आर.के. कालोनी तथा डी.एस.पी. (सी.आई.डी.) श्री राकेश कुमार मौका पर पहुंच गए तथा विस्फोटक पदार्थ विशेषज्ञों को भी मौका पर बुला लिया गया।

बम किसी ने फैंका

हि.स. के अनुसार जनता लेबर कालोनी के नागरिकों के अनुसार किसी ने प्रातः लगभग चार बजे पी.जी.आई. से श्मशान घाट जाने वाली सड़क की ओर से कालोनी में बम फैंका। यह बम रामदेव के घर के आगे फटा।

श्री जयसिंह ने बताया कि मृतक कारपैंटर तथा कूड़ा कर्कट बेचने का काम करता था। उसका किसी भी राजनीतिक दल से कोई सम्बन्ध नहीं था। अतः इस बम विस्फोट में किसी उग्रवादी का हाथ होने की कोई सम्भावना नहीं है।

फिर भी पुलिस ने भारतीय विस्फोटक सामग्री कानून के अंतर्गत केस रजिस्टर कर लिया है तथा मृतक की झोंपड़ी का सारा सामान भी अपने कब्जे में ले लिया है। झोंपड़ी से कुछ पत्र भी मिले हैं।

हमारा पत्रकार प्रातः जब मौका पर पहुंचा तो उस समय मृतकों के शव बुरी तरह झुलसी हुई हालत में झोंपड़ी के निकट पड़े थे तथा झोंपड़ी भी बुरी तरह क्षति ग्रस्त हुई थी।

पुलिस कर्मचारी बम के फैले हुए टुकड़े इकट्ठे करने में व्यस्त थे। काफी जोर से बम फटने के कारण बम के टुकड़े जमीन के काफी अन्दर तक चले गए। कई पुलिस कर्मचारी जगह-जगह से जमीन खोद कर इन टुकड़ों को निकालने में व्यस्त थे।

मौका पर पहुंचे विस्फोटक पदार्थ विशेषज्ञों ने बम के टुकड़ों को देखने के बाद कहा कि यह ग्रेनेड जैसा गोला काफी वर्ष पहले तैयार किया गया लगता है परन्तु यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह कालोनी में कहां से आया। पुलिस का मत है कि रामदेव इसे कहीं पर पड़ा देख कर इसे उठा लाया होगा।

पुलिस अधिकारी अभी तक इस विस्फोट के बारे में कुछ अधिक बता पाने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। कालोनी का काफी हिस्सा पुलिस ने अपनी निगरानी में कर लिया है तथा मृतकों के शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

रामदेव की झोंपड़ी कालोनी में सबसे पहले थी। चारों ओर दीवार से घिरी कालोनी का एक संकरा रास्ता रामदेव की झोंपड़ी के पास खुलता था। राम देव और सुनीता के शव विस्फोट के 5 घंटे बाद वहां से हटाए गए। जब विस्फोट हुआ तो कालोनी के लोग सुखी नींद सो रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बम भीषण विस्फोट के साथ फटा जिससे कालोनी में आतंक की लहर दौड़ गई।

घायल को राहत


मुख्य आयुक्त श्री वेंकटी, जिन्होंने जिलाधीश तथा कुछ वरिष्ठ अफसरों के साथ मौका का निरीक्षण किया, ने घायल लड़के को 500 रुपए देने तथा मृतकों का अंतिम संस्कार चंडीगढ़ प्रशासन के खर्च पर कराने की घोषणा की।

बाजू, टांग उड़ गई

एक सूचना के अनुसार मृतक रामदेव अत्यन्त धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था तथा बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का पेट पालता था। उसकी पत्नी कर्मा देवी की विस्फोट से एक टांग व एक बाजू उड़ गया। नत्थू राम की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

बम के टुकड़े रासायनिक परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। मृतकों के मांस के टुकड़े कालोनी में दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे।

भाजपा चंडीगढ़ के प्रधान श्री प्रेम सागर जैन ने, जो स्वयं मौका पर उपस्थित थे, ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शहर की शांति भंग करने के लिए किसी ने जानबूझकर यहां यह बम फैंका है क्योंकि जिस झोंपड़ी में बम फटा है उसके साथ ही कालोनी की मुख्य सड़क है।



सैक्टर 25, चंडीगढ़ में सोमवार को एक झुग्गी में शक्तिशाली बम फट जाने से 2 व्यक्ति मारे गए। चित्र में (नीचे इनसैट बाएं) लड़की और (दाएं) एक पुरुष का शव चिथड़े-चिथड़े हुआ पड़ा नजर आ रहा है। (ऊपर के चित्र में) पुलिस अधिकारी बम विस्फोट से नष्ट स्थान का निरीक्षण करते हुए तथा कुछ पुलिस कर्मचारी मलबा हटाते हुए।
(छाया : अनिल पुरी)

गुरुद्वारे के सेवादार की हत्या करने पर पुलिस ने निहंग को गोली से उड़ा दिया

होशियारपुर, 11 जुलाई (प्र.): आज यहां गुरुद्वारा टिब्बा साहिब में थाना सदर के एक एस. एच. ओ. श्री मरदूल सिंह को अपने सर्विस रिवाल्वर के साथ उस समय गोली चलानी पड़ी, जब एक निहंग राम सिंह ने एक सेवादार मंगा सिंह की बर्छे मार-मार कर हत्या कर दी और दो छोटे-छोटे बच्चों इंदरजीत सिंह व मनी सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर कारवाई न करती तो निहंग राम सिंह ने अन्य बहुत से लोगों की हत्या कर देनी थी।

बताया जाता है कि गुरुद्वारे की देखरेख लछमन सिंह करते थे, अब वे विदेश गये हुये हैं। वे अपने गुरु के भतीजे चरणजीत सिंह को अपनी अनुपस्थिति में गुरुद्वारे का प्रबन्ध करने के लिये छोड़ गये। निहंग राम सिंह चाहता था कि मंगा सिंह सेवादार भी गुरुद्वारे से निकल जाये। आज प्रातः से ही राम सिंह का मूड खराब था। उसने क्रोध में आकर बर्छे से कई वार किये और उसके बाद दो बच्चों पर भी वार किए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। इस पर निहंग राम सिंह ने थानेदार पर भी हमला किया और अन्य लोगों की ओर भी बर्छा लेकर लपका। इस पर पुलिस ने गुरुद्वारे को घेरे में ले लिया। पहले पुलिस ने हवाई फायर किये और राम सिंह को हथियार डालने के लिये कहा लेकिन वह न माना। इस पर थानेदार मरदूल सिंह ने अपने रिवाल्वर से फायर किया। गोली उसकी टांग पर लगी। राम सिंह निहंग को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

उग्रवादियों की हिमाचल में 'सुरक्षित अड्डे' स्थापित करने की योजना : वर्मा

धर्मशाला, 11 जुलाई (वेद प्रकाश) : भूतपूर्व सांसद श्री प्रेम चन्द वर्मा, जो अखिल भारतीय इंका कांग्रेस समिति के सदस्य तथा हिमाचल प्रदेश इंका कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं, ने रहस्योद्घाटन किया है कि उनकी सूचना के अनुसार पंजाब के उग्रवादी तत्वों ने हिमाचल प्रदेश के कुछ जंगलों में सुरक्षित अड्डे स्थापित करने की योजना बनाई है।

अतिरिक्त इस शांतमय प्रदेश में भी आतंक का वातावरण पैदा करना है।

यहां विगत दिवस एक संवाद दाता सम्मेलन में उक्त जानकारी देते हुए श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार को पंजाब से लगी हुए सारी सीमा को सील कर देना चाहिए, पुलिस

लगाया कि प्रदेश में रह रहे कुछ व्यक्तियों के रिश्तेदार, जो पंजाब में हैं, भी इस षड्यंत्र में चोरी छिपे भाग ले रहे हैं। यहां चर्चपंथ एक समुदाय के लोग कर रहे हैं।

उन्होंने अकाली दल के प्रधान संत लौंगोवाल तथा भिंडरांवाला से अपील की कि वह

पुलिस भिड़ंत में 1 उग्रवादी मरा, दूसरा फरार

, लुधि-
गढ़ के
है।
चौधरी,
, रेलवे
स्वामी-
ा. राम-
ी जोनल
क सुरक्षा
वास्तव,
अवस्थी,
लाहकार
के आई.
तम सिंह
ी. आई.
थल पर
टेशन से
6 मीटर
ड़ कर
को दो
सौ रुपये
की गई
आर.

सारंगल ने घटना स्थल का दौरा करने के बाद रेल लाइन को ठीक करने का आदेश दे दिया है। इस कार्य में कम से कम 12 घंटे लगेंगे।

ड्राइवर की सावधानी

ट्रेन चालक जी.पी. सिंह ने अत्यन्त सूझबूझ से काम लिया अन्यथा मृतकों की संख्या और अधिक हो सकती थी। ट्रेन को झटका लगने के तुरन्त बाद उसने सभी ब्रेकें एक साथ लगा दीं परन्तु एक दम से रुकने से पूर्व ट्रेन 200 मीटर आगे निकल आई, उस समय ट्रेन 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रही थी

ट्रेन की 17 में से पीछे की 5 बोगियों के यात्री बच गए जिनमें से कुछ को अम्बाला ले जाया गया अन्य को बचाव ट्रेनों के जरिये लुधियाना भेजा गया।

पटियाला से अपराध विज्ञान विशेषज्ञ तथा लुधियाना से जासूसी कुत्तों का दस्ता घटना स्थल पर पहुंच गया है।

समाज सेवी संगठन

मंडी गोबिन्दगढ़ के सेवादल, महावीर दल, लाइन्स, लियो, रोटरी, जेसीज क्लब आदि समाज सेवी संगठनों ने बचे हुए व घायल यात्रियों के लिए चाय, बिस्तर आदि की व्यवस्था की और बचाव कार्य में मदद दी।

22 वर्षीय सतीश कुमार अपने पिता के साथ यात्रा कर रहा था। सतीश की मृत्यु हो गई जबकि उसका पिता बच गया। सतीश का विवाह पिछले वर्ष हुआ था और उसके दो माह पूर्व लड़का हुआ था। वह वैष्णो देवी की यात्रा पर जा रहा था।

केस दर्ज

रेलवे पुलिस ने रेल कानून की धारा 126 (तोड़फोड़) के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है।

दो महिलाओं सहित 32 घायलों को पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में भरती कराया गया जहां 3 की हालत नाजुक है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों को पी.जी आई. ले जाया गया जबकि अन्य को ट्रकों व एम्बूलैंसों द्वारा ले जाया गया।

गोबिन्दगढ़ होकर आने-जाने वाली ट्रेनों को पटियाला-धूरी-लुधियाना तथा दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को जाखल के जरिये चलाया जा रहा है।

तोड़-फोड़ का मामला

उत्तरी रेलवे के क्षेत्र अधीक्षक जे. एम. अवस्थी का कहना हैकि यह स्पष्ट रूप से तोड़-फोड़ का मामला है।

पूर्वी सिगनल के पास जम्मू जा रही 51-अप स्यालदह एक्सप्रैस के दुर्घटनाग्रस्त होने से लगभग आधा घंटा पहले ही एक माल गाड़ी वहां से सकुशल गुजरी थी। यह जानकारी उत्तरी रेलवे के मुख्य सुरक्षा अधीक्षक आई. पी. श्रीवास्तव ने दी है, जो एक विशेष ट्रेन से घटनास्थल पर पहुंचे थे।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि दो फिश प्लेटें हटी हुई पाई गई। जिन्हें आठ बोल्टों को खोलने के बाद हटाया गया था। उन्होंने कहा कि शायद यह सब तोड़-फोड़ एक स्पैनर की मदद से की गई।

फिश प्लेटें बरामद

हटाई गई दोनों फिश प्लेटें बरामद हो गई हैं। इनमें से एक रेल की पटरी से और दूसरी पास के एक खेत से मिली। आठ बोल्टों में से भी सात बरामद हो गए हैं।

समझा जाता है कि फिश प्लेटें हटाने के बाद तोड़फोड़ करने वालों ने पन्द्रह फुट लम्बी रेलवे लाइन एक ओर हटा दी। इस अनुमान का आधार यह है कि इंजन का कोई पहिया उससे छुआ ही नहीं।

पटरी वैल्ड नहीं थी

जोशी के अनुसार श्रीवास्तव ने कहा कि रेल का केवल यही एक हिस्सा था जो वैल्ड नहीं किया हुआ था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले पटरी में दरार पड़ गई थी। रखरखाव कर्मचारियों ने रेलवे लाइन बदल दी थी और फिश प्लेटों से उन्हें जोड़ दिया था। किन्तु अभी वैल्डिंग नहीं हुई थी।

दुर्घटना स्थल पर मौजूद रेलवे और पुलिस अधिकारियों ने कहाकि जिन लोगों ने फिश प्लेटें हटाई, वे उस स्थान के बारे में जानते थे जहां वैल्डिंग नहीं हुई थी। पटरी में वैल्डिंग की हुई थी।

राहत कार्य की टीम का नेतृत्व डाक्टर राजेश कर रहे थे। पंजाब महावीर दल के लोग भी वहां पहुंच गए थे। एक रेलवे सिगनल टूट कर एक बोगी की छत पर गिर गया था।

डी.आई. जी. रेलवे आर. सारंगल ने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञ तथा जासूसी कुत्ते कोई विशेष तथ्य नहीं खोज सके। ट्रेन उस स्थान से 500 मीटर आगे जाकर रुकी जहां पर पहली बार झटका महसूस किया गया।

स्यालदह एक्सप्रैस की टूटी हुई बोगियों में से 10 शव तो कुछ देर बाद ही निकाल लिये गए पर सतीश कुमार व अशोक कुमार के शव दो बोगियों के बीच फंसे रहे जिन्हें प्रात 9.30 बजे निकाला जा सका। उनके शव निकालने के लिए क्षेत्र के दो व्यापारी आरियां लाये जिनसे बोगियां काटी गईं। अशोक का पैर बोगी की दो लोहे की छड़ों में फंसा था जबकि सतीश कुमार का गला फंसा हुआ था।

रेलवे लाइन की फिश प्लेटें उखड़ी हुई तथा लाइन का एक टोटा उठा कर एक तरफ रखा हुआ था तथा फिस प्लेटों के कल-पुर्जे भी निकट ही पड़े हुए थे।

जब पत्रकार ने रेलवे अधिकारियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि इससे आधा घंटा पहले एक माल गाड़ी सही-सलामत गुजरी थी जिससे ऐसा लगता है कि वह कार्रवाई उग्रवादियों द्वारा की गई है तथा यह सारा काम केवल आधे घंटे में ही पूरा किया गया। जहां यह घटना हुई है वहां जी.टी. रोड केवल आधा कि. मी. दूर है। कहा जाता है कि जो लाइन का टोटा उखड़ा पड़ा था वह वैल्ड नहीं हुआ था। यद्यपि रेलवे द्वारा लाइन के दो-दो टोटे वैल्ड करके जोड़े हुए हैं। उग्रवादियों ने यह स्थान पूरी तरह छानबीन करके चुना लगता है।


मृतकों में अधिक यू.पी. तथा बिहार के मजदूर बताए जाते हैं जोकि मजदूरी के लिए पंजाब आ रहे थे।


रेलवे के आई. जी. पुलिस श्री सरबजीत सिंह ने बताया कि धारा 168 ए (विश्वासघात) के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है।

रेलवे बोर्ड के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आई. पी. श्रीवास्तव ने दावा किया है कि 24 घंटे के अंदर रेलवे यातायात चालू हो जायेगा।

उन्होंने बताया कि रेलवे लाइन

को ठी
रेलवे
गया है
लिए र
किया
का स
और
के का
में बच
इस
अमृत
फंटिय
मार
स्याल
धूरी
गई।
और
याना
गया
और
भर्ती
जग
देख
एक्स
यहां
किए
के
स्पैश
एस.





नकट उखाड़ कर रखी गई फिश प्लेटें और नटबोल्ट, जो पुलिस को मिले। उसी स्थान से पाई गई शरारती तत्वों के बाए पांव की चप्पल और दो मृतक।
(छाया : जगमोहन कम्बोज एवं अनिल पुरी)

टा दी : 17 मरे, 156 घायल

पटरी से
न-नहस

समस्त रेल परिवहन रोक दिया गया : डाक्टर, वरिष्ठ अफसर पहुंच गये

क उग्रवादियों द्वारा सरकार को कड़ी चुनौती

प्रेशिया : 4 बोगियां एक-दूसरे में घुस गईं, फर्स्ट क्लास की एक बोगी दूर जा गिरी

कठोर कदम की तैयारी:सी.आर.पी.,बी.एस.एफ. ने क्षेत्र घेरा

गाड़ी वहां
ह जानकारी
ना अधीक्षक
ने दी है,
घटनास्थल

बताया कि
पाई गई।
लने के बाद
ने कहा कि
एक स्पैनर

फिश प्लेटें
से एक रेल
पास के एक
टों में से भी

फिश प्लेटें
करने वालों
लवे लाइन
नुमान का
का कोई
।

ी
श्रीवास्तव
यही एक
किया हुआ
कुछ दिन
ड़ गई थी।
ने रेलवे
फिश प्लेटों

दे उन्हें जोड़ दिया था। किन्तु अभी वैल्डिंग नहीं हुई थी।

दुर्घटना स्थल पर मौजूद रेलवे और पुलिस अधिकारियों ने कहाकि जिन लोगों ने फिश प्लेटें हटाई, वे उस स्थान के बारे में जानते थे जहां वैल्डिंग नहीं हुई थी। पटरी में वैल्डिंग की हुई थी।

राहत कार्य की टीम का नेतृत्व डाक्टर राजेश कर रहे थे। पंजाब महावीर दल के लोग भी वहां पहुंच गए थे। एक रेलवे सिगनल टूट कर एक बोगी की छत पर गिर गया था।

डी.आई. जी. रेलवे आर. सारंगल ने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञ तथा जासूसी कुत्ते कोई विशेष तथ्य नहीं खोज सके। ट्रेन उस स्थान से 500 मीटर आगे जाकर रुकी जहां पर पहली बार झटका महसूस किया गया।

स्यालदह एक्सप्रैस की टूटी हुई बोगियों में से 10 शव तो कुछ देर बाद ही निकाल लिये गए पर सतीश कुमार व अशोक कुमार के शव दो बोगियों के बीच फंसे रहे जिन्हें प्रात 9.30 बजे निकाला जा सका। उनके शव निकालने के लिए क्रेन के दो व्यापारी आरियां लाये जिनसे बोगियां काटी गईं। अशोक का पैर बोगी की दो लोहे की छड़ों में फंसा था जबकि सतीश कुमार का गला फंसा हुआ था।

रेलवे लाइन की फिश प्लेटें उखड़ी हुई तथा लाइन का एक टोटा उठा कर एक तरफ रखा हुआ था तथा फिस प्लेटों के कल-पुर्जे भी निकट ही पड़े हुए थे।

जब पत्रकार ने रेलवे अधिकारियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि इससे आधा घंटा पहले एक माल गाड़ी सही-सलामत गुजरी थी जिससे ऐसा लगता है कि वह कारवाई उग्रवादियों द्वारा की गई है तथा यह सारा काम केवल आधे घंटे में ही पूरा किया गया। जहां यह घटना हुई है वहां जी.टी. रोड केवल आधा कि. मी. दूर है। कहा जाता है कि जो लाइन का टोटा उखड़ा पड़ा था वह वैल्ड नहीं हुआ था। यद्यपि रेलवे द्वारा लाइन के दो-दो टोटे वैल्ड करके जोड़े हुए हैं। उग्रवादियों ने यह स्थान पूरी तरह छानबीन करके चुना लगता है।

मृतकों में अधिक यू.पी. तथा बिहार के मजदूर बताए जाते हैं जोकि मजदूरी के लिए पंजाब आ रहे थे।

रेलवे के आई. जी. पुलिस श्री सरबजीत सिंह ने बताया कि धारा 168 ए (विश्वासघात) के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है।

रेलवे बोर्ड के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आई. पी. श्रीवास्तव ने दावा किया है कि 24 घंटे के अंदर रेलवे यातायात चालू हो जायेगा।

उन्होंने बताया कि रेलवे लाइन को ठीक करने के लिए 1500 रेलवे के कर्मचारियों को लगाया गया है। इस काम में दो क्रेनें मदद के लिए लगाई जा रही हैं।

जब घटना स्थल का दौरा किया गया तो वहां चारों ओर लोगों का सामान बिखरा पड़ा हुआ था और लोगों के चेहरे डर और आतंक के कारण आधे रह गए थे। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

इस दुर्घटना के परिणामस्वरूप अमृतसर से बम्बई जाने वाली गाड़ी फ्रंटियल मेल, जेलम एक्सप्रैस, शालीमार एक्सप्रैस और जम्मू तवी से स्यालदह जाने वाली गाड़ियां धूरी और जाखल के रास्ते से भेजी गईं। अमृतसर-कालका मेल और देहरादून एक्सप्रैस को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ही रोक लिया गया है।

घायलों को लुधियाना-राजपुरा और पटियाला के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

जगत-पति घायलों को देखने गए

पटियाला (भूषण): स्यालदह एक्सप्रैस की दुर्घटना के 46 घायल यहां राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल किए गए हैं। पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जगतपति और स्पैशल आई. जी. पुलिस श्री पी. एस. भिडर ने आज यहां अस्पताल में जाकर घायलों को देखा तथा उनके उपचार के प्रबंधों का जायजा लिया। इन घायलों में से 6 की हालत नाजुक बताई जाती है। उनमें से अधिकांश बिहार और यू.पी. के भइये हैं। बिहार के एक व्यक्ति श्री लाल ने, जिसकी हंसली की हड्डी टूट गई थी, बताया कि बिहार के सैकड़ों लोग ट्रेन की छत पर बैठे थे। वह भी उनमें शामिल था। दुर्घटना के समय झटका लगा और वह गिरते ही बेहोश हो गया।

सभी मृतक पुरुष हैं

अधिकृत सूचना के अनुसार सभी मृतक पुरुष हैं। गोबिन्दगढ़ स्टेशन पर रेल पटरी को साफ करने का काम जारी है।

ट्रेन 12 बजे सरहिन्द स्टेशन से चली थी और उसके 10 मिनट बाद ही दुर्घटना हो गई


पंजाब सरकार जांच करायेगी


पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जी. जगतपति (गृह) भी घटनास्थल पर गये। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस घटना की जांच करायेगी।

सुरेश कुमार नामक एक दस वर्षीय बच्चे की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती है जबकि अन्य दो व्यक्तियों, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी, की हालत अभी भी चिन्ताजनक है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)







(बाएं से) रेलवे पुलिस के डी. आई. जी. श्री आर. एस. सारंगल मंडी गोबिन्दगढ़ में स्यालदह एक्सप्रेस के दुर्घटना स्थल पर उखाड़ी हुई फिश प्लेट का निरीक्षण करते हुए, मंडी गोबिन्दगढ़ अस्पताल में दाखिल हुए घायल ट्रेन यात्री और रेल के मजबूत डिब्बे तथा सवारियों को फाड़ कर बाहर निकाली की पटड़ी।

(छाया : जगमोहन कम्बोज एवं अनिल

उग्रवादियों ने ट्रेन उलट दी

(पृष्ठ 1 से आगे)

फ्रंटियर मेल भी बची

बताया जाता है कि अगर मंडी गोबिन्दगढ़ स्टेशन को अविलम्ब इस दुर्घटना की सूचना प्राप्त नहीं होती तो इसी स्थल पर एक और भीषण दुर्घटना हो जाती। इसी रेल लाइन की समानांतर रेल पटरी पर कुछ मिनटों में ही फ्रंटियर मेल भी गुजरने वाली थी। सियालदह एक्सप्रैस के प्रथम श्रेणी के डिब्बे के रेल लाइन पर छितरा कर गिर जाने से यह दूसरी रेल पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

सियालदह एक्सप्रैस के डीज़ल इंजन की आपातकालिक रोशनी को फ्रंटियर मेल के इंजन के चालक ने देख लिया और उसने गाड़ी को कुछ दूर पहले ही रोक दिया। बाद में फ्रंटियर मेल को वापस लुधियाना लाया गया जहां से उसे धूरी-जाखल रेल मार्ग द्वारा दिल्ली भेजा गया।

अन्य फिश प्लेटें उखाड़ने का प्रयास

प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने कुछ अन्य फिश प्लेटें उखाड़ने का भी प्रयास किया था।

दुर्घटनाग्रस्त रेलगाड़ी के बाकी यात्रियों को 31 अप फ्रंटियर मेल से उनके गन्तव्य पर रवाना कर दिया गया है।

जांच 23 से

रेलवे सुरक्षा आयुक्त जे. एन. कुट्टी 23 अक्तूबर को दोपहर दो बजे से सरहिन्द रेलवे स्टेशन पर इस दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू करेंगे।

आज सुबह नई दिल्ली से एक और राहत रेलगाड़ी रवाना हुई जिससे श्री सी. के. स्वामीनाथन, सदस्य (यातायात) रेलवे बोर्ड और श्री टी.एन. रामचन्द्रन सदस्य (इंजीनियरिंग) रेलवे बोर्ड, दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक बी. के. पाटिल सड़क मार्ग से दुर्घटना स्थल पर गये।

अमृतसर और कालका से शिमला जाने वाली मेलगाड़ियों को क्रमशः लुधियाना और राजपुरा में रोक दिया गया फिर वहीं से उन्हें लौटा दिया गया।

पांडे द्वारा संवेदना

राज्यपाल श्री बी.डी. पांडे ने इस दुर्घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारों से संवेदना व्यक्त की है।

समीक्षा आज

पंजाब के राज्यपाल की सलाहकार परिषद की कल यहां बैठक होगी, जिसमें आज तड़के मंडी गोबिन्दगढ़ में हुई रेल दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए रेल सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

केन्द्रीय रेलमंत्री गनी खान चौधरी तथा वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों द्वारा राज्यपाल भैरवदत्त पांडे तथा उनकी सलाहकार परिषद् के सदस्यों से भेंट कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा किये जाने की सम्भावना है।

भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब इकाई ने दुर्घटना पर आज गहरा दुःख और क्षोभ प्रकट किया। राज्य पार्टी के कार्यकारी सचिव गुरचरण सिंह रंधावा ने यहां जारी एक वक्तव्य में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की।

पुलिस को स्वर्ण मंदिर में भेजा जाए-रामेश्वर

लखनऊ, 21 अक्तूबर (वार्ता): लोकदल के सचिव एवं सांसद रामेश्वर सिंह ने आरोप लगाया है कि संत जरनैल सिंह भिंडरांवाले पंजाब में आतंक व हिंसा का वातावरण तैयार करके साम्प्रदायिक विष पैदा करना चाहते हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने पंजाब समस्या पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शरण लेने वाले हिंसक तत्वों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को मंदिर में भेजा जाना चाहिए।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि श्री भिंडरांवाले पृथक सिख राज्य बनाना चाहते हैं और दूसरी ओर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपने पुत्र राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।

69 अकाली बंदी

अमृतसर, 21 अक्तूबर (पै.): आज यहां अकाली मोर्चे के सम्बन्ध में 69 व्यक्तियों ने गिरफ्तारी दी।

रस्म पगड़ी



आपको बहुत दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिता **श्री गुरबख्श राम बीर जी** 9.10.83 दिन रविवार को स्वर्ग सिधार गए हैं, उनकी रस्म पगड़ी 23.10.83 दिन रविवार को 3.00 बजे सायं सनातन धर्म प्रचारक हायर सैकेंडरी स्कूल, हजूरी रोड, लुधियाना में होनी निश्चित हुई है।

आज अमृतसर, कल जालंधर
जरूरतमंद मर्दों के लिए
सनटैक्स

मामा ने भान्जी से मुंह काला किया

पंजाब की स्थिति पर उच्चस्तरीय मंत्रणाएं

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (जी.एस. चावला): आज यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में पंजाब की ताजा स्थिति पर विचार किया गया। मंत्रिमंडलीय सचिव श्री कृष्ण स्वामी राव साहब, प्रधानमंत्री के मुख्य सचिव श्री पी.सी. एलग्जैंडर श्रीमती इंदिरा गांधी से जो बम्बई में है, सम्पर्क बनाए हुए हैं।

गृहमंत्री श्री सेठी ने बम्बई से गृह सचिव श्री चतुर्वेदी से सम्पर्क कायम कर पंजाब की स्थिति पर रिपोर्ट प्राप्त की।

गृह मंत्रालय ने राजधानी में सुरक्षा प्रबन्ध और कड़े कर दिए हैं। महत्वपूर्ण केन्द्रीय संस्थानों और संसद भवन के गिर्द विशेष सुरक्षा प्रहरी तैनात किए गए हैं।

प्रधानमंत्री के शनिवार प्रातः दिल्ली लौट आने की आशा है। वह यहां पहुंचते ही रेल मंत्री और गृह मंत्रालय से रिपोर्ट प्राप्त करेंगी और फिर केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक समिति द्वारा पंजाब की स्थिति की समीक्षा किए जाने की आशा है।

प्रधानमंत्री ने रेलमंत्री गनी खां चौधरी को, जो इंका महासमिति की बैठक के सिलसिला में बम्बई में ही थे, तुरन्त घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया है। उनके आज रात ही मौका पर पहुंचने की आशा है।

गश्ती दल गायब

पता चला है कि चंडीगढ़ और अम्बाला के बीच रेलवे लाइन पर गश्त के लिए भेजी गई दो सदस्यीय पार्टी का कोई सुराग नहीं है। आज शाम तक इन दोनों का कुछ पता नहीं चला। ख्याल है कि वे दुर्घटना के बाद डर के मारे भाग गए।

पंजाब में आतंकवादियों को सख्ती से दबाने के संकल्प के साथ इंका अधिवेशन समाप्त

बम्बई, 21 अक्तूबर (हि.स.): सभी दलों में शामिल भूतपूर्व कांग्रेसजनों को कांग्रेस के शताब्दी समारोह के पूर्व एक होने के आह्वान और पंजाब के आतंकवादियों को सख्ती से दबाने तथा सर्व शांति स्थापना के संकल्प के साथ आज शाम कांग्रेस (इ.) महासमिति का दो दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न हो गया।

इस अवसर पर सभी दलों के कांग्रेसजनों को एक होने का आह्वान स्वयं पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया जबकि पंजाब के आतंकवादियों को दबाने की मांग पार्टी महासचिव श्री राजीव गांधी ने की।

तीन वर्ष बाद हुये अधिवेशन का आयोजन स्थानीय षण्मुखानंद हाल में किया गया, जहां आज से 20 साल पहलेसन् 1963 में भी महासमिति का अधिवेशन हुआ था जिसमें प्रधानमंत्री नेहरू अंतिम बार शामिल हुये थे।

इंदिरा का समापन भाषण

'वार्ता' के अनुसार श्रीमती गांधी ने अपने समापन भाषण में कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के मसले पर कांग्रेस (इ) कोई समझौता नहीं कर सकती। उन्होंने सभी लोकतंत्री तथा प्रगतिशील दलों और व्यक्तियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के मुद्दों पर सरकार को सहयोग की अपील की।

श्रीमती गांधी ने अपने समापन भाषण में कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में सम्पन्न हुआ जब देश को चारों ओर से खतरा है। हमें इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए आम जनता खासकर कांग्रेसजनों को आगरूक रखना होगा।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि अधिवेशन में पारित प्रस्तावों के संकल्प को समझ कर महासमिति के सदस्य कांग्रेस संगठन को सभी स्तर पर मजबूत बनाने और कांग्रेस के संदेश को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे।

श्रीमती गांधी ने महासमिति के इस अधिवेशन को अब तक का सबसे अच्छा अधिवेशन बताया।

महासमिति ने दो दिन के अधिवेशन के दौरान देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति की विस्तार से समीक्षा की तथा पार्टी की नीति को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव पारित किये।

सभी भूतपूर्व कांग्रेसजनों को पार्टी में लौट आने की अपील : राजीव का देश में चार क्रांतियां लाने का नया नारा

इंका महासचिव राजीव गांधी ने आज एक साथ चार क्रांतियां लाने का आह्वान किया।

उन्होंने महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये कहा कि ये क्रांतियां है-राजनीतिक, औद्योगिक, आर्थिक और इलैक्ट्रानिक। इनमें से राजनीतिक क्रांति आजादी के साथ आ गई, औद्योगिक क्रांति चल रही है, आर्थिक क्रांति भी चल रही है और अब हमें इनके साथ-साथ इलैक्ट्रानिक क्रांति भी लानी है।

कांग्रेस (इ) महासमिति में आर्थिक प्रस्ताव पर बहस में भाग लेते हुए श्री गांधी ने कहा कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में जो राष्ट्र-विरोधी गतिविधियां हो रही हैं, उन्हें अधिक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

उन्होंने विपक्षी राजनीतिक दलों से अपील की कि ऐसा कोई काम न करें जिससे देश के हितों को नुक्सान पहुंचे।

श्री राजीव गांधी ने पंजाब के तथाकथित उग्रवादियों को वास्तव में इटली के 'रैड ब्रिगेड' और जर्मनी के बाडेन 'मेनर' जैसे आतंकवादी बताते हुए उन्हें कुचलने की कारगर कार्रवाई करने और जरूरत पड़ने पर इसके लिए कानून को भी बदलने का आह्वान किया।

इंदिरा गुमराह कर रही हैं : लौंगोवाल

अमृतसर, 21 अक्तूबर (यू.): अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचंद सिंह लौंगोवाल ने आरोप लगाया है कि प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी पंजाब की स्थिति के लिये अकाली दल को जिम्मेदार ठहरा कर लोगों को गुमराह

इंका महाधिवेशन दिसम्बर में कलकत्ता में

षण्मुखानंद हाल बम्बई, 21 अक्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ)

झलकियां

■ श्रीमती गांधी ने बम्बई के एक अंग्रेजी दैनिक पर आरोप लगाया कि उसने एक 'पुरानी' तस्वीर छाप कर यह दिखाने की कोशिश की कि इंका महासमिति की बैठक के दौरान सब सीटें खाली पड़ी थीं।

पुजारी के परिवार खत्म कर देने धमकी

जालन्धर, 21 अक्तूबर यहां रेलवे कालोनी के मंदिर के बल्लभ प्रसाद को दल खालसा से एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है उन्हें और उनके परिवार सदस्यों को खत्म कर देने की धमकी गई है। यह पत्र जो गुरुमुखी है पंजाबी को रजिस्टर्ड डाक है। लिफाफे पर लगी मोहरों से यह लगता है कि इस पत्र को भी जालन्धर से कराई गई। पत्र है कि पत्र और लिफाफा जालन्धर जिला पुलिस चीफ श्री भुल्लर कर दिया गया है। रेलवे कालोनी में इस पत्र से आतंक का वातावरण है।

वाल्मीकि प्रकटो

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर पंजाब, हरियाणा के अनेक चंडीगढ़ में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव परम्परागत हर्षोल्लास श्रद्धापूर्वक मनाया गया।


इस अवसर पर वाल्मीकि को बड़ी सुन्दरता से सजाया वहां रामायण के पाठ तथा आयोजन किया।

यहां पहुंचे समाचारों के लुधियाना, अमृतसर, अंबाला आदि में शोभा निकाली गई

ई.एम.ई. का अभियान ज

होशियारपुर, 21 अक्तूबर ई. एम. ई. जालन्धर ने स्थानीय दल को 4-5 से हरा कर रवि दास स्मारक हॉकी में दूसरी शानदार जीत







(बाएं से) रेलवे पुलिस के डी. आई. जी. श्री आर. एस. सारंगल मंडी गोबिन्दगढ़ में स्यालदह एक्सप्रैस के दुर्घटना स्थल पर उखाड़ी हुई फिश प्लेट का निरीक्षण करते हुए, मंडी गोबिन्दगढ़ अस्पताल में दाखिल हुए घायल ट्रेन यात्री और रेल के मजबूत डिब्बे तथा सवारियों को भेद कर बाहर निकली लाईन की पटड़ी।

(छाया: जगमोहन कम्बोज एवं अनिल पुरी)

उग्रवादियों ने ट्रेन उलट दी

(पृष्ठ 1 से आगे)

फ्रंटियर मेल भी बची

बताया जाता है कि अगर मंडी गोबिन्दगढ़ स्टेशन को अविलम्ब इस दुर्घटना की सूचना प्राप्त नहीं होती तो इसी स्थल पर एक और भीषण दुर्घटना हो जाती। इसी रेल लाइन की समानांतर रेल पटरी पर कुछ मिनटों में ही फ्रंटियर मेल भी गुजरने वाली थी। सियालदह एक्सप्रैस के प्रथम श्रेणी के डिब्बे के रेल लाइन पर छितरा कर गिर जाने से यह दूसरी रेल पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

सियालदह एक्सप्रैस के डीज़ल इंजन की आपातकालिक रोशनी को फ्रंटियर मेल के इंजन के चालक ने देख लिया और उसने गाड़ी को कुछ दूर पहले ही रोक दिया। बाद में फ्रंटियर मेल को वापस लुधियाना लाया गया जहां से उसे धूरी-जाखल रेल मार्ग द्वारा दिल्ली भेजा गया।

अन्य फिश प्लेटें उखाड़ने का प्रयास

प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने कुछ अन्य फिश प्लेटें उखाड़ने का भी प्रयास किया था।

दुर्घटनाग्रस्त रेलगाड़ी के बाकी यात्रियों को 31 अप फ्रंटियर मेल में उनके गन्तव्य पर रवाना कर दिया गया है।

जांच 23 से

रेलवे सुरक्षा आयुक्त जे. एन. कुट्टी 23 अक्तूबर को दोपहर दो बजे से सरहिन्द रेलवे स्टेशन पर इस दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू करेंगे।

आज सुबह नई दिल्ली से एक और राहत रेलगाड़ी रवाना हुई जिससे श्री सी. के. स्वामीनाथन, सदस्य (यातायात) रेलवे बोर्ड और श्री टी.एन. रामचन्द्रन सदस्य (इंजीनियरिंग) रेलवे बोर्ड, दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक बी. के. पाटिल सड़क मार्ग से दुर्घटना स्थल पर गये।

अमृतसर और कालका से शिमला जाने वाली मेलगाड़ियों को क्रमशः लुधियाना और राजपुरा में रोक दिया गया फिर वहीं से उन्हें लौटा दिया गया।

पांडे द्वारा संवेदना

राज्यपाल श्री बी.डी. पांडे ने इस दुर्घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारों से संवेदना व्यक्त की है।

समीक्षा आज

पंजाब के राज्यपाल की सलाहकार परिषद की कल यहां बैठक होगी, जिसमें आज तड़के मंडी गोबिन्दगढ़ में हुई रेल दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए रेल सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

केन्द्रीय रेलमंत्री गनी खान चौधरी तथा वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों द्वारा राज्यपाल भैरवदत्त पांडे तथा उनकी सलाहकार परिषद् के सदस्यों से भेंट कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा किये जाने की सम्भावना है।

भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब इकाई ने दुर्घटना पर आज गहरा दुःख और क्षोभ प्रकट किया। राज्य पार्टी के कार्यकारी सचिव गुरचरण सिंह रंधावा ने यहां जारी एक वक्तव्य में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की।

रस्म पगड़ी



आपको बहुत दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिता श्री गुरबात राम बीर जी 9.10.83 दिन रविवार को स्वर्ग सिधार गए हैं, उनकी रस्म पगड़ी 23.10.83 दिन रविवार को 2.00 बजे गुरु

पुलिस को स्वर्ण मंदिर में भेजा जाए—रामेश्वर

लखनऊ, 21 अक्तूबर (वार्ता): लोकदल के सचिव एवं सांसद रामेश्वर सिंह ने आरोप लगाया है कि संत जरनैल सिंह भिंडरांवाले पंजाब में आतंक व हिंसा का वातावरण तैयार करके साम्प्रदायिक विष पैदा करना चाहते हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने पंजाब समस्या पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शरण लेने वाले हिंसक तत्वों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को मंदिर में भेजा जाना चाहिए।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि श्री भिंडरांवाले पृथक सिख राज्य बनाना चाहते हैं और दूसरी ओर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपने पुत्र राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।

69 अकाली बंदी

अमृतसर, 21 अक्तूबर (पी.): आज यहां अकाली मोर्चे के सम्बन्ध में 69 व्यक्तियों ने गिरफ्तारी दी।

आज अमृतसर, कल जालंधर

पंजाब की स्थिति पर उच्चस्तरीय मंत्रणाएं

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (जी.एस. चावला): आज यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में पंजाब की ताजा स्थिति पर विचार किया गया। मंत्रिमंडलीय सचिव श्री कृष्ण स्वामी राव साहब, प्रधानमंत्री के मुख्य सचिव श्री पी.सी. एलग्जैंडर श्रीमती इंदिरा गांधी से जो बम्बई में हैं, सम्पर्क बनाए हुए हैं।

गृहमंत्री श्री सेठी ने बम्बई से गृह सचिव श्री चतुर्वेदी से सम्पर्क कायम कर पंजाब की स्थिति पर रिपोर्ट प्राप्त की।

गृह मंत्रालय ने राजधानी में सुरक्षा प्रबन्ध और कड़े कर दिए हैं। महत्वपूर्ण केन्द्रीय संस्थानों और संसद भवन के गिर्द विशेष सुरक्षा प्रहरी तैनात किए गए हैं।

प्रधानमंत्री के शनिवार प्रातः दिल्ली लौट आने की आशा है। वह यहां पहुंचते ही रेल मंत्री और गृह मंत्रालय से रिपोर्टें प्राप्त करेंगी और फिर केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक समिति द्वारा पंजाब की स्थिति की समीक्षा किए जाने की आशा है।

प्रधानमंत्री ने रेलमंत्री गनी खां चौधरी को, जो इंका महासमिति की बैठक के सिलसिला में बम्बई में ही थे, तुरन्त घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया है। उनके आज रात ही मौका पर पहुंचने की आशा है।

गश्ती दल गायब

पता चला है कि चंडीगढ़ और अम्बाला के बीच रेलवे लाइन पर गश्त के लिए भेजी गई दो सदस्यीय पार्टी का कोई सुराग नहीं है। आज शाम तक इन दोनों का कुछ पता नहीं चला। ख्याल है कि वे दुर्घटना के बाद डर के मारे भाग गए।

पंजाब में आतंकवादियों को सख्ती से दबाने के संकल्प के साथ इंका अधिवेशन समाप्त

बम्बई, 21 अक्तूबर (हि.स.): सभी दलों में शामिल भूतपूर्व कांग्रेसजनों को कांग्रेस के शताब्दी समारोह के पूर्व एक होने के आह्वान और पंजाब के आतंकवादियों को सख्ती से दबाने तथा सर्व शांति स्थापना के संकल्प के साथ आज शाम कांग्रेस (इ.) महासमिति का दो दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न हो गया।

इस अवसर पर सभी दलों के कांग्रेसजनों को एक होने का आह्वान स्वयं पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया जबकि पंजाब के आतंकवादियों को दबाने की मांग पार्टी महासचिव श्री राजीव गांधी ने की।

तीन वर्ष बाद हुये अधिवेशन का आयोजन स्थानीय षणमुखानंद हाल में किया गया, जहां आज से 20 साल पहलेसन् 1963 में भी महासमिति का अधिवेशन हुआ था जिसमें प्रधानमंत्री नेहरू अंतिम बार शामिल हुये थे।

इंदिरा का समापन भाषण

'वार्ता' के अनुसार श्रीमती गांधी ने अपने समापन भाषण में कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के मसले पर कांग्रेस (इ) कोई समझौता नहीं कर सकती। उन्होंने सभी लोकतंत्री तथा प्रगतिशील दलों और व्यक्तियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के मुद्दों पर सरकार को सहयोग की अपील की।

श्रीमती गांधी ने अपने समापन भाषण में कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में सम्पन्न हुआ जब देश को चारों ओर से खतरा है। हमें इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए आम जनता खासकर कांग्रेसजनों को

सभी भूतपूर्व कांग्रेसजनों को पार्टी में लौट आने की अपील : राजीव का देश में चार क्रांतियां लाने का नया नारा

बाखबर रखना होगा।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि अधिवेशन में पारित प्रस्तावों के संदेश को समझ कर महासमिति के सदस्य कांग्रेस संगठन को सभी स्तर पर मजबूत बनाने और कांग्रेस के संदेश को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे।

श्रीमती गांधी ने महासमिति के इस अधिवेशन को अब तक का सबसे अच्छा अधिवेशन बताया।

महासमिति ने दो दिन के अधिवेशन के दौरान देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति की विस्तार से समीक्षा की तथा पार्टी की नीति को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव पारित किये।

इंका महासचिव राजीव गांधी ने आज एक साथ चार क्रांतियां लाने का आह्वान किया।

उन्होंने महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये कहा कि ये क्रांतियां हैं - राजनीतिक, औद्योगिक, आर्थिक और इलैक्ट्रानिक। इनमें से राजनीतिक क्रांति आजादी के साथ आ गई, औद्योगिक क्रांति चल रही है, आर्थिक क्रांति भी चल रही है और अब हमें इनके साथ-साथ इलैक्ट्रानिक क्रांति भी लानी है।

कांग्रेस (इ) महासमिति में आर्थिक प्रस्ताव पर बहस में भाग लेते हुए श्री गांधी ने कहा कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में जो राष्ट्र-विरोधी गतिविधियां हो रही हैं, उन्हें अधिक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

उन्होंने विपक्षी राजनीतिक दलों से अपील की कि ऐसा कोई काम न करें जिससे देश के हितों को नुकसान पहुंचे।

श्री राजीव गांधी ने पंजाब के तथाकथित उग्रवादियों को वास्तव में इटली के 'रैड ब्रिगेड' और जर्मनी के बाडेन 'मेनर' जैसे आतंकवादी बताते हुए उन्हें कुचलने की कारगर कार्रवाई करने और जरूरत पड़ने पर इसके लिए कानून को भी बदलने का आह्वान किया।

इंदिरा गुमराह कर रही हैं : लौंगोवाल

अमृतसर, 21 अक्तूबर (यू.): अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचंद

इंका महाधिवेशन

झलकियां

■ श्रीमती गांधी ने बम्बई के एक अंग्रेजी दैनिक पर आरोप लगाया कि उसने एक 'पुरानी' तस्वीर छाप कर

पुजारी के परिवार को खत्म कर देने की धमकी

जालन्धर, 21 अक्तूबर (स्वत्र): यहां रेलवे कालोनी के मंदिर के पुजारी बलभ प्रसाद को दल खालसा की ओर से एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है जिसमें उन्हें और उनके परिवार के तीन सदस्यों को खत्म कर देने की धमकी दी गई है। यह पत्र जो गुरमुखी में लिखा है पुजारी को रजिस्टर्ड डाक से मिला है। लिफाफे पर लगी मोहरों को देखने से यह लगता है कि इस पत्र की रवानगी भी जालन्धर से कराई गई। पता चला है कि पत्र और लिफाफा जालन्धर के जिला पुलिस चीफ श्री भल्लर के हवाले कर दिया गया है। रेलवे कालोनी क्षेत्र में इस पत्र से आतंक का वातावरण फैला है।

वाल्मीकि प्रकटोत्सव

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (हि.स.): पंजाब, हरियाणा के अनेक नगरों तथा चंडीगढ़ में महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव परम्परागत हर्षोल्लास तथा श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर वाल्मीकि गाथा को बड़ी सुन्दरता से सजाया गया और वहां रामायण के पाठ तथा कीर्तन का आयोजन किया।

यहां पहुंचे समाचारों के अनुसार लुधियाना, अमृतसर, होशियारपुर, अंबाला आदि में शोभा यात्रा निकाली गई।

ई.एम.ई. का विजय अभियान जारी

होशियारपुर, 21 अक्तूबर (प्रसन्न): ई.एम.ई. जालधर ने सीनियर

उग्रवादियों ने संगरूर क्षेत्र में एक बैंक लूटा

लुटेरों की गोली से बैंक कर्मचारी घायल : साहनेवाल में बम मिला

फगवाड़ा में पैट्रोल पम्प मालिक को लूट लिया गया

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (प्रै.यू.): पंजाब में सरकार द्वारा उठाए गए कड़े कदमों के बावजूद उग्रवादियों की गतिविधियां जारी हैं। पांच सशस्त्र लुटेरों ने, जो उग्रवादी समझे जाते हैं,आज अपराह्न में संगरूर जिले में राष्ट्रीयकृत बैंक पंजाब एंड सिंध बैंक की गांव बब्बर शाखा से 76 हजार रुपए लूट लिए। लुटेरों ने एक बैंक कर्मचारी को गोली मारकर घायल कर दिया।

फगवाड़ा में 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गत रात्रि में एक पैट्रोल पम्प के मालिक व उनके सेल्समैन से पिस्तौल की नोक पर एक हजार रुपए लूट लिए।

एक अन्य समाचार के अनुसार लुटेरों की संख्या लगभग आधा दर्जन थी। बताया जाता है कि एक बैंक कर्मचारी ने लुटेरों का प्रतिरोध किया तो उन्होंने गोली चला दी जो उक्त कर्मचारी के कन्धे पर लगी है।

यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार जिला संगरूर के धनौला पुलिस थाने के अंतर्गत बब्बर गांव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा में सशस्त्र लुटेरे दोपहर में एक सफेद कार में आए। बैंक से 76 हजार रुपए लूट कर ले जाने से पहले इन लुटेरों ने एक बैंक कर्मचारी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लुटेरे बाद में उसी सफेद फिएट कार में बैठकर भाग गए।

पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है तथा अभियुक्तों की खोज में सक्रिय हो गई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार लुटेरों ने यह लूटपाट रिवाल्वर की नोक पर की।

धुरी से 'सिगला' के अनुसार उग्रवादियों ने बैंक के समक्ष कार से उतरते ही बैंक के गनमैन महेन्द्र सिंह को गोली से घायल कर दिया। उन्होंने सभी बैंक कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया। महेन्द्र सिंह के कंधे व मुंह में गोली लगी है। उसे राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला में भेजा गया है।

इस डकैती की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व जिलाधीश घटनास्थल पर पहुंच गये।

नाकेबंदी

पुलिस ने जिले भर में अभियुक्तों को पकड़ने के लिये नाकेबंदी कर दी है। पुलिस को आशा है कि शीघ्र ही ये बैंक लुटेरे पकड़ लिये जायेंगे।

पता चला है कि बैंक लूटने के बाद उग्रवादियों की यह कार हरिगढ़ नहर की ओर जाती देखी गई।

बताया जाता है कि बैंक लूटने में प्रयुक्त यह कार परसों लुधियाना से चुराई गई थी।

फगवाड़ा (म.) : गत रात्रि में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने स्थानीय एक पैट्रोल पम्प के मालिक श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल व उनके सेल्समैन भक्तन सिंह से 1000 रुपये लूट लिए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पैट्रोल पम्प का मालिक अपने सेल्समैन के साथ रात 8 बजे पैट्रोल पम्प बन्द करके घर जा रहा था कि तीन उग्रवादियों ने जिनमें दो केशधारी व एक मोना था, उन्हें पेचकस मांगने के बहाने रोक लिया और फिर पिस्तौल निकाल कर उन्हें सारे पैसे वहां रख देने को कहा। श्री गोपाल कृष्ण की जेब से 900 रुपए तथा सेल्समैन की जेब में से 100 रुपए निकले और उग्रवादी वे रुपए लेकर गोराया की ओर फरार हो गए। पुलिस को इस बात की सूचना दे दी गई है परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

बताया जाता है कि इन उग्रवादियों ने पहले दो और पैट्रोल पम्प लूटने की कोशिश की परन्तु उसमें असफल रहे।

एक अन्य समाचार के अनुसार लुटेरों ने श्री अग्रवाल व उनके सेल्समैन को गोली से उड़ाने की भी धमकी दी। वे श्री गोपाल कृष्ण के हाथ से घड़ी भी उतार ले गए।

बताया जाता है कि पुलिस घटनास्थल पर 12 बजे पहुंची।

लूटने की तीन घटनाएं

रामामंडी (राही) : गांव गुदराना व कालेवाली के मध्य पिछले 10 दिनों में लूटपाट की तीन घटनाएं हुईं।

बताया जाता है कि इन अज्ञात लुटेरों ने लोगों से सिर्फ नकदी ही छीनी, घड़ी इत्यादि नहीं।

बम बरामद

लुधियाना (हि.) : पुलिस ने निकटवर्ती कस्बे साहनेवाल से एक बम बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री भुल्लर ने बताया कि एक युवक उसे पीतल का टुकड़ा समझ कर कबाड़ी के यहां बेचने के लिए लाया था। कबाड़ी ने संदेह होने पर पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस ने बम को अपने कब्जे में ले लिया तथा सैनिक अधिकारियों को इससे अवगत करा दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह एक शक्तिशाली विदेश निर्मित बम है।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (प्र) : यहां से 30 किलो मीटर दूर एमा जट्टां के पास तीन मोटर साइकल सवारों ने, जिनके मोटर साइकल का नम्बर पी.बी. ओ. 5940 बताया जाता है, नहर के किनारे जा रहे एक स्कूटर सवार को घेर कर पिस्तौल की नोक पर उससे नकदी और स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

निहंग से हथगोला मिला

अमृतसर (हि. स.)—सुल्तान विंड गेट क्षेत्र में एक निहंग को पुलिस पर हमला करने के प्रयास में गिरफ्तार कर लिया गया।

निहंग के पास से एक हथगोला बरामद किया गया (शेष पृष्ठ 8 पर)

अमरीकी नौसैनिक लेबनान में बने रहेंगे

बैरूत, 24 अक्तूबर (ए. पी.): बैरूत में कल हुये दो बम विस्फोटों से तहस-नहस हुई इमारतों के मलबे में दबे किसी भी सैनिक के जीवित बचने की आशा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।

दोनों इमारतों में मलबे में अमरीका के 50 नौसैनिक तथा फ्रांस के 30 सैनिकों के अभी भी दबे होने की आशंका है। इस से पूर्व मृतकों की संख्या 161 तक पहुंच चुकी है।

फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस्वा मित्तरां आज अचानक बैरूत पहुंचे। उन्होंने दोनों दुर्घटना-स्थलों का निरीक्षण किया। श्री मित्तरां सात घंटे तक बैरूत में रहने के बाद स्वदेश लौट गये।

लेबनान रेडियो के अनुसार फ्रांस के रक्षा मन्त्री चार्ल्स हेरुन शांति सेना के सैनिकों की सुरक्षा प्रबन्ध बढ़ाये जाने के बारे में बातचीत करने के लिये बैरूत में रुक गये हैं। सीरिया ने विस्फोट में उसका हाथ होने का खंडन किया है।

अमरीकी विदेश विभाग के सूत्रों ने कहा है कि लेबनान में अमरीकी नौसैनिक बने रहेंगे। अमरीकी नौसैनिक कमांडर जनरल कैली बैरूत रवाना हो गये हैं। अमरीकी धारणा है कि इस कार्रवाई के पीछे ईरान का हाथ है।

पुलिस चीफ द्वारा बहादुर के मारे जाने की पुष्टि

एस. एस. पी. ने भिंडरांवाला से

था मोड़
ने सां-बाप
में अर्जी

तों शहर की औरतों
ने उसके मकान पर
था तथा उसके श्रद्धालुओं
मी की । इसके बाद वह



रीतू

मकान को ताला लगाकर
स्थान पर भाग गया ।
का कहना है कि यह भगत
कर लोगों तथा औरतों
दिया करता था। आजकल
गत किसी दूसरे शहर में
ाथ रह रहा है। परन्तु
लन्धरों को भी पता नहीं
है ।
के बाप इंद्रजीत सिंह ने
पुलिस डिवीजन नम्बर
इसके विरुद्ध पिछले दिनों
र्ज करवाया है कि वह
ी को अपहरण करके ले
लिस भी भगत की तलाश
और उसकी गिरफ्तारी

उग्रवादियों ने बैंक लूटा

(पृष्ठ 3 का शेष)

चंडीगढ़ में पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस और अर्द्ध-सैनिक बलों ने आज 'विश्राम' किया किन्तु अभियान अभी बंद नहीं हुआ। राज्य-भर में अब तक 225 उग्रवादियों, तस्करों और अन्य समाज विरोधी तत्वों को पकड़ा जा चुका है । अकेले जालन्धर में 166 गिरफ्तारियां हुई हैं ।

जालन्धर से 'खन्ना' ने समाचार दिया है कि उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मारने के अभियान के अन्तर्गत जालन्धर जिला में अभी तक 166 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है । अब तक 14 देसी पिस्तौल पकड़े गये हैं ।

जिले के 62 ग्रामों में पुलिस छापों का क्रम जारी है। शहरी क्षेत्रों में 33 व ग्रामीण क्षेत्रों में 133 लोग पकड़े गए हैं।

छापों में गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के लिए एक विशेष पुलिस सैल बनाया गया है जहां अभी तक 13 लोग पूछताछ के लिए भेजे जा चुके हैं। इनमें नवां शहर में पकड़ा गया एक ऐसा उग्रवादी भी शामिल है, जिसके पास से पंजाब के विभिन्न बम धमाकों में प्रयुक्त किए गए हथगोलों जैसा एच. ई. 36 हथगोला मिला है।

पूछताछ के दौरान उग्रवादियों के कई सम्पर्कों व उनके छिपने के ठिकानों का भी पता चला है।

जालंधर के एस. एस. पी. जी. आई. एस. भुल्लर ने बताया कि पुलिस की सक्रियता के कारण जिले में साधारण रूप से होने वाले अपराध भी घटे हैं।

श्री भुल्लर ने बताया कि जिस व्यक्ति से एच. ई.-36 हथगोला बरामद हुआ है, उससे व्यापक पूछताछ की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में हुई अनेक हिंसक घटनाओं में उग्रवादियों ने एच. ई.-36 हथगोले इस्तेमाल किये हैं । ये हथगोले आम तौर से फौजी स्टोरों में होते हैं । पुलिस यह पता लगा रही है कि अभियुक्त ने यह कहां से प्राप्त किया है और किस उद्देश्य से प्राप्त किया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अब तक राज्य के 12 में से आठ जिलों में उग्रवादियों की धरपकड़ की जा चुकी है ।

पंजाब में आम्री ट्रेनें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दुर्घटना के कारण रेलवे के जो क्षेत्र प्रभावित हुये थे, वे अब सामान्य हो गये हैं ।

स्मरण रहे कल 40 ट्रेनें रद्द करने की घोषणा की गई थी ।

रात्रि बस सेवा पुनः शुरू

चंडीगढ़ से 'परवाना' ने समाचार दिया है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश में रात्रि बस सेवाएं तत्काल शुरू करने का निर्णय किया है । यह जानकारी आज यहां मुख्यसचिव श्री वासुदेवा ने दी । उन्होंने बताया कि रात्रि में चलने वाली बसों की सुरक्षा के समुचित प्रबंधक किये जायेंगे ।

उल्लेखनीय है कि गत 6 अक्तूबर को कपूरथला के निकट डिलवां में उग्रवादियों द्वारा दिल्ली जा रही एक प्राईवेट डीलक्स बस के 6 यात्रियों की हत्या किए जाने के



स्वर्गीय वैद्य बालकिशन जी जो 25.10.1978 को स्वर्ग सिधार गए ।

पांचवीं बरसी

जहां हुई है जरूरत
हमें सहारे की,
आप इसी मोड़ पर
जुदा हुए हमसे ।

आपकी स्मृति में
कैलाश आयुर्वैदिक फार्मेसी (रजि.)
प्रीत नगर, खाडो वाली रोड,
जालन्धर शहर
(फोन-75009/ 78749)

टैक्स माफ

जय माता चिंत-पूर्णी



(पंजाबी) (रंगदार)
13वां सप्ताह-राज-अमृतसर
7वां सप्ताह प्रीतम पैलेस-जालन्धर
2रा सप्ताह-मैजिस्टिक-मोगा,
भारी रश-संदीप-अबोहर ।
आगामी प्रोग्राम-चंडीगढ़,अम्बाला, करनाल व पानीपत।

टैक्स माफ टैक्स माफ

वेहड़ा लम्बड़ां दा

(रंगदार) (पंजाबी)
सितारे-सतीश कौल, पद्मिनी कपिला, प्रवीण बूद, योगेश छाबा, मेहर मित्तल ।

2रा सप्ताह
सोसाइटी-लुधियाना, सन्त-जालंधर, रियाल्टो-अमृतसर, जोशी-फिरोज्पुर
भारी रश-अमर-कोटकपूरा ।
28 अक्तूबर से-पैराडाइज-कपूरथला

सिर्फ बालिगों के लिए



प्राईवेट लाईफ (रंगदार)
3रा सप्ताह-सिटी लाइट-अमृतसर
(स्वर्ण-जम्मू सुबह 10 बजे)
(सायन पायल-जालन्धरमें 10बजे सुबह)
भारी रश-तौखा-लुधियाना

धर्मेन्द्र पेश करते हैं
अपने लड़के सन्नी दियोल को पहली बार



12वां सप्ताह
लाल रत्न-जालंधर,
गगन-अमृतसर, शृंगार-लुधियाना,
के. सी.-चंडीगढ़, हरबंस-पटियाला,
ज्यूल-जम्मू, प्लेडियम-श्रीनगर,
पैलेस-रोहतक
हर शनिवार रात के 9.30 बजे
रेडियो पर खास प्रोग्राम सुनिए

उग्रवादी अमृतसर से आए, सिपाही पर गोली चलाने की कोशिश : पंजाब पुलिस जांच की तरह

दिल्ली में 4 उग्रवादी पुलिस घेरे से फरार, पाक शस्त्र मिले

नई दिल्ली, 25 अक्तूबर (प्रे.यू.): दिल्ली पुलिस ने निरंकारी प्रमुख हरदेव सिंह की हत्या करने के लिए अमृतसर से भेजे गए 5 उग्रवादियों में से एक को कड़ी मुठभेड़ के बाद पकड़ कर, निरंकारी प्रमुख की हत्या के षड्यंत्र को विफल कर दिया। गिरफ्तार उग्रवादी हरभजन सिंह के पास से पाकिस्तान निर्मित एक रिवाल्वर भी बरामद हुआ। गिरफ्तार किए जाने से पूर्व हरभजन सिंह ने एक सिपाही पर गोली चलाने का प्रयास किया। उसके साथी चार अन्य उग्रवादी पुलिस की घेराबंदी तोड़कर फरार हो गए।

पुलिस का दावा है कि हरभजन सिंह को यहां हाल में हुए निरंकारी मिशन के वार्षिक सम्मेलन में निरंकारी बाबा हरदेव सिंह की हत्या करने के लिए अमृतसर से भेजा गया था।

पुलिस आयुक्त सुभाष टंडन ने संवाददाताओं को बताया कि हरभजन सिंह नाम का वह उग्रवादी चार अन्य के साथ एक तीन पहिये वाले स्कूटर पर जा रहा था। जब पुरानी दिल्ली के तीस हजारी चौक पर एक घेराबंदी में उसे रोका गया तो उसने एक कांस्टेबल पर गोली चलाने की कोशिश की लेकिन ट्रिगर दबाने से पहले ही उस पर काबू पा लिया गया।


उसके पास से पाकिस्तान में बनी बेल्जे स्काट 32 रिवाल्वर और 15 रक्त गोलियां और बारह बोर की एक पिस्तौल तथा 12 कारतूस बरामद हुई। श्री टंडन ने बताया कि उसके साथी अंधेरे के कारण भाग निकले।

गिरफ्तारी कल रात ढाई बजे की गई।

श्री टंडन ने बताया कि नशे के आदी हरभजन ने पूछताछ करने वालों को बताया कि बाबा हरदेव सिंह और अन्य वरिष्ठ निरंकारी कार्यकर्ताओं की हत्या करने के लिए उसे सतिंदर जीत सिंह नामक एक व्यक्ति ने भेजा था।

उसके पास से पुलिस ने गुरुमुखी में छपा साहित्य भी बरामद किया। उन कागजों में कहा गया है कि संत जरनैल सिंह भिंडरांवाले पर जालंधर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक अटवाल की हत्या में शामिल होने का मिथ्या आरोप लगाया जा रहा है। श्री अटवाल को इसी वर्ष अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के सामने गोली मार दी गई थी।

उन कागजों में दावा किया गया है कि इस अपराध में दरबारासिंह सरकार का हाथ है। कागजों के अनुसार चूंकि श्री अटवाल एक ईमानदार और नेक व्यक्ति थे, इसी



निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

वजह से प्रशासन उन्हें नापसन्द करता था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (रेंज) निखिल कुमार ने बताया कि हरभजन ने 1981 में कपूरथला में एक निरंकारी की हत्या करने का अपराध भी स्वीकार किया है। उसने कुछ अन्य निरंकारियों की भी हत्यायें की हैं।

उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस के गुप्तचर विभाग को गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है। जांच-पड़ताल में मदद के लिए उनसे एक अधिकारी भेजने के लिए कहा गया है।

हरभजन को कल एक मैजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। उसे दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया गया।

श्री टंडन ने कहा कि गिरफ्तार करने वाले कांस्टेबल को हैड कांस्टेबल बना दिया गया है। उसे एक हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया गया है। उसे शौर्य पुरस्कार दिलवाने की भी सिफारिश की गई है। श्री टंडन ने कांस्टेबल का नाम नहीं बताया क्योंकि ऐसा करने से वह उग्रवादियों की नजर में आ जायेगा।

श्री टंडन के अनुसार पूछताछ के दौरान पता चला है कि सतिंदर जीत सिंह उर्फ पी.टी. ही पंजाब व दिल्ली में उग्रवादी गतिविधियों का संचालन कर रहा है। सतिंदर जीत सिंह ने इन पांचों को निरंकारी बाबा हरदेव सिंह या अन्य किसी भी प्रमुख निरंकारी नेता की हत्या के लिए भेजा था।

पूछताछ में मदद के लिए पंजाब सी.आई. डी. की एक विशेष टीम दिल्ली आ रही है।

जब तीस हजारी चौक पर उग्रवादियों के थ्री व्हीलर को रोक कर उनसे सामान्य रूप से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना सामान खोल कर दिखाने से इंकार कर दिया। हरभजन सिंह थ्री व्हीलर के बाहर निकल आया और पिस्तौल निकाल कर एक सिपाही पर गोली चलाने की कोशिश की पर उस पर काबू पा लिया गया। इस चैक पोस्ट पर दो निहत्थे सिपाही तैनात थे।

बहराइच में फायरिंग 2 मरे, कर्फ्यू

लखनऊ, 25 अक्तूबर (यू): आज प्रातः हिंसक भीड़ द्वारा आगजनी, लूटपाट किए जाने के बाद पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें 2 लोग मारे गए व 19 घायल हो गए। बाद में वहां कर्फ्यू लगा दिया गया। हिंसा के संबंध में 3 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

राष्ट्रपति का पंजाब की स्थिति पर इंदिरा, विपक्ष और कुछ अकाली नेताओं से सम्पर्क

नई दिल्ली, 25 अक्तूबर (जी.एस. चावला): केन्द्र की यह बात अकालियों पर छोड़ देने की योजना है कि वार्ता केन्द्र और अकालियों के मध्य सीधी हो या इसमें विपक्षी दलों को भी शामिल किया जाए।

गृहमंत्री श्री पी. सी. सेठी अकालियों को वार्ता शुरू करने का निमंत्रण देने के लिए सम्भवतया आज रात्रि या बुधवार को अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचंद सिंह लौंगोवाल को पत्र लिखेंगे। वे अपने पत्र को आज सायं तक प्रधानमंत्री सचिवालय के साथ परामर्श करके अंतिम रूप देते रहे।

सूत्रों के अनुसार वार्ता के लिए मोर्चे को स्थगित करने की कोई पूर्व शर्त नहीं होगी, परन्तु श्री सेठी अपने पत्र में अकाली दल के प्रधान को अपना आंदोलन मुअत्तिल करने की अपील कर सकते हैं। सोमवार को अपने मंत्रालय की परामर्शदाता समिति की बैठक में उन्होंने अकालियों को पहले ही ऐसी अपील सार्वजनिक रूप से कर रखी है।

सरकार इस बात की काफी सावधानी रख रही है कि पत्र की भाषा को अकाली वार्ता रद्द करने का बहाना न बना सकें। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार अकाली वार्ता के निमंत्रण को स्वीकार कर सकते हैं लेकिन सम्भवतया वे त्रिपक्षीय वार्ता को अधिमान दें।

सरकार वार्ता के लिए किसी तिथि का सुझाव नहीं दे रही, यह अकालियों के उत्तर आने पर निर्भर करता है। अकालियों के वार्ता के लिए सहमत होने पर वार्ता की तिथि, समय और स्थल का निर्णय किया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार सोमवार को गृहमंत्री ने अपने मंत्रालय की सलाहकार समिति में अकालियों को निमंत्रण देने की घोषणा की थी, वह निर्णय अचानक नहीं किया गया। इस घोषणा से पूर्व काफी कार्य किया गया। विपक्षी दलों और इंका के कई वरिष्ठ नेता वार्ता शुरू कराने की पैदा करने के लिए विपक्षी नेताओं के साथ संयुक्त रूप से प्रयास करेंगे। संयुक्त मोर्चे के नेताओं को आशा है कि अकाली राज्य में शांति और सामान्य स्थिति के लिए शक्त तत्व का सम्भवतया सहारा लें।

कोलीशन बारे खंडन पर वाजपेयी हैरान

'वार्ता' के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा है कि गृहमंत्री प्रकाश चन्द्र सेठी ने अपने मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में कल यह संकेत दिया कि कांग्रेस (इ) पंजाब में अकालियों के साथ मिल कर सांझी सरकार बनाने को तैयार है। श्री वाजपेयी ने गृह मंत्रालय के कुछ प्रवक्ताओं द्वारा इस बात का खंडन करने पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि गृहमंत्री ने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं किया है।

लौंगोवाल ने टिप्पणी

पक्खोवाल में उग्रवादियों ने बैंक लूटा, गार्ड की गोली से हत्या

24 घंटों में पंजाब एंड सिंध बैंक की दूसरी शाखा निशाना बनी

जगराओं के पास पैट्रोल पम्प, शराब ठेका भी लुटे

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (प्रै. यू. हि.) —पंजाब में सशस्त्र लुटेरों और उग्रवादियों द्वारा लूटपाट व हत्याओं का क्रम जारी है। जिला संगरूर के बब्बर गांव में स्थित एक बैंक को लूटने की घटना के 24 घंटों के भीतर ही एक कार में सवार 5 सशस्त्र लुटेरों ने, जो उग्रवादी समझे जाते हैं, जिला लुधियाना के पक्खोवाल में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा के गनमैन को गोली मारदी व बैंक से 40 हजार रुपए लूटकर भाग गए।

सशस्त्र उग्रवादियों के गिरोह ने कल रात्रि में जगराओं के निकट एक पैट्रोल पम्प और एक शराब के ठेके को भी लूट लिया।

लुधियाना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री डी. एस. भुल्लर ने पक्खोवाल बैंक डकैती के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लुटेरों ने बैंक में प्रवेश करने से पूर्व बैंक के गनमैन हरदयाल सिंह को गोली मार कर हत्या कर दी। बाद में इस गिरोह के 2 सदस्य अंदर खजांची के पास गए तथा पिस्तौल की नोक पर 40 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

क्षेत्र की नाकेबन्दी

श्री भुल्लर ने बताया कि क्षेत्र की नाकेबंदी करदी गई है तथा इन लुटेरों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

'यू. न्यू.' के अनुसार बैंक से लुटेरे 25 हजार रुपए लूटकर ले गए।

कार चोरी की

समझा जाता है कि उग्रवादियों के इस गिरोह द्वारा बैंक लूटने में प्रयुक्त सफेद फिएट कार संभवतः वही है, जिसे 2 दिन पूर्व लुधियाना के इंडस्ट्रीयल एरिया से चुराया गया था।

पुलिस सूत्रों का अनुमान है कि यह वही गिरोह है जिसने कल संगरूर जिले में बब्बर गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 50 हजार रुपए लूट लिए थे। बैंक के गनमैन को गोली चलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस का यह भी कहना है कि गत रात्रि में जगराओं के निकट पैट्रोल पम्प लूटने व शराब के ठेके को लूटने में इसी गिरोह का हाथ है।

पैट्रोल पम्प व शराब का ठेका लूटा

लुधियाना से 40 किलो मीटर दूर जगराओं में जगराओं-लुधियाना रोड पर एक कार में सवार 4 सशस्त्र अज्ञात सिख युवक पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प से 2 हजार रुपए लूट कर भाग गए।

जगराओं से 'जगरावी' के अनुसार ये लुटेरे पैट्रोल पम्प से एक ट्रांजिस्टर, हाथ की घड़ी और मोबिल आयल के डिब्बे भी उठाकर ले गए।

पुलिस के अनुसार अभी तक इन लुटेरों का पता नहीं चल सका है।

'हि. स.' के अनुसार ये लुटेरे अम्बैसेडर कार में आए थे।

जगराओं से 4 किलोमीटर दूर सिधवां में 4 सशस्त्र लुटेरों ने शराब के ठेके से 100 रुपए लूट लिए।

बताया जाता है कि जब ये लुटेरे शराब के ठेके पर पहुंचे तो इस ठेके का ठेकेदार अपनी दिन भर की बिक्री की राशि अपने घर भेज चुका था। उस समय उसके पास केवल 100 रुपए ही थे, जिन्हें लुटेरे लूटकर भाग गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री भुल्लर ने बताया कि पुलिस ने लूटपाट की इन दो घटनाओं के संबंध में अलग-अलग केस दर्ज कर लिए हैं।

एक अन्य समाचार के अनुसार कार में सवार ये उग्रवादी लुधियाना-फिरोजपुर मार्ग पर [illegible] जाते हुए देखे गए।

गनमैन ने एक लुटेरे को पकड़ लिया था

लुधियाना से हमारे प्रतिनिधि 'जोशी' के अनुसार 5 सशस्त्र सिख युवक पक्खोवाल स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा में आए तथा बैंक से 34700 रुपये लूट ले गए। घटना के समय बैंक के मैनेजर बैंक में नहीं थे। वे इसकी सूचना प्राप्त होते ही तुरन्त बैंक में पहुंच गए।

बैंक के गनमैन हरदयाल सिंह ने इन उग्रवादियों का प्रतिरोध करने का प्रयास किया था।

'मुसाफिर' के अनुसार उग्रवादियों में से एक को गनमैन हरदयाल सिंह ने पकड़ लिया था जिस पर एक अन्य उग्रवादी ने हरदयाल सिंह को गोली मार कर हत्या कर दी।

बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इन लुटेरों के बैंक के अंदर पहुंचने पर बैंक के 5 कर्मचारी इधर-उधर छिप गए पर खजांची अपने स्थान पर ही रहा। बैंक से धनराशि लूटने के बाद ये लुटेरे कार में फरार हो गए।

बताया जाता है कि बैंक लूटने से पहले ये लुटेरे काफी समय पूर्व गांव में एक स्थान पर अपनी कार खड़ी करके रुके रहे। जब ग्रामीणों ने इनसे पूछा कि वे किससे मिलना चाहते हैं तो उन्होंने कोई भी उत्तर नहीं दिया।

एक अन्य समाचार के अनुसार लुटेरे 4 की संख्या में थे और 11 बजे बैंक में आए। इन लुटेरों को गनमैन हरदयाल सिंह, जो भूतपूर्व सैनिक था, ने उन्हें बैंक में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की। उस पर इन लुटेरों ने पिस्तौल से चार गोलियां चलाईं जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

लुटेरे गनमैन की राइफल भी अपने साथ ले गए।

बैंक के पांच कर्मचारी व एक ग्राहक उस समय वहां उपस्थित थे। वे घबरा कर एक कमरे में छिप गए व उन्होंने भीतर से दरवाजे को बन्द कर लिया।

पैट्रोल पम्प रात को बंद रहेंगे

फगवाड़ा से 'प्रै. ट्र' ने समाचार दिया है कि फगवाड़ा जिले के सभी पैट्रोल पम्पों के मालिकों ने आज यहां अपनी बैठक में निर्णय लिया कि वे प्रातः 7 बजे से सायं 6.30 बजे तक ही अपने पैट्रोल पम्पों को खुला रखेंगे। यह कदम उग्रवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प मालिक को लूटने की घटना के बाद लिया गया है।

दम्पति से स्कूटर छीना

'खोखला' से डाक्टर [illegible] फगवाड़ा से 30 किलोमीटर दूर फगवाड़ा-माहिलपुर रोड पर कोट फतूही के निकट स्कूटर पर सवार एक दम्पति को रोक कर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए। एक हमलावर के पास राइफल थी और दो के पास लाठियां।

दुकानदार को लूटा

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार जिला पुलिस द्वारा मल्लांवाला के दुकानदार श्री श्याम लाल को लूटने वाले 3 अज्ञात सिख युवकों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ये सशस्त्र लुटेरे श्री श्याम लाल से उनका नया [illegible] स्कूटर व 15 रुपए छीन कर गए। बताया जाता है कि श्री श्याम लाल फिरोजपुर से दवाइयां खरीद कर मल्लांवाला जा रहे थे तो गत सायं अट्टारी गांव के निकट पुल पर मोटर साइकिल सवार उक्त 3 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया।

गोलियों से छलनी शव बरामद

अमृतसर, 25 अक्तूबर (प्रै.) नगर की मकबलपुरा आबादी से एक अज्ञात सिख युवक का गोलियों से छलनी शव मिला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शव एक कपड़े में लिपटा था। छाती और कन्धे पर गोलियों के घाव हैं। शव सीवरेज नाले से मिला है। पुलिस ने धारा 302 के अधीन केस दर्ज कर लिया है।

पिछले चार महीनों में शहर के गंदे नालों से मिलने वाला यह पांचवां शव है।

की हत्या का त घायल

उल्लेखनीय है कि यहां एक वरिष्ठ कूटनीतिक राजनयिक की गत वर्ष गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उसके हत्यारे का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी।

15 हजार रु. इनाम

दिल्ली पुलिस [illegible]

के गंदे नालों में से मिलने वाला यह पांचवां शव है।

थ्री व्हीलर पकड़ा गया

पुलिस ने उस थ्री व्हीलर को

बम हौआ !

नई दिल्ली, 26 अक्तूबर (वार्ता): दिल्ली में आज दो जगह बम रखे होने की अफवाहें फैलीं, लेकिन जांच करने पर यह झूठी साबित हुई।

पहली घटना में एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन किया कि करोल बाग के एक स्कूल में बम रखा हुआ है। एक अन्य व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि व्यापारिक प्रतिष्ठान राजेन्द्रा प्लेस में बम रखा हुआ है। पुलिस ने दोनों जगहों की तलाशी ली लेकिन कोई भी बम नहीं मिला।

वल्टोहा और ढंडारी कलां के निकट ट्रेनें उलटाने का प्रयास विफल

अमृतसर, 26 अक्तूबर (प्रे.): यहां प्राप्त सरकारी सूचना के अनुसार आज सायं एक गश्ती पार्टी को समय पर तोड़-फोड़ का पता चल जाने से खेमकरण-अमृतसर ब्रांच लाइन पर एक भीषण रेल-दुर्घटना होते-होते बची। वल्टोहा के निकट रेल की तीन फिश प्लेटें उखड़ी पाई गईं। बताया गया है कि गश्ती पार्टी को यात्री गाड़ी गुजरने से आधा घंटा पहले फिश प्लेटें उखड़ी होने का पता चला।

बैंक के खजांची परमजीत ने बताया कि आज प्रातः 10 बज कर 35 मिनट पर दो स्कूटरों पर चार व्यक्ति आए और उनमें से तीन बैंक में दाखिल हुए और एक मेन गेट पर खड़ा रहा। इन तीनों में से एक हाल में खड़ा हो गया, एक बैंक मैनेजर सुभाष कोछड़ के पास तथा एक खजांची के पास चला गया। मैनेजर के पास गए लुटेरे ने कैश के बारे में अंग्रेजी में पूछा कि तुम्हारा कैश कहां है। इस पर बैंक मैनेजर ने कहा कि कैश खजांची के पास है। जब खजांची के पास खड़े लुटेरे ने खजांची से कैश के बारे में पूछा तो उसने कैश बता दिया। इस पर इस लुटेरे ने कहा कि तुम आंखें बन्द कर लो अन्यथा गोली मार दूंगा। खजांची इसे सेफ में से निकाल कर लाया था, लुटेरे लेकर फरार हो गए।

एक की शिनाख्त

मेहतां गांव का एक युवक एक हजार रुपये जमा करवाने के लिए आया हुआ था। उसने तथा गांव वासियों ने एक लुटेरे की पहचान कर ली है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कप्तान श्री आर. एस. चालिहा मौके पर पहुंच गए। बाद में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति की शिनाख्त कर ली गई है। वह गांव गंडवां का रहने वाला है और उसका उक्त बैंक में अपना खाता भी है। वह अफीम की तस्करी और राहजनी भी करता है। इसके अलावा वह फगवाड़ा, जालंधर और होशियारपुर में भी जेल काट चुका है।

लुटेरे बैंक लूटने के बाद गांव गंडवां, गुरदासपुर, चहेड़ की ओर से होते हुए जालंधर की ओर गए हैं। श्री चालिहा ने बताया कि इस बैंक डकैती में उग्रवादियों का कोई हाथ नहीं है और ये लुटेरे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब भर में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और नाकेबन्दी कर दी गई है।

डी. एस.पी. मुख्त्यार सिंह इन लुटेरों का पीछा कर रहे हैं।

खोसला के अनुसार जब बैंक लूटने की घटना हुई उस समय बैंक के अंदर सिर्फ पांच व्यक्ति थे। एक डकैत बाहर स्कूटरों के पास खड़ा रहा जबकि 3 बैंक में दाखिल हो गए। उनमें से एक गेट पर खड़ा हो गया जबकि दूसरा बैंक के अंदर तथा तीसरा पिस्तौल हाथ में लेकर मैनेजर के पास गया और कहा कि सारा कैश उसके हवाले कर दिया जाए। मैनेजर ने कहा कि कैश तो कैशियर के पास है। इस पर उस डकैत ने उसे अंग्रेजी में कहा, "बैल, कम विद मी।" (मेरे साथ चलो) कैशियर के पास कुल 80 हजार रुपया था जो डकैत ने समेट कर अपने बैग में डाल लिया।

यह भी बताया गया है कि रुपया काबू करने के बाद डकैतों ने बैंक के सभी व्यक्तियों को धकेल कर स्ट्रांग रूम में बन्द कर दिया और स्कूटरों पर चढ़ कर फरार हो गए।

गोली मारी गई

होशियारपुर : गत सायं यहां से 70 किलोमीटर दूर मुकेरियां के पास ग्राम बरनाला में अजीत सिंह व राजपाल नामक दो लोगों ने जागीर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना के समय जागीर सिंह खेत में अपनी हवेली में था। दोनों हमलावर फरार हो गए। इसका कारण भूमि विवाद बताया जाता है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अकाली दल व सरकार में नए टकराव के आसार

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (हि.स.) : पंजाब के विवाद को लेकर अगले कुछ दिनों में सरकार तथा अकाली दल के मध्य 'टकराव' को नजरअंदाज करना कठिन नजर आ रहा है। अकाली दल तथा सरकार दोनों इस सम्बन्ध में अपनी-अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने स्पष्ट शब्दों में भविष्य में विपक्षीय वार्ता को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अकाली दल को उनकी मांगों पर बातचीत करने की पेशकश तो की है किन्तु अपनी पेशकश में उन्होंने यह बात स्पष्ट नहीं की कि वार्ता के लिए केन्द्र अकाली दल को विधिवत तौर पर आमंत्रित करेगा अथवा नहीं।

के प्रधान सन्त हरचंद सिंह लौंगोवाल ने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है यहां के राजनीतिक क्षेत्रों में उसे बहुत सख्त समझा जा रहा है और यह समझा जा रहा है कि अकाली दल जहां विपक्ष का साथी बना रहेगा वहां बिना आमंत्रण के स्वयं वार्ता के लिए तैयार नहीं होगा और गेहूं की बुआई के बाद जबकि किसान खाली हो जायेंगे अपने आंदोलन को और तेज करने की योजना बनायेगा। इस समय किसानों की व्यस्तता के दृष्टिगत ही अकाली दल आंदोलन को धीमी गति से जारी रखे हुए है और आने वाले अनुकूल समय की प्रतीक्षा में है।

अकाली नेता सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मारे जा रहे पुलिस

1.11.83 का प्रिंट आर्डर

पंजाब केसरी	2,43,065
हिन्द समाचार	74,440
जगबाणी	38,460
योग	3,55,965

मोहाली के कई मंदिरों को गिराने के नोटिस

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (एन.एस. परवाना): सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा मोहाली की ओर से प्राप्त सूचना के अनुसार मोहाली में कई मंदिरों को गिराने के नोटिस जारी किए गए हैं, जिसके विरुद्ध सभा ने भारी चिन्ता

लुटेरे स्कूटरों पर आए, वारदात के बाद जालन्धर की ओर भाग गए, पुलिस द्वारा पीछा

अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग से 3 घायल

ट्रेन उलटाने के प्रयास : 4 उग्रवादी बन्दी, टैक्सी का अपहरण कर पैट्रोल पम्प लूटा

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (यू.पी.आई.नि., हि.स.): उग्रवादियों ने आज फगवाड़ा के निकट एक बैंक लूट लिया। पठानकोट के पास फिश प्लेटें हटा कर एक ट्रेन उलटाने का प्रयास किया, गुरदासपर जिले में एक टैक्सी अपहृत करके उसके जरिये एक पैट्रोल पम्प लूट लिया।

आज फगवाड़ा नगर से चार किलोमीटर दूर गांव मेहतां में प्रातः साढ़े दस बजे के करीब चार व्यक्तियों ने "दी ट्रेडज बैंक लिमिटेड मेहतां, को लूट लिया।

लुटेरे बैंक में से 80964 रुपए 35 पैसे की राशि ले गए। ये लुटेरे दो स्कूटरों पर सवार होकर आए। इनमें दो सरदार और दो मोने युवक थे। जो मोने युवक थे उन्होंने अपने चेहरे ढांपे हुए थे। दो सरदार युवकों के पास पिस्तौलें थीं और एक मोने युवक के पास बारह बोर की एक बन्दूक थी तथा एक खाली हाथ था। एक सरदार आसमानी रंग की और दूसरा लाल रंग की पगड़ी पहने था। उस समय बैंक में 5 कर्मचारी थे।

लुटेरों ने एक बैंक कर्मचारी के 3600 रुपये तथा घड़ी भी लूट ली।

बैंक के खजांची परमजीत ने बताया कि आज प्रातः 10 बज कर 35 मिनट पर दो स्कूटरों पर चार व्यक्ति आए और उनमें से तीन बैंक में दाखिल हुए और एक मेन गेट पर खड़ा रहा। इन तीनों में से एक हाल में खड़ा हो गया, एक बैंक मैनेजर सुभाष कोछड़ के पास तथा एक खजांची के पास चला गया। मैनेजर के पास गए लुटेरे ने कैश के बारे में अंग्रेजी में पूछा कि तुम्हारा कैश कहां है। इस पर बैंक मैनेजर ने कहा कि कैश खजांची के पास है। जब खजांची के पास खड़े लुटेरे ने खजांची से कैश के बारे में पूछा तो उसने कैश बता दिया। इस पर इस लुटेरे ने कहा कि तुम आंखें बन्द कर लो अन्यथा गोली मार दूंगा।

कैश, जोकि एक लोहे के ट्रंक में था, और पांच मिनट पहले ही खजांची इसे सेफ में से निकाल कर लाया था, लुटेरे लेकर फरार हो गए।

एक की शिनाख्त

मेहतां गांव का एक युवक एक हजार रुपये जमा करवाने के लिए आया हुआ था। उसने तथा गांव वासियों ने एक लुटेरे की पहचान कर ली है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कप्तान श्री आर. एस. चालिहा मौके पर पहुंच गए। बाद में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति की शिनाख्त कर ली गई है। वह गांव गंडवां का रहने वाला है और उसका उक्त बैंक में अपना खाता भी है। वह अफीम की तस्करी और राहजनी भी करता है। इसके अलावा वह फगवाड़ा, जालंधर और होशियारपुर में भी जेल काट चुका है।

लुटेरे बैंक लूटने के बाद गांव गंडवां, गुरदासपुर, चहेड़ू की ओर से होते हुए जालंधर की ओर गए हैं। श्री चालिहा ने बताया कि इस बैंक डकैती में उग्रवादियों का कोई हाथ नहीं है और ये लुटेरे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब भर में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और नाकेबन्दी कर दी गई है।

डी. एस.पी. मुख्त्यार सिंह इन लुटेरों का पीछा कर रहे हैं।

खोसला के अनुसार जब बैंक लूटने की घटना हुई उस समय बैंक के अंदर सिर्फ पांच व्यक्ति थे। एक डकैत बाहर स्कूटरों के पास खड़ा रहा जबकि 3 बैंक में दाखिल हो गए। उनमें से एक गेट पर खड़ा हो गया जबकि दूसरा बैंक के अंदर तथा तीसरा पिस्तौल हाथ में लेकर मैनेजर के पास गया और कहा कि सारा कैश उसके हवाले कर दिया जाए। मैनेजर ने कहा कि कैश तो कैशियर के पास है। इस पर उस डकैत ने उसे अंग्रेजी में कहा, "बैल, कम विद मी।" (मेरे साथ चलो) कैशियर के पास कुल 80 हजार रुपया था जो डकैत ने समेट कर अपने बैग में डाल लिया।

यह भी बताया गया है कि रुपया काबू करने के बाद डकैतों ने बैंक के सभी व्यक्तियों को धकेल कर स्ट्रांग रूम में बन्द कर दिया और स्कूटरों पर चढ़ कर फरार हो गए।

गोली मारी गई

होशियारपुर : गत सायं यहां से 70 किलोमीटर दूर मुकेरियां के पास ग्राम बरनाला में अजीत सिंह व राजपाल नामक दो लोगों ने जागीर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना के समय जागीर सिंह खेत में अपनी हवेली में था। दोनों हमलावर फरार हो गए। इसका कारण भूमि विवाद बताया जाता है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अकाली दल व सरकार में नए टकराव के आसार

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (हि.स.) : पंजाब के विवाद को लेकर अगले कुछ दिनों में सरकार तथा अकाली दल के मध्य 'टकराव' को नजरअंदाज करना कठिन नजर आ रहा है। अकाली दल तथा सरकार दोनों इस सम्बन्ध में अपनी-अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने स्पष्ट शब्दों में भविष्य में विपक्षीय वार्ता को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अकाली दल को उनकी मांगों पर बातचीत करने की पेशकश तो की है किन्तु अपनी पेशकश में उन्होंने यह बात स्पष्ट नहीं की कि वार्ता के लिए केन्द्र अकाली दल को विधिवत तौर पर आमंत्रित करेगा अथवा नहीं।

प्रधानमन्त्री द्वारा विपक्ष पर लगाए गए आरोपों पर अकाली दल के प्रधान सन्त हरचंद सिंह लौंगोवाल ने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है यहां के राजनीतिक क्षेत्रों में उसे बहुत सख्त समझा जा रहा है और यह समझा जा रहा है कि अकाली दल जहां विपक्ष का साथी बना रहेगा वहां बिना आमंत्रण के स्वयं वार्ता के लिए तैयार नहीं होगा और गेहूं की बुआई के बाद जबकि किसान खाली हो जायेंगे अपने आंदोलन को और तेज करने की योजना बनायेगा। इस समय किसानों की व्यस्तता के दृष्टिगत ही अकाली दल आंदोलन को धीमी गति से जारी रखे हुए है और आने वाले अनुकूल समय की प्रतीक्षा में है।

अकाली नेता सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मारे जा रहे पुलिस छापों से भी खिन्न हैं। अब तक पौने दो हजार के लगभग जो गिरफ्तारियां हुई हैं, पुलिस सूत्रों के अनुसार उनमें

1.11.83 का प्रिंट आर्डर	
पंजाब केसरी	2,43,065
हिन्द समाचार	74,440
जगबाणी	38,460
योग	3,55,965

मोहाली के कई मंदिरों को गिराने के नोटिस

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (एन.एस. परवाना): सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा मोहाली की ओर से प्राप्त सूचना के अनुसार मोहाली में कई मंदिरों को गिराने के नोटिस जारी किए गए हैं, जिसके विरुद्ध सभा ने भारी चिन्ता व्यक्त की है। इस सम्बन्ध में सभा ने पंजाब के राज्यपाल से भेंट करने का निर्णय किया है।

लुधियाना में तलाशियां

लुधियाना : स्थानीय पुलिस ने केन्द्रीय सुरक्षा बल के सहयोग से कल यहां अब्दुल्लापुर बस्ती के घरों की तलाशी ली और चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान 25 किलोग्राम अफीम,आधा किलो चरस और कुछ अवैध हथियार मिले हैं।

जालन्धर में छापे

जालन्धर : अर्ध सैनिक बलों ने जिले के 32 ग्रामों में छापे मार कर 30 समाज विरोधी तत्वों व अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस अधीक्षक जी.आई.एस. भुल्लर ने कहा कि पिछले 14 दिनों में मारे गए छापों के दौरान 238 ग्रामों में तलाशियां ली गई और 412 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 17 आग्नेयास्त्र, एक एच. ई.-36 हथगोला भी बरामद हुआ है।

45 मिनट फायरिंग

अमृतसर (सोनी) : गत रात्रि 9-10 बजे के मध्य अमृतसर के आंतरिक क्षेत्र लछमनसर में कुछ उग्रवादियों ने गोलियां चलाकर लोगों में आतंक पैदा करने की कोशिश की। इसी दौरान उनका डेरा के महंतों से झगड़ा हो गया। फिर लगभग 45 मिनट तक दोनों ओर से गोलियां चलीं। लोगों में यह कहा जा रहा है कि उग्रवादियों की बढ़ रही कार्रवाइयों के कारण अब गोलियां चलना तो आम बात हो गई है। गत रात की फायरिंग में एक सिख नौजवान कृपाल सिंह तथा गली गुजरां की एक 15 वर्षीय लड़की गोलियों के छर्रे लगने से घायल हुए तथा दोनों अस्पताल में दाखिल हैं।

सूचना पाकर भारी संख्या में पुलिस बल जिनमें सी.आर.पी., बी.एस. एफ. के जवान भी शामिल थे, मौके पर पहुंचे तथा फायरिंग करने वालों को घेरे में लेने की कोशिश की लेकिन वे तंग गली में से निकल कर भाग गए।

बताया जाता है कि दो उग्रवादियों का झगड़ा शुरू में एक कांग्रेसी के दो गनमैनों से हुआ जिन्होंने मुकाबले पर अपने हथियार

स्टेनगन धारी सिख युवकों ने थानेदार का पिस्तौल छीना

बाड़ी ब्राह्मणां के निकट पैट्रोल डीलर की हत्या:अभियुक्त फरार:छापों का क्रम जारी:2000 बंदी

पंजाब समस्या का हल कठिन नहीं :पांडे

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (प्रे.यू.स.): पंजाब में उग्रवादियों की गतिविधियां निरंतर जारी हैं। तरनतारन में कल शाम तीन सशस्त्र सिख युवकों ने एक सब इन्स्पैक्टर मल्कियत सिंह से उनका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया। ये युवक पिस्तौलों व स्टेनगनों से लैस थे। आज प्रातः जम्मू-पठानकोट मुख्य मार्ग पर बाड़ी ब्राह्मणां में पैट्रोल पम्प मालिक भगवान दास की दो मोटर साइकिल सवारों ने हत्या कर दी।

यहां प्राप्त अधिकृत समाचारों के अनुसार अमृतसर से 25किलोमीटर दूर तरनतारन में भाई मोहन सिंह बाजार में तीन अज्ञात सशस्त्र सिख युवकोंने पुलिस के एक असिस्टैण्ट सब-इन्स्पैक्टर मल्कियत सिंह से उसका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया। स्टेनगन व पिस्तौल धारी ये युवक ए.एस.आई. से रिवाल्वर छीनने के बाद पैदल ही बाजार से गुजरे।

श्री मल्कियत सिंह अमृतसर के 'डी' डिवीजन के थाने में तैनात हैं। तरनतारन में अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए गए हुए थे और वहीं अपने सरकारी रिवाल्वर से हाथ धो बैठे।

पंजाब में 6 अक्तूबर को राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बाद उग्रवादियों, तस्करों तथा समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ का काम यथावत् जारी है।

2000 बंदी

सरकारी सूत्रों ने बताया कि अब तक पंजाब पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा उग्रवादियों की शरणस्थलियों पर संयुक्त रूप से मारे गए छापों के दौरान 2000 संदिग्ध उग्रवादी व समाज विरोधी तत्व पकड़े जा चुके हैं।

इन छापों में अनेक अवैध वस्तुएं जिनमें चांदी व अफीम भी शामिल है, बरामद की गई हैं। इन्हीं छापों में अमृतसर, फरीदकोट तथा कपूरथला जिलों समेत में कई संख्या में खालिस्तान समर्थक पोस्टर भी बरामद किए गए हैं।

जम्मू से 'यू. न्यू' के अनुसार जम्मू-पठानकोट मुख्य मार्ग पर आज प्रातः एक पैट्रोल पम्प मालिक की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि जम्मू से 15 किलोमीटर दूर बाड़ी ब्राह्मणां में आज प्रातः एक पैट्रोल पम्प मालिक श्री भगवान दास की उनके पैट्रोल पम्प में हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो व्यक्ति मोटर साइकिल पर सवार होकर आए तथा उन्होंने श्री भगवान दास पर कुछ फायर किए तथा उनकी हत्या कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज करके हत्यारों की खोज प्रारम्भ कर दी है।

समस्या हल हो सकती है ?

उधर पंजाब के राज्यपाल श्री बी.डी. पांडे ने विचार प्रकट किया है कि प्रदेश में उत्पन्न समस्याओं का समाधान अत्यन्त कठिन नहीं है। एक अंग्रेजी दैनिक को दिए गए साक्षात्कार में श्री पांडे ने कहा कि पंजाब में स्थिति निराशाजनक नहीं है। पंजाब देश का एक समृद्ध राज्य है और इसकी प्रगति की गति निरंतर आगे रखी जानी चाहिए।

पंजाब में हिंसक घटनाओं के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट करते हुए श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं लेकिन उनका राजनीतिक या अन्य किसी आंदोलन से कोई सम्बन्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इनमें से कई घटनाएंसामान्य अपराधों, लूटपाट, आपसी शत्रुता व सम्पत्ति आदि के लिए होने वाली हत्याएं थीं और इन सब घटनाओं को उग्रवादियों की गतिविधियों के साथ ही गडमड किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि इन सामान्य अपराधों को राजनीतिक व उग्रवादियों की हिंसा से अलग रखकर देखा जाए।

श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए है तथा इस स्थिति में क्या कदम उठाने जा रहे हैं तो श्री पांडे ने कहा कि स्थिति के ही अनुकूल निर्णय लिए जाएंगे। यह समय-समय पर भिन्न-भिन्न स्थितियों में अलग-अलग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि उग्रवादियों व समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ के लिए पुष्ट सूचना पर ही चुने गए स्थानों पर छापे मारे गए। पुलिस द्वारा किसी भी निर्दोष व्यक्ति को बिल्कुल परेशान नहीं किया गया है।

श्री पांडे ने कहा कि पंजाब की राजनीतिक व वर्तमान समस्या का समाधान लोगों पर ही निर्भर करता है और यह स्थिति में सुधार लाकर व बातचीत के द्वारा ही संभव है। यह ठीक है कि कुछ लोग अतिवादी रवैया अपना सकते हैं लेकिन यदि उस स्थिति में अन्य पक्ष उत्तेजित न हों तो समस्या का समाधान कोई कठिन नहीं है। सबसे बड़ी बात तो सभी पक्षों में परस्पर बातचीत की इच्छा है।

श्री पांडे ने अपनी दरबार साहब यात्रा के सम्बन्ध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैं प्रदेश में शांति और परस्पर सद्भाव में वृद्धि चाहता हूं। इसके साथ ही मैं इस बात का भी इच्छुक हूं कि सभी वर्गों में परस्पर अविश्वास की भावना समाप्त हो।

उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में पूछे गए एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री पांडे ने कहा कि मैं इस

(शेष पृष्ठ 4 पर)

परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा, भारत चिंतित

नई दिल्ली, 6 नवंबर (वार्ता): भारत ने यूरोप में पश्चिम 2 प्रक्षेपास्त्र स्थापित करने के प्रस्ताव के प्रति पश्चिमी जर्मनी से गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा है कि इससे परमाणु युद्ध का खतरा तेजी से बढ़ सकता है।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व जर्मनी के चांसलर हैलमुट कोल में तथा दोनों देशों के मंत्रियों में दो दौर में हुई बातचीत के दौरान प्रक्षेपास्त्रों के अलावा पश्चिमी एशिया की विस्फोटक स्थिति, अन्य तनाव क्षेत्रों व विकसित विकासशील देशों के संबंधों पर बातचीत हुई।

कोयले के मूल्य बढ़ेंगे

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (यू.): कोयले के मूल्यों में शीघ्र ही वृद्धि की जा रही है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की एक उपसमिति की बैठक में इस बारे में विचार-विमर्श किया गया।

कश्मीर, हिमाचल में हिमपात

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (भा.): कश्मीर घाटी की पहाड़ियों में भारी हिमपात के कारण श्रीनगर में भारी शीत हो गई है। हिमाचल के भी ऊपरी क्षेत्रों में आज हिमपात हुआ है। हिमाचल के निचले क्षेत्रों में ओलावृष्टि-वर्षा भी हुई है।

यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार कल रात्रि में आज प्रातः तक सोनमर्ग के निकट 30 सैंटीमीटर से भी अधिक बर्फ गिरी। बेकन के एक प्रवक्ता ने बताया कि 432 किलो मीटर लम्बे श्रीनगर-लेह मार्ग को साफ रखने के लिए 2 बर्फ साफ करने की मशीनें लगी हुई हैं।

श्रीनगर-जम्मू मार्ग पर भी बनिहाल से पटनीटौप तक कई स्थानों पर हिमपात हुआ। गुलमर्ग, पहलगाम तथा अन्य ऊंचे क्षेत्रों में भी

स्टेनगन धारी सिख युवकों ने थानेदार का पिस्तौल छीना

बाड़ी ब्राह्मणां के निकट पैट्रोल डीलर की हत्या:अभियुक्त फरार:छापों का क्रम जारी:2000 बंदी

पंजाब समस्या का हल कठिन नहीं :पांडे

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (प्रे.यू.स.): पंजाब में उग्रवादियों की गतिविधियां निरंतर जारी हैं। तरनतारन में कल शाम तीन सशस्त्र सिख युवकों ने एक सब इन्स्पैक्टर मल्कियत सिंह से उसका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया। ये युवक पिस्तौलों व स्टेनगनों से लैस थे। आज प्रात: जम्मू-पठानकोट मुख्य मार्ग पर बाड़ी ब्राह्मणां में पैट्रोल पम्प मालिक भगवान दास की दो मोटर साइकिल सवारों ने हत्या कर दी।

यहां प्राप्त अधिकृत समाचारों के अनुसार अमृतसर से 25किलोमीटर दूर तरनतारन में भाई मोहन सिंह बाजार में तीन अज्ञात सशस्त्र सिख युवकोंने पुलिस के एक असिस्टैण्ट सब-इन्स्पैक्टर मल्कियत सिंह से उसका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया। स्टेनगन व पिस्तौल धारी ये युवक ए.एस.आई. से रिवाल्वर छीनने के बाद पैदल ही बाजार से गुजरे।

श्री मल्कियत सिंह अमृतसर के 'डी' डिवीजन के थाने में तैनात हैं। तरनतारन में अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए गए हुए थे और वहीं अपने सरकारी रिवाल्वर से हाथ धो बैठे।

पंजाब में 6 अक्तूबर को राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बाद उग्रवादियों, तस्करों तथा समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ का काम यथावत् जारी है।

2000 बंदी

सरकारी सूत्रों ने बताया कि अब तक पंजाब पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा उग्रवादियों की शरणस्थलियों पर संयुक्त रूप से मारे गए छापों के दौरान 2000 संदिग्ध उग्रवादी व समाज विरोधी तत्व पकड़े जा चुके हैं। इन छापों में अनेक अवैध वस्तुएं जिनमें चांदी व अफीम भी शामिल है, बरामद की गई हैं। इन्हीं छापों में अमृतसर, फरीदकोट तथा कपूरथला जिलों आदि में बड़ी संख्या में अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं।

'उग्रवादी' बन्दी

पुलिस ने कल मोगा के निकट एक व्यक्ति काला सिंह को भरे रिवाल्वर के साथ पकड़ लिया।

जम्मू से 'यू. न्यू' के अनुसार जम्मू-पठानकोट मुख्य मार्ग पर आज प्रात: एक पैट्रोल पम्प मालिक की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि जम्मू से 15 किलोमीटर दूर बाड़ी ब्राह्मणां में आज प्रात: एक पैट्रोल पम्प मालिक श्री भगवान दास की उनके पैट्रोल पम्प में हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो व्यक्ति मोटर साइकिल पर सवार होकर आए तथा उन्होंने श्री भगवान दास पर कुछ फायर किए तथा उनकी हत्या कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज करके हत्यारों की खोज प्रारम्भ कर दी है।

समस्या हल हो सकती है ?

उधर पंजाब के राज्यपाल श्री बी.डी. पांडे ने विचार प्रकट किया है कि प्रदेश में उत्पन्न समस्याओं का समाधान अत्यन्त कठिन नहीं है। एक अंग्रेजी दैनिक को दिए गए साक्षात्कार में श्री पांडे ने कहा कि पंजाब में स्थिति निराशाजनक नहीं है। पंजाब देश का एक समृद्ध राज्य है और इसकी प्रगति की गति निरंतर आगे रखी जानी चाहिए।

पंजाब में हिंसक घटनाओं के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट करते हुए श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं लेकिन उनका राजनीतिक या अन्य किसी आंदोलन से कोई सम्बन्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इनमें से कई घटनाएंसामान्य अपराधों, लूटपाट, आपसी शत्रुता व सम्पत्ति आदि के लिए होने वाली हत्याएं थीं और इन सब घटनाओं को उग्रवादियों की गतिविधियों के साथ ही गडमड किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि इन सामान्य अपराधों को राजनीतिक व उग्रवादियों की हिंसा से अलग रखकर देखा जाए।

श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए यह और भी जरूरी है कि सभी संयम बरतें तथा किसी बात पर उत्तेजित न हों।

जब उनसे पूछा गया कि केन्द्र सरकार ने उन्हें पंजाब की स्थिति से निपटने के लिए खुली छूट दे दी है तथा इस स्थिति में क्या कदम उठाने जा रहे हैं तो श्री पांडे ने कहा कि स्थिति के ही अनुकूल निर्णय लिए जाएंगे। यह समय-समय पर भिन्न-भिन्न स्थितियों में अलग-अलग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि उग्रवादियों व समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ के लिए पुष्ट सूचना पर ही चुने गए स्थानों पर छापे मारे गए। पुलिस द्वारा किसी भी निर्दोष व्यक्ति को बिल्कुल परेशान नहीं किया गया है।

श्री पांडे ने कहा कि पंजाब की राजनीतिक व वर्तमान समस्या का समाधान लोगों पर ही निर्भर करता है और यह स्थिति में सुधार लाकर व बातचीत के द्वारा ही संभव है। यह ठीक है कि कुछ लोग अतिवादी रवैया अपना सकते हैं लेकिन यदि उस स्थिति में अन्य पक्ष उत्तेजित न हों तो समस्या का समाधान कोई कठिन नहीं है। सबसे बड़ी बात तो सभी पक्षों में परस्पर बातचीत की इच्छा है।

श्री पांडे ने अपनी दरबार साहब यात्रा के सम्बन्ध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैं प्रदेश में शांति और परस्पर सद्भाव में वृद्धि चाहता हूं। इसके साथ ही मैं इस बात का भी इच्छुक हूं कि सभी वर्गों में परस्पर अविश्वास की भावना समाप्त हो।

उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में पूछे गए एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री पांडे ने कहा कि मैं इस

(शेष पृष्ठ 4 पर)

कानून व्यवस्था हर हालत में कायम रखेंगे : फारूक

परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा, भारत चिंतित

नई दिल्ली, 6 नवंबर (वार्ता): भारत ने यूरोप में पशिंग 2 प्रक्षेपास्त्र स्थापित करने के प्रस्ताव के प्रति पश्चिमी जर्मनी से गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा है कि इससे परमाणु युद्ध का खतरा तेजी से बढ़ सकता है।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व जर्मनी के चांसलर हैलमुट कोल में तथा दोनों देशों के मंत्रियों में दो दौर में हुई बातचीत के दौरान प्रक्षेपास्त्रों के अलावा पश्चिमी एशिया की विस्फोटक स्थिति, अन्य तनाव क्षेत्रों व विकसित विकासशील देशों के संबंधों पर बातचीत हुई।

इसके अलावा आपसी संबंधों, आपसी व्यापार में बराबरी लाने के उपायों तथा विज्ञान, प्रौद्योगिक उपकरणों के मामले में आपसी सहयोग की सम्भावना पर भी बातचीत की गई।

विदेश मंत्री नरसिम्हा राव ने बताया कि प्रक्षेपास्त्र स्थापित करने का मामला पूर्व पश्चिम संबंधों पर बातचीत करते हुये उठाया गया था।

कोयले के मूल्य बढ़ेंगे

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (यू.): कोयले के मूल्यों में शीघ्र ही वृद्धि की जा रही है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की एक उपसमिति की बैठक में इस बारे में विचार-विमर्श किया गया।

कश्मीर, हिमाचल में हिमपात

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (भू.): कश्मीर घाटी की पहाड़ियों में भारी हिमपात के कारण श्रीनगर में भारी शीत हो गई है। हिमाचल के भी ऊपरी क्षेत्रों में आज हिमपात हुआ है। हिमाचल के निचले क्षेत्रों में ओलावृष्टि-वर्षा भी हुई है।

यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार कल रात्रि में आज प्रात: तक सोनमर्ग के निकट 30 सैंटीमीटर से भी अधिक बर्फ गिरी। बेकन के एक प्रवक्ता ने बताया कि 432 किलो मीटर लम्बे श्रीनगर-लेह मार्ग को साफ रखने के लिए 2 बर्फ साफ करने की मशीनें लगी हुई हैं।

श्रीनगर-जम्मू मार्ग पर भी बनिहाल से पटनीटौप तक कई स्थानों पर हिमपात हुआ। गुलमर्ग, पहलगाम तथा अन्य ऊंचे क्षेत्रों में भी हिमपात के समाचार मिले हैं। सारे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है।

हिमाचलप्रदेश के ऊपरी पर्वतीय क्षेत्रों में पुन: हिमपात और निचले क्षेत्रों में ओलापात और वर्षा के कारण क्षेत्र में भारी शीत लहर चलने लगी है।

शिमला और इसके समीपवर्ती क्षेत्रों में ओलापात और वर्षा से तापमान में बड़ी गिरावट आ गई और दिन भर ठंडी हवायें चलती रहीं। राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी वर्षा के समाचार मिले हैं।

उग्रवादियों ने तलवंडी साबो में हथियार लूटे

शस्त्र दुकान से 'बब्बर खालसा' संगठन 11 बंदूकें ले उड़ा

मेहटां बैंक डकैती में एक गिरफ्तार

13 हजार रुपये बरामद, 3 अन्य डकैतों का भी पता चल गया

तलवंडी साबो, 8 नवम्बर (राही): आज यहां तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने तलवंडी गन हाऊस नामक शस्त्रों की दुकान लूट ली।

बताया जाता है कि उक्त तीनों व्यक्ति पैदल ही उक्त दुकान पर आए, जिनके हाथों में पिस्तौलें थीं। उन्होंने उक्त दुकान के कर्मचारी शंभू कुमार, जो उस समय वहां अकेला था, की कनपटी पर पिस्तौल रखकर सेफ की चाबियां ले लीं और सेफ में से 11 बंदूकें, जिनमें से सात 12 बोर की लोगों से लेकर वहां रखी गई थीं, एक सिंगल नाली की बंदूक तथा तीन अन्य बंदूकें तथा कारतूस के 9 डिब्बे (जिनमें लगभग 225 कारतूस थे) निकाल लिए।

इसके अतिरिक्त गल्ले में पड़े 260 रुपए भी निकाल ले गए और फरार हो गए।

यू. न्यू. के अनुसार इस सशस्त्र लुटेरों में एक सिख भी था। इन लुटेरों ने दुकान के सेल्जमैन को पंजाबी में लिखा हुआ एक पत्र भी दिया, जिसमें इसे बब्बर खालसा की कार्रवाई का दावा किया गया है और इसमें यह भी चेतावनी दी गई है कि जब तक उनकी मांगें स्वीकार नहीं की जातीं तब तक ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी, भारी पुलिस कुमक घटनास्थल की ओर भेज दी गई है।

कोई गिरफ्तारी नहीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों व्यक्ति सभी हथियार और कारतूस लेकर खामोशी से चले गये। यह घटना दोपहर बाद दो बजे उस समय हुई जब डिप्टी कमिश्नर श्री ए. के. मिश्रा भी कस्बा में मौजूद थे। राज्य में गड़बड़ की स्थिति पैदा होने के बाद जिला भटिंडा में अपने तरह की यह पहली घटना है। सभी सड़कें 'सील' कर दी गई हैं। किसी गिरफ्तारी का समाचार नहीं है।

जालन्धर (भनोट): एस.एस.पी. जालन्धर श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि फगवाड़ा के निकट मेहटां गांव में बैंक डकैती का एक अभियुक्त आज नाटकीय परिस्थितियों में नकोदर के इलाके में गिरफ्तार कर लिया गया। उससे 12 बोर का एक पिस्तौल, 7 गोलियां और 3340 रुपए के करंसी नोट मिले। करंसी नोटों पर ट्रेजर्ज बैंक मेहटां की चिटें लगी हुई थीं। बैंक से 81000 रुपया लूटा गया था।

श्री भुल्लर ने बताया कि आज प्रातः नकोदर थाने के एस. एच.ओ. दर्शन सिंह समाज विरोधी तत्वों की निगरानी के सिलसिले में शंकर गांव गए जहां से एक संदिग्ध व्यक्ति को देखे जाने की सूचना मिली थी। वहां पुलिस को बताया गया कि संदिग्ध व्यक्ति स्कूटर पर नहर किनारे से लित्तरां गांव को गया है। पुलिस ने मोटर साइकल पर पीछा किया गया तो देखा कि वह व्यक्ति स्कूटर छोड़कर खेतों में जा रहा है। पुलिस ने खेतों में डेढ़ किलो मीटर तक पीछा करके उसे पकड़ लिया। उसके विरुद्ध शस्त्रास्त्र कानून के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम कुलविन्द्र सिंह उर्फ पप्पू बल्द प्रीतम सिंह परदेसी बताया। उसने डकैत गिरोह का सदस्य होना भी स्वीकार किया और बताया कि उनके गिरोह ने कई बैंक डकैतियां की हैं तथा पैट्रोल पम्प लूटे हैं। उसने कई और वारदातें करने की स्वीकारोक्ति भी की और गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी बताए।

गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पार्टियां विभिन्न स्थानों को रवाना हो गई हैं। अभियुक्त से जो स्कूटर मिला है वह वही है जो बैंक डकैती में प्रयुक्त किया गया था। यह स्कूटर भी अभियुक्तों ने जालन्धर से चुराया था। उसने बताया कि बैंक से लूटी गई रकम में से कुछ रुपया आधुनिक शस्त्र खरीदने में लगाया गया है।

श्री भुल्लर ने बताया कि एक और जगह छापा मारने पर चारों बैंक डकैतों के फोटो मिल गए हैं तथा 133340 रुपया बरामद हो गया है। बाकी रुपया भी जल्द बरामद हो जाने की आशा है। फगवाड़ा के आसपास की बैंक डकैतियों में भी इसी गिरोह का हाथ होने का संदेह है।

564 गिरफ्तार

एस. एस. पी. जालन्धर श्री भुल्लर ने आज बताया कि कल शाम जिले के 347 गांवों में पुलिस द्वारा मारे गए छापों में 564 व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके थे। अब तक 12 बोर की एक दोनाली बंदूक, एक राइफल, बारह बोर की एक देसी बंदूक और 16 देसी पिस्तौल बरामद हो चुके हैं।

8.11.83 का प्रिंट आर्डर

पंजाब केसरी	243350
हिन्द समाचार	74545
जगबाणी	38740
जोड़	356635

भारत का कड़ा प्रोटैस्ट

पाक में भारतीय राजदूत की गतिविधियों पर रोक

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (प्रै.): भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से उसके इस आरोप पर तीव्र प्रोटैस्ट किया है कि भारत पाकिस्तान के प्रजातंत्र की बहाली आंदोलन को समर्थन और प्रोत्साहन दे रहा है।

'यू' के अनुसार भारत ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के इन आधारहीन आरोपों से कि भारत पाक के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है, दोनों राष्ट्रों के सम्बन्धों के सामान्यीकरण की प्रक्रिया प्रभावित होगी।

विदेश विभाग के सचिव नटवर सिंह ने पाक राजदूत रियाज पारीचा को बुला कर पाक विदेशमंत्री याकूब खान व अन्य लोगों द्वारा मजलिसे शूरा में भारत के बारे में दिये गये बयानों के प्रति भारत की तीव्र प्रतिक्रिया से उन्हें अवगत कराया।

नटवर सिंह ने इस्लामाबाद में भारतीय राजदूत के. डी. शर्मा के आवागमन पर लगाये गये एकपक्षीय प्रतिबंधों पर भी कड़ा ऐतराज किया। श्री शर्मा ने एक माह पूर्व पेशावर जाने की अनुमति मांगी थी, परन्तु उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली जबकि भारत में पाक राजदूत के कहीं भी आने-जाने पर रोक नहीं है।

जम्मू बंद में लाठीचार्ज की निंदा: रंगील इंटैंसिव केयर यूनिट में

जम्मू, 8 नवम्बर (प्रै.,वा.): जम्मू-कश्मीर इंका नेताओं ने कल 'जम्मू बंद' के दौरान पुलिस द्वारा पुलिस लाइन्स में बंदी कार्यकर्त्ताओं पर लाठीचार्ज करने की कटु निंदा की है।

के प्रति आभार प्रकट किया है। वक्तव्य में हस्ताक्षर करने वालों में सर्वश्री जी. एल. डोगरा, सांसद, मंगत राम शर्मा, धर्म पाल रंगीला सिंह, जनकराज गुप्ता, बेली राम, बी. सिंह विधायक आदि शामिल हैं।

मोटर गाड़ी से 'ओम' के झंडे उतरवा दिए!

जालन्धर, 9 नवम्बर (योगेंद्र पाल भनोट) : ऐसा मालूम होता है कि पंजाब में हिन्दुओं के धार्मिक चिन्हों को प्रदर्शित करने पर भी अनौपचारिक प्रतिबंध लगाया जा रहा है। ऐसे अनौपचारिक प्रतिबंध का पहला उदाहरण जिला संगरूर ने उपलब्ध किया है। गत दो नवम्बर को जालन्धर शहर से डी.ए.वी.कालेज के प्रोफैसरों तथा अध्यापकों की एक पार्टी कालेज की मिनी बस से अजमेर में आयोजित महर्षि दयानंद निर्वाण शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए जा रही थी कि संगरूर शहर गुजरने के बाद चौक महलां में एक पुलिस पार्टी ने, जिसका नेतृत्व एक इन्स्पैक्टर कर रहा था, मिनी बस रोक ली और उसके बारे में पूछताछ की।

कालेज की यात्री पार्टी के नेता प्रिंसीपल श्री आर. एन. मेहता ने पुलिस इन्स्पैक्टर को सारी स्थिति बता दी। तब इन्स्पैक्टर ने मिनी बस के आगे लगे हुए भगवे रंग के ओम के झंडों के बारे में पूछा। श्री मेहता ने बताया कि यह एक धार्मिक झंडा है और इसका किसी राज-नीतिक पार्टी से कोई सम्बन्ध नहीं। लेकिन इन्स्पैक्टर ने बार-बार कहा कि झंडे उतार दिए जाएं क्योंकि पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों में यह झंडे लगाना उचित नहीं। इन्स्पैक्टर ने यह भी हिदायत की कि यदि दोबारा ये झंडे लगाने हों तो पंजाब की सीमा पार करने के बाद हरियाणा में लगाए जाएं।

पुलिस इन्स्पैक्टर का ध्यान इस ओर दिलाया गया कि अन्य धार्मिक झंडे गाड़ियों पर लगाकर लोग खुले आम घूमते हैं परन्तु कोई आपत्ति नहीं की जाती। बल्कि यदि निशान साहब किसी स्थान पर अनुचित रूप से भी लग जाए तो उसे सामान्यत: हटाया नहीं जा सकता तो इन झंडों के उतरवाने का क्या औचित्य हो सकता है? लेकिन पुलिस इंस्पैक्टर अपनी जिद् पर अड़ा रहा और 'ओम' के झंडे उतरवा दिए। संभवत: पंजाब में यह अपने ढंग की पहली घटना है लेकिन हो सकता है कि वह पंजाब की भावी परिस्थितियों की परछाईं हो।

यों के आतंकवाद रहा है : स्टीफन

उग्रवादियों ने चंडीगढ़ और अमृतसर में 2 बैंक लूटे

स्टेट बैंक चंडीगढ़ से 3.16 लाख, पंजाब एण्ड सिंध बैंक अमृतसर से 40 हजार रुपए लूट ले गए

लुटेरे पंजाब विश्वविद्यालय में जा छिपे

डाके में प्रयुक्त कार रिटायर्ड सैनिक अधिकारी की ? : लुटेरों ने भागते हुए हवाई फायर भी किए

चंडीगढ़, 9 नवम्बर (संघी, पी.टी.आई.)—सरकार द्वारा उग्रवादियों के समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के बावजूद उग्रवादियों की गतिविधियां जारी हैं। आज शस्त्र उग्रवादियों ने आज दिन-दहाड़े रिवाल्वरों की नोक पर चंडीगढ़ में स्टेट बैंक आफ इंडिया की एक शाखा तथा अमृतसर जिले में पंजाब एंड सिंध बैंक की जगदेव कलां नाम स्थित शाखा को लूट लिया। दोनों ही स्थानों से लुटेरे 3.56 लाख रुपए से अधिक लूट कर ले गए व जाते हवा में फायर करते हुए भाग गए।

चंडीगढ़ में सशस्त्र लुटेरों ने आज प्रातः 11 बजे चंडीगढ़ के सैक्टर 37 में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा से 3.16 लाख रुपए से अधिक की राशि लूट ली। इन सशस्त्र लुटेरों में. जो उग्रवादी समझे जाते हैं, दो महिलाएं थे।

बैंक के शाखा मैनेजर श्री वाई. पी. जैन के अनुसार ये तीनों लुटेरे डी. एच. ए. 50 नम्बर वाली मारुति क्रीम रंग की कार में बैठकर आए थे। श्री जैन ने बताया कि एक युवक तो बैंक के मुख्य गेट पर खड़ा हो गया जबकि दोनों सिख युवक उनके कमरे में आ गए और कैश बाक्स की चाबियां मांगने लगे।

श्री जैन द्वारा चाबियां देने में आनाकानी करने पर इन लुटेरों ने उस में ही रखे टैलीफोन की तारें काट दीं तथा रिवाल्वर से उनके चेहरे पर वार किए। एक अन्य समाचार के अनुसार लुटेरों ने श्री जैन को राइफल के बट से पीटा। लुटेरों ने उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी।

लुटेरों ने बाद में बैंक के कैशियर को बैंक का स्ट्रांग रूम खोलने के लिए विवश किया। लुटेरे शाखा मैनेजर को भी स्ट्रांग रूम तक ले गए। वहां पहुंचते ही लुटेरों में से एक युवक ने अपने सिर पर बंधी पीली पगड़ी उतारी और उसमें नोटों की गड्डियां भरने लगी।

बाद में लूट का धन लेकर लुटेरे कार में बैठकर भागे। लुटेरों के बाहर निकलते ही बैंक कर्मचारियों ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार व लोग वहां इकट्ठा हो गए तथा उन्होंने कार पर पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से कार का पिछला शीशा टूट गया। लुटेरों ने अपनी कार का पीछा करने का प्रयास करने वालों तथा पथराव कर रहे लोगों को डराने के लिए हवाई फायर भी किए।

इस बैंक डाके की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आर. के. नियोगी तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ वहां पहुंच गए। फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों तथा पुलिस के खोजी कुत्तों को भी बुला लिया गया।

चंडीगढ़ के मुख्य आयुक्त श्री बनर्जी भी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच गए।

दुकानदार द्वारा पीछा

लुटेरों की कार के रवाना होते ही क्षेत्र के एक दुकानदार ने मोटर साइकिल पर लुटेरों की कार का पीछा किया। लगभग आधे घंटे के उपरान्त लौट कर उसने पुलिस को बताया कि लुटेरों की कार पहले सैक्टर 5 की ओर गई। वहां दोनों सिख युवक रुपयों की पोटली को कार में ही छोड़कर नीचे उतर गए तथा उनके स्थान पर एक वृद्ध महिला व पुरुष कार में बैठ गए जिनकी आयु 55 से 60 वर्ष के मध्य थी। लुटेरे भी लगभग 25 वर्ष की आयु के थे। दोनों सिख युवक सी. एच. वी. 467 नम्बर के एक आटो रिक्शा में बैठकर विश्वविद्यालय की ओर आए। वे विश्वविद्यालय के सूचना कक्ष व स्वागत केन्द्र के निकट पहुंच कर ओझल हो गए।

नाकेबंदी

पुलिस ने सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय को जाने वाले सभी रास्तों की नाकाबंदी कर दी। विश्व विद्यालय में आने-जाने वाले सभी वाहनों की जांच-पड़ताल की जा रही है।

इसके साथ ही चंडीगढ़ से बाहर जाने वाले सभी मार्गों पर भी नाकेबंदी कर दी गई है।

इस घटना की सूचना मिलते ही पत्रकारों का एक दल जब घटना-स्थल पर पहुंचा तो उस समय बैंक के शाखा मैनेजर को सुबकते हुए देखा गया। उनका शरीर लुटेरों की मार से कई स्थानों पर घायल व लाल हो गया था।

बताया जाता है कि स्थानीय पुलिस ने बैंक अधिकारियों को कई बार यहां सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के लिए कहा था, परन्तु बैंक ने वहां कोई गार्ड नियुक्त नहीं किया।

पंजाब व चंडीगढ़ को उपद्रव-ग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाने के उपरान्त यह इस क्षेत्र में सबसे बड़ी व दुस्साहसपूर्ण डकैती है। इससे पूर्व 5 सितम्बर को यहां सैक्टर 38 में स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा से लगभग 80 हजार रुपए लूट लिए थे। पुलिस अभी तक इसका भी पता नहीं लगा सकी है।

सैक्टर 37 व 38 चंडीगढ़-रोपड़ मार्ग के निकट हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय लुटेरे बैंक में लूटपाट कर रहे थे, उस समय उस इलाके में कोई भी पुलिस कर्मचारी नहीं था।

कार सैनिक अधिकारी की

चंडीगढ़ पुलिस ने आज बैंक डकैती में लुटेरों द्वारा प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया है। लुटेरे इस कार को पंजाब विश्वविद्यालय के परिसर के पास छोड़ गए।

विश्वविद्यालय के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं तथा पुलिस लुटेरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। बताया गया है कि सभी पुलिस अधिकारी इस अभियान में व्यस्त हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह कार एक सैनिक अधिकारी की है।

3 बन्दी

पुलिस ने एक थ्री-व्हीलर व उसके चालक को भी पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है।

इस बीच बताया जाता है कि पुलिस ने आज सचिवालय के पास से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी।

बाद में पुलिस ने बताया कि कार का पीछा करने वाले व्यक्ति द्वारा बताया गया नम्बर जाली निकला। उक्त नम्बर एक रिटायर्ड कर्नल की कार का था। लुटेरों ने अपनी कार में इसी कार के जाली नम्बर का उपयोग किया। पुलिस ने पूछताछ के लिए रिटायर्ड कर्नल की कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

अमृतसर में भी बैंक लुटा

अमृतसर जिले में मजीठा पुलिस थानांतर्गत जगदेव कलां में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 3 सशस्त्र लुटेरे आज दोपहर में रिवाल्वर की नोक पर 40 हजार रुपए लूट कर ले गए। यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार ये लुटेरे स्कूटर पर सवार होकर आए थे।

छापे जारी

मोगा (ब) : पुलिस ने मोगा सब डिवीजन के 2 और गांवों में छापा मार कर 2 व्यक्तियों को

(शेष पृष्ठ 5 पर)

मोटर गाड़ी से 'ओम' के झंडे उतरवा दिए!

जालन्धर, 9 नवम्बर (योगेंद्र पाल भनोट) : ऐसा मालूम होता है कि पंजाब में हिन्दुओं के धार्मिक चिन्हों को प्रदर्शित करने पर भी अनौपचारिक प्रतिबंध लगाया जा रहा है। ऐसे अनौपचारिक प्रतिबंध का पहला उदाहरण जिला संगरूर ने उपलब्ध किया है। गत दो नवम्बर को जालन्धर शहर से डी.ए.वी.कालेज के प्रोफैसरों तथा अध्यापकों की एक पार्टी कालेज की मिनी बस से अजमेर में आयोजित महर्षि दयानंद निर्वाण शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए जा रही थी कि संगरूर शहर गुजरने के बाद चौक महलां में एक पुलिस पार्टी ने, जिसका नेतृत्व एक इन्स्पैक्टर कर रहा था, मिनी बस रोक ली और उसके बारे में पूछताछ की।

कालेज की यात्री पार्टी के नेता प्रिंसीपल श्री आर. एन. मेहता ने पुलिस इन्स्पैक्टर को सारी स्थिति बता दी। तब इन्स्पैक्टर ने मिनी बस के आगे लगे हुए भगवे रंग के ओम के झंडों के बारे में पूछा। श्री मेहता ने बताया कि यह एक धार्मिक झंडा है और इसका किसी राजनीतिक पार्टी से कोई सम्बन्ध नहीं। लेकिन इन्स्पैक्टर ने बार-बार कहा कि झंडे उतार दिए जाएं क्योंकि पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों में यह झंडे लगाना उचित नहीं। इन्स्पैक्टर ने यह भी हिदायत की कि यदि दोबारा ये झंडे लगाने हों तो पंजाब की सीमा पार करने के बाद हरियाणा में लगाए जाएं।

पुलिस इन्स्पैक्टर का ध्यान इस ओर दिलाया गया कि अन्य धार्मिक झंडे गाड़ियों पर लगाकर लोग खुले आम घूमते हैं परन्तु कोई आपत्ति नहीं की जाती। बल्कि यदि निशान साहब किसी स्थान पर अनुचित रूप से भी लग जाए तो उसे सामान्यतः हटाया नहीं जा सकता तो इन झंडों के उतरवाने का क्या औचित्य हो सकता है ? लेकिन पुलिस इंस्पैक्टर अपनी जिद्द पर अड़ा रहा और 'ओम' के झंडे उतरवा दिए। संभवतः पंजाब में यह अपने ढंग की पहली घटना है लेकिन हो सकता है कि वह पंजाब की भावी परिस्थितियों की परछाईं हो।

विपक्ष अकालियों के आतंकवाद को प्रोत्साहन दे रहा है : स्टीफन

कुरुक्षेत्र, 9 नवम्बर (परवाना): कांग्रेस महासचिव सी. एम. स्टीफन ने आज यहां उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय इंका सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय दलों पर प्रहार करते हुये कहा-कि पंजाब में अकालियों द्वारा पैदा किया जा रहे आतंक और जम्मू-कश्मीर में इंका कार्यकर्त्ताओं पर होने वाले अत्याचार के बारे अपना स्टैंड स्पष्ट करें।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अकालियों के आतंकवाद को प्रोत्साहन दे रहे हैं जबकि जम्मू-कश्मीर में वह खामोश दर्शक बने बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश की एकता खत्म करना चाहता है।

श्री स्टीफन ने डा. फारूक अब्दुल्ला की आलोचना करते हुये कहा कि वह अपने पिता स्वर्गीय शेख अब्दुल्ला के चरण-चिन्हों पर न चलें। उन्होंने घोषणा की कि कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के बाद पार्टी देश-भर में जिला स्तर पर सम्मेलन करेगी। श्री स्टीफन के अनुसार यह बात कोई पागल व्यक्ति ही कर सकता है कि प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी अल्पसंख्यकों की अपेक्षा मत प्राप्त करने के लिये हिन्दुओं की तरफ झुक रही हैं। केंद्र-राज्य सम्बन्धों की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा केंद्र राष्ट्र का दिल है इसलिये इसका दृढ़ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी के हाथों में अल्पसंख्यकों के हित सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर कभी भी विदेशी हमला हो सकता है

जम्मू में 112 राजनीतिक कैदी रिहा

जम्मू, 9 नवम्बर (स.): जम्मू बंद के सम्बन्ध में गिरफ्तार सभी 112 राजनीतिक कार्यकर्त्ता रिहा कर दिये गये हैं लेकिन अपराध वृत्ति के और समाज-विरोधी तत्वों में से अधिकांश अभी तक पुलिस हिरासत में हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार यह कहना गलत है कि 20 विधायकों को गिरफ्तार किया गया था। केवल दस विधायकों ने गिरफ्तारियां दी थीं।

मौसम

पुणे, 9 नवम्बर (यू.): पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर में मौसम शुष्क और तापमान सामान्य से कम रहा। अगले 48 घंटों में क्षेत्र में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

इंदिरा ने अपने पूर्वजों के हस्ताक्षर देखे

कुरुक्षेत्र, 9 नवम्बर (नन्हा): प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के यहां ब्रह्मसरोवर में पहुंचने पर पहले नेहरू परिवार के कुल गुरु कश्मीरी पंडित श्री नारायण ने पूजा करवाई। श्रीमती

उग्रवादियों ने नागोके में इंका नेता की हत्या कर दी

मृतक का नाम हिट लिस्ट में था, पहले भी तीन बार हमला हुआ था

लुधियाना के मंदिर को उड़ाने की धमकी

अमृतसर, 11 नवम्बर (प्रै.यू., हि.) : उग्रवादियों ने आज अपनी 'हिट लिस्ट' में दर्ज एक और व्यक्ति की जान ले ली जबकि उन्होंने यहां से 55 किलोमीटर दूर गांव नागोके के बाहर एक कांग्रेस(इ)नेता श्री सुरजन सिंह की हत्या कर दी तथा एक चुराई हुई कार में फरार हो गए। उधर लुधियाना में मिल्लर गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर को 15 दिन के अंदर बम से उड़ा देने का धमकीपूर्ण पत्र मिला है।

पुलिस ने बताया कि मृतक कांग्रेस (इ) नेता अपने खेत की ओर जा रहा था जबकि एक सफेद कार में सवार तीन व्यक्तियों ने उसके निकट कार रोकी तथा उस पर नजदीक से ही गोली चलाई जिससे वह घटना स्थल पर ही मर गया। श्री सुरजन सिंह जोकि ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान तथा अपने गांव के सरपंच भी हैं, का नाम कुलवन्त सिंह नामक व्यक्ति के बारे में पुलिस को कथित रूप से सूचना दिए जाने के कारण उग्रवादियों की हिट लिस्ट में था। कुलवन्त सिंह को पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था जबकि बाद में पुलिस हिरासत से भाग निकला था और 11 जुलाई 1981 को पुलिस के मुकाबले में मारा गया था।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों ने एक कार इस्तेमाल की जोकि कल यहां से 25 किलोमीटर दूर तरन-तारन की एक वर्कशाप से चुराई गई थी। जिला पुलिस चीफ श्री अजयपाल सिंह मान और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर जांच कर रहे हैं। सारे जिला में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है तथा नाकाबंदी कर दी गई।

श्री सुरजन सिंह पर इससे पहले भी तीन बार घातक हमले किए गए थे जिनमें वह बच निकले थे। उन पर खडूर साहब में 12 अक्तूबर 1981 को भी हमला किया गया था जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। कुलवन्त सिंह की पुलिस के साथ भिड़ंत में संलिप्त हैड कांस्टेबल मक्खन सिंह की भी 26 सितम्बर को पतली घर चौक में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

चुराई गई कार एक तहसीलदार मनप्रीत सिंह की है जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर पी. यू. डी. 33 है। बताया जाता है कि श्री सुरजन सिंह ने संदिग्ध उग्रवादियों के विरुद्ध अदालत में गवाही दी थी।

'अशोक सोनी' के अनुसार हमलावरों की संख्या 4 थी जोकि फिएट कार में आए थे। उग्रवादियों ने स्टेनगन से गोलियों की बौछार करके श्री सुरजन सिंह की हत्या की।

जालन्धर रेंज के डी.आई. जी. श्री सुरजीत सिंह भी मौका पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने खडूर साहब को चारों ओर से घेर लिया है तथा सारे राज्य में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है।

लुधियाना : स्थानीय मिल्लरगंज में स्थित विश्वकर्मा मंदिर को 15 दिन के अन्दर बम से उड़ा देने का धमकीपूर्ण पत्र मिला है। धमकी पूर्ण पत्र मंदिर के पुजारी श्री कृष्ण लाल के नाम लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि या तो वह पांच बजे जो कथा आरम्भ करते हैं, वह बन्द कर दें अन्यथा इस मंदिर में भी वैसा ही बम फैंका जायेगा जैसा कि गत मास दुर्गा मंदिर में फैंका गया था।

पंजाबी में लिखे इस पत्र में लेखक का नाम हरभजन सिंह लिखा गया है जिसने अपना संबंध "दल खालसा" से बताया है। पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए है।

लुटेरे पकड़े गए

फिरोजपुर (धी.): जिला पुलिस चीफ श्री ए. सी. शर्मा ने बताया कि दो लुटेरे,जोकि दीवाली की रात एक हलवाई से मोपेड छीन कर ले गए थे तथा लोगों को डराने के लिए हवाई फायरिंग की थी, गिरफ्तार कर लिए गए है। इनके नाम सुखदेव सिंह थाना जीरा तथा प्यारासिंह हैं। उनसे दो देसी पिस्तौल बरामद किए गए है। उनसे मोपेड भी बरामद कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में धारा 307 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है।

स्कूटर छीन लिया

सोनी की सूचना के अनुसार आज अमृतसर से 8 कि. मी. दूर झब्बाल रोड पर बाद दोपहर एक टीचर राजेन्द्र सिंह से 2 सिख युवकों ने पिस्तौल दिखा कर उसका स्कूटर छीन लिया तथा फरार हो गए। इन युवकों में से एक की दाढ़ी कटी हुई थी। उक्त टीचर ट्यूशन पढ़ाने के लिए जा रहा था। पुलिस में रपट दर्ज करा दी गई है।

कार बरामद

बाद की सूचना है कि पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार तरनतारन में चौठा के निकट बरामद कर ली है।

इसी बीच श्री सुरजन सिंह की लाश उनके संबंधियों के हवाले कर दी गई है तथा अंतिम संस्कार कल प्रातः 10 बजे होगा।

भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह तथा विधान सभा अध्यक्ष श्री बृज भूषण मेहरा ने नागोके ब्लाक इंका अध्यक्ष श्री सुरजन सिंह की उग्रवादियों के हाथों हत्या की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि उग्रवादियों के विरुद्ध भी ऐसी कार्रवाइयां शुरू हो सकती हैं। श्री दरबारा सिंह ने कहा कि ऐसी उग्रवादी कार्रवाइयां खत्म की जानी चाहियें।

तेलवंडी साबो के हथियार-लुटेरों का एक गुरुद्वारा से निकट सम्बन्ध ?

भटिंडा, 11 नवम्बर (सोच)– गत 8 नवम्बर को तलवंडी साबो में हथियारों की दुकान लूटने वाले कौन थे, इसके बारे में पुलिस किसी निश्चित निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है लेकिन एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभियुक्तों का दमदमा साहब गुरुद्वारा काम्प्लैक्स से निकट सम्बन्ध प्रतीत होता है।

पंजाब के आई. जी. पुलिस (कानून-व्यवस्था) श्री पी. एस. भिंडर कल यहां आए और उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वह स्थान भी देखा जहां कैनवेस के जूतों के तीन जोड़े मिले थे।

श्री भिंडर मत्था टेकने गुरुद्वारा दमदमा साहब भी गए जहां उन्हें सरोपा भेंट किया गया।

इस समय सबसे ज्यादा दिलचस्प गुरुद्वारा काम्प्लैक्स की दर्शनी ड्योढ़ी के पास वे पद-चिन्ह हैं, जो कथित रूप से हथियार लुटेरों के बताए जाते हैं। ये पद-चिन्ह सुरक्षित रखे गए हैं। इन पद-चिन्हों की दिशा हथियारों की उस दुकान की तरफ है, जो लूटी गई थी हालांकि यह उसके उलट होनी चाहिए थी।

गुरुद्वारा मस्तुआना के आफिस इंचार्ज श्री प्रीतम सिंह ने पत्रकारों को बताया कि उनके हैड संत मिट्ठा सिंह ने वर्दीधारी पुलिस को गुरुद्वारा काम्प्लैक्स में प्रविष्ट होकर काम्प्लैक्स के 200 कमरों की तलाशी लेने की अनुमति दे दी थी ताकि वह अपना शक दूर कर सके।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के वरिष्ठ उपप्रधान श्री किरपाल सिंह शांत से जब पूछा गया कि क्या उन्हें पुलिस के गुरुद्वारा काम्प्लैक्स में प्रवेश पर कोई आपत्ति है तो उन्होंने कहा कि इस बारे संत लौंगोवाल ही कुछ कह सकते हैं।

सी. आर. पी. ने गुरुद्वारा काम्प्लैक्स का घेरा कल प्रातः उठा लिया। यहां गुरुद्वारा हाजी रत्न के पास भी पुलिस की कड़ी निगरानी है। पुलिस गुरुद्वारा कीरतपुर और बाजके भी गई। एस.पी. हैडक्वार्टर गुरुद्वारा हाजीरतन भी गए। वह गुरुकाशी कालेज तलवंडी साबो के होस्टल में भी दो बार तलाशी लेने गए लेकिन कुछ न मिला। इसी बीच भटिंडा के डिप्टी कमिश्नर श्री ए.के. मिश्र ने इस समाचार का खंडन किया है कि वह हथियारों की दुकान लूटे जाने की घटना के दिन तलवंडी साबो में थे।

गोहाटी बम कांड के मृतकों की संख्या 2

गोहाटी, 11 नवम्बर (प्रै.)– कल रात्रि हुए बम विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति के अस्पताल में दम तोड़ दिए जाने से अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

अराफात द्वारा त्रिपोली छोड़ने से इन्कार, संघर्ष जारी

त्रिपोली, 11 नवम्बर (ए.पी.): लेबनान के भूतपूर्व प्रधानमन्त्री रशीद करामीने फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात से त्रिपोली छोड़ कर चले जाने को कहा है ताकि खून-खराबा रुक सके। उधर यासर अराफात ने कहा है कि वे त्रिपोली से नहीं जायेंगे और अपने समर्थकों के साथ ही रहेंगे। इस बीच अराफात समर्थकों और विरोधियों के बीच संघर्ष फिर शुरू होने की खबर है।

युद्धविराम भंग

युद्धविराम प्रारम्भ होने के 24 घंटे के भीतर ही सीरियाई तोपों ने त्रिपोली की आठ बस्तियों पर पुनः आग उगलना शुरू कर दिया। दोपहर के समय ही बदाली शिविर व त्रिपोली में विस्फोट होने शुरू हो गए थे। अराफात समर्थक फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के एक प्रवक्ता ने कहा कि युद्धविराम समाप्त हो गया है और शिविर के उत्तरी व पूर्वी क्षेत्रों में घमासान युद्ध चल रहा है।

लीबिया के नेता कर्नल कद्दाफी ने फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात को सुरक्षा प्रदान करने की गारंटी देते हुए लीबिया आने का निमंत्रण दिया है। कर्नल कद्दाफी श्री अराफात के कट्टर दुश्मन माने जाते रहे हैं। कर्नल कद्दाफी ने श्री अराफात से अनुरोध किया है कि वह और कहीं जाने की बजाय लीबिया में आकर रहें।

इंदिरा द्वारा अराफात को पत्र

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (प्रै.)- प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के विभिन्न घटकों में चल रहे संघर्ष पर तीव्र चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस बारे में यासर अराफात को पत्र भी लिखा है।

फारूक आज दिल्ली जाएंगे

11.11.83 का प्रिंट आर्डर	
पंजाब केसरी	242555
हिन्द समाचार	74130
जगबाणी	41740
जोड़	358425

रछपाल दल से

ਪਿੰਡ ਨਾਗੋਕੇ ਦੇ ਇੰਕਾ ਨੇਤਾ ਸੁਰਜਨ ਸਿੰਘ ਨੂੰ 3 ਅਣਪਛਾਤਿਆਂ ਨੇ ਗੋਲੀਆਂ ਨਾਲ ਉਡਾ ਦਿਤਾ

ਹਮਲਾਵਰ ਚੋਰੀ ਦੀ ਕਾਰ ਚ ਆਏ-ਘਰ ਦੇ ਬਾਹਰ ਗੋਲੀ ਮਾਰ ਦਿਤੀ

ਲੁਧਿਆਣਾ 'ਚ ਮੰਦਰ ਨੂੰ ਉਡਾ ਦੇਣ ਦੀ ਧਮਕੀ

ਪਤਰ ਮਿਲਣ ਪਿਛੋਂ ਪੁਲਿਸ ਵਲੋਂ ਕਰੜੇ ਪ੍ਰਬੰਧ

ਲੁਧਿਆਣਾ, 11 ਨਵੰਬਰ—(ਹ. ਸ.) ਸਥਾਨਕ ਮਿਲਰ ਗੰਜ ਵਿਚ ਸਥਿਤ ਵਿਸ਼ਕਰਮਾ ਮੰਦਰ ਨੂੰ 15 ਦਿਨ ਦੇ ਅੰਦਰ ਬੰਬ ਨਾਲ ਉਡਾ ਦੇਣ ਦਾ ਧਮਕੀ ਭਰਿਆ ਪਤਰ ਮਿਲਿਆ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਤਰ ਜੋ ਕਿ ਮੰਦਰ ਦੇ ਪੁਜਾਰੀ ਸ੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਲਾਲ ਦੇ ਨਾਂ ਲਿਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ, ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਉਹ ਰੰਜ਼ਾਨਾ ਸਵੇਰੇ ਕਥਾ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਸ ਮੰਦਰ ਵਿਚ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਬੰਬ ਧਮਾਕਾ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਿਛਲੇ ਮਹੀਨੇ ਸਥਾਨਕ ਦੁਰਗਾ ਮੰਦਰ ਵਿਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ। ਉਕਤ ਪਤਰ ਜੋ ਕਿ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਹਰਭਜਨ ਸਿੰਘ ਦਾ ਨਾਂ ਲਿਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਦਾ ਸਬੰਧ ਦਲ ਖਾਲਸਾ ਨਾਲ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਮੰਦਰ ਦੀ ਸੁਰਖਿਆ ਦੇ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰ ਦਿਤੇ ਹਨ।

ਸਕੂਲ ਟੀਚਰ ਤੋਂ ਸਕੂਟਰ ਖੋਹ ਲਿਆ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 11 ਨਵੰਬਰ—(ਯੂ ਐਨ. ਆਈ.) ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਦੇ ਝਬਾਲ ਪਲਿਸ ਸਟੇਸ਼ਨ ਹੇਠ ਆਉਂਦੇ ਪਿੰਡ ਧਨ ਕਲਸ ਨੇੜੇ 2 ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਵਲੋਂ ਇਕ ਸਕੂਲ ਟੀਚਰ ਤੋਂ ਉਸ ਦੇ ਨਵਾ ਸਕੂਟਰ ਖੋਹੇ ਜਾਣ ਦੀ ਇਤਲਾਹ ਮਿਲੀ ਹੈ। ਇਥੇ ਪ੍ਰਾਪਤ ਖਬਰ ਅਨੁਸਾਰ ਹਮਲਾਵਰ ਸਕੂਟਰ ਦੇ ਮਾਲਕ ਨੂੰ ਕੁਟਿਆ ਸੀ।

ਪਹਿਲਾਂ ਵੀ ਕਤਲ ਦਾ ਦੋ ਵਾਰ ਯਤਨ ਹੋਇਆ ਉਚ ਪੁਲਸ ਅਫਸਰ ਮੌਕੇ ਤੇ-ਨਾਕਾਬੰਦੀ ਕਰ ਲਈ

आज प्रातः साढ़े आठ बजे जब यह संवाददाता घटनास्थल पर पहुंचा तो सिर्फ सात-आठ पुलिस कर्मचारी वहां एक सब इंस्पैक्टर के नेतृत्व में मौजूद थे और लिखा-पढ़ी में लगे हुए थे। लिंक रोड के कच्चे हिस्से पर पास-पास ही चार जगहों पर लगी खून की छपड़ियां एक वीभत्स दृश्य प्रस्तुत कर रही थीं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों लाशों को तड़के तीन बजे ही यहां से हटा कर कैरों पुलिस चौकी भेज दिया गया।

गांव के सरपंच गुरदीप सिंह और बीसियों देहाती शोक मुद्रा में पास ही बैठे थे। आसपास के खेतों में कोई हल या ट्रैक्टर नहीं चला रहा था। कुछ पुलिस कर्मी सुबह का नाश्ता करने में व्यस्त थे। चारों मृतकों की आयु 20, 22, 35 और 40 वर्ष आंकी जाती है।

शिनाख्त

अमृतसर के अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्री एच. एस. मिन्हास और तरनतारन के एस. डी. एम. श्री मनोहर लाल गरोवा ने बताया कि चारों लाशों की पहचान हो चुकी है। तीन लाशें नौशहरा पुन्नुआं के विपिन पाल सूद पुत्र जयकिशन सूद और सुभाष चंद्र सूद पुत्र नंद लाल सूद तथा मोगा मंडी के ओम प्रकाश की हैं। 40 वर्षीय विपिन सिचाई विभाग में काम करता है और 36 वर्षीय सुभाष ढाब बस्ती राम अमृतसर में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा का कर्मचारी है।

श्री मिन्हास के विशेष आदेश पर शवों का कैरों डिस्पैंसरी में पोस्टमार्टम किया गया और विपिन तथा सुभाष के शव अंतिम संस्कार के लिए उनके वारिसों को दे दिए गए।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

फारूक के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव : 5 दिसम्बर को बैठक

श्रीनगर, 19 नवम्बर (कौल) : ज्ञात हुआ है कि नैशनल कांफ्रैंस के विद्रोही नेता तथा मुख्यमन्त्री डाक्टर फारूक के बहनोई श्री जी. एम. शाह अपनी ताकत बढ़ाने के लिए सक्रिय हैं। जी. एम. शाह, जो आज यहां से जम्मू चले गए हैं, 3 दिन के लिए दिल्ली जा रहे हैं जहां वह राजीव गांधी व अन्य इंका नेताओं से अपनी रणनीति के बारे में विचार करेंगे। श्री डी.डी. ठाकुर पहले से ही दिल्ली में हैं। यह भी ज्ञात हुआ है कि श्री शाह ने 5 दिसम्बर को अपने समर्थकों की जम्मू में बैठक बुलाई है जिसमें डाक्टर फारूक को नैशनल कांफ्रैंस के अध्यक्ष पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार होगा।

जम्मू : मुख्यमंत्री डाक्टर फारूक ने कांग्रेस (इ) पर आरोप लगाया कि उसने उनकी निर्वाचित सरकार के विरुद्ध 'झूठा और बदनाम करने वाला' अभियान चला रखा है।

कल यहां से 65 किलोमीटर दूर ऊधमपुर में एक दुकान का उद्घाटन करते हुए फारूक ने कहा कि मैं इस बात से नहीं डरता और जानता हूं कि ऐसी बातों का सामना कैसे किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव समाप्त हो चुके हैं तथा हमें अगड़ को भूल कर विकास कार्यों में हाथ बंटाना चाहिए।

अपहृत बस रोकने में असफल पुलिस कर्मियों की मुअत्तिली की मांग

अमृतसर, 19 नवम्बर (वि.प्र.) : पंजाब के राज्यपाल श्री बी. डी. पांडे ने विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक में चार व्यक्तियों की हत्या की घटना पर विचार किया। राजनीतिक नेताओं ने पुलिस और उग्रवादियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि आश्चर्य की बात है कि घटनास्थल अमृतसर से 40 मील दूर है। अपहरणकर्त्ता इस बस को चाटीविंड ले गए और रास्ते में सड़क पर जगह-जगह पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। वे 15 नाकाबंदियां पार करके चले गए, किसी ने उन्हें चैक नहीं किया। उन्होंने मांग की कि इन नाकों पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को मुअत्तिल किया जाए।


इसी मध्य आज यहां गुरुपर्व के जलूस के साथ संत लौंगोवाल ने अपने तीन नेता भेजे ताकि गड़बड़ न हो।

नकली व अशुद्ध पंचांग से सावधान

विश्व भर में प्रसिद्ध और सौ से भी अधिक वर्षों से प्रतिष्ठित

पंचांग दिवाकर व मफीद आलम जन्त्री









(ऊपर) नौशहरा पुन्नुआं हत्या कांड में उग्रवादियों की गोलियों का शिकार हुए 4 निर्दोष बस-यात्रियों के शव। (बाएं) से सुभाष और बिपिन सूद, ओम प्रकाश तथा नौशहरा पुन्नुआं का एक युवक (नीचे) बाएं खब्बे राजपूतां ग्राम के बाहर सड़क किनारे खून से लथपथ स्थान जहां बस रोक कर ये हत्याएं की गईं। (दाएं) अजीत सिंह निहंग जिसने अपने प्राणों की संकट में डाल कर एक बस यात्री को उग्रवादियों की गोली से बचाया। (छाया : ओम भंडारी तथा वेद कपूर) (कुछ अन्य चित्र पृष्ठ 4 पर देखें)

बस यात्री हत्या कांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

शोक का वातावरण

नौशहरा पन्नुआं में जैसे ही यह खबर पहुंची कि उनके गांव के दो युवक उग्रवादियों ने गोलियों से भून दिए हैं तो सर्वत्र शोक का वातावरण छा गया। सैकड़ों व्यक्ति कैरों डिस्पेंसरी पहुंचने शुरू हो गए।

आठ खोल मिले

डी. एस. पी. तरनतारन श्री किरपाल सिंह कालहों ने बताया कि प्रारम्भिक जांच के दौरान घटना-स्थल से पुलिस को पिस्तौल के कारतूसों के आठ खोल मिले हैं। तीन व्यक्तियों की कनपटी में गोली मारी गई जबकि चौथे की कनपटी के अलावा पेट में भी घाव था। प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावर माझे की भाषा बोलते थे। उन में से अधिकांश ने अपने चेहरे ढके हुए थे।

डेढ़ घंटे का अन्तर

कहा जाता है कि कैरों पुलिस चौकी के इंचार्ज ने खूनी कांड की सूचना मिलते ही अपने पास उपलब्ध संचार साधनों का उचित उपयोग नहीं किया। वह स्वयं घटनास्थल पर पहुंच गए। यदि कैरों से वायरलैस पर तुरन्त सरहाली या तरनतारन संदेश पहुंच जाता तो शायद हत्यारे काबू किए जा सकते। एक उच्च पुलिस अधिकारी के अनुसार हत्याकांड और पुलिस के हरकत में आने में लगभग डेढ़ घंटे का अंतर पड़ा। हत्यारों के भाग निकलने के लिए यह काफी लम्बा समय था। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने नाकाबंदियों के बावजूद अपहृत बस के चाटीविंड अमृतसर पहुंचने और अपराधियों के बच निकलने पर तीव्र अप्रसन्नता प्रकट की।

अमृतसर में सिगरेट विक्रेता को गोली मार दी

भारी पुलिस फोर्स के बावजूद आक्रमणकारी भागने में सफल

जालन्धर में मंदिर उड़ाने की धमकी

अमृतसर, 20 नवम्बर (प्रै.): आज रात यहां शहर के भीतरी भाग दाल मंडी में अज्ञात व्यक्तियों ने एक सिगरेट विक्रेता को गोली मार दी। उसे तत्पश्चात सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है।

यू.पी. का रहने वाला

सिगरेट विक्रेता का नाम अमृत लाल है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इस क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स तैनात होने के बावजूद आक्रमणकारी, जिनकी संख्या दो बताई जाती है भाग निकलने में सफल हो गए।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार अमृत लाल की गर्दन में गोली लगी है।

जिला पुलिस चीफ श्री ए. एस. मान, एस. पी. सिटी श्री जे. पी. विरदी और डी. एस. पी. सिटी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

मंदिर की दीवार पर पोस्टर

जालन्धर से 'खबरां' ने खबर दी है कि आज रात यहां गोपाल नगर में श्री कृष्ण मुरारी मंदिर की बाहिरी दीवार पर दो अज्ञात सिख युवक एक हस्तलिखित पोस्टर लगा कर भाग गए। इस पोस्टर में पंजाबी में लिखा गया है—"हिन्दओ पंजाब से निकल जाओ, पुजारी मंदिर छोड़ कर भाग जाए, मंदिर को उड़ा दिया जाएगा। भिंडरांवाला जिन्दाबाद।"

मंदिर प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री राम नारायण के अनुसार मंदिर के पुजारी की पत्नी ने रात साढ़े नौ बजे दो युवकों को यह पोस्टर लगाते देखा। इससे पहले कि उन्हें कोई ललकारता, वे भाग खड़े हुए।

मंदिर कमेटी ने इस मामले की पुलिस को सूचना दे दी है।

उल्लेखनीय है कि परसों रात ही बस्ती शेख के शिव मंदिर में किसी शरारती ने शिवलिंग तोड़ दिया था।

अकाल तख्त के जत्थेदार द्वारा अपील सम्भावित

अमृतसर, 20 नवम्बर (प्रै.): विश्वस्त रूप से विदित हुआ है कि पंजाब में निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं पर लोगों के नाम अकाल तख्त के मुख्य जत्थेदार किरपाल सिंह द्वारा एक अपील जारी होने की आशा है। इस अपील से गुरुग्रंथ वाणी और सिख को उद्धृत किय अकाली दल के प्र और जत्थेदार कि सम्बन्ध में विच

स्मरण रहे जिसकी बैठक र अध्यक्षता में हुई श्री अकाल तख्त हिंसा के विरुद्ध का आग्रह किय

यमुनानगर

आग

धर्म के उन्माद में पागल व्यक्ति की कहानी

पोतियां आएं बहू भगाएं

पोती के पैदा होने

'हिटलिस्ट' के निरंकारी को गोली मार दी गई

अमृतसर, 23 नवम्बर (पी.) स्वर्ण मंदिर के निकट पक्की बाग चौक में आज रात उग्रवादी द्वारा शरणजीत सिंह नामक एक निरंकारी पर गोली चलाए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। शरणजीत सिंह गम्भीर रूप से घायल हुआ है तथा उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस रिपोर्टों के अनुसार उग्रवादी पहले उसकी दुकान में एक बल्ब खरीदने के बहाने आया। जब श्री अरोड़ा आलमारी से बल्ब उतारने के लिए घूमे तभी उसने उग्रवादी ने गोलियां मारीं। हमलावर ने अपना मुंह ढका हुआ था। वह फरार होने में सफल रहा।

राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के बाद किसी निरंकारी पर किया गया यह पहला हमला है। श्री शरणजीत प्रमुख निरंकारी श्री बाबा गोविन्द सिंह अरोड़ा का छोटा भाई है। श्री बाबा गोविन्द सिंह निरंकारी-सिख झड़प (जो 1978 में अमृतसर में हुई थी) के मुख्य अभियुक्तों में से एक था, पर बाद में उसे रिहा कर दिया गया था। दोनों भाई उग्रवादियों की हिट लिस्ट में हैं तथा उन्हें कई धमकीपूर्ण पत्र भी प्राप्त हो चुके हैं।

राष्ट्रपति के भाई का अपहरण

बगोटा, 23 नवम्बर (ए.पी.): चार व्यक्तियों ने कोलम्बिया के राष्ट्रपति बिलसारियो बेटेन्कर के भाई का अपहरण कर लिया है।

फगवाड़ा के निकट बैंक से डेढ़ लाख रु. लूट लिए

फगवाड़ा, 23 नवम्बर (कौड़ा, प्रै. यू. हि.) : आज दोपहर बाद यहां से सात किलोमीटर दूर गोराया के निकट माहला गांव स्थित लक्ष्मी कमर्शियल बैंक की शाखा में डाका पड़ा और मोटर साइकल पर आए दो सशस्त्र डाकू 146550 रु. की रकम लेकर फरार हो गए।

बताया जाता है कि डाकू, जिन की संख्या दो थी, बैंक के अन्दर लगभग 12.40 पर दाखिल हुए। उनमें एक ने, जो केशधारी था, बैंक मैनेजर श्री एन.के. मेहता के केबिन में दाखिल होकर उनसे हिन्दी में कहा, "खड़े हो जाओ।" और फिर अंग्रेजी में कहा—"कीज, (चाबियां)।"

इसके साथ ही दूसरे डाकू ने, जो गैर सिख था, पिस्तौलों की नोक पर सारे स्टाफ और ग्राहकों को खड़ा करके एक कमरे में बन्द कर दिया। उस समय बैंक के अन्दर मैनेजर के अलावा चार क्लर्क, चार चपड़ासी, एक ग्राहक मेजर धन्ना सिंह, उसका पोता और एक अन्य मदन लाल मौजूद थे। गैर सिख डाकू ने इन सभी को अपने 'काबू' में रखा और मुख्य द्वार पर पहरे के लिए आ खड़ा हुआ क्योंकि दरवाजे में कोई सांकल आदि नहीं थी। केश धारी डाकू पहले तो मैनेजर को एक अलमारी के पास ले गया। किन्तु उसके यह बताने पर कि कैश उसमें नहीं है, वह कैशियर के केबिन में दाखिल हो गया। वहां उसने सारी रकम इकट्ठी की। तभी गैर सिख डाकू ने अपने चेहरे पर लपेटी चादर उतार ली और केशधारी डाकू ने रकम को उसमें बांध लिया और दोनों मोटर साइकल पर ही फरार हो गए।

कि बैंक अधिकारियों ने उन्हें आते ही सूचना दी कि डाकू जंडियाला - नकोदर रोड की तरफ भाग गए। पुलिस पार्टियां उस तरफ रवाना की गई। अब बैंक कर्मचारी बता रहे हैं कि डाकू खानपुर-बंगा की तरफ गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों बैंक लूटेरों की शिनाख्त कर ली गई है और गिरफ्तारियां किसी भी समय प्रत्याशित हैं।

जिला पुलिस चीफ ने कहा कि पर 5407 नम्बर की प्लेट लगी थी। साथ वाले अंग्रेजी अक्षर मिटे हुए थे। बैंक में कोई सुरक्षा कर्मचारी नहीं है।

दसूहा से हि. स. का समाचार है कि यहां से आठ किलोमीटर दूर मुकेरियां पुलिस ने उग्रवादी बाबा बलवन्त सिंह निहंग को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गत रात एस.एस.पी. होशियारपुर श्री भुल्लर व इन्स्पैक्टर हरिन्द्र सिंह के नेतृत्व में

मोटर साइकल पर आए दोनों डकैत फरार : मैनेजर से अंग्रेजी में चाबियां मांगीं : अम्बाला में अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकान फूंक दी : भाजपा नेता के घर पर पथराव : मुकेरियां में एक उग्रवादी पकड़ा गया

बताया जाता है कि केशधारी डाकू ने आसमानी रंग की पैंट-कमीज पहनी थी जबकि गैर सिख के कपड़े मटमैले से चैकदार थे।

डकैती की सूचना मिलते ही जालन्धर से पुलिस चीफ श्री गुरु इकबाल सिंह भुल्लर और अन्य अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। बैंक के असिस्टैंट जनरल मैनेजर श्री मल्होत्रा भी पहुंच गए। श्री भुल्लर ने बताया बैंक वालों ने बार-बार परामर्श के बावजूद अलार्म नहीं लगवाया।

हि. स. के अनुसार डाकुओं के पास रायल एंफील्ड मोटर साइकल था। बैंक मैनेजर का कहना है कि दोनों डकैत नौजवान थे और उनकी उम्र 25-30 के बीच थी। उनमें से एक ने सिर पर हरे रंग का कपड़ा बांधा हुआ था। केशधारी डाकू की दाढ़ी पर जाली लगी हुई थी। मोटर साइकल का रंग काला था और उस भारी पुलिस फोर्स के साथ एक निकटवर्ती गांव में छापा मार कर उक्त उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह उग्रवादी पुलिस को कई मामलों में वांछित था। उन्होंने कहा कि उक्त उग्रवादी गत मार्च मास में पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री डा. केवल कृष्ण के लड़के डा. बब्बी की दुकान में बम विस्फोट करने के मामले में मुख्य अपराधी था।

इससे पहले मुकेरियां से ही एक उग्रवादी सुच्चा सिंह को पकड़ा गया था।

जालन्धर के डिप्टी कमिश्नर श्री केसर भी घटना स्थल पर पहुंचे। किसी गिरफ्तारी का समाचार नहीं है। पड़ोसी जिलों की पुलिस सतर्क कर दी गई है।

कल रात अम्बाला शहर के एक कपड़ा विक्रेता की दुकान को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगाकर जला दिये जाने का समाचार मिला है। आग लगने से इस दुकान की लगभग डेढ़ लाख रुपए की क्षति हुई है। इस घटना के रोष स्वरूप आज शहर के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बन्द रखीं। एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक श्री लक्ष्मणदास से भेंट कर दोषियों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की।

हरियाणा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रधान तथा संसद सदस्य श्री सूरजभान के घर पर कल रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पथराव किया गया। श्री सूरजभान की पत्नी ने बताया कि यह अज्ञात व्यक्ति उसे

(शेष पृष्ठ 6 पर)

वर्ष 18: अंक 166 शुक्रवार 25 नवम्बर, 1983 तदनुसार 10 मार्गशीर्ष, 2040 मूल्य 55 पैसे श्रीनगर 65 पैसे

सरकार कानून-व्यवस्था कायम करने की दिशा में सक्रिय है। जनता इसके लिए सहयोग दे। परिस्थितियों पर

लोगों को एक ... के ऋण तमाम ... दिए गए। इस अव...

निरंकारी बाबा का कथित हत्यारा रणजीत गिरफ्तार

पंजाब में हिंसा का दौर शुरू करने का षड्यंत्र सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के सत्र के दिन रचा गया

मुक्तसर में सुनार की हत्या, फरीदा में डाकघर लुटा

पुलिस का चमकौर सिंह की गिरफ्तारी से कई मामले सुलझा लेने का दावा

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (प्रै): निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह की हत्या के मामले में वांछित रणजीत सिंह को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है। निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह की सन 1980 में यहां उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रणजीत सिंह को आज गिरफ्तार किया गया है।

1 दिसम्बर तक रिमांड

रणजीत सिंह को आज शाम लगभग पांच बजे यहां मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट श्री प्रकाश चंद के समक्ष डी. एस. पी. श्री बी. आर. पुरी ने पेश किया। श्री पुरी इस हत्याकांड में मुख्य जांच अधिकारी थे।

श्री प्रकाश चंद ने रणजीत सिंह को पुलिस हिरासत में एक दिसम्बर तक का रिमांड दे दिया है।

इससे पूर्व श्री प्रकाश चंद ने रणजीत सिंह से पूछा कि क्या वह कोई वकील करना चाहता है तो उसने नकारात्मक उत्तर दिया।

जी. एस. चावला के अनुसार रणजीत सिंह को सी. बी. आई. दल ने पूर्वी दिल्ली में उसकी मां के घर के पास से गिरफ्तार किया था। सी. बी. आई. को उसकी गतिविधियों के बारे में एक मुखबिर ने सूचना दी थी।

सी. बी. आई. उससे काबुल सिंह हत्या में उपयोग किये गये यार व अभियुक्तों द्वारा भागने में स्त की गई कार का पता लगाने के पूछताछ कर रही है।

रणजीत सिंह का नाम भी उन 45 ों की सूची में शामिल था, जोकि स को विभिन्न केसों में वांछित है दरबार साहब में छिपे हुये हैं। सूची केन्द्रीय गृह मंत्री ने दी थी।

इस मामले की जांच और आगे बढ़ सकी थी क्योंकि यह बताया या था कि दोनों वांछित गुरुद्वारों में शरण लिये हुये हैं।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री को 1981 में लिखा था कि पंजाब पुलिस सी. बी. आई. को इस मामले में सहयोग नहीं दे रही है। यहां तक कि अभियुक्तों द्वारा भागने में प्रयुक्त कार को भी सी. बी. आई. ने पंजाब में देखा था। उपराज्यपाल ने अपने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया था।

यहां तक कि इस हत्याकांड में उग्रवादी सिख नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाला का हाथ होने का भी संदेह प्रकट किया था। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस बात का भी अपने पत्र में उल्लेख किया था।

निरंकारी बाबा हत्या कांड का एक और अभियुक्त बादल सिंह अभी भी फरार है। 24 अप्रैल 1980 को निरंकारी बाबा की उस समय निरंकारी भवन में हत्या करदी गई थी जबकि वह रात्रि में एक धार्मिक सभा से वापस लौट रहे थे। हत्यारे ने उनके अंग रक्षक की भी हत्या करदी थी।

हत्या के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। इस हत्या कांड की जांच दिल्ली पुलिस ने प्रारम्भ की थी जिसे बाद में सी. बी. आई. ने अपने हाथ में ले लिया था। रणजीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। रणजीत सिंह की गिरफ्तारी से अब इस हत्या कांड के अनेक तथ्यों का पता लगने की संभावना है।

इस बीच पंजाब में एक और हिंसा कांड का समाचार मुक्तसर से मिला है जहां कल सायं एक सुनार को अज्ञात हत्यारों ने गोली से उड़ा दिया। फगवाड़ा के निकट फराला गांव में डाकखाने से 24 हजार रुपए चोरी कर लिए गए। लुधियाना में गिरफ्तार एक उग्रवादी चमकौर सिंह ने पुलिस के समक्ष पंजाब में हिंसा कांडों के षड्यंत्र के बारे में अनेक सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन किए हैं।

फरीदकोट (अमर) — मुक्तसर में कल शाम 2 सशस्त्र व्यक्तियों ने एक 45 वर्षीय व्यक्ति राम प्रकाश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसके पुत्र जगशेर सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों ही आक्रमणकारी जो उग्रवादी ख्याल किए जाते हैं, पैदल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस. बी. सिंह के अनुसार राम प्रकाश सिंह और उनका पुत्र अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे कि उन पर दोनों आक्रमणकारियों ने गोलियां चलाईं।

घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई तथा मोटर साइकिल स्क्वाड व पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन इसके बावजूद हत्यारे अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं सूचना मिलते ही 5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गए थे। वे बाद में घायल जगशेर सिंह को देखने अस्पताल भी गए। मृतक राम प्रकाश सिंह सुनार था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस इस हत्या कांड में उग्रवादियों का हाथ होने की संभावना से इन्कार किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारम्भ करदी है।

डाकघर में चोरी

फगवाड़ा (जा.): यहां से 12 किलो मीटर दूर फराला गांव में गत अर्द्ध रात्रि में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव के डाक घर में सेंध लगाकर 24 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार चोर डाक घर से यह रुपया चुराकर तिजोरी के साथ ही फरार हो गए।

'अशोक' के अनुसार चोर डाकघर का ताला तोड़कर 4200 रुपए ले गए। पता चला है कि चोर आरी से चार ताले काटकर डाकघर में प्रविष्ट हुए और कैश बाक्स उठा ले गए।

कल रात्रि में ही दो अन्य दुकानों के भी ताले तोड़े गए। मगर उनके नुकसान का पता नहीं चल सका है।

बंगा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू करदी है।

हिंसाकांडों का रहस्योद्घाटन

चंडीगढ़ (यू): लुधियाना पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए एक उग्रवादी चमकौर सिंह की गिरफ्तारी से लूटमार व हिंसा के अनेक मामलों का रहस्योद्घाटन हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चमकौर सिंह, जो लुधियाना जिले के रुड़का कलां का रहने वाला है, ने बताया है कि हिंदुओं में हत्याओं व हिंसक कांडों द्वारा आतंक पैदा करने का षड्यंत्र गत 20 सितम्बर को सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के अमृतसर में सम्पन्न अधिवेशन वाले दिन तैयार किया गया था। सतिंदर सिंह उर्फ पी. टी. ने उस दिन वहां उपस्थित कुछ लोगों को निर्देश दिया था कि "हिंदुओं में आतंक व भय" पैदा करने के लिए वे हत्यायें व हिंसक कांड

(शेष पृष्ठ 10 पर)



नई दिल्ली के विज्ञान भवन, जहां राष्ट्रकुल शासनाध्यक्ष सम्मेल... पहरा रह...

रूस अमरीका के प्रक्षेपास्त्र तै...

मास्को, 24 नवम्बर (वार्ता): सोवियत संघ ने आज घोषणा की कि वह अमरीका के बहुत निकट समुद्री क्षेत्रों में अपने प्रक्षेपास्त्र तैनात करेगा। सोवियत संघ के राष्ट्रपति आंद्रोपोव ने एक बयान में यह घोषणा की है।

श्री आंद्रोपोव ने कहा कि सामरिक हथियारों में कटौती करने के लिए सोवियत संघ ने जैनेवा वार्ता में जो प्रस्ताव रखे थे, उन्हें अमरीका ने मानने से इन्कार कर दिया है। इसे देखते हुए सोवियत संघ यूरोप में परमाणु प्रक्षेपास्त्रों में वृद्धि नहीं करने के अपने एकतरफा फैसले को रद्द कर रहा है।

श्री आंद्रेपोव ने अमरीका पर परमाणु शस्त्र परि... वार्ता को भंग करने ... और कहा कि सोवि... आगे वार्ता में भाग ले... पश्चिमी योरोपीय ... 5 वर्षों में 572 अ... व क्रूज मिजाइलें ... 5 राष्ट्रों ने इनके लि... चयन किया है। वि... कमान ने 108 क्रूज मि... तक, प. जर्मनी के म... पशिंग-2, मिजाइलें ... इटली के कोमिसो... मिजाइलें मार्च 198...

ग्रेनाडा में तुल...

नई दिल्ली, 24 ... प्रधानमंत्री इंदिरा गां... कहा कि ग्रेनाडा पर ... की तुलना बंगला दे... भारत के हस्तक्षेप ... सकती।

राष्ट्रकुल सम्मेल... अधिवेशन में श्रीमती ... समय विस्तार से ... घटनाओं का जिक्र ... बारबडोस के उपप्रध... ग्रेनाडा में हस्तक्षेप की... द्वारा बंगला देश में का...

तंजानिया के राष्... न्यरेरे ने भी श्रीमती गां... जोरदार समर्थन किया... उगांडा में ईदी अमीन ... संघर्ष की तुलना भी ग्रे... उचित नहीं होगा।

श्रीमती गांधी ने क... देश में भारत ने तभी ह... था जब उसकी पूर्वी ... सीमाओं पर पाकिस्तान ... दिया था।

श्रीमती गांधी ने कहा... किसी देश पर न तो ह... किसी की जमीन पर अ... है। उल्टे दूसरे देशों ने ... हमले किये और हमारी ...

गोली कांड का घायल चल बसा

अमृतसर, 24 नवम्बर (प्रै.): यहां उग्रवादियों की गोलियों से गत 21 नवम्बर को घायल 48 वर्षीय मोहन लाल ने आज घावों की पीड़ा न सहते हुए दम तोड़ दिया। मोहन लाल को उसकी दुकान पर गोली मार कर चार अज्ञात व्यक्ति उससे 47 हजार रु. नकद छीन कर भाग गए थे।

मौसम

पुणे, 24 नवम्बर (यू.)–पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में मौसम शुष्क और तापमान सामान्य से कम रहा। अगले 48 घंटों में क्षेत्र में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

लौंगोवाल की राष्ट्रकुलाध्यक्षों से अपील द्रोहपूर्ण कृत्य : वसंत

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (एजेंसी-यू.): पंजाब प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्री बसंत सिंह खालसा, लाला भगवान दास, श्री टहलसिंह लांगा इका विधायकों तथा कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव श्री अवतार सिंह करीमपुरी ने अकाली नेता संत हरचंद सिंह लौंगोवाल द्वारा राष्ट्रमंडलीय देशों के शासनाध्यक्षों को लिखे गए उस पत्र पर भारी आपत्ति की है जिसमें उन्होंने इन नेताओं से सिखों को न्याय दिलाने की अपील की है। जारी यहां अलग-अलग बयानों में इन नेताओं ने श्री लौंगोवाल के इस कृत्य को 'अराष्ट्रीय' बताया है। उन्होंने श्री लौंगोवाल से कहा कि वे इस प्रकार का घिनौने व खतरनाक खेल न खेलें।

श्री बसंत सिंह ने कहा कि श्री लौंगोवाल व अन्य अकाली नेता इस कृत्य के लिए राष्ट्र से क्षमा मांगें।

तुर्की के प्रधानमंत्री का त्यागपत्र

अंकारा, 24 नवम्बर (ए.पी.): नवनिर्वाचित संसद का अधिवेशन शुरू होने से पूर्व तुर्की के प्रधानमंत्री बुलंद उलुस ने आज अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंप दिया। राष्ट्रपति ने उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है।

सेना द्वारा 1980 में सत्ता सम्भालने के बाद से श्री उलुस तुर्की के प्रधानमंत्री थे।

चलते-चलते



धीरेंद्र ब्रह्मचारी की जमानत की अर्जी पर निर्णय सुरक्षित

जम्मू, 24 नवम्बर (प्रे.): जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में आज बड़ौदा के डेयरी स्पैशलिस्ट धीरेंद्र ब्रह्मचारी की पेशगी जमानत के लिए दी गई याचिका पर दो घंटे की दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस वी. खालिद ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

दोपहर के भोजन के बाद, जब कार्यवाही फिर शुरू हुई तो याचिकाकर्ता के वकील श्री ... ने अदालत को बताया कि ब्रह्मचारी को 1981 में भारत सरकार ने डेयरी विकास के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचारी ने भारत में डेयरी विकास के लिए बहुत काम किया है। बहस का आरम्भ करते हुए उन्होंने केस के महत्व तथा एफ. आई. आर. पर प्रकाश डाला और कहा कि इस सम्बन्ध में गिरफ्तार किये गये तीन अभियुक्त जमानत पर रिहा किये जा चुके हैं, जिनमें कारखाने का हिस्सेदार भी शामिल है। एक और कारखाने पर भी छापा मारा गया था और उनके मालिकों की भी जमानत ...

गैर-कानूनी तौर पर विदेशों में मंगवाये गये हैं। ब्रह्मचारी के पास लाइसैंस है, जिसके आधार पर ये पुर्जे आयात किये गये हैं और उन पर कस्टम ड्यूटी दी गई। ये सब कागजात याचिका के साथ संलग्न हैं। उन्होंने कहा कि सारा मामला राजनीतिक स्टंट है। चाहे धीरेन्द्र को गिरफ्तार करने का कोई कारण नहीं है

यह आज अदालत में देखा जा सकता था कि कुछ लोग दखल देने के लिए पहुंच गए हैं।

चीफ़ जस्टिस का बयान

चीफ़ जस्टिस वी. खालिद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के आसपास में जो कुछ हो रहा है, इसे नज़रअंदाज़ नहीं

निरंकारी बाबा का कथित हत्यारा रणजीत गिरफ्तार

पंजाब में हिंसा का दौर शुरू करने का षड्यंत्र सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के सत्र के दिन रचा गया

मुक्तसर में सुनार की हत्या, फरीदा में डाकघर लुटा

पुलिस का चमकौर सिंह की गिरफ्तारी से कई मामले सुलझा लेने का दावा

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (प्रे) : निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह की हत्या के मामले में वांछित रणजीत सिंह को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है। निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह की सन 1980 में यहां उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रणजीत सिंह को आज गिरफ्तार किया गया है।

1 दिसम्बर तक रिमांड

रणजीत सिंह को आज शाम लगभग पांच बजे यहां मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट श्री प्रकाश चंद्र के समक्ष डी. एस. पी. श्री बी. आर. पुरी ने पेश किया। श्री पुरी इस हत्याकांड में मुख्य जांच अधिकारी थे।

श्री प्रकाश चंद्र ने रणजीत सिंह का पुलिस हिरासत में एक दिसम्बर तक का रिमांड दे दिया है।

इससे पूर्व श्री प्रकाश चंद्र ने रणजीत सिंह से पूछा कि क्या वह कोई वकील करना चाहता है तो उसने नकारात्मक उत्तर दिया।

'जी. एस. चावला' के अनुसार रणजीत सिंह को सी. बी. आई. दल ने पूर्वी दिल्ली में उसकी मां के घर के पास से गिरफ्तार किया था। सी. बी. आई. को उसकी गतिविधियों के बारे में एक मुखबिर ने सूचना दी थी।

सी. बी. आई. उससे काबुल सिंह तथा हत्या में उपयोग किये गये हथियार व अभियुक्तों द्वारा भागने में प्रयुक्त की गई कार का पता लगाने के लिये पूछताछ कर रही है।

रणजीत सिंह का नाम भी उन 45 लोगों की सूची में शामिल था, जोकि पुलिस को विभिन्न केसों में वांछित हैं तथा दरबार साहब में छिपे हुये हैं। यह सूची केन्द्रीय गृह मंत्री ने दी थी।

इस मामले की जांच और आगे नहीं बढ़ सकी थी क्योंकि यह बताया देखा था। उपराज्यपाल ने अपने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया था।

यहां तक कि इस हत्याकांड में उग्रवादी सिख नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाला का हाथ होने का भी संदेह प्रकट किया था। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस बात का भी अपने पत्र में उल्लेख किया था।

निरंकारी बाबा हत्या कांड का एक और अभियुक्त काबुल सिंह अभी भी फरार है। 24 अप्रैल 1980 को निरंकारी बाबा की उस समय निरंकारी भवन में हत्या करदी गई थी जबकि वह रात्रि में एक धार्मिक सभा से वापस लौट रहे थे। हत्यारे ने उनके अंग रक्षक की भी हत्या करदी थी।

हत्या के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। इस हत्या कांड की जांच दिल्ली पुलिस ने प्रारम्भ की थी जिसे बाद में सी. बी. आई. ने अपने हाथ में ले लिया था। रणजीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। रणजीत सिंह की गिरफ्तारी से अब इस हत्या कांड के अनेक तथ्यों का पता लगने की संभावना है।

इस बीच पंजाब में एक और हिंसा कांड का समाचार मुक्तसर से मिला है जहां कल सायं एक सुनार को अज्ञात हत्यारों ने गोली से उड़ा दिया। फगवाड़ा के निकट फरीदा गांव में डाकखाने से 24 हजार रुपए चोरी कर लिए गए। लुधियाना में गिरफ्तार एक उग्रवादी चमकौर सिंह ने पुलिस के समक्ष पंजाब में हिंसा कांडों के षड्यंत्र के बारे में अनेक सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन किए हैं।

फरीदकोट (अमर) — मुक्तसर में कल शाम 2 सशस्त्र व्यक्तियों ने एक 45 वर्षीय व्यक्ति राम प्रकाश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसके पुत्र जगशेर सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों ही आक्रमणकारी जो उग्रवादी ख्याल किए जाते हैं, पैदल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस. बी. सिंह के अनुसार राम प्रकाश सिंह और उनका पुत्र अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे कि उन पर दोनों आक्रमणकारियों ने गोलियां चलाईं।

घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई तथा मोटर साइकिल स्क्वाड व पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन इसके बावजूद हत्यारे अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं सूचना मिलते ही 5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गए थे। वे बाद में घायल जगशेर सिंह को देखने अस्पताल भी गए। मृतक राम प्रकाश सिंह सुनार था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस इस हत्या कांड में उग्रवादियों का हाथ होने की संभावना से इन्कार किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारम्भ करदी है।

डाकघर में चोरी

फगवाड़ा (वा.) : यहां से 12 किलो मीटर दूर फरीदा गांव में गत अर्द्ध रात्रि में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव के डाक घर में सेंध लगाकर 24 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार चोर डाक घर से यह रुपया चुराकर तिजोरी के साथ ही फरार हो गए।

'अशोक' के अनुसार चोर डाकघर का ताला तोड़कर 4200 रुपए ले गए। पता चला है कि चोर आरी से चार ताले काटकर डाकघर में प्रविष्ट हुए और कैश बाक्स उठा ले गए।

कल रात्रि में ही दो अन्य दुकानों के भी ताले तोड़े गए। मगर उनके नुक्सान का पता नहीं चल सका है।

बंगा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू करदी है।

हिंसाकांडों का रहस्योद्घाटन

चंडीगढ़ (यू) : लुधियाना पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए एक उग्रवादी चमकौर सिंह की गिरफ्तारी से लूटमार व हिंसा के अनेक मामलों का रहस्योद्घाटन हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चमकौर सिंह, जो लुधियाना जिले के रुड़का कलां का रहने वाला है, ने बताया है कि हिंदुओं में हत्याओं व हिंसक कांडों द्वारा आतंक फैला करने का षड्यंत्र

लौंगोवाल की राष्ट्रकुला ध्यक्षों से अपील द्रोहपूर्ण कृत्य : वसंत

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (परवाना. यू.): पंजाब प्रदेश इका के महासचिव श्री बसंत सिंह विधायक, लाला भगवान दास, श्री दरबारी लाल इका विधायकों तथा कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव श्री अवतार सिंह मल्होत्रा ने अकाली नेता संत हरचंद सिंह

श्री बसंत सिंह ने कहा कि श्री लौंगोवाल व अन्य अकाली नेता इस कृत्य के लिए राष्ट्र से क्षमा मांगें।

तुर्की के प्रधानमंत्री का त्यागपत्र

घर हत्या कर दी गई थी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रणजीत सिंह को आज गिरफ्तार किया गया है।

1 दिसम्बर तक रिमांड

रणजीत सिंह को आज शाम लगभग पांच बजे यहां मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट श्री प्रकाश चंद्र के समक्ष डी. एस. पी. श्री बी. आर. पुरी ने पेश किया । श्री पुरी इस हत्याकांड में मुख्य जांच अधिकारी थे ।

श्री प्रकाश चंद्र ने रणजीत सिंह को पुलिस हिरासत में एक दिसम्बर तक का रिमांड दे दिया है ।

इससे पूर्व श्री प्रकाश चंद्र ने रणजीत सिंह से पूछा कि क्या वह कोई वकील करना चाहता है तो उसने नकारात्मक उत्तर दिया ।

'जी. एस. चावला' के अनुसार रणजीत सिंह को सी. बी. आई. दल ने पूर्वी दिल्ली में उसकी मां के घर के पास से गिरफ्तार किया था । सी. बी. आई. को उसकी गतिविधियों के बारे में एक मुखबिर ने सूचना दी थी ।

सी. बी. आई. उससे कावल सिंह तथा हत्या में उपयोग किये गये हथियार व अभियुक्तों द्वारा भागने में प्रयुक्त की गई कार का पता लगाने के लिये पूछताछ कर रही है ।

रणजीत सिंह का नाम भी उन 45 लोगों की सूची में शामिल था, जोकि पुलिस को विभिन्न केसों में वांछित हैं तथा दरबार साहब में छिपे हुये हैं । यह सूची केन्द्रीय गृह मंत्री ने दी थी ।

इस मामले की जांच और आगे नहीं बढ़ सकी थी क्योंकि यह बताया गया था कि दोनों वांछित गुरुद्वारों में शरण लिये हुये हैं ।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री को 1981 में लिखा था कि पंजाब पुलिस सी. बी. आई. को इस मामले में सहयोग नहीं दे रही है । यहां तक कि अभियुक्तों द्वारा भागने में प्रयुक्त कार को भी सी. बी. आई. ने पंजाब में

प्रवेश किया था । दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस बात का भी अपने पत्र में उल्लेख किया था ।

निरंकारी बाबा हत्या कांड का एक और अभियुक्त काबुल सिंह अभी भी फरार है । 24 अप्रैल 1980 को निरंकारी बाबा की उस समय निरंकारी भवन में हत्या करदी गई थी जबकि वह रात्रि में एक धार्मिक सभा से वापस लौट रहे थे । हत्यारे ने उनके अंग रक्षक की भी हत्या करदी थी ।

हत्या के बाद अभियुक्त फरार हो गया था । इस हत्या कांड की जांच दिल्ली पुलिस ने प्रारम्भ की थी जिसे बाद में सी. बी. आई. ने अपने हाथ में ले लिया था । रणजीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था । रणजीत सिंह की गिरफ्तारी से अब इस हत्या कांड के अनेक तथ्यों का पता लगने की संभावना है ।

इस बीच पंजाब में एक और हिंसा कांड का समाचार मुक्तसर से मिला है जहां कल सायं एक सुनार

फरीदकोट (अमर) — मुक्तसर में कल शाम 2 सशस्त्र व्यक्तियों ने एक 45 वर्षीय व्यक्ति राम प्रकाश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसके पुत्र जगशेर सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया । दोनों ही आक्रमणकारी जो उग्रवादी ख्याल किए जाते हैं, पैदल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस. बी. सिंह के अनुसार राम प्रकाश सिंह और उनका पुत्र अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे कि उन पर दोनों आक्रमणकारियों ने गोलियां चलाईं ।

घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई तथा मोटर साइकिल स्क्वाड व पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन इसके बावजूद हत्यारे अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गए । वरिष्ठ पुलिस

लौंगोवाल की राष्ट्रकुलाध्यक्षों से अपील द्रोहपूर्ण कृत्य : वसंत

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (परवाना, यू.): पंजाब प्रदेश इंका के महासचिव श्री बसंत सिंह विधायक, लाला भगवान दास, श्री दरबारी लाल इंका विधायकों तथा कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव श्री अवतार सिंह मल्होत्रा ने अकाली नेता संत हरचंद सिंह लौंगोवाल द्वारा राष्ट्रमंडलीय देशों के शासनाध्यक्षों को लिखे गए उस पत्र पर भारी आपत्ति की है जिसमें उन्होंने इन नेताओं से सिखों को न्याय दिलाने की अपील की है । आज यहां अलग-अलग बयानों में इन नेताओं ने श्री लौंगोवाल के इस कृत्य को 'अराष्ट्रीय' बताया है । उन्होंने श्री लौंगोवाल से कहा कि वे इस प्रकार का घातक व खतरनाक खेल न खेलें ।

श्री बसंत सिंह ने कहा कि श्री लौंगोवाल व अन्य अकाली नेता इस कृत्य के लिए राष्ट्र से क्षमा मांगें ।

तुर्की के प्रधानमंत्री का त्यागपत्र

अंकारा, 24 नवम्बर (ए.पी.): नवनिर्वाचित संसद का अधिवेशन शुरू होने से पूर्व तुर्की के प्रधानमंत्री बुलंद उलूस ने आज अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंप दिया । राष्ट्रपति ने उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है ।

सेना द्वारा 1980 में सत्ता सम्भालने के बाद से श्री उलूस तुर्की के प्रधानमंत्री थे ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस इस हत्या कांड में उग्रवादियों का हाथ होने की संभावना से इन्कार किया है । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारम्भ करदी है ।

डाकघर में चोरी

फगवाड़ा (वा.) : यहां से 12 किलो मीटर दूर फराला गांव में गत अर्द्ध रात्रि में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव के डाक घर में सेंध लगाकर 24 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार चोर डाक घर से यह रुपया चुराकर तिजोरी के साथ ही फरार हो गए ।

'अशोक' के अनुसार चोर डाकघर का ताला तोड़कर 4200 रुपए ले गए । पता चला है कि चोर आरी से चार ताले काटकर डाकघर में प्रविष्ट हुए और कैश बाक्स उठा ले गए ।

कल रात्रि में ही दो अन्य दुकानों के भी ताले तोड़े गए। मगर उनके नुकसान का पता नहीं चल सका है।

बंगा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू करदी है ।

हिंसाकांडों का रहस्योद्घाटन

चंडीगढ़ (यू) : लुधियाना पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए एक उग्रवादी चमकौर सिंह की गिरफ्तारी से लूटमार व हिंसा के अनेक मामलों का रहस्योद्घाटन हुआ है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चमकौर सिंह, जो लुधियाना जिले के रुड़का कलां का रहने वाला है, ने बताया है कि हिंदुओं में हत्याओं व हिंसक कांडों द्वारा आतंक पैदा करने का षड्यंत्र गत 20 सितम्बर को सिख स्टूडैंटस फैडरेशन के अमृतसर में सम्पन्न अधिवेशन वाले दिन तैयार किया गया था । सतिंदर सिंह उर्फ पी. टी. ने उस दिन वहां उपस्थित कुछ लोगों को निर्देश दिया था कि "हिंदुओं में आतंक व भय" पैदा करने के लिए वे हत्यायें व हिंसक कांड

(शेष पृष्ठ 10 पर)

चलते-चलते

प्रारम्भ कर दें । पी. टी. खुद एक फरार घोषित अपराधी है और पुलिस को कुछ मामलों में वांछित है। पुलिस को संदेह है कि वह गुरु नानक निवास अमृतसर में छिपा हुआ है।

जगराओं गोलीकांड

समझा जाता है कि चमकौर सिंह ने यह भी स्वीकार किया है कि वह उन तीन लोगों में शामिल था, जिन्होंने कि गत 28 सितम्बर को जगराओं के निकट प्रातः भ्रमण के लिए जा रहे 6 लोगों पर गोलियां चलाई थीं । यह घटना अमृतसर में हुए अधिवेशन के आठ दिन बाद घटी थी ।। चमकौर सिंह के अन्य दो साथियों के नाम जरनैल सिंह और गुरबिंदर सिंह बताए जाते हैं । जरनैल सिंह लुधियाना के निकट हलवाड़ा का तथा गुरबिंदर सिंह अमृतसर जिले में तरनतारन का रहने वाला बताया जाता है ।

यह भी समझा जाता है कि इन्होंने लुधियाना जिले के डेहलों गांव में एक व्यक्ति जीत सिंह की उसके भाई से दस हजार रुपए लेकर हत्या की ।

अमृतसर जिले में सरहाली खुर्द में हुई बैंक डकैती में भी इसी गिरोह का हाथ बताया जाता है ।

अभियुक्त रामदास सराय में

चमकौर सिंह ने पुलिस को बताया कि भोला दरबार साहब परिसर में स्थित गुरु रामदास सराय के कमरा नम्बर 64 में रह रहा है तथा उसके द्वारा तरनतारन से चुराया गया बिना नम्बर प्लेट का एक बिल्कुल नया स्कूटर रामदास सराय में खुले स्थान पर खड़ा करके रखा हुआ है।

भोला ने गत 13 अगस्त को बटाला से एक मोटर साइकिल भी चुराया था जिसका इस्तेमाल बाद में हिंसाकांडों में किया गया था । मोटर साइकिल की चोरी का एक मामला उस पर पहले से ही चल रहा है। उसे भी फरार घोषित कर दिया गया है तथा वह पुलिस को वांछित है।

स्वर्ण मंदिर परिसर में फायरिंग : 5 व्यक्ति घायल

मंजी साहब दीवान में भी हाथापाई : एक-दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाए गए

लौंगोवाल और भिंडरांवाला गुटों में भारी तनाव

अमृतसर, 27 नवम्बर (प्रे.): आज दोपहर बाद यहां स्वर्ण मंदिर परिसर में गोली चलने से 5 व्यक्ति घायल हो गए ।

गोली कैसे चली, किसने चलाई, किन परिस्थितियों में फ़ायरिंग की नौबत आई, उस पर रहस्य का पर्दा है । स्वर्ण मंदिर प्रबन्धकों ने इस घटना की पुलिस को सूचना नहीं दी । दोनों निहंगों के शरीर पर गोलियों के घाव बताए जाते हैं । स्वर्ण मंदिर परिसर में दो ग्रुपों में भारी तनाव पाया जाता है ।

घायल व्यक्तियों में से कोई यह नहीं बता सका कि उन्हें गोलियां कैसे लगीं । दो निहंगों के अलावा तीन अन्य को भी गोलियां लगीं और उनके खून बहता देखा गया । कहा जाता है कि जब उन्हें गोलियां लगीं तो वे मंजी साहब गुरुद्वारा के अहाता में बैठे थे ।

इससे पूर्व कमलेश ने समाचार दिया कि गत सायं मंजी साहिब दीवान हाल में उस समय भारी तनाव उत्पन्न हो गया, जब भिंडरांवाले के समर्थकों और संत लौंगोवाल के बब्बर अकाली दल में एक ढाडी (रागी) को मंच पर बुलाए जाने पर तू-तू-मैं-मैं हो गई । इस अवसर पर हाथापाई हुई और फ़ायरिंग तक की नौबत पहुंच गई ।

बताया जाता है कि एक ढाडी जो पहले संत लौंगोवाल की वफ़ादारी का दम भरता था, कुछ दिन पूर्व भिंडरांवाले के कैंप में चला गया । अतः गत दिन अकाली सरदारों की विदाई के अवसर पर भिंडरांवाले के आदमियों ने उसे स्टेज से जीतन करने के लिए कहा, लेकिन संत लौंगोवाल के समर्थकों ने इसका कड़ा विरोध किया और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई । लौंगोवाल के समर्थकों ने उस ढाडी को खींच कर स्टेज से नीचे फैंक दिया । इस पर दोनों ग्रुपों में पहले नारेबाज़ी हुई, जिस पर दीवान के लाउड-स्पीकर बंद कर दिए गए और दीवान बंद कर दिया गया । बाद में बताया गया कि भिंडरांवाले के समर्थकों ने हवाई फ़ायरिंग भी की ।

हमारे विशेष प्रतिनिधि मोनी का समाचार है कि अकाली दल के मोर्चे को लेकर इन दिनों अकालियों में परस्पर टकराव के आसार बढ़ते जा रहे हैं । अकाली दल के दोनों धड़े गर्म (उग्रवादी) और नर्म (उदारवादी) एक-दूसरे के विरुद्ध सक्रिय दिखाई दे रहे हैं ।

अकाली क्षेत्रों के अनुसार इन दिनों धानों के दृष्टिगत अकाली दल के प्रधान संत लौंगोवाल ने अकाली दल का आम अधिवेशन 29 नवम्बर को बुला लिया है ताकि किसी प्रकार संगठन को फूट का शिकार होने से बचाया जा सके ।

नरमंदी अकाली दल ने एक प्रकार से अपना पृथक धड़ा खड़ा कर दिया है और नरमंदी अकाली दल के प्रमुख अकाली संत लौंगोवाल के नेतृत्व में खुले-आम आलोचना करते सुने जाते हैं । नरमंदी अकाली दल को अन्दर ही अन्दर सिख संगठनों का समर्थन प्राप्त है क्योंकि संत लौंगोवाल के विरुद्ध यह कहा जा रहा है कि वे अकाली मोर्चे से अभी तक कुछ भी प्राप्त नहीं कर सके ।

संत लौंगोवाल अकाली मोर्चे की नए रूप-रेखा तैयार करने के उद्देश्य से अकाली दल के जनरल सैक्रेटरी की राय लेना चाहते हैं और अपने तौर पर कोई भी पग नहीं उठाना चाहते । अकाली क्षेत्रों में यह कहा जा रहा है कि 30 नवम्बर को शिरोमणि गुरद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान और अन्य पदाधिकारियों का चुनाव होने वाला है । इस में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के वर्तमान प्रधान जत्थेदार गरचरण सिंह टोहरा को पुनः निर्वाचित कर लिए जाने की सम्भावना है । अकाली दल में सभी उग्रवादी जत्थेदार टोहरा के पीछे हैं । वैसे भी अकाली दल के नेतृत्व पर उग्रवादियों का दबाव चला आ रहा है अतः अकाली दल का उदारवादी धड़ा हथियार डालने पर विवश है ।

समझा जा रहा है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान-पद के चुनाव का चरण व्यतीत हो जाने के बाद अकाली दल में फूट उभर कर सामने आ जाएगी और संत लौंगोवाल के विरुद्ध प्रचार करने वाले अकाली मोर्चे को अपने नेतृत्व में लेने का प्रयत्न करेंगे ।

मैं अमेठी से लड़ूंगी—मेनका

नागपुर, 27 नवम्बर (पु.): राष्ट्रीय संजय मंच की अध्यक्ष श्रीमती मेनका गांधी ने घोषणा की है

अमृतसर के निगम आयुक्त पर फायरिंग

घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल : 3 अज्ञात सिख युवक कोठी में घुसे

दरबार साहब परिसर में तीसरे दिन भी भिंडरां-लौंगोवाल समर्थकों में दनादन

अमृतसर, 28 नवम्बर (पी.): आज सायं अमृतसर के निगमायुक्त के. के. धीर आई.ए.एस. की दो सिख उग्रवादियों ने हत्या करने का प्रयास किया । घटना के समय वे अपनी कार द्वारा माल रोड स्थित अपने सरकारी आवास में प्रविष्ट हो रहे थे ।

हमलावर निगमायुक्त के आवास के बाहर एक वृक्ष के नीचे खड़े थे और जैसे ही कार कोठी में प्रविष्ट होने को मुड़ी, उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं जिससे कार के पीछे के दोनों 'विंडोपैन' टूट गये और श्री धीर घायल हो गये । उन्हें तत्काल गुरु तेग बहादर अस्पताल ले जाया गया ।

अस्पताल के सूत्रों के अनुसार धीर की बाईं जांघ में गोली लगी है । उनकी हालत खतरे से बाहर है । एस. पी. डिटेक्टिव पी. एस. संधु ने बताया कि हमलावर रामबाग के मुख्य गेट की ओर भागे व वहां खड़े एक दुपहिया वाहन पर बैठ कर फरार हो गए ।

नगर में सभी पुलिस चौकियां सतर्क कर दी गई हैं । निगमायुक्त सायं 5.40 बजे अपने कार्यालय से चले थे और 20 मिनट बाद ही उन पर गोली चला दी गई ।

निगमायुक्त की कार के चालक ने पहले हमलावरों का पीछा करने का प्रयास किया पर जब हमलावर फरार हो गये तो उसने निकटवर्ती पुलिस चौकी को सूचना दी ।

पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष बृजभूषण मेहरा, उपायुक्त गुरदेवसिंह, एस.एस.पी. ए.एस. ढांढ व अन्य अधिकारी तत्काल अस्पताल पहुंच गये ।

यू.एन.आई. के अनुसार हमलावरों ने रिवाल्वर से 3 गोलियां चलाईं जिनमें से एक निगमायुक्त को लगी । हाइवर बाल-बाल बच गया । हमलावर कोठी के पास की झाड़ियों में छिपे हुए थे और जैसे ही कार उनके आगे से गुजरी, उन्होंने बाहर आकर पीछे से गोलियां चला दीं । हमलावर एक स्कूटर पर बैठ कर फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भाजपा नेता बलदेव प्रकाश, युवक कांग्रेस (इं) के नेता पंडित हरिओम भारद्वाज आदि ने निगमायुक्त पर हमला किये जाने की निन्दा करते हुए कहा कि राज्य की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है । सरकार उग्रवादियों को पकड़ने के लिए कड़े कदम उठाये ।

हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार बताया जाता है कि उग्रवादियों को उनके निरंकारी होने का संदेह था और सम्भवतया इसीलिए उनपर उन्होंने हमला किया । हमारे सम्वाददाता ने जब श्री धीर के परिवार के सदस्यों से इस सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कहा कि न तो निरंकारियों से हमारा कोई सम्बन्ध है और न ही किसी राजनीतिक अथवा सामाजिक पार्टी के साथ ।

यह भी पता चला है कि गत दिनों जब पंजाब के राज्यपाल श्री बी. डी. पांडे अमृतसर आए थे तो उन्होंने श्री धीर को परामर्श दिया था कि वे भी कोई सुरक्षा गार्ड रखा करें । इस पर श्री धीर ने कहा था कि उनकी किसी से भी शत्रुता नहीं है, इसलिए वे कोई सुरक्षा गार्ड रखने की आवश्यकता अनुभव नहीं करते ।

सिविल अस्पताल में आपरेशन करके श्री धीर की जांघ से गोलियां निकाल दी गई हैं ।

4 घंटे रुक-रुक कर गोलियां

आज तीसरे दिन भी जरनैल सिंह भिंडरांवाले तथा संत लौंगोवाल के कैम्पों गुरु नानक निवास और तेजा सिंह समुंदरी हाल से एक-दूसरे पर फायरिंग की गई । दरबार साहब के निकट रहने वालों ने आज बताया कि प्रातः 6 बजे से लेकर 10 बजे तक रुक-रुक कर फायरिंग की आवाजें आती रहीं परन्तु किसी के मरने या घायल होने की पुष्टि नहीं हो सकी । आम ख्याल है कि एक-दूसरे को डराने के लिए हवाई फायरिंग की गई ।

एक औरत जिसका घर भी गुरु नानक निवास के पीछे स्थित है, ने बताया कि फायरिंग के साथ-साथ जो बोले सोनिहाल सत श्री अकाल के नारे तथा जवाबी नारे भी लगाते रहे । उसने बताया कि

भिंडर द्वारा कुछ उग्रवादी गिरफ्तार करने का दावा

गुरदासपुर, 28 नवम्बर (जा.): पंजाब के आई.जी. (कानून व्यवस्था) श्री पी.एस. भिंडर ने कहा है कि पंजाब में स्थिति इतनी विस्फोटक नहीं, जितनी नेता लोग और प्रचार तंत्र बता रहा है ।

उन्होंने शरारतियों का विरोध करने के लिए और उग्रवादी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए उग्रवादी निरुत्साहित होते ।

उन्होंने कुछ उग्रवादियों के गिरफ्तार करने का दावा किया लेकिन उनके नाम बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि बैंकों में डाका डालने वाले अभियुक्त अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है ।

श्री भिंडर ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्व

भिंडर द्वारा कुछ उग्रवादी गिरफ्तार करने का दावा

गुरदासपुर, 28 नवम्बर (ज.)। पंजाब के आई.जी. (कानून व्यवस्था) श्री पी.एस. भिंडर ने कहा है कि पंजाब में स्थिति इतनी विस्फोटक नहीं, जितनी लेना लोग और प्रचार तंत्र कर रहा है।

उन्होंने आगामियों का विरोध करने के लिए और उपद्रवी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए लोगों को पंजाब पुलिस को सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अमृतसर जिले में जिन कम से 4 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की गई उनमें 70 व्यक्ति जमा कर रहे थे। यदि वे आगामियों का विरोध करते और उन्हें चुनौती देते तो यह दुखांत घटना टाली जा सकती थी और इसमें उग्रवादी लिप्त होते।

उन्होंने कुछ उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया लेकिन उनके नाम बताने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि बैंकों में डाका डालने वाले आतंकवादी अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

श्री भिंडर ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्ण नियंत्रण में है। राज्य में आम आगामियों की संख्या कम हुई है।

महंत की हत्या

बरनाला, 28 नवम्बर (यू.)- पटियाला जिले के अहमदगढ़ स्थित एक डेरे के महंत सुखदेव प्रसाद की बिल्कुल सामने उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी और उनका लाइसेंसी रिवाल्वर छीन ले गए।

फारूक को शपथ पत्र देने का निर्देश

अमृतसर के निगम आयुक्त पर फायरिंग

घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल : 3 अज्ञात सिख युवक कोठी में घुसे

दरबार साहब परिसर में तीसरे दिन भी भिंडरां-लौंगोवाल समर्थकों में दनादन

अमृतसर, 28 नवम्बर (प्रे.): आज सायं अमृतसर के निगमायुक्त के. के. धीर आई.ए.एस. की दो सिख उग्रवादियों ने हत्या करने का प्रयास किया । घटना के समय वे अपनी कार द्वारा माल रोड स्थित अपने सरकारी आवास में प्रविष्ट हो रहे थे ।

हमलावर निगमायुक्त के आवास के बाहर एक वृक्ष के नीचे खड़े थे और जैसे ही कार कोठी में प्रविष्ट होने को मुड़ी, उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चला दी जिससे कार के पीछे के दोनों 'विंडोपैन' टूट गये और श्री धीर घायल हो गये । उन्हें तत्काल गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया ।

अस्पताल के सूत्रों के अनुसार धीर की बाईं जांघ में गोली लगी है । उनकी हालत खतरे से बाहर है । एस. पी. डिटेक्टिव पी. एस. संधु ने बताया कि हमलावर रामबाग के मुख्य गेट की ओर भागे व वहां खड़े एक दुपहिया वाहन पर बैठ कर फरार हो गए ।

नगर में सभी पुलिस चौकियां सतर्क कर दी गई है । निगमायुक्त सायं 5.40 बजे अपने कार्यालय से चले थे और 20 मिनट बाद ही उन पर गोली चला दी गई ।

निगमायुक्त की कार के चालक ने पहले हमलावरों का पीछा करने का प्रयास किया पर जब हमलावर फरार हो गये तो उसने निकटवर्ती पुलिस चौकी को सूचना दी ।

पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष बृजभूषण मेहरा, उपायुक्त गुरदेव सिंह, एस.एस.पी. ए.एस. मान व अन्य अधिकारी तत्काल अस्पताल पहुंच गये ।

यू.एन्. के अनुसार हमलावरों ने रिवाल्वर से 3 गोलियां चलाई जिनमें से एक निगमायुक्त को लगी । ड्राइवर बाल-बाल बच गया । हमलावर कोठी के पास की झाड़ियों में छिपे हुए थे और जैसे ही कार उनके आगे से गुजरी, उन्होंने बाहर आकर पीछे से गोलियां चला दी । हमलावर एक स्कूटर पर बैठ कर फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भाजपा नेता बलदेव प्रकाश, युवक कांग्रेस (इ) के नेता पंडित हरिओम भारद्वाज आदि ने निगमायुक्त पर हमला किये जाने की निन्दा करते हुए कहा कि राज्य की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है । सरकार उग्रवादियों को पकड़ने के लिए कड़े कदम उठाये ।

हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार बताया जाता है कि उग्रवादियों को उनके निरंकारी होने का संदेह था और सम्भवतया इसीलिए उनपर उन्होंने हमला किया । हमारे सम्वाददाता ने जब श्री धीर के परिवार के सदस्यों से इस सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कहा कि न तो निरंकारियों से हमारा कोई सम्बन्ध है और न ही किसी राजनीतिक अथवा सामाजिक पार्टी के साथ ।

यह भी पता चला है कि गत दिनों जब पंजाब के राज्यपाल श्री श्री. डी. पांडे अमृतसर आए थे तो उन्होंने श्री धीर को परामर्श दिया था कि वे भी कोई सुरक्षा गार्ड रखा करें । इस पर श्री धीर ने कहा था कि उनकी किसी से भी शत्रुता नहीं है, इसलिए वे कोई सुरक्षा गार्ड रखने की आवश्यकता अनुभव नहीं करते ।

सिविल अस्पताल में आप्रेशन करके श्री धीर की जांघ से गोलियां निकाल दी गई हैं ।

4 घंटे रुक-रुक कर गोलियां

आज तीसरे दिन भी जरनैल सिंह भिंडरांवाले तथा संत लौंगोवाल के कैम्पों गुरु नानक निवास और तेजा सिंह समुंदरी हाल से एक-दूसरे पर फायरिंग की गई । दरबार साहब के निकट रहने वालों ने आज बताया कि प्रातः 6 बजे से लेकर 10 बजे तक रुक-रुक कर फायरिंग की आवाजें आती रहीं परन्तु किसी के मरने या घायल होने की पुष्टि नहीं हो सकी । आम ख्याल है कि एक-दूसरे को डराने के लिए हवाई फायरिंग की गई ।

एक औरत जिसका घर भी गुरु नानक निवास के पीछे स्थित है, ने बताया कि फायरिंग के साथ-साथ जो बोले सोनिहाल सत श्री अकाल के नारे तथा जवाबी नारे भी लगते रहे । उसने बताया कि हमारी गली के बच्चे और औरतें गोलियों की दनादन से बड़े भयभीत हैं परन्तु खेद की बात है कि इधर न तो पुलिस की और न सी. आर.पी. की गश्त है हालांकि इससे पहले कई बार हमारी गली की सीवरेज से ही कई लाशें बरामद की जा चुकी हैं ।

दरबार साहब परिसर में मंजी साहब के निकट अकालियों और उग्रवादियों में जो झगड़ा हुआ तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भिंडर द्वारा कुछ उग्रवादी गिरफ्तार करने का दावा

गुरदासपुर, 28 नवम्बर (जा.): पंजाब के आई.जी. (कानून व्यवस्था) श्री पी.एस. भिंडर ने कहा है कि पंजाब में स्थिति इतनी विस्फोटक नहीं, जितनी नेता लोग और प्रचार तंत्र बता रहा है ।

उन्होंने शरारतियों का विरोध करने के लिए और उग्रवादी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए लोगों को पंजाब पुलिस को सहयोग देने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि अमृतसर जिले में जिस बस के 4 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की गई, उसमें 70 व्यक्ति यात्रा कर रहे थे । यदि वे शरारतियों का विरोध करते और उन्हें चुनौती देते तो यह दुर्घात घटना टाली जा सकती थी और इससे उग्रवादी निरुत्साहित होते ।

उन्होंने कुछ उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया लेकिन उनके नाम बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि बैंकों में डाका डालने वाले अधिकांश अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है ।

श्री भिंडर ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्ण नियंत्रण में है । राज्य में आम अपराधों की संख्या कम हुई है ।

महंत की हत्या

चंडीगढ़, 28 नवम्बर (यू.)– पटियाला जिले के बनूड़ स्थित एक डेरे के महंत सुखन प्रसाद की विगत रात्रि उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी और उनका लाइसैंसी रिवाल्वर उठा ले गए ।

फारूक को शपथ पत्र देने का निर्देश

नई दिल्ली, 28 नवम्बर (हि

निगमायुक्त पर फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

, जिसके परिणाम स्वरूप फायरिंग भी हुई, उसमें घायल होने वालों को सरकारी अस्पताल में दाखिल नहीं कराया गया।

अकाली क्षेत्रों से पता चला है कि सिर्फ 3 निहंग घायल हुए। इनमें से 2 को गोलियां के छर्रे लगे है तथा एक को कृपाण से घाव आए हैं। इन घायलों में से एक उग्रवादियों का साथी है जबकि दो अकालियों के समर्थक हैं। अकालियों और उग्रवादियों के मध्य इस भिड़ंत से दरबार साहब परिसर में तनाव बढ़ गया है और अकालियों ने भी उग्रवादियों के मुकाबले के लिए अपने बंदूकधारी आदमी मंगवा लिये हैं।

अकाली नेताओं की बंदूकधारियों के साथ सुरक्षा की जा रही है। दरबार साहब परिसर में कोई भी चोटी का अकाली नेता फिरता देखा जाए तो उसके आस-पास दो-तीन अकाली रक्षक जरूर होते हैं। 29 नवम्बर को शिरोमणि अकाली नेता तथा जिला अकाली जत्थों के जत्थेदार दरबार साहब कमप्लैक्स विशेष रूप से शिरोमणि कमेटी की इमारत में जमा हैं अतः हंगामा दल की साधारण सभा तथा 30 नवम्बर को शिरोमणि कमेटी की साधारण सभा की बैठक हो रही है। इस सम्बन्ध में प्रमुख अकाली होने की संभावनायें प्रबल हैं। पुलिस ने हालात के दृष्टिगत जरूरी सतर्कता पग उठाए हैं और दरबार साहब के चिर्द पुलिस का घेरा तंग कर दिया गया है।

इसी बीच 'कमलेज' के अनुसार कल दरबार साहब परिसर में हुई फायरिंग में घायल होने वाले तीन व्यक्तियों के नाम मालूम हुए हैं वे बिलोचन सिंह भाटिया भू.पू. सैनिक हजूर साहब, बलवन्त सिंह गांव किल्ले जिला अमृतसर तथा गुरचन सिंह मीरपुर जिला गुरदासपुर हैं। शेष के नाम ज्ञात नहीं हो सके।

अमृतसर के निगम आयुक्त पर फायरिंग

घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल : 3 अज्ञात सिख युवक कोठी में घुसे

दरबार साहब परिसर में तीसरे दिन भी भिंडरां-लौंगोवाल समर्थकों में दनादन

अमृतसर, 28 नवम्बर (प्रे.): आज सायं अमृतसर के निगमायुक्त के. के. धीर आई.ए.एस. की दो सिख उग्रवादियों ने हत्या करने का प्रयास किया । घटना के समय वे अपनी कार द्वारा माल रोड स्थित अपने सरकारी आवास में प्रविष्ट हो रहे थे ।

हमलावर निगमायुक्त के आवास के बाहर एक वृक्ष के नीचे खड़े थे और जैसे ही कार कोठी में प्रविष्ट होने को मुड़ी, उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चला दी जिससे कार के पीछे के दोनों 'विंडोपैन' टूट गये और श्री धीर घायल हो गये । उन्हें तत्काल गुरु तेग बहादर अस्पताल ले जाया गया ।

अस्पताल के सूत्रों के अनुसार धीर की बाईं जांघ में गोली लगी है । उनकी हालत खतरे से बाहर है । एस. पी. डिटेक्टिव पी. एस. संधु ने बताया कि हमलावर रामबाग के मुख्य गेट की ओर भागे व वहां खड़े एक दुपहिया वाहन पर बैठ कर फरार हो गए ।

नगर में सभी पुलिस चौकियां सतर्क कर दी गई हैं । निगमायुक्त सायं 5.40 बजे अपने कार्यालय से चले थे और 20 मिनट बाद ही उन पर गोली चला दी गई ।

निगमायुक्त की कार के चालक ने पहले हमलावरों का पीछा करने का प्रयास किया पर जब हमलावर फरार हो गये तो उसने निकटवर्ती पुलिस चौकी को सूचना दी ।

पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष बृजभूषण मेहरा, उपायुक्त गुरदेव सिंह, एस.एस.पी. ए.एस. मान व अन्य अधिकारी तत्काल अस्पताल पहुंच गये ।

यू.एन्. के अनुसार हमलावरों ने रिवाल्वर से 3 गोलियां चलाई जिनमें से एक निगमायुक्त को लगी । ड्राइवर बाल-बाल बच गया । हमलावर कोठी के पास की झाड़ियों में छिपे हुए थे और जैसे ही कार उनके आगे से गुजरी, उन्होंने बाहर आकर पीछे से गोलियां चला दीं । हमलावर एक स्कूटर पर बैठ कर फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भाजपा नेता बलदेव प्रकाश, युवक कांग्रेस (इ) के नेता पंडित हरिओम भारद्वाज आदि ने निगमायुक्त पर हमला किये जाने की निन्दा करते हुए कहा कि राज्य की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है । सरकार उग्रवादियों को पकड़ने के लिए कड़े कदम उठाये ।

हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार बताया जाता है कि उग्रवादियों को उनके निरंकारी होने का संदेह था और सम्भवतया इसीलिए उनपर उन्होंने हमला किया । हमारे सम्वाददाता ने जब श्री धीर के परिवार के सदस्यों से इस सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कहा कि न तो निरंकारियों से हमारा कोई सम्बन्ध है और न ही किसी राजनीतिक अथवा सामाजिक पार्टी के साथ ।

यह भी पता चला है कि गत दिनों जब पंजाब के राज्यपाल श्री श्री. डी. पांडे अमृतसर आए थे तो उन्होंने श्री धीर को परामर्श दिया था कि वे भी कोई सुरक्षा गार्ड रखा करें । इस पर श्री धीर ने कहा था कि उनकी किसी से भी शत्रुता नहीं है, इसलिए वे कोई सुरक्षा गार्ड रखने की आवश्यकता अनुभव नहीं करते ।

सिविल अस्पताल में आपेशन करके श्री धीर की जांघ से गोलियां निकाल दी गई हैं ।

4 घंटे रुक-रुक कर गोलियां

आज तीसरे दिन भी जरनैल सिंह भिंडरांवाले तथा संत लौंगोवाल के कैम्पों गुरु नानक निवास और तेजा सिंह समुंदरी हाल से एक-दूसरे पर फायरिंग की गई । दरबार साहब के निकट रहने वालों ने आज बताया कि प्रातः 6 बजे से लेकर 10 बजे तक रुक-रुक कर फायरिंग की आवाजें आती रहीं परन्तु किसी के मरने या घायल होने की पुष्टि नहीं हो सकी । आम ख्याल है कि एक-दूसरे को डराने के लिए हवाई फायरिंग की गई ।

एक औरत जिसका घर भी गुरु नानक निवास के पीछे स्थित है, ने बताया कि फायरिंग के साथ-साथ जो बोले सोनिहाल सत श्री अकाल के नारे तथा जवाबी नारे भी लगते रहे । उसने बताया कि हमारी गली के बच्चे और औरतें गोलियों की दनादन से बड़े भयभीत हैं परन्तु खेद की बात है कि इधर न तो पुलिस की ओर न सी. आर.पी. की गश्त है हालांकि इससे पहले कई बार हमारी गली की सीक्रेज से ही कई लाशें बरामद की जा चुकी हैं ।

दरबार साहब परिसर में मंजी साहब के निकट अकालियों और उग्रवादियों में जो झगड़ा हुआ तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भिंडर द्वारा कुछ उग्रवादी गिरफ्तार करने का दावा

गुरदासपुर, 28 नवम्बर (ज्ञा.): पंजाब के आई.जी. (कानून व्यवस्था) श्री पी.एस. भिंडर ने कहा है कि पंजाब में स्थिति इतनी विस्फोटक नहीं, जितनी नेता लोग और प्रचार तंत्र बता रहा है ।

उन्होंने शरारतियों का विरोध करने के लिए और उग्रवादी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए लोगों को पंजाब पुलिस को सहयोग देने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि अमृतसर जिले में जिस बस के 4 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की गई, उसमें 70 व्यक्ति यात्रा कर रहे थे । यदि वे शरारतियों का विरोध करते और उन्हें चुनौती देते तो यह दुखांत घटना टाली जा सकती थी और इससे उग्रवादी निरुत्साहित होते ।

उन्होंने कुछ उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया लेकिन उनके नाम बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि बैंकों में डाका डालने वाले अधिकांश अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है ।

श्री भिंडर ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्ण नियंत्रण में है । राज्य में आम अपराधों की संख्या कम हुई है ।

महंत की हत्या

चंडीगढ़, 28 नवम्बर (यू.)– पटियाला जिले के बनूड़ स्थित एक डेरे के महंत सुखन प्रसाद की विगत रात्रि उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी और उनका लाइसैंसी रिवाल्वर उठा ले गए ।

फारूक को शपथ पत्र देने का निर्देश

कपूरथला के पास निरंकारी पर गोली चलाई गई, सिरसा में एक लाख रुपया लूटने की कोशिश

कपूरथला, 5 दिसम्बर (प्रै.): यहां से लगभग 12 किलो मीटर दूर गांव सुखंपुर में कल तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक निरंकारी श्री सुर्जन पाल पर फायरिंग की लेकिन वह दैवयोग से बच गया।

यहां आज प्राप्त सूचना के अनुसार अभियुक्त सुर्जन पाल की दुकान पर आए और उसे उनके लिए चाय बनाने के लिए कहा। उसके यह बताने पर कि उसके पास दूध नहीं, है, अतः चाय नहीं बन सकती अभियुक्तों ने उस पर गोलियां चलाईं, लेकिन सौभाग्य से उसे गोलियां न लगीं। सहायता के लिए गुहार लगाने पर अभियुक्त भाग गए।

एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों ने गत रात्रि निकटवर्ती गांव नवां पिंड के धर्म सिंह पर गोलियां चलाईं। बताया जाता है कि धर्म सिंह गांव घुग में अपने संबंधियों से मिलने के बाद साइकल पर गांव लौट रहे थे। जब लुटेरों ने उसका साइकल छीनने की कोशिश की तो उसने अभियुक्तों का विरोध किया और वे उसके बाएं बाजू पर गोली से घाव करके भाग गए।

●बटाला रोडवेज डिपो के खजांची ने सूझबूझ से 5 लाख रुपया बचा लिया ●उग्रवादी सिर्फ 89 हजार रुपए ही ले जा सके

पुलिस ने दोनों घटनाओं के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिए हैं, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई।

बटाला (चौधरी) : कल सायं यहां पंजाब रोडवेज के डिपो में उग्रवादियों द्वारा डाका डाले जाने की जो वारदात हुई थी, उसके विवरण प्राप्त हुए हैं। प्राप्त विवरणों के अनुसार पांचों अभियुक्तों की आयु 20-25 वर्ष के मध्य थी और वे सभी सिख थे। वे पिस्तौलों और स्टेनगनों से लैस थे। उन्होंने खजांची के कमरे में आकर धमकी दी कि कैश की चाबी यदि उन्हें न दी गई तो वे वहां मौजूद सभी कर्मचारियों को गोलियों से उड़ा देंगे। इस पर खजांची महेंद्र सिंह ने सेफ का ताला खोल दिया और उग्रवादी उसमें पड़े 97541 रुपए लूट ले गए। भागते समय उनके हाथ से 8100 रुपए के बंडल गिर गए। वे जाते समय सभी कर्मचारियों को कमरे में बंद कर गए।

पता चला है कि खजांची की सूझबूझ से दूसरी सेफ में पड़ा 5 लाख रुपया बच गया। भागते समय उग्रवादियों ने लोगों को डराने के लिए हवा में गोलियां चलाईं।

यह हैरानी की बात है कि खजांची के कमरे में, जहां इतनी बड़ी रकम थी, अंदर से दरवाजे की कोई कुंडी नहीं लगाई हुई।

आज डी. आई. जी. पुलिस श्री रणजीत सिंह, एस. एस. पी. श्री अजीत सिंह और एस.पी. श्री शीतल दास ने मौके पर जाकर जांच की। अभियुक्तों का पता लगाने के लिए खोजी कुत्ते मंगवाए गए हैं। अभी तक किसी अभियुक्त का कोई पता नहीं चला।

पालिटैक्निक की वैन लूटने की कोशिश

सिरसा (दिवाकर) : गत वीरवार को पालिटैक्निक स्टाफ सिरसा के वेतनों के लिए स्टेट बैंक से निकलवाए गए एक लाख रुपए को लेकर जा रही वैन पर दो सिख उग्रवादियों ने गांधी कालोनी के निकट काबू पा लिया। उन्होंने कैश बाक्स को छीनने की कोशिश की और उनकी वैन में बैठे लोगों के साथ हाथापाई हो गई। वैन में काफी लोग सवार थे, उन्होंने धन लूटने से बचा लिया। दोनों सिख अपने मोटर साइकलों पर भाग गए। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों सिख पहरावे से नामधारी लगते थे। सारे मामले की पूर्णतया जांच की जा रही है। उसी दिन एक अन्य घटना में जेबकतरों ने दो मुख्याध्यापकों के वेतन उनकी जेबों से निकालने की कोशिश की, जो वहां स्टाफ का वेतन लेने आए थे।

मानसा में उग्रवादियों ने बस जलाई : पंजाब में कालेज बंद रहे, चंडीगढ़ में 8 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 12 दिसम्बर (परवाना, प्रै.): यहां प्राप्त होने वाले समाचारों के अनुसार आज पंजाब-भर में कई स्थानों पर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के आह्वान पर कालेज बंद रहे । फैडरेशन ने इस हड़ताल का आह्वान निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह की हत्या के आरोप में रणजीत सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में किया था ।

सरकारी क्षेत्रों ने दावा किया है कि आज इस हड़ताल के सम्बन्ध में प्रदेश में कहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी । लेकिन कल रात्रि में जिला भटिंडा के मानसा कस्बे में कुछ अज्ञात लोगों ने पैप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन की एक बस को आग लगा दी, जिससे बस के टायर व बाडी का कुछ हिस्सा जल गया । मानसा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है ।

राज्य सरकार ने सतर्कता के तौर पर जालन्धर, अमृतसर, पटियाला तथा भटिंडा जिलों में कालेजों में अवकाश घोषित कर दिया था । अन्य जिलों में भी कुछ कालेजों के प्रबन्धकों ने किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कालेज बंद कर दिये थे ।

सरकारी क्षेत्रों के अनुसार प्रदेश भर में सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए थे, इस वजह से कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी । जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से कड़ाई के साथ निपटें ।

सरकारी क्षेत्रों का कहना है कि कुछ क्षेत्रों में तो कालेज खुले भी रहे । इनमें मुक्तसर में गवर्नमैंट कालेज, फरीदकोट के मैडीकल कालेज, पटियाला और लुधियाना के इंजीनियरिंग कालेज आदि शामिल हैं । पठानकोट के कालेज भी खुले रहे । अमृतसर, होशियारपुर, कपूरथला में सभी कालेज बंद रहे ।

8 बंदी

'यू.न्यू.' के अनुसार अकाली दल की छात्र शाखा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 8 कार्यकर्त्ताओं को आज यहां शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने बताया कि ये लोग छात्रों को पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में अपनी कक्षाओं में जाने से रोक रहे थे ।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन लोगों में अबोहर के भगवान सिंह, सुखबंत सिंह तथा चंडीगढ़ के धर्मवीर व अन्य 5 व्यक्ति हैं ।

एक अन्य समाचार के अनुसार इन गिरफ्तार कार्यकर्त्ताओं की संख्या 9 है और वे नारेबाज़ी कर रहे थे ।

'मानसा' से 'मेहता' के अनुसार वहां बस स्टैंड पर खड़ी पी.आर.टी.सी. की एक बस को कुछ बदमाशों ने आग लगा दी जिससे बस के टायर व बाडी का कुछ भाग जल कर नष्ट हो गया । बस के पास पैट्रोल का एक डिब्बा भी मिला है । समझा जाता है कि यह कांड नगर में आतंक पैदा करने के लिए किया गया था । 'प्रैस' के अनुसार ये अज्ञात व्यक्ति उग्रवादी समझे जाते हैं ।

भटिंडा से 'सोच' के अनुसार नगर में अधिकारियों ने डी.ए.वी. कालेज, गवर्नमैंट राजेन्द्रा कालेज और आई.टी.आई. को ही बंद किया था ।

कालेज बंद होने के कारण आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के कार्यकर्त्ता कहीं भी प्रदर्शन न कर सके ।

'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ में परीक्षाओं के कारण सभी कालेज खुले रहे तथा उन पर हड़ताल का कोई प्रभाव नहीं पड़ा । लेकिन डी.ए.वी. कालेज ने छात्रों की गिरफ्तारी की घटना के बाद किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए सायं-काल होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दीं ।

स्थानीय गुरु गोबिन्द सिंह कालेज में आज भी हड़ताल रही ।

अमृतसर, (वि.प्र.): खालसा कालेज, गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, सठियाला कालेज, अब्बाल कालेज, गुरु अर्जुन देव खालसा कालेज तरनतारन के आगे काफी संख्या में पुलिस और बी.एस.एफ. मौजूद रही । तीन कालेजों में छात्रों ने रैलियां कीं तथा सरकार विरोधी नारे लगाये ।

बटाला रोड पर रात के समय लोगों ने एक व्यक्ति मुख्तार सिंह को काबू कर लिया जबकि वह वारदातें करने के लिये फिर रहा था । उसको पुलिस चौकी विजय नगर के हवाले कर दिया गया ।

इंदिरा का पुतला जलाया

'प्रैस' के अनुसार स्थानीय खालसा कालेज के कुछ लड़के-लड़कियों ने कालेज के दरवाजे पर रैली की और प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का पुतला जलाया । उन्होंने नारेबाज़ी भी की, लेकिन पुलिस के आने पर वह तितर-बितर हो गये ।

धर्म के नाम पर हिंसा भड़काने वाले देशद्रोही-जाखड़

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वा): अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने लोकसभा में आज कहा कि धर्म के नाम पर हिंसा की बात करने वाले सभी लोग देशद्रोही हैं ।

श्री जाखड़ ने यह टिप्पणी उस समय की जब लोकदल के श्री मनी राम बागड़ी ने जनता सदस्य श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी की उग्रवादी सिख नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाले से मुलाकात की आलोचना की । श्री बागड़ी ने कहा कि अध्यक्ष का नाम भी उग्रवादियों की 'हिट लिस्ट' में है ।

श्री जाखड़ ने कहा कि मैं सदन की भावनाओं को व्यक्त करता हूं । मुझे हिट लिस्ट की कोई चिंता नहीं है । मेरा नाम केवल भगवान की हिट लिस्ट में है और वही मेरी चिंता करेगा । गुरु गोबिंद सिंह का अनुसरण करने वाला कोई सिख किसी पर हाथ नहीं उठाएगा । देश में सभी को बराबरी का हक है और हिंसा की बात करना गलत है ।

सेठी का पंजाब बारे श्वेत पत्र जारी करने से इन्कार

30सितम्बर तक 11291 शस्त्र बरामद,5656केस दर्ज:सभी हथियार विदेशी

दरबार साहब में हथियारों के भंडार

नई दिल्ली, 14 दिसम्बर (वा)– सरकार पंजाब की स्थिति के बारे में कोई श्वेत पत्र जारी करना आवश्यक नहीं समझती।

गृह राज्य मंत्री निहाररंजन लस्कर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पंजाब की स्थिति के बारे में सदन को समय-समय पर सूचना दी जाती है।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि विशेष मार्गों पर रात्रि बसों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र गार्डों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज मार्गों पर गश्त और नाकेबंदी भी शुरू कर दी गई है।

श्री लस्कर ने सदन को बताया कि पंजाब में उग्रवादियों के पास मिले हथियारों में कोई भी भारतीय आयुद्ध कारखानों में नहीं बने थे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद अब तक शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत पंजाब में 591 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। इस दौरान जब्त कुल हथियारों की संख्या 316 थी, जिसमें पाकिस्तान में बना एक रिवाल्वर शामिल है।

श्री लस्कर ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से 30 सितम्बर तक पंजाब में कुल 11,291, हथियार जब्त किए गए और इस अवधि के दौरान शस्त्र अधिनियम के अधीन 5656 मामले दर्ज किए गए।

लोकसभा में श्री सेठी ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से सितम्बर तक पंजाब पुलिस ने 1304 पिस्तौलें, 100 रिवाल्वर, 56 राइफलें, 295 बंदूकें, 8 स्टेनगनें, 2090 छुरे पकड़े। राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बाद 22 राइफलें, 21 रिवाल्वर, 32 बंदूकें, दो कारबाइनें, 239 पिस्तौलें पकड़ी गई।

के. के. तिवारी ने कहा कि हाल ही के गुप्तचरी कांड के भंडाभोड व अन्य सूचनाओं से पता चला है कि पाकिस्तान व अन्य योरोपीय देशों से पंजाब के उग्रवादियों को शस्त्र मिल रहे हैं और इससे यह साबित होता है कि देश में अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है।

गृह मंत्री ने कहा कि गंगानगर के शस्त्रागार से चोरी किए गए अधिकांश शस्त्र बरामद कर लिए गए हैं और इस संबंध में कुछ गिरफ्तारियां भी की गई है। कुछ विस्फोटक पदार्थ पटाखा निर्माताओं के पास पहुंच गए हैं और संभवत: इनमें से कुछ विस्फोटक पदार्थ उग्रवादियों के हाथ लग गए हैं, जो इनसे बम बनाते हैं।

उन्होंने सुब्रह्मण्यम स्वामी को बताया कि सीमा पर शस्त्र तस्करी रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

दरबार साहब में शस्त्र

गृहमन्त्री ने आश्वासन दिया कि देश भर में अवैध शस्त्र उत्पादन रोकने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं। पंजाब सरकार को पता चला है कि उग्रवादियों ने दरबार साहब परिसर में शस्त्र आदि छिपा कर रखे हैं।

गृह राज्यमन्त्री निहाररंजन लस्कर ने बताया कि पंजाब सरकार ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी से कहा था कि वांछित व्यक्तियों को पुलिस के हवाले कर दिया जाए पर शिरोमणि कमेटी ने सहयोग न दिया। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है।

पंजाब पुलिस 'हिट स्क्वाड' बनाएगी

चंडीगढ़, 14 दिसम्बर (यू) : उग्रवादियों का मुकाबला करने के लिए पंजाब सरकार अपने 'हिट स्कवाड' बनाएगी। इस स्कवाड के लिए 700 मोटर साइकिलें खरीदी जायेंगी ताकि उग्रवादियों का पीछा किया जा सके।

पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार जी. जगतपति (गृह) ने उक्त जानकारी दी।

राज्यपाल द्वारा पुलिस के उग्रवादियों का पीछा करने में विफल रहने की आलोचना किए जाने के कारण यह कदम उठाया जा रहा है। उग्रवादियों को पकड़ने के लिए पंजाब सरकार ने पुलिस को 7.5 करोड़ रुपये के वायरलैस सैट देने का निर्णय किया है। अभी ये वायरलैस सैट अमृतसर, जालन्धर, गुरदासपुर, होशियारपुर, कपूरथला जिलों की पुलिस को दिये जायेंगे। चालू वर्ष के अंत तक इन जिलों में 50 लाख रुपए के वायरलैस सैट उपलब्ध कर दिए जायेंगे। इसके लिए केंद्र से भी सहायता राशि मांगी जायेगी। 2500 वायरलैस सैट चाहिएं जबकि केवल 500 सैट उपलब्ध है। सभी पुलिस जीपों व मोटरसाइकिलों पर भी वायरलैस सैट उपलब्ध किये जायेंगे।

प्रारम्भ में 285 पुलिस थाने व 300 मोटर साइकलों वाले पुलिस गश्ती दलों को वायरलैस सैट उपलब्ध किया जाएगा।

अमृतसर में हवाई फायरिंग

अमृतसर, 14 दिसम्बर (पै.): पुलिस ने आज सुबह इस्लामाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फैक्टरी के कर्मचारियों के दलों को तितर-बितर करने के लिये हवाई फायर किये। इस झड़प के दौरान कुछ कर्मचारी जख्मी भी हुये।

यह घटना उस समय घटी जब फैक्टरी के सम्मुख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कुछ अन्य कर्मचारियों को फैक्टरी के अंदर जाने से रोका तथा कथित तौर पर फैक्टरी के मालिकों से दुर्व्यवहार किया। इस पर फैक्टरी के सम्मुख तैनात पुलिस टुकड़ी के एक सब इंस्पैक्टर ने हवा में दो फायर किये। भारी पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गई। बाद में फैक्टरी मालिकों तथा कर्मचारियों में समझौता हो गया।

मोगा में पैट्रोल पम्प मालिक को गोली मार दी

मोगा, 16 दिसम्बर (बांसल): आज सायं लगभग पांच बजे यहां से लगभग दो किलोमीटर दूर मोगा-कोटकपूरा सड़क पर स्थित गोयल पैट्रोल पम्प के मालिक सुरेंद्र कुमार को आधी दर्जन सशस्त्र व्यक्तियों, जो एक एम्बैसेडर कार में आये थे, ने गोली से उड़ा दिया और सारी नकदी लेकर फरार हो गये।

पैट्रोल पम्प के कर्मचारी बिदिया चरण के अनुसार शाम सुंदर नामक उसका साथी कर्मचारी शो-रूम के शीशे साफ कर रहा था और सुरेंद्र कुमार कार्यालय में बैठा था कि हल्के नीले रंग की एक एम्बैसेडर कार वहां आ कर रुकी। कार देख कर सुरेंद्र कुमार बाहर जाने लगा तो बिदिया चरण ने कहा कि कार सवार कुछ अपरिचित से लोग प्रतीत होते हैं।

सुरेंद्र कुमार ने कहा, "यहां कोई अपरिचित नहीं, सभी अच्छे हैं। यह कह कर वह बाहर आ गया। कार सवारों ने 15 लिटर पैट्रोल डलवा कर बिदिया चरण को एक लिटर मोबल-आयल लाने के लिये कहा।

बिदिया चरण के अनुसार उसी दौरान एक कार सवार पैट्रोल पम्प के निकट आ गया जबकि उसके दो साथी सड़क की ओर चले गये। एक पैट्रोल पम्प के पिछवाड़े में हटलने लगा। जब वह मोबल-आयल का डिब्बा लेकर आया तो एक व्यक्ति ने कार में से एक लम्बा-सा शस्त्र कपड़े के नीचे से निकाल कर उससे सुरेंद्र कुमार पर गोली चला दी। बिदिया चरण वहां से भागा और पिछली दीवार फांद गया। इसी दौरान उस पर भी गोली चलाई गई परन्तु वह बच गया।

बिदिया चरण के वक्तव्य के अनुसार लुटेरों में से तीन छोटे कद के और लम्बी दाढ़ी वाले थे। एक का कद बहुत लम्बा था। सभी ने गर्म कपड़े पहने हुये थे। जिसने गोली चलाई, उसने कोट पहना हुआ था। गोली चलाने वाले ने गोली चलाने से पूर्व सुरेंद्र कुमार को मां-बहन की गालियां निकालीं और कहा, "लाला, भज ले जित्थे भजना हुन" (लाला, भाग ले, जहां अब भागना है।)

• पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर चली हुई गोली का खोल और एक अनचली गोली बरामद कर ली है। हत्याकांड के विरुद्ध कल मोगा में हड़ताल रहेगी।

थाइलैंड में, : जनार्दन

नोट जनाने की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग की।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (भाजपा) चाहते थे कि असली और जाली नोटों का फर्क जानने की विधि का व्यापक प्रचार किया जाए।

श्री पुजारी ने बताया कि रिजर्व बैंक ने अपने कार्यालयों को 100 रुपये के नोटों की जांच करते समय अधिक सावधानी बरतने को कहा है। इन मामलों में प्रभावी ढंग से और शीघ्र जांच करने में और किसी अपराध के दोषी पाये गए व्यक्तियों के विरुद्ध मुकद्दमे चलाने में कोई कसर नहीं रखी जायेगी।

उन्होंने कहा कि इस बात की आशंका का भी कोई कारण नहीं है कि विदेशी मुद्रा में बड़े पैमाने पर चोरी छिपे बैंकिंग कार्य हो रहा है।

खालिस्तान आंदोलन से पाक के सम्बन्ध !

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (पै.): आज राज्यसभा में विदेश मंत्री श्री नरसिम्हाराव ने बताया कि तथाकथित खालिस्तान आंदोलन से पाकिस्तान के सम्बन्धों पर भारत की गहरी चिन्ता से पाकिस्तान सरकार को अवगत करा दिया गया है। खालिस्तान आंदोलन को कथित रूप से वित्तीय सहायता देने वाले गंगा सिंह दिल्लों को पाक

गुरु हर सहाय में उग्रवादियों द्वारा थानेदार की गोली मार कर हत्या

अमृतसर, 18 दिसम्बर (प्रे): अधिकृत सूचनाओं के अनुसार गुरुहरसहाय में उग्रवादियों ने एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर बिशुराम की गोली मार कर हत्या कर दी ।

सूचनाओं के अनुसार हमलावर 3 थे जिनमें से दो ने अपने रिवाल्वरों से थानेदार को उस समय 12 गोलियां मारीं जब वह अनाज मंडी में खड़ा था । थानेदार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । हमलावर मोटर साइकिल पर बैठ कर फिरोजपुर की ओर भाग गये । यह घटना सायं 6 बजे हुई ।

सभी जिलों की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ।

थानेदार बिशुराम उसी जिले के फाजिल्का थाने में तैनात था और उग्रवादियों की हिटलिस्ट में भी उसका नाम शामिल था क्योंकि उसने हत्याकांडों, आगजनी, तोड़फोड़ के मामलों में पकड़े गये कुछ लोगों से पूछताछ की थी ।

फिरोजपुर से हमारे संवाददाता बागी ने सूचना दी है कि गुरु हरसहाय के एस. एच. ओ. बिच्छू राम को थाने से डेढ़ सौ गज की दूरी पर गोलियों से उड़ा दिया गया । हमलावर दो या तीन थे और स्टेनगन से लैस थे । बताया जाता है कि उन्होंने थानेदार पर 15 मिनट में 17-18 गोलियां चलाईं जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ गया ।

यह भी कहा जाता है कि हमलावर थानेदार की हत्या करने के बाद लाश पर भंगड़ा डालते रहे और फिर भाग गए । पुलिस उनका पीछा कर रही है । एक सूचना के अनुसार अभियुक्त बारदात के बाद गांव लालचियां में देखे गए । सूचना मिलने पर जिलाधीश और एस.एस.पी. मौके पर पहुंच गए ।

मोटर साइकिल छीना

मख्खू से मिली सूचना के अनुसार वहां के एक पैट्रोल पम्प से गुरदेव सिंह नामक एक मिस्त्री से 3 उग्रवादी एक मोटर साइकिल छीन कर फरार हो गये । ये सभी उग्रवादी बताये जाते हैं ।

गुरुद्वारे के तालाब से शव मिला

अमृतसर, 18 दिसम्बर (प्रे): आज प्रातः यहां सिटी कोतवाली के पास ऐतिहासिक गुरुद्वारा संतोख सर के तालाब में एक वृद्धा का शव तैरता पाया गया ।

शव की बाद में पहचान हो गई और उसे पोस्टमार्टम के बाद उसके परिवार को सौंप दिया गया ।

राजीव चुनाव से पूर्व राष्ट्रपति शासन के सुझाव से असहमत

बम्बई, 18 दिसम्बर (वा.): कांग्रेस (इ) के महा सचिव राजीव गांधी के विचार से चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी होने की तिथि से सम्बद्ध राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना आवश्यक नहीं है। ऐसा सुझाव हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिया था ।

आज यहां एक प्रैस कांफैंस में श्री गांधी ने कहा कि चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए कुछ संशोधन निश्चय ही आवश्यक है। वैसे चुनाव प्रणाली में सुधार के मुद्दों पर एक तरफा विचार नहीं किया जा सकता, इसमें सभी को शामिल होना होगा। सुधार किस किस्म के हों वह चुनाव आयोग तय करेगा । इस मामले में कांग्रेस (इ) ने चुनाव आयोग को पहले ही एक विस्तृत ज्ञापन दिया

फिलस्तीनियों पर गोलाबारी

त्रिपोली, 18 दिसम्बर (रायटर): यूनानी जलपोतों द्वारा निकाले जाने की प्रतीक्षा कर रहे अराफात समर्थक फिलस्तीनियों पर इसराइली तोप नौकाओं ने गोलाबारी की । हताहतों की संख्या अज्ञात है ।

अमरीकी नौसेना के जहाजों ने आज मध्य लेबनानी पहाड़ियों पर गोलाबारी की । प्रवक्ता ने बताया कि यह गोलाबारी उस समय की गई जब सीरिया नियंत्रित मध्य लेबनानी पहाड़ियों पर उड़ान भरने वाले अमरीकी टोही विमानों पर सीरियाई तोपखानों ने हमले किये ।

लिए अभी तक तिष्ठा दाव पर

जो कि निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनावों में कुल 15 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

कांग्रेस (इ) के चुनाव प्रचार की बागडोर मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के अलावा सभी केन्द्रीय व प्रदेशीय मंत्रियों ने सम्भाली है, जिनमें सर्वश्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, नारायण दत्त तिवारी, धर्मवीर, आरिफ़ मोहम्मद खां, वीर बहादुर सिंह, बच्चा पाठक

भिंडरां ने बब्बर करने को नाटक

अमृतसर, 18 दिसम्बर : बब्बर खालसा के मुख्य सेवादार जत्थेदार सुखदेव सिंह ने जरनैल सिंह भिंडरां-वाले की ओर से गुरु नानक निवास को छोड़ने के बारे में एक बयान में कहा कि हमारा गुरु नानक निवास के कमरों के बारे में किसी के साथ कोई झगड़ा नहीं था बल्कि बब्बर

उग्रवादियों ने अब तक 22 पुलिस कर्मी मारे

चंडीगढ़, 19 दिसम्बर (यू.): गत वर्ष अप्रैल मे अकाली मोर्चा प्रारम्भ होने के बाद उग्रवादियों ने अभी तक जिन 22 पुलिस कर्मियों की हत्या की है, उनमें कल फिरोज़पुर जिले के गुरूहरसहाय में सब-इंस्पैक्टर विशु राम की हत्या की घटना नवीनतम है ।

रास्ता रोको आंदोलन के दौरान पकड़े गये एक उग्रवादी को टार्चर करने के आरोप में भिंडरां ने विशु राम का नाम हिट-लिस्ट में शामिल कर दिया था । भिंडरां का आरोप था कि विशु राम ने उसके एक चेले के 'केस' कटवा दिये थे ।

जिन 22 पुलिस कर्मियों की हत्या की गई है, उनमें जालन्धर रेंज के डी. आई. जी. ए. एस. अटवाल तथा तीन पुलिस इंस्पैक्टर भी शामिल हैं । लुधियाना के पुलिस चीफ़ डी. आर. भट्टी सहित 12 से अधिक पुलिस कर्मी उग्रवादियों द्वारा किये गये हमलों में घायल हुये हैं ।

जाली करंसी स्कैंडल 10 गिरफ्तारियां

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (वा.)

निरंकारी की हत्या...

(पृष्ठ 3 से आगे)

गया जबकि दूसरा युवक चाय व्यापारी की दुकान में घुसा और उसने पिस्तौल की नोक पर रुपए लूट लिए। जब वह भाग रहा था तो व्यापारी ने शोर मचा दिया। शोर सुन कर क्षेत्र के युवकों ने दोनों लुटेरों का पीछा किया। स्कूटर वाला लुटेरा अपने साथी को पीछे छोड़ कर भाग गया जबकि पीछे रह गए लुटेरे को उसके द्वारा गोलियां चलाए जाने के बावजूद लोगों ने कुछ दूर जाकर पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने तीन गोलियां चलाईं। लेकिन उनसे कोई भी घायल नहीं हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसने लोगों द्वारा पकड़े गए उग्रवादी को अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने इस गिरफ्तार उग्रवादी का नाम सुबेग सिंह बताया है जोकि एक स्थानीय छात्र है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दूसरे अभियुक्त को भी पहचान लिया गया है लेकिन वह अभी तक फरार है। पुलिस ने दावा किया है कि वह उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लेगी। इस संबंध में धारा 392 व 307/34 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने उससे पिस्तौल व तीन खाली कारतूस भी बरामद किये हैं।

भटिंडा के पुलिस प्रमुख श्री डी. एस. मोही के अनुसार गिरफ्तार लुटेरा उधपुर गांव का रहने वाला है जबकि उसका स्कूटर पर भागने वाला साथी भटिंडा जिले के कालहरनी गांव का है। उन्होंने कहा कि बंदी युवक से पूछपाछ जारी है और उग्रवादियों से उसके संबंधों के बारे में तभी पता लग सकेगा। जिलाधीश श्री मिश्रा व श्री मोही ने भटिंडा-वासियों के साहस की प्रशंसा की है।

38 वर्षीय डा. बलबीर सिंह लुधियाना के अग्र नगर के निवासी थे। पुलिस के अनुसार हमलावरों में से एक के पास स्टेनगन थी।

पहले भी हमला हुआ था

डा. बलबीर सिंह पर लगभग एक वर्ष पूर्व भी बस्सियां में कुछ निहंगों ने घातक हमला किया था। हमलावर उनको अधमरा छोड़ कर भाग गये थे। इस संबंध में थाना रायकोट में अभी तक केस दर्ज है।

पंजाब ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष

एक व्यक्ति घायल

करतारपुर (देवदत्त): हमीरा डिस्टलरी के निकट दो व्यक्तियों ने पिस्तौलों से फायरिंग करके जीत नामक एक व्यक्ति को गत दिवस घायल कर दिया। कथित अभियुक्तों के नाम बूटी और बूटा बताए जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही करतारपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई तथा अभियुक्तों को पकड़ने के लिए उनके मकानों पर छापे मारे लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए।

तरनतारन व पट्टी के लिए अलग - अलग एस.पी.

चंडीगढ़, 20 दिसम्बर (परवाना): पंजाब सरकार ने अमृतसर के 2 सब डिवीजन तरनतारन और पट्टी में अलग-अलग तौर पर एस.पी. नियुक्त करने का फैसला किया है ताकि इन क्षेत्रों में तस्करी तथा अन्य घटनाएं रोकी जा सकें। फिलहाल अमृतसर में कोई अतिरिक्त डी.आई.जी. नहीं नियुक्त किया जा रहा यद्यपि सरकार इस पद के लिए स्वीकृति प्रदान कर चुकी है।

कयामत

सितारे-धर्मेन्द्र, शत्रुघन सिन्हा, रीमता पाटिल, जयाप्रदा, पूनम ढिल्लों, अमृता कपूर, बिन्दू, तमन्ना।

9वां सप्ताह

सायन पायल-जालन्धर,
एनम-अमृतसर, मोलवा-लुधियाना
3रा सप्ताह-
रिट्ज-शिमला।
2रा सप्ताह-अम्बोका-करनाल,
हरि-अम्बाला।
23 दिसम्बर से-लक्ष्मी-यमुनानगर

हर शनिवार रात के 9.30 बजे रेडियो पर खास प्रोग्राम सुनिए
धर्मेन्द्र पेश करते हैं
अपने लड़के सन्नी देयोल को
पहली बार

बेताब

(रंगदार)

20वां सप्ताह

बस्सियां में निरंकारी डाक्टर की हत्या

भटिंडा में चाय व्यापारी को लूटने वाला उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग

लुधियाना, 20 दिसम्बर (म.): आज सुबह साढ़े 9 बजे यहां से लगभग 40 किलो मीटर दूर जगराओं-राय-कोट रोड पर एक निरंकारी मैडीकल प्रैक्टीशनर डा. बलबीर सिंह को तीन अज्ञात युवकों ने गोलियों से उड़ा दिया। मृतक डाक्टर लुधियाना में रहता था और प्रतिदिन बस द्वारा बस्सियां में अपने क्लिनिक पर जाया करता था। हमेशा की तरह आज सुबह जब वह बस से उतर कर अपने क्लिनिक की ओर जाने लगा तो उस पर गोलियों की बौछार कर दी गई ।जससे घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

बताया जाता है कि तीन आक्रामक जिनकी आयु लगभग 25-25 वर्ष थी, नीले रंग के वैस्पा स्कूटर पर सवार थे। इनमें से दो ने अपने मुंह चादर से छिपाए हुए थे जबकि एक खुले मुंह था। इनमें से दो पिस्तौलों से लैस थे। हत्यारों ने डाक्टर पर कई गोलियां चलाई। कुछ गोलियां उसके सिर तथा गर्दन में लगीं।

एक सूचना के अनुसार डा. बलबीर सिंह ने तीन वर्ष से निरंकारी भवन में जाना छोड़ रखा था।

प्रै. ट्र. ने सूचना दी है कि डाक्टर जब क्लिनिक खोल रहा था तो दो आक्रामक अंदर दाखिल हो गए जबकि एक स्कूटर के निकट खड़ा रहा। यू. न्यू. की सूचना के अनुसार आक्रामक जोकि उग्रवादी थे, वारदात के बाद फरार हो गए।

निरंकारी बलबीर सिंह की हत्या करने के बाद अभियुक्तों ने ललकारा और कहा कि हमने निरंकारी की हत्या की है, जिसकी हिम्मत है हमें पकड़ ले। इस घटना के बाद पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, पर अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

हि. स. के अनुसार अभियुक्तों के स्कूटर पर कोई नम्बर नहीं था। अभियुक्तों ने नीले रंग की पगड़ियां बांध रखी थीं।

सारे क्षेत्र की नाकाबन्दी कर दी गई है।

स्कूटर छीना

गत रात्रि में लुधियाना में लिंक रोड पर आत्म पार्क के निकट तीन अज्ञात युवकों द्वारा पिस्तौल की नोक पर लीला राम नामक एक व्यक्ति का स्कूटर छीन लिए जाने की सूचना मिली है। बताया जाता है कि लीला राम, जो स्थानीय एक फैक्टरी में मैनेजर हैं,रातको अपने घर वापस आ रहे थे कि 3 स्कूटर सवार युवकों ने, जिनमें 2 सिख व एक क्लीन शेव था, उन्हें पिस्तौल की नोक पर धमकी दी कि या तो गोली खाने के लिए तैयार हो जाओ या फिर अपना स्कूटर उनके हवाले कर दो ।डर के मारे लीला राम ने अपना स्कूटर उनके हवाले कर दिया तथा अपनी जान बचाई ।

चाय व्यापारी को लूटने वाला उग्रवादी बन्दी

भटिण्डा (सोच) : दो सिख युवकों ने, जो उग्रवादी समझे जाते हैं, कल सायं लगभग 6.30 बजे स्थानीय सिरकी बाजार में एकचाय व्यापारी की दुकान से पिस्तौल की नोक पर 2445 रुपये लूट लिए। उस समय व्यापारी अपनी दुकान में रुपए गिन रहा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दोनों लुटेरों में से एक कुछ दूरी पर अपने चालू स्कूटर के साथ खड़ा हो

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अकाली मांगें ज्यों की त्यों नहीं मानी जा सकतीं : इंदिरा

बम्बई, 20 दिसम्बर (पै.): प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा है कि वह नहीं समझतीं कि कुछ शक्तिशाली तत्व भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में सहयोग में दिलचस्पी रखते हैं ।

राष्ट्रीय विकल्प का प्रयास होगा

कलकत्ता, 20 दिसम्बर (बा.): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने आज कहा कि यहां 13 से 15 जनवरी तक होने वाले प्रमुख विपक्षी दलों के सम्मेलन में राष्ट्रीय विकल्प प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा ।

उन्होंने मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की युद्ध विरोधी रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल कलकत्ता सम्मेलन में अपने मतभेदों के बावजूद कुछ निश्चित मुद्दों पर एक राय होने का प्रयास करेंगे ।

अंग्रेजी साप्ताहिक 'ब्लिट्ज' के सम्पादक को एक भेंट में श्रीमती गांधी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान में सम्बन्धों के सामान्यीकरण के लिए बातों में प्रगति न होने का एक कारण यह भी है कि "पाकिस्तान के अन्दर बहुत गड़बड़ है और बाहिरी दबाव भी बहुत है ।"

पंजाब की स्थिति के बारे में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में श्रीमती गांधी ने कहा कि गृहमंत्री ने बार-बार कहा है कि वह अकालियों से बातों को तैयार हैं लेकिन यदि इसका यह मतलब लिया जाए कि जो कुछ मांगें पेश की जा रही हैं उनको उसी तरह स्वीकार कर लिया जाए तो यह सम्भव नहीं है । सरकार ने अकालियों की अधिकांश मांगें स्वीकार कर ली हैं । सिर्फ क्षेत्रीय विवाद पर बातां रुकी है । अकाली इस मामले को आयोग को सौंपने के इच्छुक नहीं । दूसरी ओर हरियाणा में विपक्षी सदस्यों तक ने चंडीगढ़ पंजाब को देने पर इस्तीफों की धमकी दे रखी है । इस स्थिति में हमारा कहना है कि ऐसे मामले केन्द्र अकेले नहीं सभी सम्बद्ध राज्यों की राय से ही हल कर सकता है ।


क्या यही राष्ट्रवाद है ?

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चिन्ता का विषय है कि अकाली स्वयं को राष्ट्रवादी कहते हैं लेकिन हमेशा किसी कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय दिवस को ही

यारों के मामले में पाक आगे रहेगा : रक्षामंत्री

जाते कहां हैं । उन्होंने कहा कि सैनिक दस्तावेजों की सुरक्षा का प्रबन्ध

निरन्तर निगरानी करने का फैसला किया है ।



डाक्टर बलबीर सिंह (निरंकारी) के मृतक शरीर के पास खड़े हुए उनकी पत्नी महेन्द्र कौर तथा तीनों बच्चे विलाप करते हुए।
(फोटो : काम्बोज)

ਤਿੰਨ ਸਕੂਟਰ ਸਵਾਰਾਂ ਨੇ ਪਿੰਡ ਬਸੀਆਂ ਵਿਚ ਇਕ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਨੂੰ ਕਤਲ ਕਰ ਦਿਤਾ

ਗੋਲੀਆਂ ਛਾਤੀ ਅਤੇ ਗਰਦਨ ਚ ਲਗੀਆਂ-ਦੋਸ਼ੀ ਫ਼ਰਾਰ ਹੋ ਗਏ

ਲੁਧਿਆਣਾ ਚ ਪਿਸਤੌਲ ਦੀ ਨੋਕ ਤੇ ਇਕ ਸਕੂਟਰ ਖੋਹ ਲਿਆ-ਕਾਰ ਵੀ ਚੋਰੀ ਹੋ ਗਈ

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਉਨ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਤੇ ਵੀ ਦੋ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਵਲੋਂ ਫਾਇਰਿੰਗ ਕੀਤੀ ਗਈ

ਲੁਧਿਆਣਾ, 20 ਦਸੰਬਰ (ਹ.ਸ.-ਮੁਸਾਫਰ)—ਦਿਥੋਂ 50 ਕਿ:ਮੀ: ਦੂਰ ਲੁਧਿਆਣਾ-ਰਾਏਕੋਟ ਰੋਡ ਤੇ ਸਥਿਤ ਪਿੰਡ ਬੱਸੀਆਂ ਵਿਖੇ 3 ਸਕੂਟਰ ਸਵਾਰ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਵਲੋਂ ਡਾਕਟਰ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਨੂੰ ਅਜ ਸਵੇਰੇ ਗੋਲੀ ਮਾਰ ਕੇ ਕਤਲ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਮਿਲੀ ਹੈ। ਪ੍ਰਾਪਤ ਸੂਚਨਾ ਅਨੁਸਾਰ ਉਕਤ ਕਾਤਲਾਂ ਜੋ ਬਿਨਾਂ ਨੰਬਰ ਦੇ ਸਕੂਟਰ ਤੇ ਆਏ ਸਨ, ਨੇ ਗੋਲੀ ਚਲਾ ਕੇ ਡਾ: ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਕਤਲ ਕਰ ਦਿਤਾ ਤੇ ਸਕੂਟਰ ਤੇ ਫਰਾਰ ਹੋ ਗਏ। ਪੁਲਿਸ ਅਨੁਸਾਰ ਹਮਲਾਵਰਾਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕਦੇ ਪਾਸ ਸਟੇਨ-ਗੰਨ ਸੀ। ਇਹ ਵਰਨਣ ਯੋਗ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਡਾਕਟਰ ਤੇ ਲਗਪਗ ਇਕ ਸਾਲ ਪਹਿਲੇ ਵੀ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਜਿਸ ਵਿਚ ਕਥਿਤ ਹਮਲਾਵਰ ਉਸ ਨੂੰ ਅਧ ਮਰਿਆਂ ਛਡ ਕੇ ਫਰਾਰ ਹੋ ਗਏ ਸਨ। ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਥਾਣਾ ਰਾਏਕੋਟ ਵਿਚ ਅਜੇ ਵੀ ਕੇਸ ਦਰਜ ਹੈ। ਪੁਲਿਸ ਕਾਤਲਾਂ ਦੀ ਤਲਾਸ਼ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰੰਤੂ ਅਜੇ ਕੋਈ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰੀ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੀ ਹੈ। ਯੂ.ਐਨ.ਆਈ. ਅਨਸਾਰ 38 ਸਾਲਾ ਡਾਕਟਰ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਅਮਰ ਨਗਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦਾ ਰਹਿਣ ਵਾਲਾ ਸੀ। ਉਸ ਤੇ ਪਿਛੋਂ ਗੋਲੀਆਂ ਚਲਾਈਆਂ ਗਈਆਂ ਜੋ ਉਸ ਦੇ ਸਿਰ ਅਤੇ ਗਰਦਨ ਤੇ ਲਗੀਆਂ। ਪੀ. ਟੀ. ਆਈ. ਅਨੁਸਾਰ ਐਸ. ਐਸ. ਪੀ. ਸ੍ਰੀ ਬੂਆ ਸਿੰਘ ਭਾਰੀ ਪੁਲਿਸ ਫੋਰਸ ਸਮੇਤ ਮੌਕੇ ਤੇ ਪੁਜੇ ਤੇ ਜ਼ਿਲੇ ਭਰ ਵਿਚ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਚੈਕਸ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਸਾਰੀਆਂ ਮੁਖ ਸੜਕਾਂ ਦੀ ਨਾਕਾਬੰਦੀ ਵੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਡਾ: ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਇਕ ਬਸ ਤੋਂ ਉਤਰ ਕੇ ਆਪਣੇ ਕਲੀਨਿਕ ਵਲ ਜਾ ਰਿਹਾ ਸੀ ਤਾਂ ਇਕ ਨੌਜਵਾਨ ਨੇ ਸਕੂਟਰ ਤੇ ਉਸ ਦਾ ਪਿਛਾ ਕੀਤਾ ਤੇ ਕਲੀਨਿਕ ਵਿਚ ਜਾਂਦਿਆ ਹੀ ਗੋਲੀਆਂ ਮਾਰ ਕੇ ਮਾਰ ਦਿਤਾ। ਸਾਡੇ ਪੱਤਰ ਪਰੇਰਕ ਸ: ਕਰਮ ਸਿੰਘ ਮੁਸਾਫਰ ਅਨੁਸਾਰ ਹਮਲਾਵਰਨੀਲੇ ਰੰਗਦੇ ਵੈਸਪਾ ਸਕੂਟਰ ਤੇ ਆਏ ਸਨ ਜਿਹਨਾਂ ਵਿਚੋਂ 2 ਦੇ ਮੂੰਹ ਢਕੇ ਹੋਏ ਸਨ। ਡਾ: ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਰੋਜ ਲੁਧਿਆਣਾ ਤੋਂ ਬੱਸੀਆਂ ਜਾਂਦਾ ਸੀ, ਜਿਥੇ ਉਹ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਪ੍ਰੈਕਟਿਸ ਕਰਦਾ ਸੀ। ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ 3 ਸਾਲ ਤੋਂ ਉਸ ਨੇ ਨਿਰੰਕਾਰੀ ਭਵਨਾਂ ਵਿਚ ਜਾਣਾ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤਾ ਸੀ। ਪੁਲਿਸ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ 2 ਹਮਲਾਵਰ ਪਿਸਤੌਲਾਂ ਨਾਲ ਲੈਸ ਸਨ। ਡਾ: ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਦੀ ਗਰਦਨ ਅਤੇ ਦਿਲ ਤੇ ਗੋਲੀਆਂ ਲੱਗੀਆਂ ਤੇ ਉਸ ਦੀ ਮੌਕੇ ਤੇ ਹੀ ਮੌਤ ਹੋ ਗਈ।

ਸਕੂਟਰ ਖੋਹਿਆ

ਇਕ ਹੋਰ ਘਟਨਾ ਵਿਚ ਬੀਤੀ ਰਾਤ ਇਥੇ ਲਿੰਕ ਰੋਡ ਤੇ ਆਤਮ ਪਾਰਕ ਦੇ ਨੇੜੇ ਤਿੰਨ ਅਣ-ਪਛਾਤੇ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਵਲੋਂ ਪਿਸਤੌਲ ਦੀ ਨੋਕ ਤੇ ਲੀਲਾ ਰਾਮ ਨਾਮੀ ਇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਤੋਂ ਉਸ ਦਾ ਸਕੂਟਰ ਖੋਹ ਲਏ ਜਾਣ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਮਿਲੀ ਹੈ। ਪ੍ਰਾਪਤ ਜਾਣਕਾਰੀ ਅਨੁਸਾਰ ਉਕਤ ਵਿਅਕਤੀ ਜੋ ਕਿ ਸਥਾਨਕ ਫੈਕਟਰੀ ਵਿਚ ਮੈਨੇਜਰ ਹੈ, ਰਾਤ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਘਰ ਪਰਤ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਤਿੰਨ ਨੌਜਵਾਨ ਜਿਹਨਾਂ ਵਿਚ ਦੋ ਸਿਖ ਅਤੇ ਇਕ ਮੋਨਾ ਸੀ, ਸਕੂਟਰ ਤੇ ਆਏ ਅਤੇ ਪਿਸਤੌਲ ਦੀ ਨੋਕ ਤੇ ਧਮਕੀ ਦਿਤੀ ਕਿ 'ਜਾ ਤਾ ਗੋਲੀ ਖਾਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੋ ਜਾਓ ਜਾਂ ਸਕੂਟਰ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਏ।' ਦਹਿਸ਼ਤ ਦੇ ਮਾਰੇ ਲੀਲਾ ਰਾਮ ਨੇ ਸਕੂਟਰ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰਕੇ ਆਪਣੀ ਜਾਨ ਬਚਾਈ। ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਕੇਸ ਦਰਜ ਕਰ ਕੇ ਲੁਟੇਰਿਆਂ ਦੀ ਭਾਲ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਬੀਤੀ ਰਾਤ ਸਥਾਨਕ ਬ੍ਰਾਊਨ ਹਸਪਤਾਲ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਐਂਬੈਸਡਰ ਕਾਰ ਵੀ ਚੋਰੀ ਹੋਣ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਮਿਲੀ ਹੈ। ਉਕਤ ਕਾਰ ਜੋ ਕਿ ਜਲੰਧਰ ਦੀ ਦੱਸੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਰਾਤ ਨੂੰ ਹਸਪਤਾਲ ਦੇ ਅਹਾਤੇ ਵਿਚ ਖੜ੍ਹੀ ਸੀ। ਕੋਈ ਉਸ ਨੂੰ ਚੋਰੀ ਕਰ ਕੇ ਲੈ ਗਿਆ। ਇਸ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ।

ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ 'ਚ ਗੋਲੀ

ਦੋ ਅਣਪਛਾਤੇ ਨੌਜੁਆਨਾਂ ਨੇ ਅਜ ਇਥੇ ਹਟੀਆਂ ਬਾਜ਼ਾਰ ਵਿਚ ਇਕ ਉਨ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਨੂੰ ਕਥਿਤ ਤੌਰ ਤੇ ਲੁਟਣ ਪਿਛੋਂ ਹਵਾ ਵਿਚ ਫਾਇਰ ਕੀਤੇ। ਇਹ ਘਟਨਾ ਅਜ ਬਾਅਦ ਦੁਪਹਿਰ ਵਾਪਰੀ। ਰਿਪੋਰਟ ਅਨੁਸਾਰ ਦੁਕਾਨ ਦੇ ਮਾਲਕ ਮੋਹਨ ਲਾਲ ਨੇ ਦੁਹਾਂ ਨੂੰ ਉਸ ਸਮੇਂ ਰੋਕਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਜਦੋਂ ਉਹ ਦੋ ਜਰਸੀਆਂ ਪਾਕੇ ਬਿਨਾਂ ਪੈਸੇ ਦਿਤੇ ਜਾਣ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰ ਰਹੇ ਸਨ। ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਪਿਸਤੌਲ ਕਢੇ ਤੇ ਹਵਾ ਵਿਚ ਫਾਇਰ ਕੀਤੇ ਅਤੇ ਬਚਕੇ ਨਿਕਲ ਗਏ। ਪੁਲਸ ਮੌਕੇ ਤੇ

(ਬਾਕੀ ਸਫਾ 7 ਤੇ)

ਸੀ.ਪੀ.ਐਮ. ਵਰਕਰਾਂ

ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ, 20 ਦਸੰਬਰ —ਰਾਜ ਸਭਾ ਵਿਚ ਅਜ ਅਚਾਨਕ ਸਖਤ ਹੰਗਾਮਾ ਤੇ ਸ਼ੋਰ ਸ਼ਰਾਬਾ ਹੋ ਗਿਆ ਅਤੇ ਉਪ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨੂੰ ਹਾਊਸ ਦੀ ਕਾਰਵਾਈ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰਨੀ ਪਈ ਜਦੋਂ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਮਾਰਗਰੇਟ ਅਲਵਾ ਅਤੇ ਮਿਸ ਸਰੋਜ ਖਾਪਰਡੇ (ਇੰਕਾ) ਨੇ ਸੀ. ਪੀ. ਐਮ. ਵਰਕਰਾਂ ਵਲੋਂ ਪੱਛਮੀ

ਦਿੱਲੀ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਅਜ ਹੋਣ ਵਾਲੀ ਚੋਣ ਮੁਲਤਵੀ

ਲੌਂਗੋਵਾਲ ਧੜੇ ਦਾ ਚੋਣ ਕਰਾਉਣ ਦਾਐਲਾਨ

□ ● ਨਵੀਂ ਦਿਲੀ, 20 ਦਸੰਬਰ—(ਯੂ. ਐਨ. ਆਈ. ਪੀ. ਟੀ. ਆਈ.) ਦਿਲੀ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਅਹੁਦੇਦਾਰਾਂ ਦੀ ਕਲ੍ਹ 21 ਦਸੰਬਰ ਨੂੰ ਹੋਣ ਵਾਲੀ ਚੋਣ ਇਸ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਸ: ਹਰਬੰਸ ਸਿੰਘ ਮਨਚੰਦਾ ਵਲੋਂ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਕ ਬਿਆਨ ਵਿਚ ਸ: ਮਨਚੰਦਾ ਨੇ ਅਜ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਚੋਣ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਅਮਨ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦਿਆਂ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਉਹਨਾਂ ਦਸਿਆ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਦਿਲੀ ਗੁਰਦੁਆਰਾਂ ਕਮੇਟੀ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਮਰਥਕਾਂ ਨੂੰ ਲੌਂਗੋਵੀ ਸੁਰਖਿਆ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕਰਨ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਕਰਦਿਤਾ ਹੈ। ਅਹੁਦੇਦਾਰਾਂ ਦੀ ਚੋਣ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਨਿਵਾਸ ਵਿਚ ਹੋਣੀ ਸੀ। ਸ. ਮਨਚੰਦਾ ਅਨੁਸਾਰ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਉਥੇ ਆਪਣੇ ਬੰਦੇ ਤਾਇਨਾਤ ਕਰਨ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਸਥਿਤੀ ਨੂੰ ਦੇਖਦਿਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੋਣ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਯਾਦ ਰਹੇ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਦਿਨੀਂ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਨਿਵਾਸ ਵਿਚ ਅਕਾਲੀਆਂ ਦੇ ਦੋ ਗਰੁਪਾਂ ਵਿਚਾਲੇ ਝੜਪਾਂ ਹੋਈਆਂ ਸਨ। ਸ: ਮਨਚੰਦਾ ਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਸਾਰੇ (49) ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਚੋਣ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰਨ ਸਬੰਧੀ ਨੋਟਿਸ ਅਤੇ ਤਾਰਾਂ ਭੇਜ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਦਿੱਲੀ ਅਕਾਲੀ ਦਲ (ਲੌਂਗੋਵਾਲ) ਨੇ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਚੋਣਾਂ ਕਲ ਨਿਸਚਿਤ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਨੁਸਾਰ ਹੋਣਗੀਆਂ। ਇਸ ਦਲ ਦੇ ਸੂਤਰਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸ: ਮਨਚੰਦਾ ਨੂੰ ਚੋਣਾ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰਨ ਦਾ ਅਧਿਕਾਰ ਨਹੀਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਹੋਰ ਤ੍ਰਿਹਾ ਕਿ ਦਿੱਲੀ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਜਨਰਲ ਸਕਤਰ ਸ: ਸੁਚਾ ਸਿੰਘ ਇਕੋ ਇਕ ਅਥਾਰਥੀ ਹਨ ਜੋ ਚੋਣਾਂ ਲਈ ਮੀਟਿੰਗ ਸਦ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਕਿ ਸ: ਸੁਚਾ ਸਿੰਘ ਨੇ ਦਿਤੇ ਹਾਈਕੋਰਟ ਦੇ ਆਦੇਸ਼ ਅਨੁਸਾਰ

(ਬਾਕੀ ਸਫਾ 7 ਤੇ)

ਅਜੀਤ ਦਾ ਪ੍ਰਿੰਟ ਆਰਡਰ
Ajit Print Order
20-12-83
81870

ਥਾਣੇਦਾਰ ਤੇ ਉਸ ਦੇ ਗਨਮੈਨ ਨੂੰ ਗੋਲੀ ਮਾਰ ਕੇ ਹਲਾਕ ਕਰ ਦਿਤਾ

ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਲੋਧੀ ਚ ਘਟਨਾ-4 ਅਣਪਛਾਤੇ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਨੇ ਦੋਹਾਂ ਪੁਲਿਸ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਬਜ਼ਾਰ ਚ ਗੋਲੀਆਂ ਮਾਰੀਆਂ-ਉਚ ਅਫਸਰ ਮੌਕੇ ਤੇ

●ਜਲੰਧਰ, 30 ਦਸੰਬਰ—(ਯੂ. ਐਨ.ਆਈ.) ਇਥੇ ਪੁਜੀਆਂ ਸੂਚਨਾਵਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਅਜ ਸ਼ਾਮ ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਲੋਧੀ ਜ਼ਿਲਾ ਕਪੂਰਥਲਾ ਵਿਚ ਕੁਝ ਅਣਪਛਾਤੇ ਬੰਦਿਆਂ ਨੇ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਇਕ ਸਬ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਭਗਵਾਨ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਉਸਦੇ ਗਨਮੈਨ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਗੋਲੀਆਂ ਮਾਰ ਕੇ ਹਲਾਕ ਕਰ ਦਿਤਾ । ਪੁਲਿਸ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਹਥਿਆਰਬੰਦ ਹਮਲਾਆਵਰਾਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ ਚਾਰ ਸੀ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਬ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਅਤੇ ਗਨਮੈਨ ਨੂੰ ਬਾਜ਼ਾਰ ਵਿਚ ਗੋਲੀਆਂ ਨਾਲ ਉਡਾ ਦਿਤਾ । ਇਹ ਵਾਰਦਾਤ ਸ਼ਾਮ ਲਗਪਗ 7 ਵਜੇ ਹੋਈ । ਕਪੂਰਥਲਾ ਤੋਂ ਪ੍ਰਾਪਤ ਸੂਚਨਾ ਅਨੁਸਾਰ ਗਨਮੈਨ ਕਾਂਸਟੇਬਲ ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮੌਕੇ ਤੇ ਹੀ ਦਮ ਤੋੜ ਗਿਆ ਜਦ ਕਿ ਸਬ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਹਸਪਤਾਲ ਜਾ ਕੇ ਚਲ ਵਸਿਆ । ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਸਬ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਭਗਵਾਨ ਸਿੰਘ ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਲੋਧੀ ਥਾਣੇ ਵਿਚ ਐਸ. ਐਚ. ਓ. ਸੀ। ਖਬਰ ਮਿਲਦੇ ਹੀ ਜ਼ਿਲਾ ਕਪੂਰਥਲਾ ਦੇ ਐਸ. ਐਸ. ਪੀ. ਸ੍ਰੀ ਆਰ. ਐਸ. ਚਾਲੀਆ,ਡੀ.ਸੀ.ਤੇਦੂਜੇ ਸੀਨੀਅਰਅਧਿਕਾਰੀ ਮੌਕੇ ਤੇ ਪੁਜ ਗਏ । ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਘਟਨਾ ਦੇ ਸਮੇਂ ਐਸ.ਐਚ.ਓ. ਸ਼ਹਿਰ ਦੀ ਗਸ਼ਤ ਤੇ ਸੀ । ਛੇਤੀ ਹੀ ਮਗਰੋਂ ਜ਼ਿਲਾ ਭਰ ਵਿਚ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਸਾਵਧਾਨ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਵਖ ਵਖ ਮਾਰਗਾਂ ਤੇ ਨਾਕਾਬੰਦੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ । ਦੂਸਰਿਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਵੀ ਚੌਕਸ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਹਮਲਾਆਵਰ ਪੈਦਲ ਆਏ । ਘਟਨਾ ਕਾਰਨ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿਚ ਭਾਰੀ ਦਹਿਸ਼ਤ ਹੈ । ਪੁਲਸ ਸੂਤਰਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਸਬ ਇਸਪੈਕਟਰ ਦਾ ਕਤਲ ਬਦਲੇ ਦੀ ਕਾਰਵਾਈ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਉਹਉਸ ਪੁਲਿਸ ਪਾਰਟੀ ਚ ਸ਼ਾਮਲ ਸੀ ਜਿਸ ਹਥੋਂ ਦਹੇੜੂ ਕਾਂਡ ਦਾ ਅਮਰਜੀਤ ਸਿੰਘ ਨਿਹੰਗ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਸੀ । ਦਹੇੜੂ ਕਾਂਡ ਵਿਚ ਦੋ ਪੁਲਿਸਮੈਨ ਹਲਾਕ ਹੋਏ ਸਨ ।

ਪੰਜਾਬ ਚ 24 ਕ੍ਰੋੜ ਰੁਪੈ ਦੀ ਕਪਾਹ ਦੀ ਫਸਲ ਨਸ਼ਟ ਹੋਈ

ਨਕਲੀ ਦਵਾਈ ਦੇ ਛਿੜਕਾ ਨਾਲਹਾਨੀ ਹੋਣ ਦਾ ਦੋਸ਼

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 30 ਦਸੰਬਰ—(ਯੂ. ਐਨ. ਆਈ.) ਪੰਜਾਬ ਤੇ ਹਰਿਆਣਾ ਵਿਚ ਕਪਾਹ ਉਤਪਾਦਕਾਂ ਨੇ ਦੋਸ਼ ਲਾਇਆ ਕਿ ਨਕਲੀ ਦਵਾਈਆਂ ਦੇ ਛਿੜਕਾਓ ਕਾਰਨ ਇਸ ਸਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕਪਾਹ ਦੀ ਫਸਲ ਤਬਾਹ ਹੋਈ ਜਦੋਂ ਕਿ ਜ਼ਰਾਇਤੀ ਵਿਭਾਗ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਨੇ ਇਸ ਨੁਕਸ ਨ ਲਈ ਮੌਸਮ ਦੀ ਖ ਬੀ ਨੂੰ ਜ਼ੁਮੇਂਵਾਰ ਠਹਿਰਾਇਆ ਹੈ । ਇਸ ਸਾਲ ਪੰਜਾਬ ਤੇ ਹਰਿਆਣਾ ਚ 40% ਤੋਂ ਵਧ ਕਪਾਹ ਦੀ ਫਸਲ ਨਸ਼ਟ ਹੋਈ ਜਦੋਂ ਕਿ ਖੇਤ ਤੋਂ ਖੇਤ ਦੇ ਨੁਕਸਾਨ ਦਾ ਅਨੁਮਾਨ 75 ਤੋਂ 100% ਹੋਇਆ ਹੈ । ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ,ਜੋ ਕੇਂਦਰੀ ਪੂਲ ਵਿਚ ਕਪਾਹ ਦੇ ਕੁਲ ਉਤਪਾਦਨ ਦਾ 16% ਹਿੱਸਾ ਦਿੰਦਾ ਹੈ, ਹੁਣ 8 ਲਖ ਕਪਾਹ ਦੀਆਂ ਗੰਢਾਂ ਹੋਣ ਦੀ ਆਸ ਹੈ ਜਦੋਂ ਕਿ ਨਿਸ਼ ਨਾ 12 ਲਖ ਗੰਢਾਂ ਦਾ ਸੀ। ਵਿਭਾਗ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰੀਆਂ ਦਾ ਕਹਿਣਾ ਹੈ ਕਿ ਨੁਕਸਾਨ ਦਾ ਅਨੁਮਾਨ ਲਾਉਣਾ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਕੀਮਤਾਂ ਹਰ ਸਾਲ ਵਧਦੀਆਂ ਘਟਦੀਆਂ ਰਹਿੰਦੀਆਂ ਹਨ । ਫਿਰ ਵੀ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਨੁਕਸਾਨ 24 ਕਰੋੜ ਰੁਪੈ ਦਾ ਹੋਣ ਦਾ ਅਨੁਮਾਨ ਹੈ । ਇਸ ਸਾਲ ਕਪਾਹ ਦੀ ਕੀਮਤ 500 ਰੁਪੈ ਕੁਵਿੰਟਲ ਹੈ । ਹਰਿਆਣਾ ਵਿਚ 5.50 ਲਖ ਕਪਾਹ ਦੀਆਂ ਗੰਢਾਂ ਨਸ਼ਟ ਹੋ ਗਈਆਂ । ਪੰਜਾਬ ਨਾਲ ਲਗਦੇ ਰਾਜਸਥਾਨ ਵਿਚ ਵੀ ਕਪਾਹ ਦੀ ਫਸਲ ਨੂੰ ਭਾਰੀ ਹਾਨੀ ਪੁਜੀ ਹੈ । ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਦੂਜੀ ਵਾਰ ਅਤੇ ਹਰਿਆਣੇ ਵਿਚ ਇਸ ਸਾਲ ਪਹਿਲੀ ਵਾਰ ਕਪਾਹ ਦੀ ਫਸਲ ਨਸ਼ਟ ਹੋਈ । ਪੰਜਾਬ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਵਿਗਿਆਨੀਆਂ ਦੀ 6 ਮੈਂਬਰੀ ਟੀਮ ਨੇ ਬੀਤੇ ਦਿਨ ਜ਼ਿਲਾ ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ, ਫਰੀਦਕੋਟ, ਬਠਿੰਡਾ ਤੇ ਸੰਗਰੂਰ ਦਾ ਦੌਰਾ ਕੀਤਾ ਤੇ ਨੁਕਸਾਨ ਦਾ ਅਨੁਮਾਨ ਲਾਇਆ ਸੀ । ਟੀਮ ਨੇ ਸਿਫਾਰਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਠੀਕ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕੀੜੇ ਮਾਰ ਦਵਾਈਆਂ ਦੀ ਸਪਲਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ । ਕਿਉਂਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ (ਬਾਕੀ ਸਫਾ 6 ਤੇ ਕਾਲਮ 4)

ਪੰਜਾਬ 'ਚ ਡਾਕਿਆਂ,ਕਤਲਾਂ ਤੇ ਧਰਮ ਅਸਥਾਨਾਂ ਦੀ ਬੇਅਦਬੀ ਦੇ 42 ਕੇਸਾਂ ਦੀ ਸੂਹ ਮਿਲ ਗਈ

ਰਾਜਿਸਥਾਨ ਤੋਂ ਅਯੋਗ ਹਥਿਆਰ ਵੀ ਲਿਆਂਦੇ ਗਏ-ਸ: ਭਿੰਡਰ

ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਵਲੋਂ 26 ਦੇ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੀ ਹਿਮੈਤ

ਕਈ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਕਨਵੈਨਸ਼ਨਾਂ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ

●ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ, 30 ਦਸੰਬਰ—ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਸਿਖ ਸਟੂਡੈਂਟਸ ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਨੇ ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਦੇ 26 ਜਨਵਰੀ ਵਾਲੇ ਐਕਸ਼ਨ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦਾ ਸਮਰਥਨ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਇਸ ਉਦੇਸ਼ ਲਈ ਕਾਨਵੈਨਸ਼ਨਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ । ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਦੀ ਸੈਂਟਰਲ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਮੀਟਿੰਗ ਕਲ ਰਾਤ ਭਾਈ ਅਮਰੀਕ ਸਿੰਘ ਦੀ ਪ੍ਰਧਾਨਗੀ ਹੇਠ ਹੋਈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਇਹ ਫਸਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਧਰਸ ਯੁਧ ਮੋਰਚੇ ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਜਾਰੀ ਰਖੀ ਜਾਏਗੀ ਅਤੇ ਸੰਤ ਭਿੰਡਰਾਂ ਵਾਲੇ ਦੀ ਕਾਰਵਾਈ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ ਗਈ, ਜਿਹਨਾਂ ਨੇ ਖੂਨ ਖਰਾਬਾ ਰੋਕਣ ਲਈ ਥਾਂ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਲਈ ਹੈ । ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਚ ਪੁਲੀਸ ਨੇ ਦਾਖਲ ਹੋਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਇਸ ਦੇ ਗੰਭੀਰ ਸਿਟੇ ਨਿਕਲ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਉਹਨਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਨਿੰਦਾ ਕੀਤੀ ਗਈ ਜੋ ਸੰਤ ਭਿੰਡਰਾਂ ਦੇ ਜੀਵਨ ਲਈ ਖਤਰਾ ਬਣ ਰਹੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਯੋਗ ਮੌਕੇ ਤੇ ਸਜ਼ਾ ਦਿਤੀ ਜਾਏਗੀ । ਕੁਝ ਲੋਕ ਪੰਥਕ ਏਕਤਾ ਖਤਮ ਕਰਕੇ ਸਿਖ ਰਾਜ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਪੁਚਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਜਨਰਲ ਸਕਤਰ ਸ: ਹਰਮਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੁਲੀਸ ਦਮਨ ਚਕਰ ਦੀ ਵਿਰੋਧਤਾ ਜਾਰੀ ਰਹੇਗੀ । ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਵਲੋਂ 8 ਜਨਵਰੀ ਨੂੰ ਮਧ ਪ੍ਰਦੇਸ਼, ਕਪੂਰਥਲਾ ਵਿਚ 24 ਨੂੰ ਅਤੇ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਚ 31 ਜਨਵਰੀ ਤੇ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਦਿਕ ਫਰਵਰੀ, ਜਲੰਧਰ ਵਿਚ 8 (ਬਾਕੀ ਦੇਖੋ ਸਫਾ 6)

ਗੈਂਗ ਦੇ 4 ਮੈਂਬ੍ਰਾਂ ਦੀ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰੀ ਤੋਂ ਭੇਤ ਖੁਲ੍ਹਿਆ

ਪੁਛਗਿਛ ਲਈ ਸਪੈਸ਼ਲ ਸੈੱਲ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 30 ਦਸੰਬਰ—(ਯੂ. ਐਨ. ਆਈ., ਪੀ. ਟੀ. ਆਈ.) ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਅਸਲੇ ਦੀ ਸਮਗਲਿੰਗ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਗਰੋਹ ਦੇ 4 ਮੈਂਬਰ ਫੜੇ ਜਾਣ ਪਿਛੋਂ ਪੰਜਾਬ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਰਾਜ ਵਿਚ 42 ਡਾਕਿਆਂ, ਧਾਰਮਿਕ ਅਸਥਾਨਾਂ ਦਾ ਅਪਮਾਨ ਤੇ ਕਤਲਾਂ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹਲ ਹੋਣ ਦਾ ਦਾਅਵਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਇਹ ਪ੍ਰਗਟਾਵਾ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਜਨਰਲ (ਅਮਨ ਤੇ ਕਾਨੂੰਨ) ਪੀ. ਐਸ. ਭਿੰਡਰ ਨੇ ਕਾਹਲੀ ਨਾਲ ਸਦੀ ਪਰੈਸ ਕਾਨਫਰੰਸ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਗਰੋਹ ਦੇ 3 ਮੈਂਬਰ 28 ਦਸੰਬਰ ਨੂੰ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਰੇਲਵੇ ਸਟੇਸ਼ਨ ਤੇ ਉਸ ਸਮੇਂ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰ ਕੀਤੇ ਗਏ ਜਦੋਂ ਉਹ ਤਰਨ ਤਾਰਨ ਵਿਚ ਕੋਈ ਘਟਨਾ ਕਰਨ ਜਾ ਰਹੇ ਸਨ । ਇਹ ਗਰੋਹ ਦਾ ਚੋਥਾ ਮੈਂਬਰ ਕਲ ਗਰਿਫਤਾਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਦਿਹਨਾਂ 4 ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਗਰੋਹ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਜਸਬੀਰ ਸਿੰਘ ਉਰਫ ਪਪੂ ਨਿਹੰਗ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ । ਉਹਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਗਰੋਹ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਗਰਿਫਤਾਰੀ ਸਮੇਂ .12 ਬੋਰ ਪਿਸਤੌਲ ਅਤੇ ਕਾਰਆਮਦ ਗੋਲੀ ਸਿਕੇ ਨਾਲ ਹਥਿਆਰਬੰਦ ਸਨ, ਪਰੰਤੂ ਉਹਨਾਂ ਕੋਈ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਾ ਕੀਤਾ । ਸਰਦਾਰ ਭਿੰਡਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਗਰੋਹ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਜ਼ਿਲਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਦੋ ਬੈਂਕ ਡਾਕੇ ਮਾਰਨ ਦਾ ਜੁਰਮ ਮੰਨ ਲਿਆ ਹੈ । ਉਹਨਾਂ ਦਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਗਰੋਹ ਦੇ 3 ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਇਹ ਮੰਨਿਆਂ ਕਿ ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਸਿਖ ਸਟੂਡੈਂਟਸ ਫੈਡਰੇਸ਼ਨ ਦੇ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਕੰਪਲੈਕਸ ਵਿਚ ਰਹਿ ਰਹੇ ਸਰਗਰਮ ਮੈਂਬਰ ਸਤਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਉਰਫ ਪੀ. ਟੀ. ਦੀ ਹਦਾਇਤ ਤੇ ਕਤਲ, ਧਾਰਮਿਕ ਅਸਥਾਨਾਂ ਦਾ ਅਪਮਾਨ ਤੇ ਲੁਟ ਮਾਰ ਦੀਆਂ ਘਟਨਾਵਾਂ ਕੀਤੀਆਂ । ਉਹਨਾਂ ਦੀ ਗਰੋਹ ਦਾ ਵੀ ਹੈਡਕਵਾਟਰ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਕੰਪਲੈਕਸ ਵਿਚ ਹੈ । ਸਤਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੀ. ਟੀ. ਸੰਤ ਜਰਨਲ ਸਿੰਘ ਭਿੰਡਰਾਂਵਾਲਾ ਦਾ ਨਿਕਟ ਵਰਤੀ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਸ: ਭਿੰਡਰ ਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ ਇਹ ਗਰੋਹ ਨਜਾਇਜ਼ ਅਸਲੇ ਦਾ ਧੰਦਾ ਵੀ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਵਖ ਵਖ ਕਿਸਮ ਦੇ ਨਜਾਇਜ਼ ਹਥਿਆਰ ਜ਼ਿਲਾ ਗੰਗਾ ਨਗਰ ਦੇ ਤਲਵਾੜਾ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਸਿਕਲੀਗਰ ਕਬੀਲਿਆਂ ਤੋਂ ਲਿਆਂਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਸ ਗਰੋਹ ਨੇ ਹੁਣ ਤਕ ਉਥੋਂ 1000 ਹਥਿਆਰ ਲਿਆ ਦੇ ਤੇ ਇਹਨਾਂ ਨੂੰ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਕੰਪਲੈਕਸ ਵਿਚ ਸਾਢੇ ਤਿੰਨ ਤੋਂ ਸਾਢੇ 4ਸੌ ਰੁਪੈ ਦੀ ਦਰ ਨਾਲ ਵੇਚ ਦਿਤੇ । ਆਈ. ਜੀ. ਸ: ਭਿੰਡਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਹ ਜੈਪੁਰ ਵਿਚ ਗਏ ਸਨ ਤੇ ਉਹ ਰਾਜਸਥਾਨ ਦੇ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਜਨਰਲ ਪੁਲਿਸ ਅਤੇ ਬੀਕਾਨੇਰ ਡਵੀਜ਼ਨ ਦੇ

ਨਹੀਂ ਬਣਾਈ ਜਾਏਗੀ—ਲੌਂਗੋਵਾਲ ਦਾ ਐਲਾਨ

ਨਿੰਦਾ -ਸ: ਚੱਕ ਸ਼ੇਰਾ ਦੇ ਭਰਾ ਦੇ ਕਤਲ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਸੀ. ਬੀ. ਆਈ ਤੋਂ ਕਰਾਣ ਦੀ ਮੰਗ

(ਦਿੰ) ਨਾਲ ਕਿਸੇ ਵੀ ਕੀਮਤ ਤੇ ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਸਰਕਾਰ ਨਹੀਂ ਬਣਾਏਗਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੋਸ਼ ਲਗਾਇਆ ਕਿ ਕੁਝ ਸ਼ਰਾਰਤੀ ਅਨਸਰ ਅਖਬਾਰਾਂ ਵਿਚ ਗਲਤ ਖਬਰਾਂ ਲਗਵਾ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਗੁਮਰਾਹ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਨੂੰ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀਆਂ ਦੇ ਹਿਤਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਚਿੰਤਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਉਸ ਨਾਲ ਕੁਲੀਸ਼ਨ ਸਰਕਾਰ ਬਨਾਉਣ ਦਾ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਹੀ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । ਸੰਤ ਲੌਂਗੋਵਾਲ ਨੇ ਅਕਾਲੀ ਨੇਤਾ ਕਿਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਚਕਸ਼ੇਰਾ ਦੇ ਵਡੇ ਭਰਾ ਅਵਤਾਰ ਫਾਰੂਕ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਤਬਤਾ ਉਲ੍ਟਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਕਾਂਗਰਸ ਸਮਾਗਮ ਵਿਰ ਫ਼ਾਰੂਕ ਸਰਕਾਰ ਵਿਰੁਧ ਦੋਸ਼ ਲਗਾਏ ਗਏ । ਅਕਾਲੀ ਦਲ ਕੇਂਦਰ ਦੀ ਇਸ ਨੀਤੀ ਦਾ ਸਖਤ ਵਿਰੋਧ ਕਰਦਾ ਹੈ ਉਹਨਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਸ਼ੇਖ ਅਬ੍ਦੁਲਾ ਹੀ ਸਨ ਜਿਹਨਾਂ ਨੇ ਕਸ਼ਮੀਰ ਨੂੰ ਹਿੰਦ ਚ ਸ਼ਾਮਿਲ ਕਰਾਇਆ।

ਸੰਗਤਾਂ ਕਲਕੀ ਅਵਤਾਰ ਕਹਿਣ ਵਾਲਿਆਂ ਤੋਂ